# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2023

# अधेड़ युवती को लेकर भागा, किया विवाह

**भरोहिया (एसएनबी)।** कस्बे में सोमवार की सुबह पीपीगंज रेलवे स्टेशन से एक माह से फरार चल रहे प्रेमी जोड़े को पीपीगंज पुलिस ने हिरासत में लेकर रामगढ़ताल थाने को सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि युवती के परिजनों ने एक माह पूर्व गुमशुदगी का केस दर्ज कराया था।

**रेलवे स्टेशन से युवती बरामद पुलिस को सौपा**

सूत्रों के मुताबिक हाथरस का निवासी राकेश यादव उम्र (48 वर्ष) पेशे से वाटर पाइप लाइन के ठेकेदारी का कार्य करता है। एक वर्ष पूर्व उसकी बीवी के देहांत के बाद उसने गोरखपुर के रामगढ़ ताल की निवासी रागिनी शर्मा उम्र (27 वर्ष) जो एक मैरेज ब्यूरो में कार्य करती है। उससे आनलाइन माध्यम से सम्पर्क किया और अपना पोर्टफोलियो भेज फिर से विवाह कराने के लिये कहा लेकिन कुछ समय गुजर जाने के बाद भी 48 वर्ष के अधेड़ के लिये कोई युवती नहीं मिली तो ये दोनों आपस में ही एक दूसरे से बात कर संबंध बनाने लगे और उसके कुछ माह बाद ही आरोपी राकेश यादव युवती को लेकर फरार हो गया और शादी कर लिया।

जिसके बाद युवती के परिजनों ने एक माह पूर्व रामगढ़ ताल में गुमशुदगी का केस दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के पश्चात रामगढ़ ताल पुलिस ने युवती गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पास बरामद किया लेकिन आरोपी अधेड़ आदमी युवती को रेलवे स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गया। जिसके बाद युवती का मेडिकल कराने के बाद उसका 164 का बयान होना बाकी था तभी युवती फिर से फरार हो गयी। जिसे आज पीपीगंज पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से हिरासत में लेकर रामगढ़ ताल पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

थानाध्यक्ष आशीष ने बताया कि युवती की गुमशुदगी का केस रामगढ़ थाने में दर्ज है। एक माह से खघेजबीन जारी था। जिसे आज पीपीगंज रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया है।

# एसएसआई ने पिपराइच थाने में अधिवक्ता को जड़ा थप्पड़

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पिपराइच थाने के बड़ी रेतवहिया निवासी दीवानी कचहरी के अधिवक्ता अश्वनी पाडेय का कुछ माह पूर्व सोनम पांडेय से शादी हुई थी। शादी के तीन

**अधिवक्ता की कुछ माह पहले हुई थी शादी**

**ससुराल वालों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाला**

**बार एसोशिएशन अध्यक्ष ने एसएसपी से की शिकायत, जांच सीओ को मिली**

माह बाद पति और उनके परिवार के लोग आरोप है कि विवाहिता को दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाल दिया। अधिवक्ता की पत्नी ने थाने में शिकायत दर्ज करायी । पुलिस ने अधिवक्त को पूछताछ के लिए थाने पर बुलाया और एसएसआई सोनेन्द्र सिंह ने अधिवक्त को थाने में ही कान के पास थप्पड़ जड़ दिया जिससे बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद थाने में हाय तौबा मच गई और मामले की जानकारी मिलते ही अधिवक्त सामाज नाराज होकर बार एसोशिएन अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर से शिकायत दर्ज करायी जहां पूरे मामले की जांच सीओ कैंट मानुष पारिक को सौंप दी हैं।

पिपराइच प्रतिनिधि से मिली जानकारी हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा हुए लाठीचार्ज का मामलता अभी पूरी तरह से ठंडा ही नहीं हुआ, तबतक एक और अधिवक्ता की पुलिस द्वारा पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। परिवारिक विवाद को लेकर पिपराइच थाने पहुंचे अधिवक्ता ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक से अपनी पहचान अधिवक्ता के रुप में दिया। यह बात थाने के एसएसआई को इतनी बुरी लगी की गुस्से आग बबूला हो कर अधिवक्ता को थप्पड़ जड़ दिया। पीडित अधिवक्ता ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय को घटना की जानकारी दिया। एशोसिएशन के जिम्मेदार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर से मिल कर एसएसआई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग किया। एसएसपी ने एएसपी मानुष पारिक को जांच करने का निर्देश दिया है।



पिपराइच थाने पर दारोगा की पिटाई से घायल वकील।

बताया जाता है कि अश्वनी पाण्डेय पेशे से अधिवक्ता है। सिविल कोर्ट में गोरखपुर में प्रैक्टिस करते है। उकनी पत्नी से परिवारिक विवाद चल रहा है। सोमवार के सुबह अपने ड्रेस कोड में कचहरी जा रहे। पुलिस के बुलाने पर अधिवक्ता स्थानीय थाना पिपराइच पहुंच गए। आरोप है कि पीडित अश्वनी पाण्डेय की बातचीत थाने के एसएसएस होने लगी, जैसे से ही पीडित ने स्वंय को अधिवक्ता बताया वैसे ही एसएसआई गुस्से से आग बबूला होकर गाली देने लगे। पीड़ित के मना करने पर अधिवक्ता के गाल पर थप्पड़ जड़ने लगे। जिससे अधिवक्ता के कान से खून बहने लगा, और सुनाई देना बंद हो गया है। थाने में अधिवक्ता की पिटाई की खबर मिलते ही खाकीवालों में हलचल बढ़ गई। वैसे जांच रिपोर्ट में यदि दारोगा दोषी दोषी पाए गए तो कड़ा एक्शन होना तय हैं।

# पैसे को लेकर दो पक्ष में मारपीट, केस

**डोहरिया बाजार (एसएनबी)।** चिलुआताल थाना के मजनू चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढियाबारी में सोमवार की शुबह लगभग आठ बजे के आस पास पैसे के लेन देन को लेकर दो पक्ष आमने सामने होकर गाली से शुरू हुआ विवाद मारपीट में तब्दील हो गया दोनों पक्षों के तहरीर पर पुलिस ने धारा 323, 504 , 506 आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। स्थानीय थाना के मजनू चौकी अंतर्गत प्रथम पक्ष के जितेन्द्र सिंह पुत्र राजाराम सिंह निवासी बुढियाबारी चिलुआताल थाने पर लिखित तहरीर देकर बताया कि सोमवार की शुबह करीब आठ बजे के आस पास हमारे घर एवं अनमोल सिंह के घर से पैसे के लेनदेन को लेकर बाद विवाद के बाद मारपीट करने लगे बीच बचाव कर रहे ओम प्रकाश व नरेन्द्र सिंह को भी मारपीट कर घायल कर दिये वही दूसरे पक्ष के आलोक सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी बुढ़ियावारी ने लिखित तहरीह देकर बताया कि सोमवार शुबह आठ बजे के आस पास बगल के ही जयप्रकाश पुत्र राजाराम से पैसा मागने की बात को लेकर ओम प्रकाश जितेन्द्र,महेन्द्र पुत्र राजाराम लाठी राड से आशीष सिंह व अभिषेक सिंह को भी मार पीट कर घायल कर दिये।

# भाजपा नेता पर जमीन कब्जा करने का आरोप

**खोराबार (एसएनबी)।** विकास खंड खोराबार के मिर्जापुर निवासी एक व्यक्ति ने भाजपा नेता पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है । वही आरोपित पक्ष का कहना है कि जो भी आरोप लगाया जा रहा है गलत है । विकास खंड खोराबार के मिर्जापुर निवासी शत्रुधन पांडेय पुत्र स्व रामशंकर पांडेय ने आरोप लगाते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है । प्रार्थना में आरोप लगाया है कि उसके गांव के रहने वाले भाजपा नेता मिर्जापुर मंडल अध्यक्ष अमिटेश्वर पांडेय अपने सहयोगियों के साथ उसके घर के बगल में स्थित डीह की जमीन को कब्जा कर लिया है । वह कई जगह गया लेकिन न्याय नही मिला । आरोप है कि भाजपा नेता दबंग और गोलबंद किस्म के है । वही भाजपा नेता मिर्जापुर मंडल अध्यक्ष अमिटेश्वर पांडेय ने कहा कि जो आरोप लगाया जा रहा है गलत और बेबुनियाद है ।

# लापता किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** नगर पंचायत चौमुखा के इन्नरपुर की 9 वर्षीया गुमशुदा बालिका को 24 घंटे के भीतर पुलिस ने गोरखपुर रेलवे स्टेशन से बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

रविवार को वादिनी उर्मिला देवी ने थाने आयी, और पुलिस को बताया कि उनकी लड़की निशा उम्र करीब 9 वर्ष आज ही भोर में घर से कही बाहर चली गयी। लेकिन शाम तक वापस नहीं आयी। काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं नहीं मिली। उसकी मां की तहरीर पर धारा 363 का मुकदमा दर्ज कर पुलिस तलाश में जुट गयी। उपनिरीक्षक अतुल कुमार तिवारी ने मय टीम गोरखपुर रेलवे स्टेशन से उसे बरामद कर लिया।

## बाइक सवार पुलिया से टकराया, मौत

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के लोहरपुरवा गांव के सामने सोनौली हाइवे पर अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी।

कैम्पियरगंज क्षेत्र के इन्द्रपुर गांव निवासी अजय नायक के पुत्र 22 वर्षीय रिषितोश नायक सोमवार की देर शाम कैम्पियरगंज से बाइक से फरेन्दा जा रहे थे। लोहरपुरवा गांव के सामने सोनौली हाइवे पर अनियंत्रित होकर बाइक पुलिया से टकरा गयी। गंभीर घायल हो गये। पुलिस मौके पर पहुंची सीएचसी लायी।जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# महिला पर खौलती चाय फेंकने वाले मनबढ़ गिरफ्तार

**कक्करही (एसएनबी)।** उपनगर गोला में चाय बेचने वाली महिला के उपर खौलती चाय फेंकने वाले मनबढ़ को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गोला इलाके के वार्ड न 18 निवासनी धर्मा देवी पत्नी रामाश्रय हनुमानगढी के पास परिवार के भरण पोषण के लिए चाय की दुकान ठेले पर लगाती है। बीते रविवार को इसी वार्ड के मनबढ़ ने मामूली कहासुनी के बाद खौलते चाय को भगौने सहित महिला के उपर फेंक दिया जिसकी वजह से महिला बुरी तरह से झुलस गयी। महिला के तहरीर पर दोषी के उपर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। सोमवार को घटना को अंजाम देने वाले बलराम मोदनवाल पुत्र राकेश को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# फोन कर जालसाज ने उड़ाया 48 हजार रुपया

**पिपराइच (एसएनबी)।** जालसाजों ने स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सोनवेगोनरहां निवासी रामप्रताप सिंह के बैंक खाते से 48 हजार रुपये उड़ा लिया। उक्त घटना 13 सितम्बर की बताई जा रही है पीड़ित ने आज पिपराइच पुलिस और साइबर सेल को तहरीर दिया है। उक्त गांव निवासी रामप्रताप सिंह ने बताया कि इण्डियन बैंक शाखा बैंक रोड गोरखपुर में उन्होंने एक खाता खोल रखे हैं। उस खाते को पिपराइच इण्डियन बैंक की शाखा में स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था। जालसाज ने बीते 13 सितम्बर को मोबाइल से खाता और ओटीपी नम्बर पुछा हमने समझा की फोन बैंक से आया है। मैंने सारी जानकारी दे दिया और इसके थोड़ी देर बाद मेरे खाते से 69 हजार रुपये में से 48 हजार निकाल लिया। उन्होंने बैंक से सम्पर्क कर का अपना खाता लाक करा दिया है।

# विदेश भेजने के नाम पर तीन से ठगी

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम अली पकड़ी निवासी अब्दुल करीम, और अरविन्द कुमार मौर्य व जयसिंह निषाद ग्राम तामा ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि इस्तेखार अहमद पता द्वितीय तल स्टेशन रोड नियर दीपक होटल आर्चीज गैलरी कल्याण वेस्ट बम्बई ने हम तीनों लोगों से गूगल पे तथा फोन पे के जरिए दो लाख चौसठ हजार रूपये पासपोर्ट कोरियर से मंगा लिए। लेकिन विदेश नहीं भेजा इस मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी। मालूम हो कि इस्तेखार अहमद हम तीनों लोगों अब्दुल करीम, अरविंद कुमार मौर्य और जयसिंह निषाद से कुबैत भेजने का झांसा देकर दो लाख चौंसठ हजार रुपए तथा पासपोर्ट कोरियर से मंगा लिया, लेकिन विदेश नहीं भेजा, समय बीतने के बाद जब हम लोग पैसा और पासपोर्ट मांग रहे हैं तो अब गाली गुप्ता देते हुए जान माल धमकी दे रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है, धारा 406, 420, 506 आई पीसी मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# नकली नोट बनाने व चलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रकहट (एसएनबी)।** नकली नोट बनाने व चलाने में गगहा पुलिस ने 23 अगस्त को पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन अभियुक्तों को गिरफतार कर थाने लायी जिसमें 489ए, 489 बी, 489 सी,489 डी व 34 भा दं संहिता मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया लेकिन विक्रम जायसवाल पुत्र नुपेंद् जायसवाल निवासी गडही थाना गगहा वांछित था। मुखवीर की सुचना पर चौकी इंचार्ज असवनपार एस आई अनित राय,कां संतोष राम व गोविन्द गुप्ता ने रविवार को रकहट बीयर शाप की दुकान के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वर्ष 22 में भी नकली नोट बनाने व चलाने में इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया था।

# गोरखपुर का तीसवां थाना बना सोनबरसा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गोरखपुर जिले का 30वें थाने के रूप में जल्द ही सोनबरसा थाना अपने अस्तित्व में आ जाएगा। सोमवार को सोनबरसा थाने को लेकर शासन ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। एडीजी अखिल कुमार ने यह बड़ी जानकारी दी। इससे पहले चिलुआतला थाना अंतर्गत सोनबसरा में एक रिपोर्टिंग चौकी खोलने का भी अब नोटिफिकेशन जारी हुआ था । पर अभी भवन न मिल पाने से यह चौकी नहीं खुल पाई थी। वर्तमान में अब इसे ही थाने का स्वरूप दिया जा रहा है। बालापार-टिकरिया रोड पर सोनबरसा में इसके लिए जमीन मिल गई है। यहीं थाने का निर्माण होने वाला है।

जनता को पुलिस के काफी करीब करने के लिए पिछले छह सालों में गोरखपुर कई बदलाव हुए हैं। उद्यमियों की मांग को देखते हुए गीडा थाना तथा शहर में रामगढ़ताल थाना और एम्स थाने का नोटिफिकेशन कराया गया। तीनों थाना वर्तमान में काम कर रहे हैं हालांकि गीडा और रामगढ़ताल थाने के भवन का निर्माण अभी जारी है। हालांकि उसी समय चिलुआताल के एक इलाके में रिपोर्टिंग चौकी का भी नोटिफिकेशन जारी किया गया था। सोनबसरा के नाम की इस चौकी में नौ ग्राम पंचायतों को भी शामिल कर लिया गया था। हालांकि अब उसी को थाने का स्वरूप दिया जा रहा है। इसमें चिलुआताल के अलावा गुलरिहा और पीपीगंज थाना क्षेत्र का कुछ हिस्सा जोड़ा जा सकता है।

# योगी पर फर्जी केस दर्ज कराने वाले परवेज के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

गोरखपुर(एसएनबी)। गोरखपुर में वर्ष 2007 में हुए दंगा के दौरान तत्कालीन सदर सांसद व वर्तमान में मुख्यमंत्री योगी



फैज उर्फ फैजान खां के आवास पर डुगडुगी बजाकर नोटिस चस्पा करती पुलिस।

आदित्यानाथ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर फर्जी केस दर्ज कराने वाले परवेज परवाज के घर पर सोमवार को कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया। यह कार्रवाई परवेज के बेटे फैज पर दर्ज केस में की गई है। लूट, बलवा, आपराधिक साजिश के केस में वह चार साल से फरार है। रामगढ़ताल और कैंट थाने की पुलिस ने राजघाट के तुर्कमानपुर स्थित उसके घर के पास ढोल बजाकर फैज की करतूत को मोहल्ले वालों को बताया और नोटिस चस्पा की। परवेज परवाज आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है और वह जेल में बंद है।

घर में घुसकर मारपीट, लूट के मामले में कैंट थाने में 2019 में 365, 452, 392,392,347, 506,120 बी की धारा में केस दर्ज किया गया था। मुख्य आरोपी फैज फरार चल रहा है। सीजेएम गोरखपुर कोर्ट से 82 की नोटिस हासिल करने के बाद सोमवार को दोपहर करीब ढाई बजे रामगढ़ताल और कैं ट पुलिस तुर्कमानपुर में परवेज के पुत्र फैज के घर पहुंची और नोटिस चस्पा की।

# चार घरों से चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

**खोराबार (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के एक गाँव में रविवार की रात में चार घरों में अज्ञात चोर घुसकर नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात उठा ले गयें। सोमवार की सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल की । खोराबार निवासी अमीर हसन के घर में रात करीब 1बजें अज्ञात चोर खिड़की का ग्रिल तोड़कर घर के अंदर घुस गयें और घर में रखी आलमारी को तोड़कर उसमें से एक अदद सोने का माला, एक अदद हीरे का अंगूठी ,सोने की कान की बाली व 500 रूपये नगद चुरा ले गयें । अमीर हसन गोरखपुर में प्रदुषण विभाग में कार्यरत है। खोराबार के रामबरन टोला निवासी राजू गुप्ता के मकान में रात करीब 230 बजें सेंध काटकर चोर घर में घुस गयें।घर में रखा बाक्स को घर से दूर खेत में ले जाकर ताला तोड़कर उसमें सें नगदी 6500 ,दो अदद जेवरात, एक अदद नाक की छूछी चुरा ले गयें। खोराबार के रामबरन टोला निवासी रामनरेश निषाद पुत्र स्व डलेवर के घर में रात करीब 3 बजें छत के रास्ते चोर घुस गयें तथा दो कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखा बाक्स एवं अटैची तोड़कर पर्स में रखा 4000 रूपयें नगद चुरा ले गयें। खटपट की आवाज सुनकर परिजन जागें तब तक चोर फरार हो गयें। चौथी चोरी की घटना खोराबार निवासी देवेंद्र तिवारी जो किराए का कमरा लेकर परिवार सहित रहते है। रात करीब 130 बजें चोर मकान में सेंध काटकर रहे थें कि आवाज सुनकर लोग जाग गयें तो चोर फरार हो गयें। देवेंद्र तिवारी मूल रूप से बड़हलगंज क्षेत्र के रहने वालें हैं। मामले में चारों घरों के परिजन थाने पर चोरी की तहरीर दियें हैं पुलिस जांच पड़ताल कर रही है ।

**रविवार की रात में खोराबार इलाके में चोरों ने वारदात को दिया अंजाम**

**फाटक तोड़कर उठा ले गए चोर : समधिया (एसएनबी)।** सहजनवा थाना क्षेत्र के शाहपुर ग्राम सभा में बने सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय के मुख्य गेट को तोड़कर शौचालय के पांच अल्युमिनियम गेट 18 सितंबर 2023 की रात को चोरों ने तोड़कर उठा ले गए। ग्राम सभा शाहपुर में बने सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय के अल्युमिनियम गेट चोरों द्वारा तोड़कर उठा ले जाया गया है। इसकी लिखित सूचना प्रधान प्रतिनिधि बृजेश कुमार द्वारा थाने पर दी गई है।

# दो विद्युत संविदाकर्मी धराए, जेल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सुविधा शुल्क न मिलने पर निजी बैंक का कनेक्शन जोड़ने के बाद कट करने के मामले में दर्ज एफआईआर के बाद पुलिस ने रविवार की आधी रात दो विद्युत संविदाकर्मियों को गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। एक अन्य संविदकर्मी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

मोहद्दीपुर स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा में कनेक्शन जोड़ने के मामले में सुविधा शुल्क न मिलने पर संविदाकर्मियों ने पहले कनेक्शन जोड़ा और फिर कट कर दिया। कनेक्शन कट का वीडियो वायरल होने के बाद पूर्वांचल निगम के एमडी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता वीके चौधरी, सहायक अभियंता नीरज दूबे व अवर अभियंता विरेन्द्र कुमार को निलंबित कर दियाल जबकि तीन संविदाकर्मियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ कैंट थाना में एफआईआर दर्ज करा दी थी। पुलिस के मुताबिक कैंट थाने में नाजमद मुकदमें के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास शुरु हुआ। प्रभारी निरीक्षक कैंट के निर्देशानुसार मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी शुभम श्रीवास्तव ने सूचना पर आरोपी वेद प्रकाश पांडेय व रामानंद को गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि दोनों आरोपियों को मोहद्दीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया। तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं। उधर, विद्युत संविदा संगठन के नेताओं ने दोनों के जमानत का प्रयास किया, लेकिन अधिवक्कताओं की हड़ताल के कारण उन्हें सफलता नहीं मिली। नगरीय क्षेत्र के सभी अधिशासी अभियंता कार्यालिव से गायब रहें और मुख्य अभियंता कार्यालय पर पहुंचकर अपने साथी के पक्ष में दलील देकर कार्रवाई को खत्म करने की मांग करते रहे।

## ई. लवलेश कुमार को खण्ड तृतीय का चार्ज

अधीक्षण अभियंता महानगर ई. एलबी सिंह के मुताबिक महानगर खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता वीके चौधरी के निलंबन के बाद एमडी पूर्वांचल ने इस खंड का चार्ज ई. लवलेश कुमार रेखा को सौंपा है। जबकि निलंबित एसडीओ नीरज दूबे का अतिरिक्त चार्ज खोराबार के एसडीओ जितेन्द्र गुप्ता को दिया गया है। वहीं, निलंबित अवर अभियंता के स्थान पर सुरजकुण्ड क्षेत्र के जेई ई. राजेश मिश्र की तैनाती की गई है।

# लूट, मारपीट में फरार अभियुक्त के घर कुर्की का नोटिस चिपकाया

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (18 Sept):** गोरखपुर में वर्ष 2007 में हुए दंगा के दौरान तत्कालीन सदर सांसद व वर्तमान में सीएम योगी आदित्यनाथ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर फर्जी केस दर्ज कराने वाले परवेज परवाज के घर पर सोमवार को कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया. यह कार्रवाई परवेज के बेटे फैज पर दर्ज केस में की गई है. लूट, बलवा, आपराधिक साजिश के केस में वह चार साल से फरार चल रहा है. रामगढ़ताल और कैंट थाने की पुलिस ने राजघाट के तुर्कमानपुर स्थित घर के पास ढोल बजाकर फैज की करतूत को मोहल्ले वालों को बताई और नोटिस चस्पा की. परवेज परवाज को कोर्ट से आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है और वह जेल में बंद हैं.

## कई बार दी दबिश

जानकारी के मुताबिक, घर में घुसकर मारपीट, लूट की घटना की गई थी. इस मामले में कैंट थाने में 2019 में 365, 452, 392, 347, 506, 120 बी की धारा में केस दर्ज किया गया. लेकिन मुख्य आरोपी फैज फरार चल रहा है. पुलिस उसकी तलाश में कई जगह दबिश दी लेकिन कोई सफलता नहीं मिलने पर न्यायालय में अर्जी दी गई थी. सीजेएम गोरखपुर कोर्ट से 8 2 की नोटिस हासिल करने के बाद सोमवार को दोपहर करीब ढाई बजे रामगढ़ताल और कैंट पुलिस राजघाट इलाके में तुर्कमानपुर में परवेज के पुत्र फैजल के घर पहुंची. आसपास के घरों के सामने मुनादी की और फिर उसके घर पा नोटिस चस्पा कर दिया. पुलिस के मुताबिक जल्द हाजिर न होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी.

# घूसखोरी पर पहली बार गिरी 'बिजली' लापरवाही पर पहले भी नपे अफसर

### चर्चाओं में बिजली निगम की घूसखोरी पर हुई कार्रवाई

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (18 Sept): बिजली निगम गोरखपुर में घूसखोरी पर हुई कार्रवाई इन दिनों चर्चा में है. एमडी के निर्देश पर रविवार को मोहद्दीपुर खंड के एक्सईएन, एसडीओ और जेई को सस्पेंड कर दिया गया. वहीं, तीन संविदा कर्मियों पर कैंट थाने में एफआइआर दर्ज करवाई गई. यह बिजली निगम की सबसे जल्दी और बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है. मगर पिछले रिकॉर्ड पर नजर डालें तो बिजली निगम में घूसखोरी पर यह पहली कार्रवाई मानी जा रही है, क्योंकि 30 मिनट में संविदा कर्मियों ने कनेक्शन दिया. मामले के तूल पकड़ते ही 24 घंटे में 7 पर एक्शन भी हो गया. जबकि लापरवाही पर पहले भी अफसर नपे हैं. गोरखपुर में फजीहत होने पर बिजली निगम ने टोल फ्री नंबर पर शिकायत करने की बात कही है.

## दो संविदा कर्मी अरेस्ट

सुविधा शुल्क न देने पर निजी बैंक का कनेक्शन जोड़ने के बाद काटने पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रविवार की आधी रात में दो संविदा कर्मचारियों को अरेस्ट कर लिया. सोमवार को कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया. तीसरा कर्मचारी फरार है.

## मुकदमे के बाद गिरफ्तारी

आईसीआईसीआई बैंक की मोहद्दीपुर ब्रांच का कनेक्शन लगाने के बाद दो हजार रुपए सुविधा शुल्क न मिलने पर इन कर्मचारियों ने कनेक्शन काट दिया. बैंक कर्मचारियों ने उसका वीडियो बना लिया. पुलिस के मुताबिक कैंट थाने में नाजमद मुकदमें के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू हुआ. मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी शुभम श्रीवास्तव मोहद्दीपुर चौराहे पर गश्त कर रहे थे. उनको सूचना मिली कि कैंट थाने में दर्ज भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोपी कहीं भागने की फिराक हैं. सूचना पर चौराहे से ही आरोपी वेद प्रकाश पांडेय व रामानंद को पुलिस ने अरेस्ट कर जेल भेज दिया. विद्युत संविदा संगठन के नेताओं ने दोनों के जमानत का प्रयास किया लेकिन अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण उन्हें सफलता नहीं मिली. कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया.



जेल की सलाखों में आरोपित.

### इन मामलों में भी कार्रवाई

- 2019 में गोलघर में अंडरग्राउंड केबल बिछाने के मामले में लापरवाही में टाउनहाल खंड के एक्सईएन एके सिंह, एसडीओ प्रत्युष बल्लभ और जेई एके चौधरी को सस्पेंड कर दिया गया था.
- 2017 में बक्शीपुर बिजलीघर से जुड़े इलाके में बिजली सप्लाई बाधित होने पर एक एक्सईएन पर भी कार्रवाई की गई थी.

## एक्सईएन बने लवलेश कुमार

नगरीय वितरण खंड तृतीय के एक्सईएन के खिलाफ सस्पेंड की कार्रवाई होने के बाद से खाली हुए पद पर पूर्वांचल एमडी ने ई. लवलेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी है. वे एमडी कार्यालय में संबद्ध थे. वहीं, सस्पेंड एसडीओ ई. नीरज दुबे की जगह पर खोराबार एसडीओ ई. जितेंद्र गुप्ता को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है. इसके साथ ही सस्पेंड जेई वीरेंद्र कुमार के स्थान पर सूरजकुंड क्षेत्र के जेई ई. राजेश मिश्र को जिम्मेदारी एसई ने सौंपी है.

### 1912 पर करें कंप्लेन

चीफ इंजीनियर आशु कालिया ने बताया, बिजली से संबंधित सभी तरह की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1912 जारी किया गया है. आप इस नंबर पर कॉल करके बिजली विभाग से संबंधित कोई भी समस्या बता सकते हैं या शिकायत कर सकते हैं. अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी से भी संपर्क कर या फिर उनके सीयूजी नंबर पर कॉल कर कंप्लेन दर्ज करा सकते हैं.

## देवरिया डीएम ने की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार देवरिया में भी बिजली कनेक्शन देने के मामले में लापरवाही सामने आई. यहां पर डीएम अखंड प्रताप सिंह ने लापरवाही बरतने पर विद्युत विभाग के जेई पंकज गुप्ता को पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया. डीएम के इस फैसले से बिजली महकमे में हड़कंप मच गया.

## यह है मामला

बैंक के वेंडर कबीर खान ने 15 किलोवाट के कनेक्शन का आवेदन किया. नगरीय वितरण खंड तृतीय से स्वीकृति मिलने के बाद वेंडर ने 29 अगस्त को कनेक्शन फीस के मद में 20,848 रुपये जमा कर दिए. परीक्षण खंड का निजी कर्मचारी 14 सितंबर की शाम 5 बजे मीटर लगाने पहुंचा. उसी ने मीटर की टेस्टिंग व कनेक्शन जोड़ने के लिए संविदा कर्मियों को मौके पर बुलाया. संविदाकर्मियों ने लाइन जोड़कर सुविधा शुल्क मांगा. लेकिन, न मिलने पर 30 मिनट बाद कनेक्शन काट दिया.

# सड़कों पर खुले 'कार बार' 8 माह में सिर्फ 51 चालान

सिविल लाइंस, रेलवे स्टेशन रोड और धर्मशाला एरिया में बुरा हाल

SHOCKING

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



कार में ही शुरू हो जाती है पार्टी.



सड़क पर खड़ी रहती हैं गाड़ियां.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (18 Sept):** शाम ढलते ही गोरखपुर की सड़कों पर कार बार खुल जाते हैं. यह कोई नई बात नहीं है. सिविल लाइंस, धर्मशाला और बस स्टैंड में कारों के अंदर शराब पीते हुए लोग अक्सर देखे जा सकते हैं. पर चौंकाने वाली बात ये है कि गोरखपुर ट्रैफिक पुलिस को 8 माह में सिर्फ 51 मामले मदिरा सेवन के मिले और सिर्फ 20 हजार रुपए जुर्माना मिले. ऐसे में सवाल यह खड़ा हो गया है कि क्या ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ डिपार्टमेंट चेकिंग के प्रति गंभीर हैं. दरअसल, इन दिनों शहर के भीतर नाक की नीचे जमकर कार 'बार' चल रहे हैं. शाम ढलते ही सड़कों के किनारे फोर व्हीलर खड़ी करके लोग शराब पी रहे हैं. शराब पीने के दौरान यदि किसी ने कोई टोका-टाकी की तो उसके साथ मारपीट भी तय है. बात यही खत्म नहीं होती बल्कि शराब के नशे में झूमते हुए लोग गाड़ियां भी लहराते दिखाई देते हैं.

## जारी है सिलसिला

बता दें, सिटी के सिविल लाइंस स्थित मॉडल शॉप के आसपास शाम ढलते ही सड़क के किनारे से लेकर कार में पैग बनने का सिलसिला शुरू हो जाता है. स्थानीय पुलिस भी चेकिंग के नाम पर सिर्फ फोटो शूटिंग कर वापस चली जाती है. लेकिन कार में जाम से जाम लड़ाने का सिलसिला देर रात तक जारी रहता है. यही नहीं रेलवे स्टेशन रोड, तारामंडल स्थित वरदायनी हास्पिटल रोड, तरंग क्रासिंग रोड, जेल बाइपास रोड, सिंघड़िया व टीपी नगर समेत सिटी के अन्य इलाकों में कई जगहों पर स्थित शराब की दुकानों के आसपास लोग रोजाना शराब पीते नजर आते हैं. रेलवे स्टेशन रोड पर रात में सड़क किनारे शराब पीने की शिकायत पर पुलिस कई बार कार्रवाई भी कर चुकी है, लेकिन अन्य जगहों पर पुलिस की अनदेखी से लोग आराम से घंटों कार में बैठकर शराब पीकर नियमों की धज्जियां उड़ाने में लगे हुए हैं.

### कितना है जुर्माना

मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के सेक्शन 185 के मुताबिक, शराब पीकर या ड्रग्स लेकर गाड़ी चलाना गैर कानूनी है. अगर 100 एमएल खून में 30 एमजी से ज्यादा एल्कोहल की मात्रा पाई जाती है, या फिर चालक के खून के नमूने में ड्रग्स की मौजूदगी पाई जाती है, तो भारतीय कानून के अंतर्गत उस व्यक्ति को दंड दिया जा सकता है. उसे जुर्माना भी भरना पड़ सकता है. पहली बार पकड़े जाने पर 10,000 तक जुर्माने के साथ व्यक्ति को 6 महीने तक की जेल भी हो सकती है. दूसरी बार पकड़े जाने पर 15,000 रुपए तक चालान और 2 साल तक की जेल हो सकती है. इसके बाद पकड़े जाने पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जा सकता है.

### ये होती परेशानी

- शराब की दुकानों के आसपास रोजाना सैकड़ों गाड़ियां खड़ी होती हैं.
- मॉडल शॉप में भीतर न जाने वाले सरेआम कार में शराब पीते नजर आते हैं.
- महिलाओं और बच्चों के रास्ते से गुजरने पर बचकर निकलना पड़ता है.
- बेतरतीब कार खड़ी होने से सड़क पर जाम लग जाता है, जिससे पब्लिक परेशान होती है.
- शराब पीने के बाद लोग तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हैं जो बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकती है.

मॉडल शॉप
13
बीयर शॉप
113
अंग्रेजी शराब की शॉप
118
देसी शराब की दुकानें
328

### एक नजर में कार्रवाई

| माह | चालान | शमन शुल्क |
|---|---|---|
| जनवरी | 5 | 10,000 |
| फरवरी | 2 | 0 |
| मार्च | 1 | 0 |
| अप्रैल | 2 | 0 |
| मई | 2 | 0 |
| जून | 17 | 0 |
| जुलाई | 18 | 10,000 |
| अगस्त | 4 | 0 |
| कुल | 51 | 20,000 |



ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों की चेकिंग की जाती है. रास्ते में कोई भी शराब पीकर गाड़ी चलाने पाया जाता है तो खिलाफ कार्रवाई भी होती है. इसे लेकर जल्द ही अभियान चलाया जाएगा.

**श्याम देव**, एसपी ट्रैफिक

# गोरखपुर का 30वां थाना होगा सोनबरसा

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (18 Sept):** गोरखपुर जिले का 30वें थाने के रूप में जल्द ही सोनबरसा थाना अपने अस्तित्व में आ जाएगा. सोमवार को सोनबरसा थाने को लेकर शासन ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. एडीजी अखिल कुमार ने यह जानकारी दी. इससे पहले चिलुआतला थाना अंतर्गत सोनबसरा में एक रिपोर्टिंग चौकी खोलने का भी अब नोटिफिकेशन जारी हुआ था. अभी भवन न मिल पाने से यह चौकी नहीं खुल पाई थी. वर्तमान में अब इसे ही थाने का स्वरूप दिया जा रहा है. बालापार-टिकरिया रोड पर सोनबरसा में इसके लिए जमीन मिल गई है. यहीं थाने का निर्माण होने वाला है. जनता को पुलिस के काफी करीब करने के लिए पिछले छह सालों में गोरखपुर कई बदलाव हुए हैं.

## गीडा का निर्माण जारी

उद्यमियों की मांग को देखते हुए गीडा थाना तथा शहर में रामगढ़ताल थाना और एम्स थाने का नोटिफिकेशन कराया गया. तीनों थाना वर्तमान में काम कर रहे हैं हालांकि गीडा और रामगढ़ताल थाने के भवन का निर्माण अभी जारी है. हालांकि, उसी समय चिलुआताल के एक इलाके में रिपोर्टिंग चौकी का भी नोटिफिकेशन जारी किया गया था. सोनबसरा के नाम की इस चौकी में नौ ग्राम पंचायतों को भी शामिल कर लिया गया था. हालांकि अब उसी को थाने का स्वरूप दिया जा रहा है. इसमें चिलुआताल के अलावा गुलरिहा और पीपीगंज थाना क्षेत्र का कुछ हिस्सा जोड़ा जा सकता है.



शांति-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाए जाने के लिए सोनबरसा नाम से नए थाने का सृजन करने का निर्णय शासन ने लिया है. यह थाना वर्तमान चिलुआताल थाने के सोनबरसा और उसके आस-पास के इलाकों को मिलाकर बनाया जाएगा. थाने पर पदों के सृजन के लिए आवश्यक कार्रवाई का एसएसपी गोरखपुर को निर्देश दिया गया है.

**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

**क्राइम** जंगल कौड़िया चौकी के पास रात में ऑटो का इंतजार कर रही थी

# लिफ्ट देकर बाइक सवार ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**पीपीगंज क्षेत्र की है घटना, शोर मचाने पर बाइक छोड़ भागा आरोपित**




gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (18 Sept):** घर जाने के लिए आटो का इंतजार कर रही महिला को लिफ्ट देने वाले बाइक सवार ने रास्ते में दुष्कर्म का प्रयास किया. महिला के शोर मचाने पर राहगीर रुके तो आरोपित बाइक छोड़कर फरार हो गया. पीपीगंज थाना पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर आरोपित की तलाश कर रही है.

### ऑटो का था इंतजार

रविवार की रात 10 बजे जंगल कौड़िया पुलिस चौकी के पास 35 वर्षीय महिला तुर्कवलिया जाने के लिए आटो का इंतजार कर रही थी. इसी दौरान एक बाइक सवार युवक पहुंचा. तुर्कवलिया जाने की जानकारी देते हुए बताया कि इतनी रात में आटो नहीं मिलेगा, वह घर तक सुरक्षित छोड़ देगा. उसकी बात पर भरोसा कर महिला बाइक पर बैठ गई.

### तीन किमी बाद रोकी बाइक

आरोप है कि तीन किलोमीटर आगे सुनसान स्थान पर युवक ने सड़क किनारे बाइक रोक दी और महिला को खींचकर धान के खेत में ले गया. वहां जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म का प्रयास किया. शोर सुनकर राहगीर बचाने के लिए दौड़े तो आरोपित बाइक छोड़कर फरार हो गया. डायल 112 पर सूचना देने पर पीपीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची. बाइक को कब्जे में लेकर थाने आयी. महिला ने अज्ञात युवक के विरुद्ध तहरीर दी है. एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि आरोपित की तलाश चल रही है. जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### शोहदे ने तोड़वा दी शादी

छेड़खानी करने वाले शोहदे ने युवती की शादी तोड़वा दी. आरोप है कि उससे शादी न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है. युवती ने सहजनवां थाने में मुकदमा दर्ज कराया है. पुलिस आरोपित संदीप की तलाश कर रही है. पाली क्षेत्र की युवती का आरोप है कि गांव में रहने वाला शोहदा उसे परेशान करता है. बाजार या गांव में अकेला पाकर छेड़खानी करने के साथ ही अश्लील बातें करता है. विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है. तीन माह पहले उसकी शादी तय हुई थी. लड़के के घर वालों के पास फोन कर उसने शादी तोड़वा दी. थानाध्यक्ष सहजनवां इत्यानंद पांडेय ने कहा कि आरोपित को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

---

परवेज के बेटे फैज के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया है लूट केस में गैर जमानती वारंट

# परवेज के बेटे की तलाश, पुलिस ने घर पर चस्पा किया कुर्की पूर्व नोटिस

**शिकंजा**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता । 2007 के गोरखपुर दंगे में कूटरचित सीडी के जरिये तत्कालीन सांसद योगी आदित्यनाथ पर भड़काऊ भाषण का केस दर्ज कराने वाले परवेज परवाज के बेटे फैज की तलाश में सोमवार को पुलिस उसके घर पहुंची और कुर्की से पहले का नोटिस चस्पा कराई।

पुलिस ने इस दौरान मुनादी कर बताया कि फैज उर्फ फैजल खान वांछित है और लंबे समय से फरार चल रहा है। उसके खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया है। उसके खिलाफ 82 सीआरपीसी की कार्रवाई की जा चुकी है। उसने अभी तक न कोर्ट में और न ही पुलिस के सामने सरेंडर किया है। अगर हाजिर नहीं हुआ तो कुर्की की जाएगी। दरअसल, पुलिस को कई मुकदमों में परवेज परवाज के फरार बेटे फैज की तलाश है। फैज के खिलाफ लूट के मुकदमे में सीजेएम कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। इसी मामले में रामगढ़ताल इलाके के विवेचक उपनिरीक्षक अमित चौधरी, उपनिरीक्षक शंभू दयाल शर्मा, कॉन्स्टेबल सुरेंद्र वर्मा, शेरनी दस्ता की कांस्टेबल शितांशु तिवारी और प्रियंका भारती पहले राजघाट थाने पर पहुंचे और वहां से राजघाट थानेदार के साथ आरोपित के घर पर पहुंचकर 82 की कार्रवाई की।



परवेज परवाज के घर पर पुलिस ने सोमवार को नोटिस चस्पा किया।

### परवेज ने योगी पर दर्ज कराई थी एफआईआर

तिवारीपुर के निजामपुर के रहने वाले मोहम्मद शमीम ने जनवरी 2007 में राजकुमार अग्रहरि नाम के युवक की हत्या कर दी थी। इसके खिलाफ तत्कालीन सांसद योगी आदित्यनाथ धरने पर बैठने जा रहे थे, लेकिन, जगदीशपुर में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। योगी की गिरफ्तारी की खबर के बाद दंगा भड़क गया था। तुर्कमानपुर के रहने वाले परवेज परवाज ने इसके लिए योगी आदित्यनाथ को जिम्मेदार बताते हुए रेलवे स्टेशन के पास उन पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। परवेज ने इसके साक्ष्य के रूप में कोर्ट को सीडी/डीवीडी दी थी। हालांकि फोरेंसिक जांच में वह गलत मिली।

# खोराबार में एक ही रात चार घरों में चोरी

खोराबार। खोराबार इलाके के एक गांव में रविवार रात चार घरों से लाखों की नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात चोरी हो गए। सोमवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का जांच की।

खोराबार निवासी अमीर हसन के घर में रविवार रात करीब एक बजे चोर खिड़की की ग्रिल तोड़कर अंदर घुस गए। आलमारी तोड़कर उसमें से सोने की चेन, हीरे की अंगूठी, सोने की कान की बाली चुरा ले गए। अमीर हसन गोरखपुर में प्रदूषण विभाग में कार्यरत हैं। दूसरी चोरी रामबरन टोला निवासी राजू गुप्ता के मकान में रात करीब 2.30 बजे सेंध काटकर हुई। घर में घुसे चोर यहां से बाक्स को चुरा ले गए, जिसमें 6500 नकद, दो अदद जेवरात, आदि चुरा ले गए। इसी प्रकार खोराबार के रामबरन टोला निवासी रामनरेश निषाद के घर में रात करीब 3 बजे छत के रास्ते चोर घुस गए और दो कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखा बाक्स एवं अटैची तोड़कर पर्स में रखा 4000 रुपये चुरा ले गए। चौथी घटना खोराबार निवासी देवेंद्र तिवारी के यहां हुई। वह किराए का कमरा लेकर परिवार सहित रहते हैं। रात करीब 1.30 बजे घर में घुसे चोर 10500 नगद व एक लाख रुपये के गहने चुरा ले गए।

गुलरिहा क्षेत्र के बरगदही में सोमवार की शाम हुई घटना

# झगड़े का वीडियो बनाने के शक में महिला की हत्या

## सनसनी


यशोदा देवी (फाइल फोटो)

- पुलिस ने तीन नामजद के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा
- आरा मशीन के कर्मचारी से गांव के युवक का हुआ था विवाद

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थानाक्षेत्र के बरगदही के परती टोला में सोमवार की देर शाम झगड़े का वीडियो बनाने के शक में मनबढ़ युवकों ने पहले महिला के बेटे को पीटा और फिर महिला के सिर पर ईंट से प्रहार कर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देर शाम पुलिस ने तीन नामजद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

बरगदही परती टोला में बलवंत सिंह की आरा मशीन के एक कर्मचारी को गांव के ही एक युवक ने किसी बात को लेकर गाली दे दी थी। आरोप है कि इसी बात को लेकर बलवंत के बेटे मंजीत और अंकित गाली देने वाले युवक सोनू से झगड़ रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ देर बाद किसी ने बलवंत के बेटों से बता दिया कि झगड़े का वीडियो विकेंद्र नामक युवक ने बना लिया है। इसके बाद वे वीडियो बनाने वाले विकेंद्र के पास गए और उससे मोबाइल मांगने लगे। उसने मोबाइल नहीं दिया तो उसे डंडे से पीटा गया। वह किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। इसके बाद उसकी मां यशोदा देवी (55 वर्ष) सामने आ गईं। इसी बीच किसी ने उसके सिर पर ईंट से प्रहार कर दिया और वह गिर गईं। कुछ ही देर में यशोदा की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर गुलरिहा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। एसपी नाथ मनोज कुमार अवस्थी और सीओ चौरीचौरा योगेंद्र सिंह ने भी मौके पर पहुंच कर छानबीन की। यशोदा के पति घूरे निषाद ने पुलिस को तहरीर दी। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर बलवंत सिंह पुत्र बंधू और मंजीत और अंकित पुत्र बलवंत के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया। हालांकि किसके ईंट फेंकने से महिला की मौत हुई इसकी जांच की जा रही है।

एक्सईएन और एसडीओ समेत तीन को किया जा चुका सस्पेंड, कैंट थाने में दर्ज है केस

# बैंक का कनेक्शन काटने वाले दो संविदा कर्मचारी गिरफ्तार

फॉलोअप

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सुविधा शुल्क न देने पर निजी बैंक का कनेक्शन जोड़ने के बाद काटने के मामले में एक्सईएन समेत इंजीनियरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद आधी रात में पुलिस ने दो संविदा कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। तीसरा कर्मचारी फरार है।

आईसीआईसीआई बैंक की मोहद्दीपुर ब्रांच का कनेक्शन लगाने के बाद दो हजार रुपये सुविधा शुल्क न देने पर इन कर्मचारियों ने कनेक्शन काट दिया। बैंक कर्मचारियों ने उसका वीडियो बना लिया। पूर्वांचल निगम के एमडी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता वीके चौधरी, सहायक अभियंता नीरज दूबे व अवर अभियंता विरेन्द्र कुमार को निलम्बित कर दिया। जबकि तीन संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ कैंट थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। पुलिस के मुताबिक कैंट थाने में मुकदमे के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू हुआ। इस मामले में शीर्ष स्तर के अधिकारी अपनी निगरानी बनाए हुए थे। उसी दौरान प्रभारी निरीक्षक कैंट के निर्देशानुसार मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी शुभम श्रीवास्तव मोहद्दीपुर चौराहे पर गश्त कर रहे थे। उनको सुचना मिली कि आरोपी कहीं भागने की फिराक हैं। सूचना पर चौराहे से ही आरोपी वेद प्रकाश पांडेय व रामानंद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि दोनों आरोपियों को मोहद्दीपुर चौराहे से गिरफ्तार किया गया है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं। हालांकि विद्युत संविदा संगठन के नेताओं ने दोनों की जमानत का प्रयास किया, लेकिन अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण सफलता नहीं मिली।



■ सुविधा शुल्क न देने पर काट दिया था बैंक का कनेक्शन

## मुख्य अभियंता से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा

पूर्वांचल एमडी द्वारा नगरीय वितरण खण्ड तृतीय के एक्सईएन, एसडीओ व जेई के खिलाफ निलम्बन की कार्रवाई के बाद शहरी क्षेत्र के सभी अभियंता सोमवार की सुबह 10.30 बजे सीई दफ्तर पहुंचे और अपना पक्ष रखा। कार्रवाई को गलत बताया। देर शाम प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। कहा कि वायरल वीडियो में पेसे के लेनदेन का कोई साक्ष्य नहीं है। उपभोक्ता ने कनेक्शन की फीस जमा करने में 41 दिन का समय लिया है। कनेक्शन कटने की जानकारी किसी भी जिम्मेदार अधिकारी को नहीं दी। उधर, जेई संगठन का तर्क था कि संविदा कर्मचारियों का टेण्डर मुख्यालय से होता है। हम उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते हैं।

## वीडियो वायरल करने वाले की तलाश

बैंक का कनेक्शन काटते समय वीडियो बनाने वाले व वायरल करने वाले शख्स की तलाश में अभियंता जुटे है। इसके लिए वे शाखा के मकान मालिक से भी मिले। मकान मालिक के इनकार के बाद वेण्डर से बात करने की कोशिश की लेकिन उसके आजमगढ़ साइट पर होने से बात नहीं हो पाई।

## ई. लवलेश को जिम्मेदारी मिली

नगरीय वितरण खण्ड के एक्सईएन को सस्पेंड किए के बाद खाली पद पर एमडी ने ई. लवलेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी है। एसडीओ ई. नीरज दूबे की जगह खोराबार एसडीओ ई. जितेन्द्र गुप्ता को और निलम्बित जेई वीरेन्द्र की जगह सूरजकुण्ड क्षेत्र के जेई राजेश मिश्र को तैनात किया है।

# 15 हजार के इनामी गैंगस्टर को दबोचा

गोरखपुर। 15 हजार के इनामी गैंगस्टर विभेष कुमार दुबे को सोमवार को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया। बिहार के सिवान धनौती के लोहसी कला रहने वाले विभेष कुमार दूबे पुत्र विंध्याचल दूबे पर 2021 में गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया गया था। दो साल से फरार चल रहे विभेष पर एसएसपी ने 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

# लूट करने वाले तीन पर गैंगस्टर

गोरखपुर। गोरखनाथ पुलिस ने गैंग बनाकर लूट करने वाले तीन बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। गैंग का लीडर अनिकेत कुमार पुत्र अवधेश निवासी जटेपुर उत्तरी काली मंदिर थाना गोरखनाथ का है जबकि सात्विक सिन्हा उर्फ अनुज पुत्र अनूप सिन्हा निवासी काली मंदिर जटेपुर उत्तरी और अचिन्त बनर्जी पुत्र स्व. कंचन बनर्जी निवासी काली मंदिर जटेपुर उत्तरी थाना गोरखनाथ सक्रिय सदस्य हैं। अनिकेत पर छह, सात्विक उर्फ अनुज और अचिन्त बनर्जी पर दो-दो केस दर्ज हैं।

# गोरखपुर का 30वां थाना बना सोनबरसा

- शासन ने जारी की अधिसूचना, जल्द आएगा थाना अस्तित्व में

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सोनबरसा थाने को लेकर शासन ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। एडीजी अखिल कुमार ने यह जानकारी दी है। यह गोरखपुर का 30वां थाना होगा। इससे पहले चिलुआताल थाना अंतर्गत सोनबरसा में एक रिपोर्टिंग चौकी खोलने का भी नोटिफिकेशन जारी किया गया था। पर भवन न मिल पाने से चौकी नहीं खुल पाई थी। वर्तमान में उसी को थाने का स्वरूप दिया जा रहा है। बालापार-टिकरिया रोड पर इसके लिए जमीन भी मिल गई है। यहीं थाने का निर्माण होने वाला है।

**इस तरह से थाने का बढ़ेगा दायरा** : चिलुआताल इलाके के उत्तर-पश्चिम दिशा में सोनबरसा रिपोर्टिंग चौकी खोली गई थी। चौकी में नौ ग्राम पंचायतें शामिल की गई थी। इनमें खासतौर पर मानीराम, सोनबरसा, रहमतनगर, चिउटहां, बालापार, सिक्टौर, बैजनाथपुर, देवीपुर और परमेश्वरपुर को शामिल किया गया था। अब दायरा बढ़ाकर सोनबरसा थाने की अधिसूचना जारी हो गई है तो चिलुआताल के अलावा गुलरिहा इलाके की सरहरी चौकी क्षेत्र के साथ पीपीगंज का कुछ इलाका भी इसमें शामिल हो सकता है।

# नकली नोट प्रकरण में एक और गिरफ्तार

- पकड़ा गया आरोपी देवरिया का निवासी, एक आरोपी अब भी फरार
- 23 अगस्त को हुआ था नकली नोट चलाने वाले गैंग का खुलासा

गगहा (गोरखपुर)। हिन्दुस्तान संवाद नकली नोट का धंधा करने वाले गैंग के सक्रिय सदस्य विक्रम जायसवाल को सोमवार को गगहा पुलिस ने दबोच लिया। इस गिरोह के सरगना वाराणसी गंगापुर की पूर्व विधायक धनेश्वरी देवी के पौत्र राहुल सिंह उर्फ राहुल राय और उसके बेटे अवनीश तथा चांद मोहम्मद नामक व्यक्ति को 23 अगस्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने गैंग का खुलासा किया था। राहुल का एक अन्य बेटा विकास और देवरिया निवासी विक्रम फरार हो गए थे। विक्रम इससे पहले भी नकली नोट मामले में जेल जा चुका है।

दरअसल, गगहा पुलिस को एक वीडियो मिला था जिसमें एक व्यक्ति केमिकल डालकर नकली नोट बना रहा था। पुलिस की जांच पता चला कि बड़हलगंज के बड़ी बेदौली निवासी चांद मोहम्मद के पास यह नोट है। पुलिस ने दुकान पर नोट चलाने वाले चांद मोहम्मद को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि गिरोह का सरगना बांसगांव के धनौड़ा निवासी राहुल सिंह उर्फ राहुल राय है। राहुल अपने बेटों अवनीश और विकास के साथ मिलकर नकली नोट छापता था और दिवरिया जिले के गड़ही निवासी विक्रम आदि की मदद से बाजार में चला रहा था। पुलिस ने राहुल और उसके एक बेटे अवनीश को भी गिरफ्तार किया था।

**पहले भी नकली नोट संग पकड़े गए आरोपित :** 23 अगस्त 2023 को गगहा पुलिस ने बांसगांव इलाके में चल रहे धंधे का खुलासा किया था। हालांकि इसके पहले 28 मई 2018 को झंगहा पुलिस ने नकली नोट चलाते हुए गौरी बाजार के पप्पू निषाद को पकड़ा था। 31 अगस्त 2019 को बांसगांव पुलिस ने दो नाबालिग, दो महिला समेत सात लोगों को नकली नोट चलाने के आरोप में पकड़ा था।

# जमीन के लिए पिता को कागजात में मार डाला

**फर्जीवाड़ा**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** एक बेटे ने अपने जिंदा पिता को कागजात में मृत दिखाकर पिता के नाम की जमीन हथिया ली। संदेह पर पिता ने रजिस्ट्री ऑफिस में पता किया तो पूरी कहानी सामने आई। रामगढ़ताल क्षेत्र निवासी पिता ने इस मामले में न्याय के लिए कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने रविवार को आरोपी प्रदीप और उसके साथियों पर केस दर्ज दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामगढ़ताल क्षेत्र के ग्राम सेमरा देवी प्रसाद बड़गो शिवपुर न्यू कालोनी के 55 वर्षीय सुक्खू भारती ने कोर्ट में बताया है कि वह निरक्षर हैं, गरीब हैं और बीमार भी रहते हैं। आंखों से कम दिखाई देता है। उनके सात छह बेटे और एक बेटी है। बड़े बेटे प्रदीप के संबंध भू-माफिया से हैं। आरोप है कि प्रदीप ने 15 जुलाई 2020 को पिता सुक्खू को कागजात में मृत घोषित करके अपने सहयोगी रवीन्द्र साहनी निवासी बेलवा-डी पोस्ट-गाडर थाना खजनी के साथ मिलकर रविंद्र की पत्नी साधना और गांव के भोला निषाद पुत्र गोली को बिना किसी अख्तियार के मुआयदावय कर दिया। आरोप है कि इस साजिश में गवाह के तौर पर शंकर पुत्र किशुन निवासी सेमरा देवी प्रसाद थाना रामगढ़ताल और विशुन साहनी पुत्र नेशर प्रसाद ग्राम बनकटा थाना गोरखनाथ भी शामिल हैं।

सुक्खू के मुताबिक उन्हें इसकी जानकारी तब हुई जब फरवरी 2021 में दस्तावेज का मुआयना कराकर नकल ली।

# नकली नोट बनाने वाले गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर :** नकली नोट छापकर बाजार में खपाने वाले गिरोह के फरार एक और सदस्य को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान गगहा के गड़ही के रहने वाले विक्रम जायसवाल के रूप में हुई। गिरोह का मुख्य सरगना बांसगांव धनौड़ा के राहुल सिंह, उसके बेटे अवनीश सिंह और बड़हलगंज बेदौली के चांद मोहम्मद को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

गगहा थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि बीते दिनों जांच करते हुए पुलिस ने चांद मोहम्मद को नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने सरगना और उसके द्वारा नकली नोट छापने के कारोबार के बारे में बताया था। गगहा और बांसगांव पुलिस की संयुक्त छापेमारी में सरगना के घर से नकली नोट छापने के कई सामान के साथ नकली नोट बरामद हुए थे। मौके से पुलिस ने सरगना और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में सरगना ने बताया था कि विक्रम जायसवाल उनके द्वारा छापे गए नोट को लोगों के माध्यम से बाजार में भेजता है। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। सोमवार को गगहा चौराहे से उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

**महिला दुकानदार पर चाय फेंकने का आरोपित गिरफ्तार, गोला :** कस्बा के वार्ड संख्या 18 की धर्मी देवी पर गर्म चाय फेंकने के आरोपित को पुलिस ने रफ्तार कर लिया। उसकी पहचान इसी वार्ड के बलराम मोदनवाल के रूप में हुई। थाना प्रभारी गोला धीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि महिला ने तहरीर देकर बताया था कि वह ब्रम्हस्थान पर चाय की दुकान चलाती है। रविवार को दुकान पर चाय पीने आया आरोपित उसके ऊपर गर्म चाय फेंक दिया। आरोपित को न्यायालय ने जेल भेज दिया।

# अपहरण की आरोपित महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : अपहरण की आरोपित महिला को राजघाट थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रेमचंद्र पार्क के पास रहने वाली रानी निषाद उर्फ निर्मला के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज था।

# 15 हजार के इनामी गैंगस्टर को क्राइम ब्रांच ने दबोचा

जासं, गोरखपुर : गैंगस्टर के आरोपित बदमाश को क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। उस पर 15 हजार का इनाम घोषित था। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि बिहार के सिवान, धनौती में लोहसी कला गांव के रहने वाले विभेष कुमार दूबे पर दो वर्ष पहले गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था।

## 24 घंटे में नौ वर्षीय बालिका स्टेशन से बरामद

कैंपियरगंज : चौमुखा के इन्नरपुर गांव से गायब नौ वर्षीय बालिका को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गोरखपुर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे उसके स्वजन को सिपुर्द कर दिया। दारोगा अतुल कुमार तिवारी ने बताया कि रविवार को इन्नरपुर की रहने वाली उर्मिला देवी ने तहरीर दी थी । (जासं)

## दसवीं की छात्रा और किशोरी फरार, मुकदमा दर्ज

जासं, सहजनवां : क्षेत्र के अलग-अलग गांव की रहने वाली छात्रा और किशोरी के अपहरण मामले में पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। बांसगांव के एक गांव की रहने वाली किशोरी सहजनवां में मौसी के घर रहकर दसवीं में पढ़ाई करती है। मौसी ने तहरीर में बताया है कि भतीजी का सलमान नाम का युवक अपहरण कर लिया है। वहीं एक अन्य गांव की महिला ने तहरीर देकर बताया कि बेटी का अपहरण हो गया है। (जासं)

# बीआरडी मेडिकल कालेज परिसर से निजी एंबुलेंस सीज

जासं, गोरखपुर : बीआरडी मेडिकल कालेज में सोमवार को सुबह मेडिकल चौकी इंचार्ज ने हमराहियों के साथ गश्त के दौरान ट्रामा सेंटर के सामने खड़ी निजी एंबुलेंस को पकड़ा। चालक एक रोगी के तीमारदार से बात कर रहा था। जांच में पाया गया कि एंबुलेंस (यूपी 53 सीटी 3827) झुंगिया बाजार स्थित सरकार हास्पिटल के नाम से पंजीकृत है।

कार्रवाई के दौरान चिलुआताल के नौतन निवासी चालक कैलाश कुमार ने मेडिकल चौकी पुलिस के साथ बदसलूकी भी की। चौकी पुलिस ने उसके विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस को सीज कर दिया है। इस तरह एंबुलेंस माफिया के विरुद्ध जारी अभियान में अब तक पुलिस ने 20 एंबुलेंस और इनके चालकों पर कार्रवाई कर चुकी है।

बीआरडी मेडिकल कालेज के उत्तरी गेट पर नौ जुलाई की मध्य रात्रि में जांच के दौरान एंबुलेंस माफिया मेडिकल चौकी प्रभारी से भिड़ गए थे।

उन्होंने पुलिस के साथ मारपीट की थी। इसके बाद गुलरिहा पुलिस ने नौ हमलावरों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चार को जेल भेजा था। इसके बाद से अभियान चलाकर पुलिस एंबुलेंस माफिया के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।

## मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक प्रभारी का पुलिस ने लिया बयान

जासं, गोरखपुर : खून की दलाली में पुलिस ने बीआरडी मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक प्रभारी का सोमवार को बयान दर्ज किया। इसके अलावा पुलिस ने पूछताछ करने के लिए दो प्राइवेट ब्लड बैंक प्रभारी को नोटिस भेजा है। पुलिस दलाली करने वाले मुख्य आरोपित वसील खान और इसके एक और साथी को रिमांड पर लेगी और संलिप्त लोगों के बारे में पूछताछ करेगी। अगस्त की रिकार्डिंग डिलीट होने के मामले में पुलिस डीवीआर कब्जे में लेकर उसका बैकअप निकालने के लिए बीआरडी प्रशासन को पत्र लिखने की बात कह चुकी है। 26 अगस्त को महराजगंज के पनियरा कामता बुजुर्ग के गोरख चौहान को रुपये का लालच देकर बीआरडी मेडिकल कालेज ले जाकर उसका खून निकालने की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। गिरोह के सरगना तिवारीपुर के जाफरा बाजार के वसील खान और सदस्य महराजगंज के फरेंदा कम्हरिया खुर्द के केशरदेव को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस इन दोनों के मोबाइल फोन की सीडीआर निकलवाकर अन्य सदस्यों की तलाश बीआरडी के दो कर्मचारी समेत अब तक पांच को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## कमिश्नर ने परिसर में कैमरा लगवाने का दिया था निर्देश

एंबुलेंस माफिया के पकड़े जाने पर 20 जुलाई को बैठक करते हुए कमिश्नर अनिल ढींगरा ने बीआरडी मेडिकल कालेज प्राचार्य को निर्देशित किया था कि वह परिसर और मेन गेट पर सीसी कैमरा लगवाएं। इससे आने-जाने वाले एंबुलेंस और माफिया की पहचान हो सके। साथ ही आउटसोर्सिंग व पार्ट टाइम डाक्टरों की नियमित जांच की जाए। रोगियों का बेहतर उपचार हो और उन्हें बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। आवश्यकता होने पर ही रोगियों को रेफर किया जाए। इसके अलावा अस्पतालों को एंबुलेंस पर जीपीएस लगवाने के साथ ही अन्य निर्देश दिया गया था। दो माह बीतने को है मेडिकल कालेज प्रशासन ने कमिश्नर के निर्देश का पालन किया और न ही अस्पताल संचालकों ने।

# चार जिलों में लूट, चोरी व नकबजनी कर रहे 8538 बदमाश

सतीश पांडेय • गोरखपुर

**सुरक्षा** की दृष्टि से महत्वपूर्ण हर स्थान पर पिकेट लगाकर पुलिस रात में चेकिंग कर रही है। हाईवे, कस्बा व गांव में हाक दस्ता के साथ ही सीपीओ गश्त कर रहे हैं। दावा है कि हर संवेदनशील स्थान पर दारोगा, सिपाही पहुंचते हैं, संदिग्ध की चेकिंग भी होती है, लेकिन इसके बाद भी संपत्ति संबंधित वारदात (लूट, चोरी, डकैती, नकबजनी) लगातार हो रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए आइजी रेंज जे. रविन्दर गौड ने 10 वर्ष के भीतर संपत्ति संबंधित वारदात करने वाले 8638 बदमाशों को चिह्नित कराया है। इनमें आधे से अधिक गोरखपुर जिले की है। पुलिस अब इनकी निगरानी करेगी।

- आधे से अधिक बदमाश गोरखपुर में कर रहे वारदात
- आइजी के निर्देश पर चिह्नित बदमाशों की हो रही निगरानी

### 10 वर्ष में वारदात करने वाले बदमाशों की संख्या

| जिला | बदमाश | स्थानीय थाने मे | दूसरा थाने मे | दूसरा जिले मे |
|---|---|---|---|---|
| गोरखपुर | 4764 | 2625 | 1537 | 602 |
| देवरिया | 1275 | 936 | 78 | 261 |
| कुशीनगर | 1487 | 1130 | 216 | 141 |
| महराजगंज | 1012 | 836 | 67 | 109 |

पिछले 10 वर्ष के भीतर चोरी, लूट, नकबजनी व डकैती की वारदात में शामिल बदमाशों को चिह्नित किया गया है। स्थानीय थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम इनकी निगरानी कर रही है। अपराध में सक्रिय लोगों को चिह्नित कर पुलिस निरोधात्मक कार्रवाई करेगी। – **जे. रविन्दर गौड**, आइजी रेंज, गोरखपुर



एक जनवरी, 2023 से 31 अगस्त, 2023 तक गोरखपुर जिले में 204 चोरी, नौ लूट, देवरिया जिले में 57 चोरी व चार लूट, कुशीनगर में 86 चोरी व चार लूट और महराजगंज जिले में 21 चोरी व चार लूट की वारदात हो चुकी है। हैरत की बात यह है कि चोरी हुई संपत्ति की तुलना में बरामदगी का प्रतिशत बहुत कम है।

इसकी वजह घटना का पर्दाफाश न हो पाना है। इसे देखते हुए पुलिस 10 वर्ष में संपत्ति संबंधित अपराध करने वाले बदमाशों की सूची तैयार कर निगरानी करेगी। अपराध में जो सक्रिय होंगे उन पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कर संपत्ति जब्त कराएगी।

# पुलिस ने तीन बदमाशों पर दर्ज किया गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

**जासं, गोरखपुर :** चोरी व लूट करने वाले तीन बदमाशों पर गोरखनाथ थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। आर्थिक लाभ के लिए सभी बदमाश अपराध करते हैं। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने तहरीर में लिखा है कि जटेपुर काली मंदिर के पास रहने वाला अनिकेत डोम गिरोह का सरगना है। अपने साथी सात्विक सिन्हा उर्फ अनुज व अचिन्त बनर्जी के साथ मिलकर यह लोग चोरी व लूट करते हैं।

# परवेज परवाज के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

- लूट, आपराधिक साजिश के मामले में चार वर्ष से फरार है बेटा
- कैंट थाना पुलिस ने की कार्रवाई, मोहल्ले के लोगों को बताई करतूत

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित परवेज परवाज के घर कैंट थाना पुलिस ने सोमवार को कुर्की का नोटिस चस्पा किया। राजघाट के तुर्कमानपुर में परवेज का मकान है। लूट, आपराधिक साजिश, अपहरण व बलवा के मुकदमे में उसका बेटा चार वर्ष से फरार है। पुलिस ने मोहल्ले में मुनादी कराकर लोगों को परवेज के बेटे की करतूत बताई। दिखाई देने पर पुलिस को सूचना देने की अपील भी की।

परवेज 2007 में हुए दंगे के दौरान चर्चा में आया था। उसने तत्कालीन सांसद रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था।

इस समय वह सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमे में आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद जेल में निरुद्ध है। वर्ष 2019 में कैंट थाना पुलिस ने उसके बेटे फैज के विरुद्ध साजिश के तहत अपहरण कर लूट, बलवा व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया था।

जांच में आरोप की पुष्टि होने के बाद विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वह फरार है। उसकी तलाश में पुलिस गोरखपुर के अलावा आसपास के जिलों में छापेमारी कर रही है।

सफलता न मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में अर्जी दी गई थी। सीजेएम गोरखपुर कोर्ट से कुर्की की कार्रवाई का आदेश होने पर सोमवार को रामगढ़ताल और कैंट थाना पुलिस की टीम ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया।



सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित परवेज परवाज के घर कुर्की का नोटिस चस्पा करते पुलिसकर्मी ● सौ. इंटरनेट मीडिया

# सोनबरसा बना जिले का 30वां थाना

जासं, गोरखपुर: सोनबरसा जिले का 30वां थाना बना है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद थाना खोलने की तैयारी शुरू हो गई है। इससे पहले सोनबरसा में रिपोर्टिंग चौकी खोलने के लिए नोटिफिकेशन जारी हुआ था, लेकिन भवन न मिल पाने से चौकी नहीं खुल पाई। बाद में इसे थाना बना दिया गया।

बालापार-टिकरिया रोड पर एक वर्ष पहले सोनबरसा थाना खोलने के लिए जिलाधिकारी ने भूमि दी थी। चिलुआताल व गुलरिहा थाने के बीच में स्थित इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए एसएसपी ने थाना खोलने का प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय भेजा था। इस थानाक्षेत्र में गुलरिहा के सरहरी चौकी क्षेत्र, चिलुआताल के मानीराम टिकरिया, महेसरा क्षेत्र के अलावा पीपीगंज थानाक्षेत्र के कई गांवों को जोड़ा गया है।

एडीजी जोन अखिल कुमार ने बताया कि शांति-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाए जाने के लिए सोनबरसा नाम से नए थाने का सृजन करने का निर्णय शासन ने लिया है। जल्द ही थाना अस्तित्व में आ जाएगा। इस संबंध में एसएसपी गोरखपुर को निर्देश दिए गए हैं।

## इसी वर्ष अस्तित्व में आया है एम्स थाना

इसी वर्ष तीन जुलाई, 2023 को एम्स थाना अस्तित्व में आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ थाने के नए भवन व एम्स थाने का एक साथ लोकार्पण किया था। इससे पहले गीडा व रामगढ़ताल थाना खुला था।

# तीन बदमाशों पर गैंगस्टर का केस दर्ज

गोरखपुर। गोरखनाथ पुलिस ने तीन बदमाशों पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया है। जटेपुर उत्तरी अनिकेत कुमार, सात्विक सिन्हा, अचिन्त बनर्जी को गिरोहबंद किया है। आरोप है कि ये गिरोह बनाकर चोरी और लूट जैसे अपराध करते हैं। ब्यूरो

# कनेक्शन काटने वाले दो गिरफ्तार, तीसरा फरार

## कैंट पुलिस ने दोनों संविदाकर्मियों को घर से दबोचा, भेजे गए जेल, घूस न देने पर काटा था कनेक्शन

जासं, गोरखपुर : घूस न मिलने पर आइसीआइसीआइ बैंक का बिजली कनेक्शन काटने वाले तीन में से दो संविदाकर्मियों वेदप्रकाश पांडेय व रामानंद को कैंट पुलिस ने रविवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी उनके घर से हुई है। तीसरा संविदाकर्मी बालकृष्ण फरार बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

तीनों संविदाकर्मियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मोहद्दीपुर के निलंबित जेई धीरेंद्र कुमार ने रविवार को कैंट थाने में एफआइआर कराई थी। इस मामले में मोहद्दीपुर खंड के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) वीके चौधरी, उपखंड अधिकारी (एसडीओ) नीरज दुबे और अवर अभियंता (जेई) वीरेंद्र कुमार को रविवार को निलंबित किया जा चुका है। अधीक्षण अभियंता शहर लोकेंद्र बहादुर सिंह को आरोपपत्र दिया गया है। संविदाकर्मियों को सेवा से निकाला जा चुका है।



मोहद्दीपुर खंड के अधिशासी अभियंता कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते अभियंता ● फोटो सौजन्य बिजली निगम

**लवलेश बने एक्सईएन, जेई राजेश:** सोमवार को मोहद्दीपुर खंड में नए एक्सईएन की तैनाती भी कर दी गई। बाराबंकी के रहने वाले लवलेश कुमार रेखा एक्सईएन बनाए गए हैं। वह पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी कार्यालय से संबद्ध थे। खोराबार के एसडीओ जितेंद्र गुप्ता को मोहद्दीपुर उपखंड का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। मुख्यालय प्लानिंग के जेई राजेश कुमार मिश्र को मोहद्दीपुर उपकेंद्र की जिम्मेदारी दी गई है।

**यह है मामला:** मोहद्दीपुर में स्मार्ट ह्वील के शोरूम के बगल में आइसीआइसीआइ बैंक ने नई शाखा खोली है। भवन स्वामी प्रमोद श्रीवास्तव ने 15 किलोवाट क्षमता के वाणिज्यिक कनेक्शन के लिए 11 जुलाई को आनलाइन आवेदन किया था। सात दिन बाद 18 जुलाई को कनेक्शन को स्वीकृति दी गई। 29 अगस्त को 20 हजार 848 रुपये शुल्क जमा हुआ। 11 सितंबर को परिसर स्वामी से निगम का अनुबंध हुआ। 14 सितंबर को मीटर लगाने परीक्षण खंड से कर्मचारी आया। मीटर लगने के साथ कनेक्शन जोड़ने के लिए प्रमोद ने मोहद्दीपुर उपकेंद्र पर संपर्क किया। वहां से तीन संविदाकर्मी गए। मीटर लगाकर उन्होंने कनेक्शन जोड़ा। आरोप है कि तीनों ने दो हजार रुपये घूस मांगा। बैंककर्मियों ने अपने पास से पांच सौ रुपये दिए और जलपान कराया, लेकिन वह तीनों अड़े रहे। यही नहीं नकद रुपये न होने पर बैंक खाते में भेजने का दबाव बनाया। कनेक्शन जुड़ने के आधे घंटे बाद बाकी 15 सौ रुपये नहीं मिले तो एक संविदाकर्मी पोल पर चढ़ गया और कनेक्शन काट दिया।

# महिला दुकानदार पर गर्म चाय फेंकने वाला गिरफ्तार

गोला। कस्बे के वार्ड-18 में चाय की दुकान लगाने वाली महिला पर भगौना सहित गर्म चाय फेंकने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष गोला धीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि महिला दुकानदार पर गर्म चाय फेंकने के मामले में मुख्य आरोपी बलराम मोदनवाल को सोमवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# पंद्रह हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश विभेष कुमार दुबे को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया था और वह फरार चल रहा था। एसएसपी ने गिरफ्तारी के लिए 15 हजार का इनाम घोषित किया था। आरोपी मूलरूप से बिहार के सिवान का रहने वाला है। ब्यूरो

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर हड़पे 2.64 लाख

**जासं, हरपुर-बुदहट :** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर अली पकड़ी के रहने वाले अब्दुल करीम, अरविंद कुमार मौर्य और जयसिंह निषाद से कबूतरबाज ने 2.64 लाख रुपये हड़प लिए। तीनों की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने वेस्ट मुंबई के द्वितीय तल स्टेशन रोड स्थित दीपक होटल आर्चीज गैलरी कल्याण के इफ्तेखार अहमद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस को दी तहरीर में जालसाजी के शिकार लोगों ने बताया कि आरोपित ने उन्हें कुवैत में नौकरी दिलाने की बात कही थी, उसकी बातों में आकर गूगल और फोन पे के माध्यम से 2.64 लाख रुपये उसके पास भेज दिए गए। कुछ दिन बाद तीनों का पासपोर्ट मांगा तो कोरियर के माध्यम से उसे भी भेज दिया गया। काफी समय बीतने के बाद जब आरोपित के पास फोन कर नौकरी और बीजा के बारे में पूछा गया तो वह फोन काट दिया। दोबारा फोन करने पर धमकी दे रहा है।

**पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा :** सहजनवां : कोदरी की रहने वाले प्रीति सिंह ने सोमवार को थाने पर तहरीर देकर पति समेत पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा कराया है। प्रीति ने बताया कि उसकी शादी दिसंबर 2022 में खजनी के गौरापार के बृजभूषण सिंह के साथ हुई थी।

# तीज के दिन ही पत्नी पहुंची थाने बोली-पति ने घर से निकाला

## अधिवक्ता पति ने पुलिस पर लगाया आरोप, बोला-दरोगा ने दीं गालियां

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** तीज के दिन जहां पत्नियां पति की लंबी उम्र के लिए निराजल व्रत थीं वहीं, पिपराइच में पहुंची एक पत्नी ने पति पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया।

महिला का आरोप है कि तीन महीने पहले शादी हुई थी। दहेज में दो लाख रुपये की मांग की जा रही है। नहीं देने पर अधिवक्ता पति ने घरवालों के साथ मिलकर पिटाई की और उसे घर से निकाल दिया।।

उधर, अधिवक्ता पति ने दरोगा पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वह थाने पर गए तो दरोगा ने गालियां देते हुए बदसलूकी की है। ट्रेनी आईपीएस ने थाने का सीसीटीवी फुटेज देखा और प्रकरण की जांच कर रहे हैं।

### ट्रेनी आईपीएस ने थाने का सीसीटीवी फुटेज देखा प्रकरण की जांच शुरू

जानकारी के मुताबिक, पिपराइच के बड़ी रेवतनिया गांव से एक महिला थाने पहुंची थी। उसका कहना है कि 11 जून 2023 को हिंदू रिति-रिवाज से उसकी शादी हुई थी। पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान-दहेज भी दिया। लेकिन अब ससुराल वालों ने प्रताड़ना शुरू कर दी है।

बताया कि पति अधिवक्ता हैं और कहते हैं कि ऐसे केस में फंसा दूंगा कि तुम्हारे घरवालों की जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। ससुराल वाले दो लाख रुपये और बुलेट की मांग कर रहे हैं। सोमवार को मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिए और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पति से संपर्क किया तो वह थाने आए और इसके बाद उन्होंने पुलिस पर बदसलूकी का आरोप लगाया। अधिवक्ता पति ने दी तहरीर में लिखा है कि वह ड्रेस में दीवानी कचहरी जा रहे थे।

इस बीच फोन आने पर थाने आ गए। थाने पर दरोगा ने उनसे बदसलूकी की। अधिवक्ता ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से इसकी शिकायत की है। इस पर कार्रवाई करने की मांग भी की है।

## शोहदे की वजह से युवती की शादी टूटी, दर्ज कराया केस

**सहजनवां (गोरखपुर)।** इलाके में एक युवती से छेड़खानी करने वाले शोहदे ने उसकी शादी तोड़वा दी है। आरोप है कि अब वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं। वह घर से फरार बताया जा रहा है। पाली क्षेत्र की रहने वाली युवती ने केस दर्ज कराया है। युवती का कहना है कि गांव का रहने वाला शोहदा उसे लंबे समय से परेशान करता है। बाजार या गांव में अकेला पारकर छेड़खानी करने के साथ ही अश्लील बातें करता है। विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। तीन माह पहले उसकी शादी तय हुई थी। लड़के के घरवालों के पास फोन करके उसने शादी तोड़वा दी। आरोप है कि उसने लड़के के घरवालों को फोन पर आपत्तिजनक बातें बताईं। इस वजह से लड़के वालों ने शादी से इंकार कर दिया है। ब्यूरो

## एक ही रात चार घरों में चोरी, नकदी सहित गहने उड़ाए

**खोराबार।** कस्बे में रविवार की रात चार घरों में घुसकर नकदी सहित गहने चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, खोराबार निवासी अमीर हसन के घर में रात एक बजे चोर खिड़की का ग्रिल तोड़कर अंदर घुस गए। घर में रखी आलमारी तोड़कर उसमें से एक सोने की माला, एक हीरे की अंगूठी, सोने की कान की बाली एवं 500 रुपये नकद चुरा ले गए। अमीर हसन गोरखपुर में प्रदूषण विभाग में कार्यरत हैं। दूसरी चोरी की घटना खोराबार के रामबरन टोला निवासी राजू गुप्ता के मकान में हुई। राजू गुप्ता के मकान से 6500 रुपये नकद, गहने चोर ले गए। तीसरी घटना खोराबार के रामबरन टोला निवासी रामनरेश निषाद के घर में हुई। ब्यूरो

## शोहदे की वजह से युवती की शादी टूटी, दर्ज कराया केस

**सहजनवां (गोरखपुर)।** इलाके में एक युवती से छेड़खानी करने वाले शोहदे ने उसकी शादी तोड़वा दी है। आरोप है कि अब वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं। वह घर से फरार बताया जा रहा है। पाली क्षेत्र की रहने वाली युवती ने केस दर्ज कराया है। युवती का कहना है कि गांव का रहने वाला शोहदा उसे लंबे समय से परेशान करता है। बाजार या गांव में अकेला पारकर छेड़खानी करने के साथ ही अश्लील बातें करता है। विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। तीन माह पहले उसकी शादी तय हुई थी। लड़के के घरवालों के पास फोन करके उसने शादी तोड़वा दी। आरोप है कि उसने लड़के के घरवालों को फोन पर आपत्तिजनक बातें बताईं। इस वजह से लड़के वालों ने शादी से इंकार कर दिया है। ब्यूरो

## एक ही रात चार घरों में चोरी, नकदी सहित गहने उड़ाए

**खोराबार।** कस्बे में रविवार की रात चार घरों में घुसकर नकदी सहित गहने चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, खोराबार निवासी अमीर हसन के घर में रात एक बजे चोर खिड़की का ग्रिल तोड़कर अंदर घुस गए। घर में रखी आलमारी तोड़कर उसमें से एक सोने की माला, एक हीरे की अंगूठी, सोने की कान की बाली एवं 500 रुपये नकद चुरा ले गए। अमीर हसन गोरखपुर में प्रदूषण विभाग में कार्यरत हैं। दूसरी चोरी की घटना खोराबार के रामबरन टोला निवासी राजू गुप्ता के मकान में हुई। राजू गुप्ता के मकान से 6500 रुपये नकद, गहने चोर ले गए। तीसरी घटना खोराबार के रामबरन टोला निवासी रामनरेश निषाद के घर में हुई। ब्यूरो

# महिला को लिफ्ट देकर दुष्कर्म करने की कोशिश

## महिला का गला भी दबाया, पीपीगंज इलाके में हुई घटना

अमर उजाला ब्यूरो

**जंगल कौड़िया (गोरखपुर)।** पीपीगंज इलाके में घर जाने के लिए रविवार की रात में ऑटो का इंतजार कर रही महिला को बाइक सवार ने लिफ्ट देकर दुष्कर्म की कोशिश की। आरोप है कि गला दबाकर उसने हत्या करने की भी कोशिश की। शोर मचाने पर गांववाले आए तो आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गया था।

पुलिस ने दुष्कर्म की कोशिश, हत्या की कोशिश की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को महिला का कोर्ट में बयान दर्ज कराया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, पीपीगंज के जंगल कौड़िया के पास रविवार की रात में 10 बजे 35 वर्षीय महिला खड़े होकर तुर्कवलिया जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक पहुंचा। तुर्कवलिया जाने की जानकारी देते हुए बताया कि इतनी रात में ऑटो नहीं मिलेगा। वह उसे घर तक सुरक्षित छोड़ देगा।

### बाइक छोड़कर फरार शोहदे को पुलिस ने पकड़ा

### पुलिस ने आरोपी की बाइक को कब्जे में लिया

बाइक सवार युवक की बात पर भरोसा करके महिला उसकी बाइक पर बैठ गई। आरोप है कि तीन किलोमीटर आगे सुनसान स्थान पर युवक ने सड़क किनारे बाइक रोक दी और महिला को खींचकर धान के खेत में ले गया। जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म का प्रयास किया।

शोर सुनकर राहगीर बचाने के लिए दौड़े तो आरोपी अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गया।

डॉयल 112 पर सूचना देने पर पीपीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बाइक को कब्जे में लेकर थाने आई और आरोपी को पकड़ लिया गया है।

> महिला की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। महिला का मंगलवार को कोर्ट में बयान कराया जाएगा, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -मनोज अवस्थी, एसपी नार्थ

# वीडियो बना रहे युवक की मां को पीटकर मार डाला

## गुलरिहा इलाके के बरगदही गांव में हुई घटना, गांव में पुलिस फोर्स तैनात

अमर उजाला ब्यूरो

**भटहट।** गुलरिहा इलाके के बरगदही गांव के परती टोला में सोमवार की शाम दो लोगों में पुरानी रंजिश में हो रही मारपीट का वीडियो बनाने वाले युवक की मां को पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

आरोप है कि एक पक्ष ने वीडियो बना रहे युवक से मोबाइल मांगा। उसने मना किया तो उसे पीटने लगे। बचाव में मां के आने पर उसकी भी पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना में एक किशोरी भी घायल हुई है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। गांव में एहतियातन पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।



यशोदा देवी
(फाइल फोटो)

जानकारी के मुताबिक, बरगदही गांव में बलवंत सिंह व प्रकाश शर्मा के बीच पुरानी रंजिश है। सोमवार की शाम इन दोनों के बीच मारपीट हो गई। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला विक्की घटना का वीडियो बनाने लगा। मारपीट में बलवंत की बेटी खुशबू घायल हो गई थी, उसका भी वीडियो बना लिया।

इस बात से नाराज बलवंत ने मोबाइल फोन मांगा तो विक्की ने मना कर दिया। विक्की से मारपीट होने पर मां यशोदा देवी (55) बीचबचाव में आईं तो उन पर किसी ने ईंट चला दिया। सीने पर ईंट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही एसपी नार्थ मनोज अवस्थी, सीओ चौरीचौरा योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। घायल किशोरी को अस्पताल भेजा गया। मौके से पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया गया है।

### गांव में बेटे के ही ईंट मारने की चर्चा

वहीं गांव में यह भी चर्चा है कि बलवंत सिंह जब मोबाइल फोन मांगने के लिए विक्की के पास गए तो मारपीट हो गई। इस दौरान विक्की ने ईंट चला दी। बलवंत किनारे हट गया। इस दौरान ईंट, विक्की की मां को ही लग गई और उनकी मौत हो गई। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इलाज के लिए रुपये लेने के आरोपी डॉक्टर की सेवा समाप्त

## मरीज माफिया : सीएचसी भटहट में रुपये लेने का वीडियो हुआ था वायरल

**स्वस्थ पेशे की बीमार तस्वीर**

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सीएचसी भटहट में इलाज के लिए आए बच्चे के घरवालों से रुपये लेने के आरोपी डॉ. असलम की सेवा समाप्त कर दी गई है। एक सेवा प्रदाता कंपनी की तरफ से इनकी नियुक्ति की गई थी। वह वर्तमान में पीकू वार्ड में तैनात थे। रुपये लेने का वीडियो वायरल हुआ था। इसकी जांच प्रभारी अधीक्षक ने करके रिपोर्ट सीएमओ को सौंपी थी।

प्रभारी अधीक्षक डॉ. अश्विनी कुमार चौरसिया ने बताया कि पिपरा चुरामन गांव के रहने वाले राजकिशोर गौड़ ने अपने बेटे को सीएचसी भटहट के पीकू वार्ड में भर्ती कराया था। वहां जांच के लिए उनसे 1100 रुपये मांगे गए थे। रुपये देने का वीडियो वायरल हो गया था। इस मामले में जयनारायण राय ने सीएमओ व कमिश्नर से शिकायत की थी।

बताया कि ड्यूटी के दौरान अनियमितता मिलने पर सेवा प्रदाता कंपनी को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया था। कंपनी ने इनकी सेवा समाप्त कर दी है।

## बीआरडी : तीमारदार को बरगला रहा प्राइवेट एंबुलेंस चालक दबोचा गया

### बीआरडी कैंपस से प्राइवेट एंबुलेंस सीज, पुलिस से उलझ भी गया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सोमवार की सुबह चार बजे फिर प्राइवेट एंबुलेंस के चालक को पुलिस ने पकड़ लिया। वह मरीज के तीमारदार को प्राइवेट अस्पताल में ले जाने के लिए बरगला रहा था। एंबुलेंस को सीज करने पर आरोपी, एक सिपाही से उलझ भी गया। इस वजह से आरोपी चालक का शांतिभंग में चालान कर दिया गया। पुलिस एंबुलेंस मालिक की तलाश में जुटी है। खबर है कि वह बीआरडी में भर्ती मरीज को प्राइवेट अस्पताल में ले जाने के लिए आया था।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार की सुबह मेडिकल चौकी इंचार्ज विवेक मिश्र हमराहियों के साथ गश्त पर थे। इस दौरान कैंपस में ट्रामा सेंटर के सामने एक मरीज के तीमारदार से बात करते हुए चालक और पास में ही खड़ी एक प्राइवेट एंबुलेंस दिखी। पुलिस के जाने पर पहले तो उसने भागने की कोशिश की, लेकिन पकड़े जाने पर वह पुलिस से उलझ गया। पुलिस ने सख्ती कर उसे चौकी पर भेजा और एंबुलेंस को सीज कर दिया। एंबुलेंस झुंगिया बाजार स्थित सरकार हॉस्पिटल के नाम से पंजीकृत है।



मेडिकल कॉलेज में प्राइवेट एंबुलेंस के साथ पकड़ा गया चालक। संवाद


खेल खुला तो नौकरी से हटाए गए सरकारी एंबुलेंस के दो कर्मी

18 सितंबर को प्रकाशित खबर।

निजी एंबुलेंस चालक की पहचान चिलुआताल क्षेत्र के नौतन निवासी कैलाश कुमार के रूप में हुई।

## लापरवाही मिलने पर बर्खास्त होंगे बीसीपीएम

गोरखपुर। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि लापरवाही बरतने वाले बीसीपीएम को अब बर्खास्त किया जाएगा। पिछले दिनों आशा कार्यकर्ताओं का समय से भुगतान नहीं करने पर 10 बीसीपीएम का स्थानांतरण हो गया था। बाद में उनको मौका देते हुए स्थानांतरण रोक दिया गया।



डॉ. आशुतोष दूबे

इसमें से एक बीसीपीएम ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि कार्य-व्यवहार में सुधार न होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि एनएचएम के अनुसार ठीक से कार्य न करने पर स्थानांतरण नहीं, सेवा समाप्ति का नियम है।

इसलिए ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम) यदि नियमानुसार कार्य नहीं करेंगे तो उनका स्थानांतरण नहीं, सीधे सेवा समाप्त होगी। ब्यूरो

# नकली नोट गैंग : पूर्व विधायक के पौत्र का गुर्गा भी हत्थे चढ़ा

## प्रपौत्र फरार, 23 अगस्त को गगहा में पकड़ा गया था पूर्व विधायक का पौत्र

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नकली नोट के धंधे में शामिल एक और आरोपी विक्रम जायसवाल को सोमवार को गगहा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 23 अगस्त को वाराणसी की पूर्व विधायक के पौत्र राहुल सिंह, उसके बेटे अवनीश सिंह और इन दोनों के साथी चांद मोहम्मद को गिरफ्तार कर गिरोह का पर्दाफाश किया था।

गिरोह में शामिल विक्रम और राहुल का एक और बेटा यानि (पूर्व विधायक का परपौत्र) वांछित हैं। पुलिस ने विक्रम को सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस टीम लगी है। पकड़ा गया आरोपी विक्रम सिंह गड़ही थाना गगहा का मूल निवासी है।

जानकारी के मुताबिक, 23 अगस्त को बांसगांव इलाके के धनौड़ा गांव में चलाए जा रहे नकली नोट के धंधे को गगहा पुलिस ने पकड़ा था। वाराणसी की गंगापुर सीट से विधायक रहीं

### तीन आरोपी भेजे गए थे जेल वांछित चल रहे विक्रम जायसवाल को जेल भेजा गया



24 अगस्त को प्रकाशित खबर।



गिरफ्तार विक्रम।

धनेश्वरी देवी के पौत्र राहुल सिंह की गिरफ्तारी बाद मामले सामने आया था। पता चला कि राहुल सिंह अपने बेटों और साथियों के साथ मिलकर नकली नोट का धंधा कर रहा है।

आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि वे मांग के अनुसार नकली नोट छापते थे। पहले से नोट छापकर नहीं रखते थे। इससे उन्हें पकड़े जाने का डर था। हालांकि, सजगता के बावजूद पुलिस उन तक पहुंच गई। आरोपियों ने बताया कि जब ग्राहक नोट लेने के लिए तैयार हो जाते थे, तब उतने ही नोट छापते थे।

### *ठगी के धंधे को चमकाने में फंसे थे धंधेबाज*

*पुलिस के अनुसार, ये लोग नकली नोट के धंधे को छह साल से चला रहे थे। देवरिया के जग्गा के पकड़े जाने के बाद कुछ दिनों तक धंधा बंद कर दिए थे। इस बीच वे ठगी करने लगे थे। ठगी के धंधे को चमकाने के चक्कर में एक वीडियो भी बनाया गया, जिसमें काले रंग के कागज से केमिकल की मदद से नोट बनाने की बात कही गई। उस वीडियो को चांद मोहम्मद ने बनाया था। यह खूब वायरल हुआ था। यही वायरल वीडियो पुलिस के हाथ लगा। इसके बाद पुलिस उन तक पहुंच पाई।*

### पहले भी पकड़ा गया था मामला

- **3 जुलाई 2022 :** कैंट पुलिस ने बांसगांव के फकरुद्दीन और बिहार के राजन तिवारी को नकली नोटों के साथ पकड़ा।
- **एक दिसंबर 2020 :** बांसगांव पुलिस ने बेलघाट के बारपार निवासी धर्मपाल को एक लाख रुपये के नकली नोट के साथ पकड़ा।
- **एक दिसंबर 2020 :** सिकरीगंज इलाके में नकली नोट संग सब्जी व्यापारी गिरफ्तार, 233 नोट बरामद हुए।
- **30 अगस्त 2019 :** नकली नोटों के साथ बांसगांव इलाके में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया। एक महिला भी पकड़ी गई।
- **27 मई 2018 :** झंगहा एरिया में सौ-सौ रुपये के चार नोट के साथ देवरिया, पोखरा निवासी पप्पू निषाद को पुलिस ने पकड़ा। वह कई दिनों से रुपये बाजार में चला रहा था।
- **7 मार्च 2018 :** राजघाट इलाके में शातिर त्रिभुवन सिंह और उसके साथी यूनुस को गिरफ्तार करके पुलिस ने नकली नोट सहित अन्य सामान बरामद किया।
- **04 दिसंबर 2019 :** देवरिया, रामपुर कारखाना में नकली नोट संग तीन लोग पकड़े गए। सौ-सौ रुपये के 49,990 रुपये बरामद हुए।
- **12 अप्रैल 2016 :** गोरखनाथ इलाके के हुमायूंपुर मोहल्ले में पुलिस ने अक्षय यादव को गिरफ्तार किया। स्कैनर और प्रिंटर के जरिए वह नकली नोट छापकर बाजार में चलाता था।

नकली नोट के गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को जेल भिजवा दिया था। एक और आरोपी विक्रम को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केस की विवेचना की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। - **अरुण कुमार सिंह**, एसपी साउथ

# सीएम पर फर्जी केस दर्ज कराने वाले परवेज के घर की होगी कुर्की

## नोटिस चस्पा : परवेज का बेटा लूट, आपराधिक साजिश के मामले में चार साल से है फरार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखपुर में वर्ष 2007 में हुए दंगे के दौरान तत्कालीन सदर सांसद योगी आदित्यनाथ (वर्तमान में मुख्यमंत्री) सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर फर्जी केस दर्ज कराने वाले परवेज परवाज के घर पर सोमवार को कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया। यह कार्रवाई परवेज के बेटे फैज पर दर्ज केस में की गई है। लूट, बलवा, आपराधिक साजिश के केस में वह चार साल से फरार चल रहा है।

रामगढ़ताल और कैंट थाने की पुलिस ने राजघाट के तुर्कमानपुर स्थित घर के पास ढोल

### जल्द हाजिर न होने पर कुर्क किया जाएगा मकान, ढोल बजाकर बताई गई करतूत

बजाकर फैज की करतूत को मोहल्ले वालों को बताया और नोटिस चस्पा किया। परवेज परवाज को कोर्ट से आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। वह जेल में बंद है।

जानकारी के मुताबिक, घर में घुसकर मारपीट, लूट की घटना की गई थी। इस मामले में कैंट थाने में 2019 में 365, 452, 392, 392, 347, 506, 120 बी की धारा में केस दर्ज किया गया। मुख्य आरोपी फैज फरार



परवेज परवाज के घर पर नोटिस चस्पा किया गया। संवाद

चल रहा है। पुलिस ने उसकी तलाश में कई जगह दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर न्यायालय में अर्जी दी थी।

सीजेएम गोरखपुर कोर्ट से 82 का नोटिस हासिल करने के बाद सोमवार को दोपहर ढाई बजे रामगढ़ताल और कैंट पुलिस राजघाट इलाके में तुर्कमानपुर में परवेज के पुत्र फैज के घर पहुंची। आसपास के घरों के सामने मुनादी की और फिर उसके घर पर नोटिस चस्पा किया। पुलिस के मुताबिक, जल्द हाजिर न होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।



कई संगीन मामलों का आरोपी फैज फरार चल रहा है। उसके घर पर पुलिस ने नोटिस चस्पा कर दिया है। अगर इसके बाद भी वह हाजिर नहीं होता है तो कोर्ट की अनुमति पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**- कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी

---

लाइनमैन घूसकांड

# निलंबन पर भड़का संघ...बिना प्रमाण कैसे हो गई अभियंताओं पर कार्रवाई

## बिजली अभियंताओं ने मुख्य अभियंता कार्यालय का किया घेराव, तीन बिंदुओं पर कार्रवाई पर खड़े किए सवाल

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** मंडल के तीन अभियंताओं के निलंबन के दूसरे दिन सोमवार को अभियंता संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य अभियंता कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया। अभियंताओं ने कहा कि निलंबन का आदेश सिर्फ वाहवाही लूटने की नीयत से किया गया है। अभियंताओं ने सवाल उठाया कि क्या रुपये के लेनदेन का कोई भी वीडियो प्रमाण सामने है? नहीं है तो किस आधार पर कार्रवाई की गई।

उन्होंने कहा कि कनेक्शन देने की पूरी कार्रवाई अभियंताओं की तरफ से की गई। इसमें किसी की ओर से अनियमितता नहीं बरती गई। क्या कनेक्शन दिए जाने को लेकर बैंक या अन्य किसी की तरफ से कभी शिकायत आई थी? आदेश में साफ है कि लाइन शाम को काट दी गई थी। लेकिन लाइन काटने या रुपये मांगे जाने की शिकायत किसी के द्वारा किसी अभियंता से की गई थी? अगर की गई थी और उसके बाद विलंब हुआ तो इसमें उनके पर्यवेक्षणीय पद की लापरवाही प्रतीत होती और प्रबंधन की कार्रवाई का सभी अभियंता सहयोग करते।

उन्होंने कहा कि संविदाकर्मियों को काम से हटाने या किसी प्रकार की कार्रवाई करने का अधिकार एसई, एक्सईएन, एसडीओ और जेई के पास नहीं है। ऐसे में उनकी गलती की सजा अभियंताओं को दे दी गई।



बैंक का कनेक्शन काटे जाने पर तीन अफसर निलंबित, एसई को चेतावनी

18 सितंबर को प्रकाशित खबर।

बिजली कनेक्शन को लेकर अक्सर शिकायतें सुनने में आती रहती हैं। आए दिन कनेक्शन दिए जाने के नाम पर आरोप लगते रहे हैं। इस बार कनेक्शन जोड़ने पर रुपये मांगे जाने की बात सामने आई है। संज्ञान लेकर प्रथमदृष्टया सभी पर सख्त कार्रवाई देकर एक संदेश भी दिया गया है। बिजली निगम उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सुविधा देने के लिए है। ऐसे मामले सामने आने से बिजली निगम की छवि धूमिल होती है।

**-शंभू प्रसाद,** एमडी, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

### खंड तृतीय के एक्सईएन बने लवलेश कुमार

**गोरखपुर।** नगरीय वितरण खंड तृतीय के एक्सईएन के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई होने के बाद से खाली हुए पद पर पूर्वांचल एमडी ने लवलेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी है। वह एमडी कार्यालय में संबद्ध थे। वहीं, निलंबित एसडीओ नीरज दुबे की जगह पर खोराबार एसडीओ जितेंद्र गुप्ता को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इसके साथ ही निलंबित जेई वीरेंद्र कुमार के स्थान पर सूरजकुंड क्षेत्र के जेई राजेश मिश्र को जिम्मेदारी एसई ने सौंपी है। संवाद

## कनेक्शन के लिए सुविधा शुल्क मांगने वाले दोनों लाइनमैन जेल गए

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** बिजली कनेक्शन जोड़ने के लिए सुविधा शुल्क मांगने वाले दो संविदा कर्मियों को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक नामजद आरोपी फरार है। तीनों आरोपियों पर रविवार को निलंबित एसडीओ नीरज दूबे और अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार की तहरीर पर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी के बाद से इनकी तलाश शुरू हो गई थी।

जानकारी के मुताबिक, कैंट थाने में नामजद मुकदमे के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। इस मामले में शीर्ष स्तर के अधिकारी निगरानी बनाए हुए थे। इसी दौरान सोमवार दोपहर में प्रभारी निरीक्षक कैंट के निर्देशानुसार मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी शुभम श्रीवास्तव मोहद्दीपुर चौराहे पर गश्त कर रहे थे। उनको सूचना मिली कि कैंट थाने में दर्ज भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोपी कहीं भागने की फिराक में हैं।

सूचना पर चौराहे से ही आरोपी वेद प्रकाश पांडेय और रामानंद को कैंट थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि दोनों आरोपियों को मोहद्दीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं।

**यह था मामला :** मोहद्दीपुर आरकेबीके शोरूम के बगल में आईसीआईसीआई बैंक की नई शाखा खुल रही है। यहां 15 किलोवाट का बिजली कनेक्शन लेने का आवेदन किया गया था। इस दौरान कनेक्शन स्वीकृत होने के बाद कनेक्शन जोड़ने के दौरान लाइनमैनों ने बैंक के मैनेजर से सुविधा शुल्क मांगा। उन्होंने सुविधा शुल्क देने से मना कर दिया। इसी के थोड़ी देर बाद लाइनमैनों ने खंभे पर चढ़ कर बिजली कनेक्शन काट दिया।

इसी मामले में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। मामले का संज्ञान लेकर एसडीओ और जेई ने तीनों लाइनमैन के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था।

### बिजली निगम के तीन लाइनमैनों में से दो आरोपियों को कैंट पुलिस ने किया गिरफ्तार



गिरफ्तार बिजली निगम के संविदा कर्मचारी। संवाद

# गोरखनाथ विवि के पास खुलेगा सोनबरसा थाना

गोरखपुर। जिले के उत्तरी छोर बालापार स्थित गोरखनाथ विश्वविद्यालय के पास ही एक नया थाना सोनबरसा जल्द खोला जाएगा। शासन से इसकी स्वीकृति मिलने के बाद एडीजी अखिल कुमार ने आगे की कार्रवाई के लिए एसएसपी को पत्र भेजा है। इस थाना क्षेत्र में 38 गांवों को शामिल किया जाएगा। वर्तमान में ये गांव चिलुआताल, पीपीगंज और गुलरिहा थाने में शामिल थे। इसमें से कई ऐसे गांव हैं, जिनकी दूरी अब तक थाने से 25 किलोमीटर की है, जो अब घटकर सात किलोमीटर हो जाएगी। नए थाने से एक लाख 64 हजार 200 लोगों को सीधा फायदा मिलेगा।

**36 गांव किए जाएंगे शामिल**

जानकारी के मुताबिक, चिलुआताल और गुलरिहा का इलाका सर्वाधिक लंबा है। वर्तमान में गुलरिहा थाने से उसकी सरहरी चौकी 25 किलोमीटर है। अधिक दूरी की वजह से कई बार तो ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जब मारपीट की घटना होने के बाद अगले दिन लोग थाने पहुंचते हैं। इसी बीच फिर रात में वारदात हो जाती है। अब इस नए थाने से लोगों को राहत मिलेगी। चिलुआताल इलाके में भी कई ऐसे चौकी क्षेत्र हैं, जिनकी दूरी थाने से दस किलोमीटर या उससे अधिक ही है। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2023

# चार पर मारपीट का केस

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के तीन बभनौली कला व एक अकटही थाना बरहज के खिलाफ भटनी थाना मे न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ है । इस सम्बन्ध मे अमित सिंह पुत्र जीतेन्द्र सिंह ग्राम कुरमौटा ठाकुर थाना भटनी निवासी द्वारा थाने मे तहरीर दिया गया ।जिसमे आरोप लगाया गया था कि कमलेश बृजेश पुत्रगण चन्द्रीका ग्राम बभनौली कला थाना भटनी निवासी व रंजीत श्रवण पुत्रगण मुन्नी लाल ग्राम अकटही सतरांव थाना बरहज निवासी द्वारा लाठी डण्डा लेकर गाली देते हुए मारने पीटने लगे भाग कर घर मे घुस गया तो घर मे घुसकर भी मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी सूचना थाने को दिया गया था ।कोई कार्यवाही न किये जाने के कारण न्यायालय की शरण मे चले गये ।

# खेत में मिला 70 वर्षीय वृद्ध का शव

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरियाघाट स्थित गांव के समीप एक 70 वर्षीय बृद्ध का शव ग्रामीणों ने देखा। जिसकी सूचना रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त करवाया। जिसकी पहचान ग्राम करमेल बनरही निवासी रघ्घु राजभर (उम्र 70 वर्ष) के रूप में हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि रघु राजभर कुछ दिन पहले से घर से लापता है। जिसकी खोजबीन हम लोग कर रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु देवरिया भेज दिया।

# लोक अदालत आयोजित कर होगी धारा-67 से जुड़े प्रकरण की सुनवाई

देवरिया, (एसएनबी)। सदर तहसीलदार अरुण यादव ने बताया कि न्यायालय तहसीलदार सदर के अंतर्गत धारा 67 की पत्रावलियां न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे वाद जो माननीय उच्च न्यायालय के आदेश आच्छादित हैं और उनका समयबद्ध निस्तारण हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशानुसार करना आवश्यक है, के अनुपालन हेतु लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम औरा चौरी तप्पा धतुरा, परगना सिलहट में धारा 67 से जुड़े प्रकरण की सुनवाई 19 सितंबर को अपराह्न 2:00 बजे की जाएगी। इसी प्रकार अर्जुनडीहा में तप्पा कतौरा, परगना सिलहट में धारा 67 से जुड़े बात की सुनवाई 20 सितंबर को अपराह्न 2:00 बजे की जाएगी। सदर तहसीलदार ने सभी संबंधित पक्षकारों को लोक अदालत में ससमय उपस्थित रहने के लिए कहा है।

# छेड़खानी का आरोप लगाते हुए युवती ने दी तहरीर, केस

लार। लार थाना क्षेत्र के एक गांव में गोरखपुर से पिता के साथ पहुंची युवती ने एक युवक पर छेड़खानी करने का आरोप लगा है। घटना की सूचना युवती ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके से आरोपी युवक सहित युवती व उसके पिता को थाने लेकर चली आई। बाद में युवती ने मारपीट की तहरीर दी थी। इस मामले में लार पुलिस ने एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। गोरखपुर के झंगहा थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती अपने पिता के साथ लार क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम को पहुंची थी।दोनों एक दूसरे के रिश्तेदार हैं। आरोप है कि रविवार को युवती के पिता पैसे लेकर उसकी शादी का दबाव बना रहे थे। उसी दौरान मौका देख युवती छत से कूद कर ग्राम प्रधान के घर पहुंची और आप बीती बताते हुए लार थाना को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ पीड़िता व ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की मौजूदगी में घंटो पंचायत भी चली। इसके बाद लार पुलिस पिता व पुत्री समेत आरोपी युवक को लेकर थाने चली आई। लार थाना के प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी ने बताया कि सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर गयी थी। युवती व उसके पिता सहित एक युवक को थाने लाकर पूछताछ करते हुए सोमवार को एक व्यक्ति पर कार्यवाही की है। कुछ लोगो का कहना है कि युवती पर कोई प्रेत बाधा है जिसके निदान के लिए लाया गया था वही युवती मंद बुद्धि की बताई जा रही।

# एक व्यक्ति पर छेडखानी व लूट का मुकदमा दर्ज

भटनी (देवरिया)। भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम नोनापार निवासी एक व्यक्ति पर छेडखानी व लूट का मुकदमा न्यायालय के आदेश पर थाने मे दर्ज हुआ है ।इस सम्बन्ध मे एक गाँव की एक महिला द्वारा थाने मे एक तहरीर दिया था कि ग्राम नोनापार थाना भटनी निवासी एक व्यक्ति व पाँच अज्ञात लोगो पर आरोप लगायी है कि मेरे घर जाते समय मेरे सीने पर हाथ लगाते हुए गाली देते हुए जबर्दस्ती करने लगे और दो हजार दो रुपये छीन लिए ।थाने से कोई कार्यवाही न किये जाने कारण न्यायालय की शरण मे चली गयी ।न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ धारा 354504 392 एससी एसटी एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी को विवेचना सौप दिया है ।

# अराजकतत्वों ने तोड़ा शिव मंदिर में प्रतिमा महिलाओं ने तीज पर नहीं की पूजा

पिवकोल। कोतवाली थाना क्षेत्र के बरसीपार ग्राम पंचायत के बाबा सबल दास वन में स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रतिमा को रविवार की रात में अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। जिसको लेकर श्रद्धालुओं में रोष है। पुलिस इस मामले में संदिग्ध गांव के तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछ ताछ कर रही है। बरसीपार में बाबा सबल दास वन में प्राचीन शिव मंदिर है। मंदिर पुराना होने के चलते हरितालिका तीज के दिन यहां



काफी संख्या में महिलाएं भगवान शिव की पूजा के लिए आती हैं। तीज के ठीक एक दिन पूर्व रविवार की रात में अराजक तत्व शिव लिंग को ईंट पत्थर से क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसमें शिवलिंग पर बने सर्प पूरी तरह से खण्डित कर दिया। सोमवार की सुबह आस पास गांव की तीज व्रत करने वाली महिलाएं पूजा करने गई तो मूर्ति खण्डित देख आश्चर्य चकित हो गई। मूर्ति खण्डित होने के चलते सभी महिलाएं बिना पूजा किए वापस लौट गई। महिलाओं के बिना पूजा किए वापस लौटते देख वहां के पुजारी रूदल दास ने गांव के लोगों को बुलाकर खण्डित मूर्ति को दिखाया। मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि गुलाब चंद्र यादव ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसआई शहनवाज अहमद ने टूटी प्रतिमा को देखे। शक के आधार पर तीन लोगों को कोतवाली ले आए और पूछताछ की।

# बाइक चोरी का अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

भटनी (देवरिया)। स्थानीय पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी का अज्ञात चोरो के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है । इस सम्बन्ध मे शैलेश कुशवाहा पुत्र ष्ण कुमार कुशवाहा ग्राम गोपालपुर थाना भटनी निवासी ने थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है ।मेरी बाईक एच एफ डीलक्स बाईक संख्या यू पी -52-ए ई 9594 घाँटी बाजार मे स्थित अपने दूकान पर खडी किये थे ।जिसे चोर उठा ले गये ।तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा - 379 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश मे लग गयी है ।

# पति समेत तीन पर हत्या का केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने रविवार को तीन व्यक्तियों के खिलाफ हत्या व प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया है। एकौना थानाक्षेत्र के धर्मपुर में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मिली जानकारी के अनुसार बड़हलगंज थानाक्षेत्र के मुंडेराबाबू गांव निवासी अमित यादव पुत्र स्व. रमेश यादव ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि उन्होंने अपनी बहन कुसुम की शादी वर्ष 2009-10 में एकौना थानाक्षेत्र के धर्मपुर निवासी राकेश यादव पुत्र रामबल्लभ के साथ किया था। जहां शादी में क्षमता के अनुसार दान दहेज दिया था। कुसुम के घर वाले रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के भभौली चौराहे के पूर्वी बाईपास पर मकान बनवाकर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पति राकेश के साथ घर वाले हमेशा प्रताड़ित करते थे। जिसकी जानकारी वह मोबाईल से मायके में देती रहती थी। 14 सितम्बर को सायं 6 बजे उनकी भांजी ने फोन करके सूचना दिया कि मम्मी को लोग मारपीट रहे हैं। सूचना पाकर वह भभौली पहुंचा। जहां लोगों ने बताया कि उक्त सभी लोग धर्मपुर चले गये हैं, जिस पर वह धर्मपुर पहुंचा, जहां उसके बहन कुसुम का शव पड़ा था। इस मामले में पुलिस ने राकेश रीता व बिन्दू पर हत्या व प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया है।

# चार पर घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज

**तरकुलवा(एसएनबी)** ।स्थानीय थानाक्षेत्र के मुजहना घाट की एक महिला के घर में घुस कर मारपीट के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। तरकुलवा थानाक्षेत्र के मुजहना घाट की रहने वाली फुल कुमारी पत्नी राजेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि गत 7सितंबर की शाम को उनके घर में घुसकर कुछ लोगों ने लाठी-डंडे और लात- मुक्के से मारकर उनको व उनकी बेटी व बेटे को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। इस दौरान उनके हाथ में फ्रै र हो गया। आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने मोटरसाइकल से ठोकर मारकर उनकी बकरी को घायल कर दिया और जानमाल की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने मुजहना घाट गांव के मनोज, राहुल, रागिनी व सपना के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# अष्टधातु की प्रतिमा के साथ पांच तस्कर धराये

**सलेमपुर(एसएनबी)** । कोतवाली पुलिस ने नदावर घाट पुल के पास वाहन चेकिंग करते समय एक वाहन से पांच तस्करों को साढे आठ करोड़ की कीमती अष्टधातु की प्रतिमा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुखबीर की सूचना पर चौकी प्रभारी अश्वनी प्रधान हेड कांस्टेबल विजय मौर्या कांस्टेबल गुलाब चंद अभिषेक यादव व अखिलेश यादव सोमवार की दोपहर में नदावर पुल के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मैरवा के तरफ से यूपी 50 एएच2099 नंबर की इनोवा कार सलेमपुर के तरफ आ रही थी। कार को पुलिस टीम ने रोका और उसकी सघन तलाशी ली। तलाशी के दौरान अष्टधातु की मूर्ति कार में रखी गई थी। जिसमें सवार पांच तस्कर मूर्ति को बेचने के लिए गाजियाबाद ले जा रहे थे। पूछ ताछ के दौरान तस्करों ने अपना नाम रमाकांत कुशवाहा पुत्र स्वच्छन्द कुशवाहा जो टोला अहिवरन राय थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया आकाश यादव पुत्र बृजभान यादव ग्राम मुजफरपुर थाना फांदरापुर जनपद आजमगढ सतीश चंद्र ध्यानी पुत्र फिरतीराम ग्राम राजेपुर थाना सराय जनपद जौनपुर राधेश्याम गौतम पुत्र कंहैया लाल निवासी देवपुर थाना देवगांव जनपद आजमगढ व प्रशांत पाटिल पुत्र विक्रम पटेल निवासी धरमपुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर बताया। पुलिस ने सभी से कड़ाई से पूछ ताछ की। जिसमें एक तस्कर ने बताया की मूर्ति की कीमत लगभग साढे आठ करोड़ की है।



अष्टधातु की प्रतिमा के साथ पकड़े गए पांचो तस्कर।

# मारपीट में दंपति समेत चार पर केस

तरकुलवा(एसएनबी)।स्थानीय थानाक्षेत्र के नरहरपट्टी गांव में चार रोज पूर्व शौचालय का गड्ढा खोदते समय हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने दंपति समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। तरकुलवा थानाक्षेत्र के नरहरपट्टी गांव के रहने वाले चंद्रेश कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि गत 15सितंबर को अपराह्न 3:30 बजे के करीब वे शौचालय निर्माण के लिए गड्ढे की खुदाई कर रहे थे। इसी बीच गांव के अभिषेक, उमरावती, शांति व टुनटुन गोलबंद होकर गाली देते हुए पहुंच गए और उनके ऊपर लाठी-डंडे और टांगी से हमला बोल कर उन्हें और उनके परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिए। आरोप है कि उनके परिवार की सुशीला का सिर टांगी से कट गया और संगीता को भी गंभीर चोटें आई। गया। इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# चार के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का केस

तरकुलवा। थाना क्षेत्र के मुजहना घाट की एक महिला के घर में घुस कर मारपीट के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के मुजहना घाट की फुल कुमारी पत्नी राजेश ने पुलिस को तहरीर दिया कि 7 सितंबर की शाम को उनके घर में घुसकर कुछ लोगों ने लाठी-डंडे और लात- मुक्के से मारकर उनको व उनकी बेटी व बेटे को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए।

# बाइक पर कूदी नीलगाय, दो घायल

पथरदेवा। पथरदेवा बघौचघाट मार्ग पर सोमवार को एक नीलगाय बाइक पर कूद गई। इससे बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पथरदेवा पर इलाज के लिए पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बघौचघाट थाना क्षेत्र के पकहां निवासी अजय यादव और योगेश यादव सोमवार की दोपहर में बाइक से देवरिया से घर लौट रहे थे। मलसी चौराहे के करीब एक नीलगाय बाइक पर कूद गई और वे लोग घायल हो गए।

# अराजक तत्वों ने शिव मंदिर में सर्प को तोड़ा, तीन हिरासत में

सलेमपुर। बाबा सबल दास वन में स्थित प्राचीन मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा पर लगे सर्प को कुछ अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस तीन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के बरसीपार गांव के वन में बने भगवान शिव का मंदिर काफी पुराना प्राचीन है। इस मंदिर में रविवार की रात कुछ अराजक तत्वों द्वारा ईंट पत्थर से भगवान शिव की प्रतिमा पर लगे सर्प को क्षतिग्रस्त कर खंडित कर दिया गया। सोमवार की सुबह आस पास गांव की तीज व्रत करने वाली महिलाएं पूजा करने गई तो मूर्ति को खण्डित देख आश्चर्य चकित हो गई। मूर्ति खण्डित होने के चलते सभी महिलाएं बिना पूजा किए वापस लौट गई।

# फर्जी हस्ताक्षर मामले में धोखाधड़ी का मुकदमा

देवरिया, निज संवाददाता। जिले में आइजीआरएस पर फर्जी हस्ताक्षर कर शिकायत करने वालों पर पुलिस का शिकंजा कसने लगा है। बैतालपुर विकासखंड के ग्राम सभा जंगल सहजौली के प्राथमिक विद्यालय बरईटोला के प्रधानाध्यापक के विरुद्ध गांव के एक व्यक्ति के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर गलत शिकायत करने के मामले में गौरी बाजार थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

जंगल सहजौली के बरई टोला के रहने वाले बाबूलाल सिह पुत्र स्व. लाल बच्चन सिह के पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके नाम से मेरा फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित कर कर्तव्यनिष्ठ प्रधानाध्यापक के विरुद्ध महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं बीएसए से गलत शिकायत की गई है। उन जालसाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए। गौरी बाजार पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात शिकायतकर्ताओं के विरुद्ध आइपीसी की धारा 419 एवं 420 के तहत धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। इसी तरह की फर्जी शिकायत एक अन्य प्रधानाध्यापक के विरुद्ध भी की गई है उस मामले में भी कोतवाली में तहरीर दी गई है। गौरीबाजार के थानाध्यक्ष राजू सिह ने कहा कि अज्ञात लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें शामिल लोगों के बारे में जानकारी की जा रही है। फर्जी हस्ताक्षर कर धोखाधड़ी करने वालों की पहचान के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। शीघ्र ही उन लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# ओवर लोड चार गाड़ियों का चालान

मेहरौनाघाट। खनन विभाग व एआरटीओ की टीम ने सोमवार को रामजानकी मार्ग पर उकीना गांव के समीप एक ढाबे पर खड़ी चार ओवर लोड मोरंग लदी गाड़ियों को सीज कर दिया।

खनन अधिकारी जेके शर्मा व एआरटीओ एके शुक्ला ने उकिना ढाबे पर पहुंच बालू लदे ट्रकों की जांच शुरू की। इस दौरान कुछ ट्रक चालक गाड़ी ढाबे पर खड़ा होने की बात कह अधिकारियों से भिड़ गए। बाद में अधिकारियों ने सख्ती दिखाई तो शांत हो गए। अधिकारियों ने गाड़ियों का पेपर मांगा तो सही नहीं मिला। इस पर ओवर लोड मोरंग लदे चार ट्रक सीज कर दिया। इस कार्रवाई से खलबली मच रही। खनन विभाग के लगातार छापे के बाद भी बिहार की तरफ से टेक्स चोरी कर मोरंग लदे ट्रको का यू पी में आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। प्रति दिन सैकड़ो की संख्या में मोरंग लदे ट्रक बिहार से यूपी में आ रहे हैं। जिससे राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है।

# चार के खिलाफ मारपीट का केस

तरकुलवा। तरकुलवा थानाक्षेत्र के नरहरपट्टी गांव में चार रोज पूर्व शौचालय का गड्ढा खोदते समय हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने दंपति समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

थानाक्षेत्र के नरहरपट्टी गांव के रहने वाले चंद्रेश कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि गत 15सितंबर को अपराह्न 3:30 बजे के करीब वे शौचालय निर्माण के लिए गड्ढे की खुदाई कर रहे थे। इसी बीच गांव के अभिषेक, उमरावती, शांति व टुनटुन गोलबंद होकर गाली देते हुए पहुंच गए और उनके ऊपर लाठी-डंडे और टांगी से हमला बोल कर उन्हें और उनके परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिए। आरोप है कि उनके परिवार की सुशीला का सिर टांगी से कट गया और संगीता को भी गंभीर चोटें आई। गया। इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ घर मे घुसकर मारने पीटने समेत गम्भीर धाराओ में केस दर्ज किया है।

# हादसे में चीनी मिल कर्मचारी की मौत

**दर्दनाक**

गौरीबाजार, हिन्दुस्तान संवाद। गौरीबाजार के एक चीनी मिल कर्मचारी की संभल में सड़क हादसे में मौत हो गई। सोमवार सुबह शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया।



सुभाष यादव (फाइल फोटो)

- गौरीबाजार के पाननकुंडा के रहने वाले थे
- ड्यूटी स्थल के समीप हुए हादसे के शिकार

गौरीबाजार के पाननकुंडा निवासी सुभाष यादव (58) पुत्र स्व. रामकिशुन यादव संभल जिले के रजपुरा में डीएसएम सुगर मिल में तीस वर्षों से कर्मचारी थे। मिली जानकारी के मुताबिक सुगर मिल में विश्वकर्मा पूजा की तैयारी में जुटे सुभाष कुछ सामान लेने के लिए शनिवार शाम मिल परिसर से बाहर निकले थे। चीनी मिल से अभीं 200 मीटर दूर पहुंचे थे कि किसी बड़े वाहन के चपेट में आ गए थे। हादसे के शिकार होने के बाद घायल अवस्था में देर तक सड़क किनारे पड़े रहे। राहगीरों की नजर पड़ी तो करीब के अस्पताल में लेकर पहुंचे।

**परिवार में मचा कोहराम:** सूचना पाकर साथी मिल कर्मचारी अस्पताल की तरफ दौड़ पड़े। गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों ने उन्हें मुरादाबाद के एक अस्पताल में रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार सुबह मिल कर्मी का शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। सुभाष की दो संतानों में पुत्री शिवलोचना व पुत्र परमानंद हैं। हादसे में पति की मौत पर पत्नी मती देवी व परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल था।

# शादी करने का दबाव बनाने के मामले में केस

लार/मेहरौनाघाट, हिन्दुस्तान संवाद। रिश्तेदारी में आई एक युवती ने युवक पर छेड़खानी व जबरिया शादी का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया। आरोपी युवक का पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया है।

लार क्षेत्र के एक गांव में गोरखपुर के झंगहा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती अपने पिता के साथ रिश्तेदार के घर आई थी। रविवार को युवती पर शादी का दबाव बनाया जा रहा था। इससे गुस्साई युवती छत से कूद कर प्रधान के घर पहुंची। यहां उसने रिश्तेदार के घर युवक के द्वारा छेड़खानी करने व शादी का दबाव बनाने की बात कही। युवती की आपबीती सुनने के बाद प्रधान ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी ने बताया कि आरोपी विकास कुमार केस दर्ज करते हुए उसे चालान कर दिया। युवती को उसके पिता के साथ गोरखपुर भेज दिया गया है।

# भूमि विवाद में युवक के हाथ पैर बांधकर पट्टीदारों ने पीटा

हिन्दुस्तान
**वायरल वीडियो**

पट्टीदारों ने एक युवक का हाथ पैर बांध बंधक बना लिया। इसके बाद उसकी पिटाई की। इस दौरान आरोपियों ने युवक की मां को कमरे में बंद कर सादे कागज पर उसका हस्ताक्षर बनवाने के साथ ही अंगूठा भी लगवा लिया। इस मामले में युवक की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे इस वीडियो की पुष्टि हिन्दुस्तान नहीं करता है।

कोतवाली क्षेत्र के जमुई गांव निवासी कमलेश यादव उर्फ पिन्टू अपनी मां के साथ रहता हैं। उसने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया उनके पट्टीदार भूमि विवाद को लेकर रंजिश रखते हैं। ये लोग इनकी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। वे उक्त जमीन का अपने नाम से बैनामा कराने के लिए अक्सर दबाव बनाते रहते हैं। 15 सितम्बर की सुबह करीब 8 बजे घर में घुस गए। इस दौरान पहले इनकी मां को पीटा। जब कमलेश ने विरोध किया तो इनका हाथ-पैर रस्सी से बांधकर दरवाजे पर बन्धक बना लिया मारपीट कर घायल कर दिये।



जमुई गांव में कमलेश उर्फ पिंटू यादव का हाथ-पैर बांधकर पिटाई करते पट्टीदार।

> घटना जानकारी में है। मामले की छानबीन शुरू कर दी गई। मौके पर कोतवाली पुलिस को भेजा गया है। इस मामले में केस दर्ज कराया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> –श्रीयश त्रिपाठी, सीओ सलेमपुर

इस दौरान इनकी मां को आरोपियों ने कमरे में बंद कर जबरदस्ती कई सादे पेपर व स्टाम्प पर हस्ताक्षर बनवाने के साथ ही अंगूठा लगवा लिया।

## सलेमपुर पुलिस ने लग्जरी कार से बरामद की अष्टधातु की मूर्ति

# एक करोड़ की मूर्ति संग पांच तस्कर गिरफ्तार

**शिकंजा**

देवरिया, निज संवाददाता। देवरिया की सलेमपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक करोड़ कीमत की अष्टधातु की मूर्ति के साथ सोमवार को पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्कर इनोवा गाड़ी से आठ किलो की मूर्ति लेकर जा रहे थे। पुलिस ने पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूर्ति तस्करी में जिले के अलावा आजमगढ़ और जौनपुर के भी तस्कर शामिल हैं।

सलेमपुर पुलिस सोमवार को नदावर घाट पुल के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान एक इनोवा वाहन में सवार लोगों की गतिविधियां संदिग्ध मिलीं। पुलिस ने वाहन रोककर तलाशी ली तो अष्टधातु की एक मूर्ति मिली। मूर्ति का वजन आठ किलो तथा बाजार में इसकी कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है। पुलिस के अनुसार इनोवा सवार पांचों लोग श्रीरामपुर थाना क्षेत्र से मूर्ति लेकर गाजियाबाद बेचने जा रहे थे। मूर्ति को कहां से चोरी की और अब तक कितनी वारदातों को अंजाम दिया है, पुलिस इसके बारे में अभियुक्तों से पूछताछ कर रही है।



एक करोड़ की मूर्ति के साथ सलेमपुर पुलिस द्वारा पकड़े गयें पांचों अभियुक्त।

> चेकिंग के दौरान नदावर घाट पुल से एक वाहन से विशिष्ट धातु की आठ किलो से अधिक वजन की एक मूर्ति समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मूर्ति की कीमत एक लगभग एक करोड़ रुपये बताई गई है। अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।
>
> –**राजेश कुमार सोनकर**, अपर पुलिस अधीक्षक

मूर्ति के साथ पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान रमाकान्त कुशवाहा निवासी-टोला अहिबरन राय, थाना श्रीरामपुर, देवरिया, आकाश यादव निवासी मुजफ्फरपुर, थाना कन्धरापुर, आजमगढ़, सतीशचन्द्र ध्यानी, निवासी राजेपुर थाना सराय ख्वाजा, जिला आजमगढ़, राधेश्याम गौतम निवासी देवपुर, थाना देवगांव, जिला आजमगढ़ और प्रशान्त पाटिल पुत्र विक्रम पाटिल निवासी धरमपुर, थाना रामपुर, जिला जौनपुर के रूप में हुई। पुलिस मूर्ति और चार पहिया वाहन अपने कब्जे में ले लिया।

तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अश्वनी प्रधान, कांस्टेबल विजय मौर्या, गुलाबचन्द्र, अभिषेक यादव, अखिलेश यादव, रईस, सुनील यादव शामिल रहे।

# देवरिया में एक करोड़ की मूर्ति संग पांच दबोचे

देवरिया। देवरिया की सलेमपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक करोड़ कीमत की अष्टधातु की मूर्ति के साथ सोमवार को पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्कर इनोवा गाड़ी से आठ किलो की मूर्ति लेकर जा रहे थे। पुलिस ने पांचों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मूर्ति तस्करी में जिले के अलावा आजमगढ़ और जौनपुर के भी तस्कर शामिल हैं। ➤ ब्योरा P03

# चोरी की अष्टधातु की मूर्ति के साथ पांच गिरफ्तार



गिरफ्तार तस्करों के साथ सलेमपुर कोतवाली पुलिस •सौ.पुलिस



अष्टधातु की बरामद मूर्ति •सौ.पुलिस

जासं, सलेमपुर, देवरियाः वाहन चेकिंग के दौरान सलेमपुर कोतवाली पुलिस को सोमवार की दोपहर बड़ी सफलता हाथ लगी। भगवान श्रीकृष्ण की चोरी की अष्टधातु की कीमती मूर्ति बरामद की गई। पुलिस ने सरगना समेत पांच तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह मूर्ति को बेचने के लिए गाजियाबाद ले जा रहे थे।

सलेमपुर कोतवाली पुलिस दोपहर को नदावरपुल पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इस बीच मझौलीराज की तरफ से एक सफेद इनोवा कार आते हुए नजर आई। पुलिस ने कार को रोक लिया और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से अष्टधातु की मूर्ति बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने कार सवार पांच तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि गाजियाबाद में इसकी कीमत तय कर दी गई थी, 1.20 करोड़ रुपये में मूर्ति का सौदा तय हुआ था।

- वाहन चेकिंग के दौरान सलेमपुर कोतवाली पुलिस को मिली सफलता
- कार से गाजियाबाद में बेचने के लिए ले जा रहे थे तस्कर
- जौनपुर का रहने वाला है गिरोह का सरगना

वाहन चेकिंग के दौरान कार से अष्टधातु की भगवान कृष्ण की मूर्ति बरामद की गई है। साथ ही पांच तस्कर भी गिरफ्तार किए गए हैं। गिरोह में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

डा.राजेश सोनकर, एएसपी

## पुलिस की गिरफ्त में ये हैं आरोपित

- रमाकांत कुशवाहा निवासी टोला अहिबरन राय थाना श्रीरामपुर देवरिया।
- आकाश यादव निवासी मुजफ्फरपुर थाना कंधरापुर जनपद आजमगढ़।
- सतीश चंद निवासी राजेपुर थाना सराय ख्वाजा जनपद जौनपुर।
- राधेश्याम गौतम निवासी देवपुर थाना देवगांव जनपद आजमगढ़।
- प्रशांत पाटिल निवासी धरमपुर, थाना रामपुर, जिला जौनपुर।

**मूर्ति चोरी करने का कार्य करता था रमाकांतः** गिरफ्तार तस्कर रमाकांत कुशवाहा शातिर चोर है, वह मंदिरों से मूर्तियों को चोरी करने का कार्य करता है, जबकि इस गिरोह का सरगना सतीश चंद निवासी राजेपपुर थाना सराय जिला जौनपुर है। उसी के माध्यम से ही कीमती मूर्तियों का सौदा होता है। हालांकि पूछताछ में रमाकांत ने मूर्ति कहां से चुराई गई थी, यह बात नहीं कबूल की है। जिसके चलते पुलिस भी परेशान है।

# चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

भटनीः क्षेत्र के कुरमौटा ठाकुर के रहने वाले अमित सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनकी लाठी-डंडे से पिटाई की। इस मामले में उन्होंने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। न्यायालय के आदेश पर भटनी पुलिस ने कमलेश कुमार, बृजेश कुमार निवासीगण बभनौली कला, रंजीत व श्रवण पुत्रगण सतरांव थाना बरहज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# चाकू मारकर ट्रेलर चालक से 60 हजार रुपये की लूट

जागरण संवाददाता, रुद्रपुर, देवरिया : सुरौली थाना के तिवई-ठाकुरदेवा मार्ग पर कुर्ना नाले के समीप तीन बदमाशों ने ट्रेलर चालक को चाकू मारकर सोमवार की रात साढ़े दस बजे 60 हजार रुपये लूट लिया। घायल ट्रेलर चालक को इलाज के लिए सीएचसी रुद्रपुर में भर्ती कराया गया है।

देवरिया शहर के शुगर मिल कालोनी के समीप के रहने वाले बलिन्दर यादव ट्रेलर चालक हैं। रात को तिवई के समीप बालू गिराकर ट्रेलर खड़ा कर बाइक से अपने बहन के घर जा रहे थे। अभी वह कुर्ना नाले के समीप पहुंचे थे कि तीन बदमाश उन्हें पकड़ लिए और इनकी पिटाई करने के साथ ही 60 हजार रुपये ले लिया। जब इन्होंने विरोध किया तो बदमाशों ने पीठ में चाकू मार दिया। देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

- सुरौली थाना के तिवई-ठाकुरदेवा मार्ग पर कुर्ना नाले के समीप देर रात हुई वारदात

# चोरी करते पकड़ा गया

लार रोड: भरौली गांव के समीप रविवार की रात युवक एक होटल से लोहे का सामान चुरा रहा था। लोगों ने चोर वीरु प्रसाद निवासी बढ़या हरदो थाना मईल को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

# शहर की बेहतर होगी यातायात व्यवस्था

**जासं, देवरिया:** महानगर की तरह देवरिया शहर में भी यातायात व्यवस्था अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। चौक चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। इसका खाका डीएम की पहल पर यातायात पुलिस तैयार कर रही है।

देवरिया शहर में हर दिन जाम की समस्या रहती है। यातायात पुलिस कर्मियों की कमी भी इसमें अहम भूमिका निभा रहा है। यातायात व्यवस्था बेहतर करने की पहल शुरू हुई है। अब यहां आटोमेटिक ट्रैफिक सिस्टम लागू करने की तैयारी है। यातायात पुलिसकर्मी सिविल लाइंस रोड, मालवीय रोड, भीखमपुर रोड में इस व्यवस्था को लागू करने के लिए स्थान चिन्हित किया जा रहा है। स्थान चिन्हित करने के बाद यातायात पुलिस इसका प्रस्ताव डीएम व एसपी को सौंपेगी।

- चौक-चौराहों पर लगाए जाएंगे ट्रैफिक सिग्नल
- डीएम की पहल पर यातायात पुलिस तैयार कर रहा प्रस्ताव

## यहां पार्किंग व्यवस्था भी होनी चाहिए

यातायात व्यवस्था बेहतर करने के लिए प्रस्ताव तो तैयार किए जा रहे हैं, लेकिन शहर में वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग का इंतजाम नहीं है। जिसके चलते सड़क पर ही बेतरतीब वाहन खड़ा हो रहे हैं। जिसके चलते हर दिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। कई बार नगर पालिका व जिला प्रशासन भी इसके लिए पहल तो किए, लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है। लोगों का कहना है कि सिस्टम सभी लग जाए, लेकिन पार्किंग का इंतजाम नहीं हुआ तो यह व्यवस्था भी सफल नहीं हो पाएगी। एएसपी डा.राजेश सोनकर ने बताया कि ट्रैफिक सिग्नल लगाने के स्थान को चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करने के लिए यातायात पुलिस को जिम्मेदारी दी गई है। जल्द ही इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया जाएगा।

**सीसी कैमरे भी लगाए जाएंगे:** शहर के सिविल लाइंस रोड, मालवीय रोड में सीसी कैमरे लगाए जाएंगे, यह कैमरे तेज गति से चलने वाले वाहन, अपराध पर अंकुश लगाने के साथ ही आनलाइन चालान भी काटेगा। इसका कंट्रोल रूम भी यातायात कार्यालय में बनाने की तैयारी है। यह व्यवस्था जल्द ही शहर में दिखने लगेगी।

# पट्टीदारों ने युवक का हाथ-पैर बांध कर पीटा,वीडियो प्रसारित

**जासं, देवरिया:** सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के जमुई गांव में एक युवक के साथ पट्टीदारों ने हैवानियत की सभी हदें पार कर दी। युवक का हाथ-पैर बांध कर बेरहमी से पिटाई की। अब हाथ-पैर बंधे होने के साथ ही पिटाई का इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित हो गया है। वीडियो प्रसारित होने के बाद सोमवार की शाम पुलिस ने संज्ञान ले लिया और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। दो आरोपितों को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

गांव के कमलेश यादव उर्फ पिंटू का पट्टीदारों से विवाद है। आरोप है कि पट्टीदार उनकी भूमि का जबरिया बैनामा करना चाहते हैं। 15 सितंबर की सुबह आठ बजे पट्टीदार उनके घर आए तथा उनकी पिटाई करने के साथ ही उनकी मां को कमरे में बंद कर दिया।

इसके बाद कमलेश का हाथ-पैर बांध कर अपने दरवाजे पर लेकर चले गए। इसके बाद पुरुष सदस्यों के साथ ही महिला व युवतियां भी चप्पल व लाठी से पिटाई की। इस हैवानियत का किसी ने वीडियो बना लिया और अब यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने लगा है। सीओ सलेमपुर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि प्रकरण की जानकारी है। मौके पर कोतवाली पुलिस को भेजा गया था, दो आरोपितों को हिरासत में लेकर पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर रही है।



हाथ-पैर बांध कर कमलेश को मारता बुजुर्ग • फोटो इंटरनेट मीडिया

- सलेमपुर कोतवाली के जमुई गांव का है मामला, वीडियो प्रसारित होने पर सक्रिय हुई पुलिस
- आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली पुलिस ने गांव में दी दबिश



युवक कमलेश का बंधा हाथ-पैर • सौ.इंटरनेट मीडिया

# देवरिया से हो रही बिहार में शराब की तस्करी

- आए दिन बिहार बार्डर पर पकड़ी जा रही यूपी निर्मित शराब की खेप
- शराब दुकानदारों तक नहीं पहुंच पा रही पुलिस की जांच

जासं, देवरियाः पड़ोसी प्रांत बिहार में अब देवरिया की दुकानों से शराब की तस्करी हो रही है। आए दिन बिहार बार्डर पर शराब की खेप पकड़ी जा रही है। मुकदमे भी दर्ज हो रहे हैं, लेकिन शराब दुकानदारों तक न तो आबकारी विभाग की जांच की आंच पहुंच रही है और न ही पुलिस की विवेचना में ही इसका पर्दाफाश हो पा रहा है।

वर्ष 2016 में पड़ोसी प्रांत बिहार में शराब बेचने पर प्रतिबंध लग गया। इसके बाद यूपी के रास्ते बिहार में शराब की तस्करी शुरू हुई। बाद में तस्करों को हरियाणा निर्मित शराब भाने लगी। क्योंकि हरियाणा निर्मित शराब पर टैक्स कम होने के चलते कम दाम में वह मिल जाती है। 2020 तक हरियाणा निर्मित शराब की तस्करी बड़े पैमाने पर होती रही। देवरिया पुलिस की सख्ती बढ़ी और 100 से अधिक ट्रक शराब पकड़ी गई। जिसके बाद तस्करों ने अपना ट्रेंड बदल दिया। अब यूपी निर्मित देसी व अंग्रेजी शराब की ज्यादा तस्करी कर रहे हैं। हाल के दिनों में शराब पकड़ी भी जा रही है, लेकिन जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

**हर दुकानों पर सीसी कैमरे, फिर कैसे निकल रही शराब :** जिले के अधिकांश दुकानों पर सीसी कैमरे लगे हैं। बार्डर इलाके की दुकानों पर इसे अनिवार्य कर दिया गया है। सीसी कैमरे लगने के बाद भी इन दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब की तस्करी कैसे हो जा रही है? यह एक बड़ा सवाल है।

## अगस्त में मैरवा पुलिस ने छह बार पकड़ी है शराब

बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी हो रही है। अगस्त के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो छह बार बिहार की मैरवा पुलिस ने शराब की खेप पकड़ा। इसमें से अधिकांश देसी शराब थी। जबकि दो दिन पहले श्रीरामपुर पुलिस ने तीन स्कार्पियो से 191 पेटी देसी शराब बरामद किया। इन सभी मामलों में मुकदमा भी दर्ज है, लेकिन पुलिस व आबकारी विभाग की जांच में यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि यह किस दुकान से शराब ली गई थी। अब तो बार कोड स्कैन करने के बाद तत्काल पता चल जाता है कि यह शराब किस दुकान के लिए आवंटित की गई थी।

"पकड़ी गई शराब के मामले में मुकदमे दर्ज हैं और उनकी विवेचनाएं चल रही है। जल्द ही सरगना तक पुलिस पहुंच जाएगी।

**डा.राजेश सोनकर**, एएसपी

## घर में घुसकर मारपीट, चार आरोपितों पर मुकदमा

**तरकुलवा :** क्षेत्र के मुजहनाघाट की रहने वाली फुलकुंवरी देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने घर में घुसकर उनकी पिटाई की। बीच बचाव करने आई तो आरोपितों ने उनकी भी पिटाई की। इस मामले में पुलिस ने गांव के मनोज, राहुल, रागिनी, सपना देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# देवरिया में भगवान की मूर्तियों पर रही चोरों की नजर

**जासं, देवरिया:** भगवान का घर भी सुरक्षित रहा है। देवरिया जिले में भी पहले मंदिरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। मंदिरों से चोरी गई बेशकीमती मूर्तियां आज भी बरामद नहीं हो सकी है। जिसके चलते लोगों में आक्रोश रहता है।

**केस संख्या एक:** सलेमपुर कोतवाली के भगवान परशुराम के तपोस्थली सोहनाग मंदिर में से गुप्तकाल की भगवान परशुराम की काले पत्थर की बेशकीमती मूर्ति वर्ष 2012 में चोरी हो गई। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। हालांकि कुछ दिन में यह मूर्ति बरामद कर ली गई और सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

**केस संख्या दो:** 1 जून 2016 को पैकौली कुटी के मुख्य पुजारी प्रयागदास की मंदिर परिसर में ही हत्या कर दी गई। परिसर से अष्टधातु की 13 मूर्तियां, सोने-चांदी के 15 मुकुट चोरी कर लिए गए। आज तक मूर्तियां बरामद नहीं हो सकी।

**केस संख्या तीन:** पवहारी कुटी से जुड़ रुपई के राम-जानकी मंदिर से 19 सितंबर 2017 की रात चोरों ने भगवान श्रीराम, सीता व लक्ष्मण के साथ ही 13 बेशकीमती मूर्तियां चुरा ली। इस मामले में मुकदमे दर्ज हुए, लेकिन आज तक मूर्तियां बरामद नहीं हो सकी हैं। जबकि इसके लिए एसओजी समेत अन्य टीमें भी लगाई गई।

**पुलिस को बढ़ी उम्मीद, होगी जांच:** जिले में हुई मूर्तियों की चोरी के मामले की अब पुलिस जांच करेंगी। गिरफ्तार किए गए तस्करों को रिमांड पर लेगी, पुलिस यह पता करेगी कि यह मूर्ति कहां से चुराई गई थी। साथ ही यह कौन-कौन से मामले में शामिल रहे हैं? पुलिस को उम्मीद है कि इनसे ठीक से पूछताछ हुई तो कई मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश हो जाएगा।

**देवरिया ही नहीं, पूर्वांचल में फैला है इस गिरोह का रैकेट:** गिरफ्तार तस्करों का रैकेट देवरिया ही नहीं, पूर्वांचल व बिहार में भी फैला हुआ है। रमाकांत शातिर चोर है, जो दिन में मंदिरों को चिन्हित करता है और फिर अपने लोगों के सहयोग से मूर्तियां चोरी करता है, जबकि जौनपुर व अन्य जगहों के शामिल तस्कर मूर्तियों को बेचने का कार्य करते हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पूर्वांचल की कई मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं में इनके शामिल होने की उम्मीद है। इसलिए इन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

# मुख्यमंत्री से मिली युवती की मां, लगाई न्याय की गुहार

जासं, बनकटा: क्षेत्र के सुंदरपार भटवलिया की रहने वाली युवती की हुई मृत्यु के मामले में पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट सिवान जनपद से मिल गया है। पोस्टमार्टम रिपार्ट में एंटीमार्टम आने के बाद पुलिस के जांच का दायरा बढ़ गया है। पूछताछ के लिए एसओजी को भी लगाया गया है। उधर युवती की मां ने गोरखपुर पहुंच मुख्यमंत्री से मुलाकात की और न्याय की गुहार लगाई।

बनकटा थाना के सुंदरपार भटवलिया की रहने वाली एक युवती का शव नरहिया गांव के समीप रेलवे ट्रैक से एक सितंबर को बरामद किया गया था। 17 दिनों बाद सोमवार को बनकटा पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल गई। इस मामले में गांव के पांच लोगों के विरुद्ध हत्या का भी मुकदमा दर्ज है। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल गई है। रिपोर्ट की जांच की जा रही है।

**कागज के लिखावट की होगी जांच:** युवती के शव के पास से मैरवा पुलिस ने एक कागज का टुकड़ा लेकर बनकटा पुलिस को सौंप दी है। बनकटा पुलिस उस लिखावट की जांच कर रही है। हालांकि पुलिस यह बताते से परहेज कर रही है कि उस टुकड़े में क्या लिखा है।

# पुलिस की एंटीरोमियो टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

जागरण संवाददाता, पड़रीबाजार : देवरिया जिले की खुखुन्दू पुलिस की एंटीरोमियो टीम ने जागरूकता अभियान चलाया।

थाने की एंटीरोमियो ठीम ने खुखुन्दू, मुहैया, मोहरा, पड़री बाजार, भरथुआ, बालेपुर, मुजुरी, बैदौली, पिपरा शुक्ल, नुनवान आदि स्थानों पर भ्रमण कर स्कूलों, निजी संस्थाओं, विभिन्न कार्यालयों में महिलाओं एवं लड़कियों को मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, साइबर क्राइम, वूमेन पावरलाइन, पिंक बूथ आदि के बारे में जानकारी दी।

पुलिस टीम ने विभिन्न योजनाओं के बारे मे जागरूक कर लोगों में पंपलेट वितरित किया।

इस दौरान थानाध्यक्ष के अलावा अन्य पुलिसकर्मी विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे।

# फर्जी हस्ताक्षर कर शिकायत करने वालों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा

जासं, देवरिया: बैतालपुर विकासखंड के ग्राम सभा जंगल साजौली के प्राथमिक विद्यालय बरईटोला के प्रधानाध्यापक के विरुद्ध गांव के एक व्यक्ति के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर गलत शिकायत करने के मामले में गौरी बाजार थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

जंगल साजौली के बरई टोला के रहने वाले बाबूलाल सिंह पुत्र लाल बच्चन सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया है कि मेरा फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित कर कर्तव्यनिष्ठ प्रधानाध्यापक के विरुद्ध महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं बीएसए से गलत शिकायत की गई है। उन जालसाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए। गौरी बाजार पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात शिकायतकर्ताओं के विरुद्ध आइपीसी की धारा 419 एवं 420 के तहत धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। इसी तरह की फर्जी शिकायत एक अन्य प्रधानाध्यापक के विरुद्ध भी की गई है उसके लिए भी कोतवाली में तहरीर दी गई है। थानाध्यक्ष राजू सिंह ने कहा कि अज्ञात लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें शामिल लोगों के बारे में जानकारी की जा रही है। फर्जी हस्ताक्षर कर धोखाधड़ी करने वालों की पहचान के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। शीघ्र ही उन लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में फर्जी नाम पर गलत शिकायत करने वालों का गिरोह सक्रिय है। इसकी छानबीन कराई जा रही है। उन लोगों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ ही अन्य कठोर कदम उठाए जाएंगे। आइजीआरएस पर फर्जी शिकायत कर जिले की छवि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# शौचालय का गड्ढा खोदने को लेकर मारपीट, मुकदमा

तरकुलवा : शौचालय का गड्ढा खोदने को लेकर दोद पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तरकुलवा के नरहरपट्टी के रहने वाले अधिवक्ता चंद्रेश कुमार कुशवाहा का आरोप है कि 15 सितंबर को शौचालय के लिए वह गड्ढा खोद रहे थे। इस बीच पड़ोस के कुछ लोग आए और विरोध करने हुए हमला बोल दिया। इस मामले में पुलिस ने गांव के अभिषेक, उमरावती, शांति देवी व टुनटुन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस की विवेचना में बढ़ सकता है आरोपितों का नाम

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** बड़े शहरों में भूमि दिलाने व अधिक रुपया देने के नाम पर महिलाओं से 6.80 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले की जांच कर रही कोतवाली पुलिस की विवेचना में और आरोपित बढ़ सकते हैं। आरोपितों के नाम बढ़ाने के लिए पुलिस साक्ष्य एकत्र कर रही है। उधर गिरोह की सरगना की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का प्रयास तेजी से शुरू हुआ है।

शहर के कठिनइया की रीमा सिंह समेत अन्य महिलाओं से सलेमपुर कोतवाली के अनुआपार गांव की रहने वाले ज्योति मौर्या, पति उदयभान समेत अन्य आठ लोगों ने बड़े शहरों में भूमि दिलाने व अधिक रुपया देने के नाम पर ठगी की है। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो विवेचना में अब कुछ अन्य लोगों के नाम भी सामने आने लगे हैं, जो इस गिरोह में सक्रिय रहे हैं। उन्हें इस मामले में आरोपित बनाने के लिए पुलिस साक्ष्य एकत्रित कर रही है।

## दुकानदार की बाइक चोरी, अज्ञात पर केस

भटनी। क्षेत्र के घांटी बाजार से एक दुकानदार की बाइक चोरी हो गई। शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को अज्ञात पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई। भटनी के गोपालपुर गांव निवासी शैलेश कुशवाहा घांटी बाजार में दुकान चलाते हैं। रविवार को उनकी बाइक दुकान के सामने से चोरी हो गई थी। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने कहा कि केस दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। संवाद

## घर में घुसकर पीटा, केस दर्ज

**भटनी।** थाना क्षेत्र के बभनौली कला गांव में घर में घुसकर मारपीट के मामले में पुलिस ने नौ महीने बाद कार्रवाई की है। कोर्ट के आदेश पर सोमवार को पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया। भटनी के कुरमौटा ठाकुर गांव निवासी अमित सिंह 12 दिसंबर 2022 को बभनौली कला गांव गए थे। किसी बात को लेकर उनका एक युवक से विवाद हो गया। इससे नाराज लोगों ने बाद में अमित के घर में घुसकर मारपीट की, जिसमें अमित को गंभीर चोटें आई थीं। आरोप है पीड़ित ने मामले की शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थक हार कर पीड़ित ने न्यायालय में गुहार लगाई। नौ महीनें बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बभनौली गांव निवासी कमलेश, बृजेश व अकटही निवासी रंजीत और श्रवण पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# 12 लोगों के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा

**मदनपुर**: क्षेत्र के एक गांव में हुई मारपीट व छेड़खानी के मामले में पुलिस ने 12 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

गांव की छात्रा के साथ हुई छेड़खानी व विरोध करने पर स्वजन की हुई पिटाई के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें राजा मिश्र, रूपेश चौहान समेत 12 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# मकान पर कब्जा करने का महिला ने लगाया आरोप

**देवरिया**: रामपुर कारखाना के पांडेयचक की रहने वाली एक महिला ने डीएम से शिकायत की है, जिसमें कुछ लोगों पर मकान पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। गांव की माफिजा बेगम का आरोप है कि परसिया उर्फ खरजरवा में उन्होंने एक अनुबंध पर मकान लिया है। जिसमें निवास करती थीं।

# आरोपित का चालान युवती भेजी गई घर

**लार**: थाना क्षेत्र के इटहुरा मिश्र में शादी के लिए जबरदस्ती लाई गई युवती के मामले का पुलिस ने सोमवार को पटाक्षेप कर दिया। युवती को पिता के साथ जहां गांव भेज दिया, वहीं आरोपित बताए जा रहे युवक का शांतिभंग में चालान कर दिया। गोरखपुर जनपद के झंगहा थाना के डीहाघाट की रहने वाली एक युवती को शादी के लिए स्वजन इटहुरा मिश्र गांव में ले गए थे। युवती शादी से इन्कार करते हुए छत से कूद कर ग्राम प्रधान के घर रविवार को पहुंच गई। दोनों पक्षों को पुलिस थाने ले गई।

सोमवार को युवती को पिता के साथ घेर भेज दिया गया, जबकि इटहुरा मिश्र के विकास को शांतिभंग में पुलिस ने चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। युवती को उसके स्वजन के साथ घर भेज दिया गया है। जबकि युवक का शांतिभंग में चालान किया गया है।



बरसीपार के बाबा सवलदास वन में जांच करने पहुंची पुलिस • जागरण

# अराजक तत्वों ने शिवलिंग को किया खंडित, लोगों में आक्रोश

**जासं, सलेमपुर:** बरसीपार के बाबा सवल दास वन में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के शिवलिंग को रविवार की रात अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। सोमवार की सुबह भनक लगने के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ गया। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

बरसीपार में बाबा सवलदास वन में प्राचीन शिव मंदिर है। मंदिर पुराना होने के चलते हरितालिका तीज के दिन यहां काफी संख्या में महिलाएं आती हैं और पूजा करती हैं। रविवार की रात शिवलिंग को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सोमवार की सुबह जब महिलाएं पूजा करने के लिए पहुंचीं तो खंडित शिवलिंग देख वह अवाक रह गईं और इसकी जानकारी पुजारी रूदलदास को दीं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाब चंद यादव की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।

# खनन विभाग ने तीन ट्रैक्टर व एक लोडर को पकड़ा

**भटनी :** खनन विभाग की टीम ने जिगिना दीक्षित के पास अवैध मिट्टी खनन कर रहे तीन ट्रैक्टर व एक लोडर को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को ले जाकर सौंप दिया। देर शाम तक इस मामले में कार्रवाई नहीं हो सकी थी। (जासं)

# वृद्ध का मिला शव

**रुद्रपुर :** क्षेत्र के बैरियाघाट के एक विद्यालय के समीप स्थित खेत में एक वृद्ध का शव देखा। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करमेल बनरहीं के रहने वाले रघु राजभर के रूप में की। मृतक के बेटे सागर राजभर ने बताया कि वह दो दिनों से गायब थे। उसके बाद से ही उनकी तलाश चल रही थी। (जासं)

# भूमि के विवाद में हाथ-पैर बांधकर पीटा, केस दर्ज, दो हिरासत में

**संवाद न्यूज एजेंसी**

देवरिया। सलेमपुर कोतवाली के जमुई गांव में एक युवक का हाथ-पैर बांधकर कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। बेरहमी से पिटाई कर रहे लोगों का वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। मामले की जांच सीओ ने शुरू कर दी है। देर शाम पुलिस ने मामले में पिटाई के शिकार युवक के चाचा और उनके एक पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर दिया है। पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सलेमपुर कोतवाली के जमुई गांव निवासी कमलेश यादव उर्फ पिंटू ने पुलिस से शिकायत की है कि गांव के ही कुछ लोग पुरानी रंजिश रखते हैं। हमारी जमीन पर ज़बरन कब्जा करना चाहते हैं और बैनामा कराने के लिए दबाव बना रहे हैं। 15 सितंबर की सुबह तीन-चार लोग घर में घुस गए और उसकी मां को मारने पीटने लगे, जब वह विरोध किया तो उसका हाथ-पैर रस्सी से बांधकर बंधक बना दिया गया। इसके बाद अपने घर ले जाकर कमरे में बंद कर दिए। कुछ देर बाद बाहर निकाल कर उसकी पिटाई की गई है। जमीन बैनामा कराने के लिए जबरन उससे अंगूठा भी लगवा लिया है।

इस मामले में पुलिस ने वकील यादव और अनिल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

*वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।*

**- श्रीयश त्रिपाठी, सीओ**

# मारपीट में दंपती समेत चार के खिलाफ केस

देवरिया। तरकुलवा थानाक्षेत्र के नरहरपट्टी गांव में चार रोज पूर्व शौचालय का गड्ढा खोदते समय हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने दंपती समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के नरहरपटटी गांव के चंद्रेश कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि 15 [illegible] को दोपहर 3 [illegible] बजे वह शौचालय निर्माण के लिए गड्ढे की खुदाई कर [illegible] गांव के कुछ लोग गोलबंद होकर गाली देते हुए पहुंच गए [illegible] ऊपर लाठी-डंडे और टांगी से हमला बोल कर उन्हें और उनके परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिए। संवाद

हरान | कोतवाल गोपाल पांडेय पर फर्जी मुकदमे में फंसाने व समझौते की बात नहीं मानने पर की गई कार्रवाई

# शिक्षक की पत्नी को बना दिया गुंडा

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। पुलिस का कारनामा भी खूब है। सेवानिवृत्त शिक्षक की पत्नी गृहिणी हैं। पर भूमि विवाद के मामले में मारपीट में पुलिस ने गुंडा बना दिया। यहां तक कि केस भी न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ था।

इसकी शिकायत जब एडीजी के पास पहुंची तो तीन दिन के भीतर जांच कराई तो मामले का खुलासा हुआ। इस मामले में पता चला कि महिला के ऊपर भी गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर दी गई है। इस पर एसपी ने



कृष्ण कांत तिवारी



सोनू त्रिपाठी

सलेमपुर के कोतवाल गोपाल पांडेय सहित चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के सिसवां दीक्षित गांव निवासी लाल बिहारी त्रिपाठी सेवा निवृत्त शिक्षक हैं। अपने बड़े बेटे शिक्षक कृष्णकांत त्रिपाठी व उनकी पत्नी सोनू त्रिपाठी पर गुंडा एक्ट लगाए जाने को लेकर 14 सितम्बर को अपर पुलिस महानिदेश से मिले। उनको शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि वह अपने पड़ोसी दिग्विजय नाथ तिवारी से 10 जून 2021 को उनका मकान व दरवाजा सहन सहित रजिस्ट्री कराया है। जिसको दाखिल खारिज 16 दिसम्बर 2022 को नायब तहसीलदार के यहां से हो चुका है। दीवानी न्यायालय के द्वारा उस भूमि पर यथा स्थिति का आदेश पारित है।

# एक करोड़ की मूर्ति के साथ 5 गिरफ्तार

सलेमपुर (देवरिया)। बिहार के मंदिर से चोरी भगवान कृष्ण की विशिष्ट धातु की एक करोड़ कीमत की मूर्ति के साथ सलेमपुर पुलिस ने रविवार की रात पांच तस्करों को धर दबोचा। वे मूर्ति बेचने के लिए कार से गाजियाबाद जा रहे थे।

नदावर पुल के पास चेकिंग के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## देवरिया : आरोपियों में एक ने खुद को बिहार के विधायक का बहनोई बताया

तस्कर यूपी के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं। गिरफ्तार तस्करों में एक रमाकांत कुशवाहा ने खुद को बिहार के सिवान जिले के जीरादेई विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमरजीत कुशवाहा का बहनोई बताया है। वहीं, विधायक ने रमाकांत के दावे को गलत बताते हुए कहा कि उसकी रिश्तेदारी मेरे गांव में है। वह मेरा रिश्तेदार नहीं है। खुद को बचाने के लिए वह झूठ बोल रहा है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। संवाद

>> संबंधित भीतर

# पांच साल बाद भी लापता महिला का पता नहीं लगा पाई पुलिस

सलेमपुर। लार के सुतावर गांव की एक महिला पांच वर्ष पहले 17 अक्तूबर 2018 में आधी रात को रहस्यमय परिस्थिति में गायब हो गई। महिला का लार पुलिस अब तक पता नहीं लगा पाई है। हालांकि गायब महिला के पिता की तहरीर पर कोर्ट के आदेश पर 25 मई को लार पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है, लेकिन पुलिस हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। बिहार के गुठनी थाना क्षेत्र के बसूडाही गांव निवासी उमाशंकर यादव अपनी पुत्री सीमा की शादी लार थाना क्षेत्र के सुतावर गांव निवासी अशोक यादव के साथ किए थे। संवाद

# महिला से छेड़छाड़, 2200 रुपये भी लूटे, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## घर जाते समय पड़ोस के गांव के युवक ने दिया घटना को अंजाम

भटनी। खेत से काम निपटा कर घर जा रही महिला के साथ एक युवक ने छेडछाड़ और लूटपाट की। पुलिस ने सोमवार को आरोपी युवक पर एससी-एसटी, छेड़छाड़ व लूट का केस दर्ज किया। आरोपी युवक पड़ोस गांव का रहने वाला बताया जा रहा है।

भटनी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला रविवार को खेत में काम करने गई थी। काम खत्म कर वह अकेली घर लौट रही थी। तभी सुनसान रास्ते पर महिला को अकेली देख पड़ोस गांव का युवक उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध पर मारपीट करने के बाद 22 सौ रुपये लूट लिए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक पर एससी-एसटी एक्ट के अलावा लूट, छेड़छाड़ और मारपीट का केस दर्ज किया है। वहीं आरोपी युवक ने बताया कि गांव में विकास कार्यों की जांच के लिए जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी। शनिवार को तहसील दिवस में भी प्रधान प्रतिनिधि से शिकायत की गई थी। इससे नाराज होकर फंसाने के लिए ये कार्रवाई की गई है। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। जांच के बाद युवक को गिरफ्तार किया जाएगा।

# जनपद के 89 संदिग्ध शिक्षकों की कुंडली खंगाल रही एसटीएफ, बीएसए ने भेजी रिपोर्ट

## बीते पांच वर्षों में जिले के 70 शिक्षकों को सेवा से किया जा चुका है बाहर

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जनपद में शिक्षक भर्ती फर्जीवाड़े की जांच कर रही एसटीएफ यहां के 89 शिक्षकों के प्रमाणपत्रों की जांच करने में लगी है। इस संबंध में मांगी गई रिपोर्ट को बीएसए ने जांच एजेंसी को उपलब्ध करा दिया है। डेढ़ माह पूर्व रिपोर्ट नहीं देने पर एसटीएफ ने शासन स्तर पर इसकी शिकायत की थी।

जिले में बेसिक शिक्षा विभाग में 25 साल के अंदर शिक्षकों की नियुक्ति में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। इसे लेकर पूर्व में बीएसए रहे अधिकारियों व नियुक्ति व सत्यापन पटल देख रहे लिपिकों की कार्यशैली लगातार संदेह के घेरे में रही है।

इधर पिछले पांच सालों के अंदर अब तक 70 शिक्षकों को फर्जीवाड़े में बर्खास्त किया जा चुका है। विभिन्न थानों में इन फर्जी शिक्षकों पर केस भी संबंधित ब्लॉक के खंड शिक्षाधिकारियों की ओर से केस भी दर्ज कराया जा चुका है। डेढ़ माह पूर्व एसटीएफ ने प्रदेश के 28 जिलों के बीएसए से संदिग्ध शिक्षकों के संबंध में आवश्यक जानकारी मांगी थी।

समय से नहीं दिए जाने पर जांच एजेंसी ने इसकी शिकायत महानिदेशक स्कूल शिक्षा से की थी। महानिदेशक के आदेश पर जिले से भी 89 शिक्षकों, जिसमें विभिन्न ब्लॉकों के परिषदीय, कस्तूरबा, अनुदानित स्कूलों के शिक्षक शामिल है, इसकी सूची तैयार कर इनके शैक्षिक प्रमाणपत्र, पैन, आधार कार्ड, निवास प्रमाणपत्र सहित अन्य डाटा एसटीएफ को उपलब्ध कराया गया है।

आरोप है कि इनमें से कई शिक्षक दूसरे के प्रमाण पत्रों के आधार पर जनपद में नौकरी कर रहे हैं। कुछ के प्रमाणपत्रों में हेरफेर किया गया है। पिछले डेढ़ साल से भागलपुर क्षेत्र के पांच शिक्षकों के खिलाफ चल रही जांच अटकी ही हुई है।

## केस दर्ज करा सुस्त पड़ गया विभाग, सभी को हैं रिकवरी का इंतजार

जिले से बीते पांच साल में फर्जीवाड़े में 70 फर्जी शिक्षकों को नौकरी से हाथ गंवाना पड़ा है। हालांकि विभाग रिकवरी एक से भी नहीं कर पाया है। विभागीय अधिकारी मानते हैं कि इनमें से कई शिक्षकों के न्यायालय की शरण में चले जाने से इनसे रिकवरी नहीं हो पा रही है। उधर बीएसए कार्यालय के लेखाधिकारी संजय कुमार बताते हैं कि ऐसे शिक्षकों पर 30 करोड़ से अधिक की वसूली की जानी है।

एसटीएफ ने जिन शिक्षकों की सूची एवं आवश्यक प्रमाण पत्र मांगें थे, उसे उपलब्ध करा दिया गया है। विभागीय स्तर से भी जिन शिक्षकों की शिकायतें हुई हैं, उनकी जांच कराई जा रही है। इनके कागजात में कोई गड़बड़ी मिलती है तो इन पर कार्यवाही तय है।

- [illegible]लिनी **श्रीवास्तव**, बीएसए

# धौंस जमाने के लिए खुद को बताता था विधायक का बहनोई

## बिहार के मंदिर से चोरी की गई थी मूर्ति, बेचने के लिए ले जा रहे थे गाजियाबाद



सलेमपुर में पकड़ी गई एक करोड़ मूल्य की मूर्ति के साथ तस्कर। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर (देवरिया)। बिहार के मंदिर से चोरी विशिष्ट धातु की एक करोड़ कीमत की मूर्ति के साथ सलेमपुर पुलिस ने रविवार की रात पांच तस्करों को पकड़ गया। गिरफ्तार तस्करों में एक रमाकांत कुशवाहा लोगों पर अपनी धौंस जमाने के लिए खुद को बिहार के सिवान जिले के जीरादेई विधानसभा क्षेत्र के विधायक का बहनोई बताता था। हालांकि विधायक ने उसकी बात को सिरे से खारिज कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, बिहार के एक मंदिर से पिछले दिनों भगवान श्रीकृष्ण की कीमती मूर्ति चोरी हुई थी। रविवार की रात सलेमपुर पुलिस ने उस मूर्ति के साथ पांच तस्करों को धर दबोचा। वे मूर्ति को बेचने के लिए मझौलीराज के रास्ते गाजियाबाद जा रहे थे। आठ किलोग्राम वजन की विशिष्ट धातु की बनी मूर्ति की कीमत एक करोड़ बताई जा रही है। पूछताछ में तस्करों की पहचान जिले के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के अहिबरन राय गांव निवासी रमाकांत कुशवाहा, आजमगढ़ के मुजफ्फरपुर थाना क्षेत्र के कांधारपुर निवासी आकाश यादव और देवपुर थाना क्षेत्र के देवगांव निवासी राधेश्याम गौतम, जौनपुर के राजेपुर थाना क्षेत्र के ख्वाजा निवासी सतीश चंद्र और धरमपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी प्रशांत पाटिल के रूप में हुई।

रमाकांत कुशवाहा ने खुद को सिवान के जीरादेई से भाकैपा-माले के विधायक अमरजीत कुशवाहा का बहनोई बताया है। कहा है कि उनका गिरोह यूपी और बिहार के मंदिरों से मूर्ति चोरी करता है।

> - रमाकांत कुशवाहा की रिश्तेदारी मेरे गांव में है। वह मेरा रिश्तेदार नहीं है। खुद को बचाने के लिए वह झूठ बोल रहा है।
>
> **- अमरजीत कुशवाहा, विधायक, जीरादेई**

### लग्जरी वाहन से चोरी की मूर्तियों को भेजते हैं बाजार में

इस गिरोह ने जौनपुर, आजमगढ़, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर सहित विभिन्न जगहों पर प्राचीन मंदिरों के बारे में जानकारी रखा है। मूर्तियों के चुराने के बाद लग्जरी वाहन से दिल्ली, मुंबई और नेपाल भेजते हैं, ताकि शक भी न हो। यहां तक कि जरूरत पड़ने पर पार्टी का झंडा भी लगा लेते हैं।

## पूर्वांचल के कई जनपदों में फैला है मूर्ति तस्करों का नेटवर्क

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। मूर्ति चोरी करने वाले गिरोह का नेटवर्क पूर्वांचल और बिहार के विभिन्न जनपदों में फैला हुआ है। इस गिरोह ने दिल्ली के बाजार में भी अपनी पकड़ बना ली है। चोरी की मूर्तियों को लग्जरी वाहनों से ले जाकर बेचते हैं।

गिरोह के सरगना सतीश ने राजनीतिक संरक्षण के लिए रमाकांत को अपने साथ ले रखा है, जो अपने आपको बिहार सिवान जिले के एक विधायक का बहनोई बताता है। इसके कारण उसकी धौंस कई जनपदों में भी है। पुलिस ने एक करोड़ रुपये की अष्टधातु की मूर्ति के साथ सोमवार को एक गिरोह का खुलासा किया। यह गिरोह बिहार और पूर्वांचल के विभिन्न मंदिरों से

### सरगना सतीश ने राजनीतिक संरक्षण के लिए रमाकांत को अपने साथ ले रखा है

मूर्ति चोरी कराने के बाद दिल्ली, मुंबई और नेपाल तक बेचता है। पुलिस की पूछताछ में रमाकांत ने बताया कि अष्टधातु की मूर्ति चोरी की है। इसे राधेश्याम मेरे पास लाया था। गिरोह का सरगना सतीश चंद है, जो विभिन्न कलाकृतियों की अष्टधातु की मूर्ति की पूर्वांचल व बिहार के जनपदों से चोरी कराता है।

पकड़े जाने के बाद मांगने लगा माफी : पकड़े जाने के बाद रमाकांत कुशवाहा ने बताया कि मूर्ति को गाजियाबाद ले जाकर बेचने की तैयारी थी। इसके लिए बाजार में सौदा भी तय हो गया था।

# युवती की हत्या का मामला पहुंचा सीएम दरबार, एसओजी को मिली जांच

## रेलवे ट्रैक पर छेड़खानी की शिकार युवती का शव मिलने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। बनकटा थाने के एक गांव निवासी छेड़खानी की शिकार युवती की हत्या का मामला सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के पास पहुंचा। युवती की मां ने न्याय के लिए गुहार लगाई है। आरोप है कि स्थानीय पुलिस मामले को रफादफा करने में जुटी है। एसपी ने घटना की जांच एसओजी को सौंपी है।

बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छेड़खानी की शिकार युवती का शव एक सितंबर को बिहार के मैरवा थाना क्षेत्र के दासनरहिया गांव के पास रेल लाइन पर मिला था। घटना के बाद युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया। इसके बाद भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए। पीड़िता की मां ने गोरखपुर जनता दरबार में मुख्यमंत्री से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। उसने बनकटा पुलिस पर घटना की लीपापोती करने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं करने पर उच्च स्तरीय जांच की मांग की। मुख्यमंत्री ने उन्हें हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

### मां ने जनता दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिल लगाई गुहार

शिकायती पत्र में उसने कहा कि घटना में शामिल पांच आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज है। इन्हीं आरोपियों पर मेरी पुत्री से छेड़खानी किए जाने का मुकदमा तीन माह पूर्व दर्ज हुआ था। इसमें आरोपी सुलह करने के लिए मेरे परिवार पर बार- बार दबाव बना रहे थे और सुलह नहीं होने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। सुलह नहीं करने पर इन्हीं आरोपियों ने मेरी पुत्री की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर रख दिया था।

बनकटा पुलिस आरोपियों से मिली हुई है, जिससे उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। उल्टे पुलिस उनके परिवार को इस हत्या में फंसाने की साजिश रच रही है, तथा बार-बार थाने बुलाकर प्रताड़ित कर कभी सादे कागज पर कभी रजिस्टर पर हस्ताक्षर करा रही है, नहीं करने पर उल्टे फंसाने की धमकी दे रही है। पीड़ित मां ने मुख्यमंत्री से इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

> पांच के खिलाफ केस दर्ज है। पीड़ित पक्ष के साथ पुलिस खड़ी है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। एसओजी को भी जांच के लिए लगा दिया गया है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।
>
> **- अंशुमन श्रीवास्तव, सीओ**

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2023

# कुशीनगर में मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी तस्कर दबोचा

राजापाकड़। तुर्कपट्टी व विशुनपुरा थानों की संयुक्त पुलिस ने मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी की बाइक, तमंचा व कातूस बरामद किया गया है। वह पशु तस्करी के मुकदमे में वांछित था। उस पर विशुनपुरा, तुर्कपट्टी व पडरौना में सात मुकदमे दर्ज हैं। ➤ब्योरा P03

# तमंचा व कारतूत के साथ गिरफ्तार

सलेमगढ़। तरयासुजान थाना के बहादुरपुर क्षेत्र सलेमगढ़ टोल प्लाजा से पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार की जांच में जुटी हुई है। बदादुरपुर चौकी क्षेत्र में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार शर्मा ने टोल प्लाजा के समीप से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने एक 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। उसकी पहचान सिकन्दर खान  निवासी सलेमगढ़ के रूप में हुई है।

**आक्रोश** | दुष्कर्म पीड़िता के घर पहुंच कर उच्चाधिकारियों ने तोड़वाया आमरण अनशन

# पीड़िता का आमरण अनशन समाप्त, दूसरे गांव में शुरू

**फॉलोअप**

- एक सप्ताह के अंदर गिरफ्तारी का आश्वासन देकर जूस पिलाकर तोड़वाया अनशन
- दूसरे गांव में आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ महिलाओं ने शुरू किया अनशन

पिपरा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में दरवाजे पर आमरण अनशन पर बैठी नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता व उसके परिजनों का आमरण अनशन सोमवार को अधिकारियों द्वारा समाप्त करा दिया गया। एक सप्ताह में आरोपी की गिरफ्तारी का भरोसा पुलिस ने दिया है। उधर दूसरे गांव में उसी आरोपी बेटे व उसके पिता पूर्व प्रधान पर छेड़खानी समेत ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या करने के प्रयास करने का आरोप लगाते हुई महिलाएं अनशन पर बैठ गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मनाने का प्रयास किया, लेकिन पीड़ित महिलाएं केस दर्ज होने व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़ी हैं। इसे लेकर ग्राम सभा का माहौल पूरा दिन गरम रहा। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी नाबालिग के साथ पिछले 3 अगस्त को दुष्कर्म का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। पीड़िता की मां का आरोप है कि मुकदमे के विवेचक मामले के कुछ आरोपियों से मिलकर उन्हें बचाने का प्रयास कर रहे हैं। इसको लेकर पीड़िता की मां ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से लगायत पुलिस महानिदेशक को प्रार्थना पत्र सौंप विवेचक बदलने तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गुहार लगाई, कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिला। इसके बाद पूरे कुनबे के साथ दरवाजे पर 17 सितंबर से आमरण अनशन पर बैठ गई। पहले दिन नेबुआ नौरंगिया एसओ अनशन खत्म कराने का काफी प्रयास किए, लेकिन बात नहीं बनी। दूसरे दिन सोमवार को नायब तहसीलदार विशाल, सीओ खड्डा संदीप वर्मा और एसओ अतुल मौके पर पहुंचे। आरोपियों का एक सप्ताह के अंदर गिरफ्तार करने का लिखित आश्वासन देकर अनशन समाप्त कराया। नायब तहसीलदार व सीओ खड्डा ने पीड़ितों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया।

> “अनशन की सूचना पर नायब तहसीलदार के साथ मौके पर गया था। काफी समझाया गया है। मामले में दोषियों के खिलाफ देर शाम मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया है।
>
> -अतुल श्रीवास्तव
> एसओ, नेबुआ नौरंगिया

**पूर्व प्रधान व उसके बेटे के खिलाफ अनशन पर बैठी महिलाएं:** पिपरा बाजार। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को एक और परिवार ने पूर्व प्रधान और उसके बेटे पर जबरन फसल जोतने तथा रोकने पर मारपीट, छेड़खानी व अर्धनग्न करके ट्रैक्टर से कुचलने के प्रयास का आरोप लगाते हुये दरवाजे पर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया है। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार और नेबुआ एसओ ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन केस दर्ज होने तथा गिरफ्तारी की मांग को लेकर अनशनकारी अड़े हैं।

# पत्नी व बेटी का हत्यारोपी नेपाल से गिरफ्तार

लक्ष्मीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। रामकोला थाना क्षेत्र के फुलवरिया मगरिब गांव निवासी इंद्रजीत अली ने पारिवारिक कलह के कारण अपनी पत्नी जकीरून नेश उम्र 48 वर्ष और बेटी रुबीना उम्र 18 वर्ष को खंती से मार मार कर सिर फोड़ कर हत्या कर दी एवं नाती समीर उम्र 7वर्ष को साइकिल पर बैठा कर लेकर चला गया। घटना की जानकारी पर एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ खड्डा संदीप वर्मा व रामकोला थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने हत्यारे को गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी। सोमवार को पुलिस ने नेपाल प्रांत से हत्याभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार की सुबह समीर बच्चों में खेलने के लिए गांव की तरफ चला गया था। घर लौट कर वापस आया तो नानी जकरून नेशा और मौशी रुबीना समीर को डांटने लगे। यह डांटना इंद्रजीत को नागवार लगा और पत्नी और लड़की से विवाद करने लगा। इंद्रजीत ने पत्नी और बेटी पर खंती से वार कर दिया।

# विद्यालय की बाउंड्री फांद घूमने निकल गई थी छात्रा

**फॉलोअप**

- बीते एक सितंबर को आश्रम पद्धति विद्यालय से लापता हुई थी छात्रा
- वाराणसी, दिल्ली और पंजाब घूमकर लौटी छात्रा, वन स्टॉप सेंटर में रखा गया छात्रा को

**पडरौना, निज संवाददाता।** कसया थाना क्षेत्र के सिरसिया हेतिमपुर स्थित राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय की नौवीं की छात्रा एक पखवाड़ा पूर्व परिसर की बाउंड्री कूद कर घूमने के लिए निकल गयी थी। वाराणसी, दिल्ली व पंजाब घूमकर रविवार की सुबह घर लौटी। छात्रा ने स्वयं पुलिस को दिए अपने बयान में यह बातें बतायी है। पुलिस ने उसे वन स्टॉप सेंटर में रखा है। मंगलवार को छात्रा का मेडिकल परीक्षण व कोर्ट में बयान दर्ज कराया जाएगा।

गोरखपुर जिले के सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा का आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय में कक्षा नौ में नामांकन है। वह रक्षाबंधन की छुट्टी के बाद पिछले एक सितंबर को सुबह पिता के साथ स्कूल पहुंची थी। आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर में उसी रात में भोजन के दौरान छात्रा के गायब होने की जानकारी स्कूल प्रशासन को हुई। छात्रा के गायब होने की सूचना पर दो सितंबर को उसके पिता स्कूल पहुंचे। कार्यवाहक समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार और उप निदेशक समाज कल्याण सुरेश चंद्र पाल ने विद्यालय पहुंचकर मामले के बारे में जानकारी हासिल की। कसया पुलिस ने प्रभारी प्रधानाचार्या सुमन शर्मा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया। उसकी तलाश के लिए सर्विलांस टीम के साथ अलग से पुलिस टीम लगायी गयी थी।सहजनवा पुलिस ने छात्रा के बताने पर उसके पिता को फोन कर उसे सुपुर्द कर दिया। विवेचक अतुल सिंह ने बताया कि सोमवार को पहुंचकर छात्रा का बयान लिया। अपने बयान में छात्रा ने बताया कि एक सितंबर को घूमने जाने के लिए शाम को बाउंड्री कूद कर भाग गई थी। इसके बाद बिना टिकट ट्रेन से वाराणसी, दिल्ली व पंजाब के लुधियाना आदि का भ्रमण कर घर लौटी।

> छात्रा बरामद हो गई है। पुलिस के समक्ष छात्रा ने बाउंड्री कूद कर भागने की बात स्वीकार की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मंगलवार को उसका मेडिकल परीक्षण कराने के साथ कोर्ट में बयान दर्ज कराया जायेगा।
> **-कुंदन सिंह, सीओ कसया**

# सेल्फी लेने से मना करने पर पत्नी ने नदी में लगाई छलांग

## आत्मघाती कदम

- खड्डा क्षेत्र के पनियहवा पुल से ऊफनाई बड़ी गंडक नारायणी नदी में कूदी महिला
- सालिकपुर चौकी की पुलिस ने नाविकों की मदद से महिला को बचाया
- हरितालिका तीज पर महराजगंज से पनियहवा घूमने पहुंचे थे पति-पत्नी

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा क्षेत्र के पनियहवा रेल पुल पर पति के साथ घूमने पहुंची महराजगंज निवासी 26 वर्षीय महिला ने सोमवार को पति के साथ सेल्फी लेने की जिद की। पति के इनकार करने से नाराज होकर पुल से बड़ी गंडक नारायणी नदी में छलांग लगा दी। समय रहते सालिकपुर चौकी की पुलिस ने नाविकों की मदद बचा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुर्कहा में भर्ती कराया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। हरितालिका तीज व्रत पर हुई घटना पूरा दिन चर्चा का विषय बनी रही।

महराजगंज जिले के कोठीभार थानान्तर्गत ग्राम रानीपुर निवासी श्यामलाल कुशवाहा सोमवार को पत्नी 26 वर्षीय सरिता को घुमाने खड्डा क्षेत्र के पनियहवा पुल पर ले आया था। पति ने पुलिस को बताया कि पत्नी ने पुल की रेलिंग के समीप खडी होकर पति श्यामलाल से सेल्फी लेने को कहा। पति ने पत्नी को उल्टा-सीधा कहते हुए साथ में सेल्फी लेने से मना कर दिया। इससे नाराज सरिता ने पुल से नदी में छलांग लगा दी। इस दौरान रास्ते से बाइक लेकर गुजर रहे लालसाहब जायसवाल ने खबर सालिकपुर चौकी पुलिस को दी। कुछ ही देर में हेड कांस्टेबल रमेश यादव, सिपाही शशिकेश गोस्वामी व चंदन यादव आदि मौके पर पहुंच गये। नाविक राजेन्द्र निषाद के साथ नाव लेकर नदी में उतर गये और पानी की धारा में बह रही सरिता को बचा कर नाव से नदी के किनारे पहुंचाया। इस दौरान छितौनी के चेयरमैन अशोक निषाद भी मौके पर पहुंच गए और महिला को बचाने वाले पुलिसकर्मियों को धन्यवाद देते हुए महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुर्कहा में भर्ती कराया, जहां पर उसका इलाज कराया गया।

तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में हुई पुलिस की पशु तस्कर से मुठभेड़

# पुलिस ने मुठभेड़ में इनामी पशु तस्कर को दबोचा

**कामयाबी**

- पशु तस्करी के मुकदमे में पुलिस को थी लंबे समय से तलाश
- बाइक सवार तस्कर के पैर में लगी गोली, असलहा बरामद

**राजापाकड़ (कुशीनगर), हिन्दुस्तान संवाद।** कुशीनगर में तुर्कपट्टी व विशुनपुरा थानों की संयुक्त पुलिस ने मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी की बाइक, तमंचा व कातूस बरामद किया गया है। वह पशु तस्करी के मुकदमे में वांछित था। उस पर विशुनपुरा, तुर्कपट्टी व पडरौना कोतवाली में सात मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर वांछित अपराधियों की तलाश में तुर्कपट्टी व विशुनपुरा की पुलिस संयुक्त रूप से सोमवार को भोर में सपही टड़वा नहर के पास चेकिंग कर रही थी। एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो बाइक चालक ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली बाइक चालक के पैर में लगी। उसे हिरासत में ले लिया गया। उसकी पहचान आलमगीर कुरैशी निवासी बसहिया बनवीरपुर, थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। उसके कब्जे से अवैध तमंचा, एक खोखा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके अलावा एक अदद मिस्ड कारतूस व बिना नंबर की चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। चेसिस व इंजन के नंबर के आधार पर बाइक के स्वामी की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार आलमगीर कुरैशी प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी, गोवध अधिनियम और आर्म्स एक्ट के मुकदमे में वांछित था। लंबे समय से फरार था।

उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उस पर विशुनपुरा, तुर्कपट्टी व पडरौना कोतवाली में कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के मुकदमा पंजीकृत किया गया है। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

## पुलिस टीम में ये शामिल रहे

मुठभेड़ में शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने वाली टीम में विशुनपुरा के प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान, तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, एसएसआई जीत बहादुर यादव, दरोगा रोमेश कुमार, श्रीप्रकाश सरोज, हवलदार रामनिवास भार्गव, सिपाही विनीत सिंह, वरुण कुमार यादव, आनन्द कुमार, सुपर सर्जन बिन्द तथा रत्नाकर सिंह शामिल रहे।

# प्रतिबंधित पशुओं के साथ पुलिस ने दो तस्कर दबोचे

**कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** कप्तानगंज पुलिस ने बिहार नंबर की एक पिकअप वाहन में छह प्रतिबंधित पशुओं के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार की गई। पुलिस उनके खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने पशु तस्करों को हसनगंज रेलवे ढाला के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनकी पहचान जिब्रील शाह पुत्र लियाकत शाह निवासी शिवपुर बुजुर्ग थाना कसया तथा प्रेम कुमार तिवारी पुत्र स्व. गोरख तिवारी निवासी नवादा परसौनी थाना उचका गांव जिला गोपालगंज बिहार के रूप में की है।

पिकअप पर सवार अन्य अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गये। पुलिस टीम ने इनके पास से एक पिकअप समेत उस पर लादे गए छह प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया।

# पति ने नहीं ली सेल्फी तो पत्नी ने लगाई नारायणी में छलांग

- मदनपुर मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था दंपती
- पति के शोर मचाने पर नाविक ने बचाई पत्नी की जान

**जागरण संवाददाता, पनियहवा:** खड्डा के छितौनी-बगहा पुल पर पति द्वारा सेल्फी नहीं लेने से नाराज पत्नी ने सोमवार की दोपहर नारायणी नदी में छलांग लगा दी। दोनों मदनपुर मंदिर में पूजन-अर्चन कर घर लौट रहे थे। पति के शोर मचाने पर नाविक ने तत्परता बरत महिला को नदी से बाहर निकाल जान बचा ली। महिला को सीएचसी तुर्कहां ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार हुआ।

महराजगंज के कोठीभार के रानीपुर के श्यामलाल कुशवाहा पत्नी अनिता संग बाइक से सुबह सीमावर्ती बिहार प्रांत के मदनपुर देवी स्थान आए थे। पूजन-अर्चन के पश्चात दोपहर में दोनों घर लौटते समय छितौनी बगहा रेल पुल पर पहुंचे। पत्नी ने पति से पुल पर सेल्फी लेने को कहा। मना किया तो वह जिद पर अड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस पर पति ने पुल के बीच में बाइक रोक दी और किनारे जाकर खड़ा हो गया। अनिता सेल्फी लेने के लिए फिर दबाव से बनाने लगी। पति ने नाराजगी जताते हुए सेल्फी लेने से इन्कार कर दिया और बाइक पर सवार होने के लिए आगे बढ़ा। इससे क्षुब्ध होकर पत्नी ने जान देने की धमकी देते हुए पुल से नारायणी नदी में छलांग लगा दी।

अचानक तेज आवाज होने पर पुल के नीचे नाव चला रहे राजेंद्र आगे बढ़े तो पुल के ऊपर से पति ने पत्नी के नदी में कूदने की बात बताई।

# लापरवाही पर दरोगा निलंबित

**पडरौना।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल ने विवेचना में लापरवाही बरतने पर बरवा पट्टी थाने में तैनात दरोगा को निलंबित कर दिया है। एसपी पिछले कुछ दिनों से लगातार थानावार लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर रहे है। इसी क्रम में उन्होंने बरवा पट्टी थाने के विवेचनाओं की समीक्षा की तो दरोगा ने अभिषेक यादव विवेचना में लापरवाही व शिथिलता सामने आयी।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

**लक्ष्मीगंज।** जमुनीपट्टी गांव में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर विवाहिता के पिता ने रामकोला पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बड़हरा बाबू टोला जमुनीपट्टी निवासी हरिनन्द कुशवाहा पुत्र राधे कुशवाहा की शादी दो साल पहले मोनिका (23) पुत्री परमा कुशवाहा निवासी घुरछपरा नौका टोला थाना जटहा बाजार से हुई थी। मोनिका का पति राजगीर मिस्त्री का कार्य करता है। दो माह से पंजाब प्रान्त में रहकर मजदूरी करता है। रविवार की रात मोनिका देवी की कमरे में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सोमवार को सुबह मोनिका की सास ने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से बंद था।

# सीसी कैमरा लगवाने पर नागरिकों को पुलिस ने किया सम्मानित

**जासं, मेलानगरी**: पडरौना कोतवाली पुलिस अभियान चलाकर सीसी कैमरा लगवाने के लिए नागरिकों को जागरूक कर रही है। सोमवार को मेलानगरी व आसपास के गांवों में पहुंच पुलिसकर्मियों ने लोगों को इसका लाभ बताया, साथ ही कैमरा लगवाने वालों को सम्मानित किया। क्षेत्र के सेवक छपरा के शिवनाथ कुशवाहा की गांव के चौराहे पर ट्रैक्टर की एजेंसी है। पुलिस की पहल पर दोपहर में उन्होंने दुकान में सीसी कैमरा लगवाया।

मेलानगरी के हरि तिवारी के यहां कैमरा लगा। पुलिसकर्मियों ने फूलमाला पहना कर उनका स्वागत किया। बंधू छपरा में भी पुलिसकर्मियों ने भ्रमण कर लोगों से सीसी कैमरा लगवाने की अपील की। दारोगा उमेश कुमार, दीवान जयप्रकाश शुक्ल टीम में शामिल रहे।

**पुलिस की पहल पर दुकानदारों ने लगवाया सीसी कैमरा**: पनियहवा, हनुमानगंज थाने की पुलिस की ओर से आपरेशन त्रिनेत्र के तहत छितौनी कस्बा के चौराहे पर सीसी कैमरा लगवाने के लिए पहल की गई थी। सक्रियता दिखाते हुए दो दुकानदारों ने पांच सीसी कैमरे लगवाए हैं। कैमरा लगवाने वाले दुकानदार विनोद कुशवाहा व लक्ष्मण जायसवाल को फूलमाला पहनाकर थानाध्यक्ष अजय पटेल ने स्वागत किया।

कहा कि चौराहे पर व्यवसायिक



मेला नगरी स्थित चौराहा पर सीसी कैमरा लगवाने वाले शिवनाथ कुशवाहा को सम्मानित करती पुलिस • जागरण

गतिविधियां होती हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग यहां खरीदारी करने आते हैं। सीसी कैमरा लग जाने से अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण में मदद मिलेगी।

**लक्ष्मीगंज बाजार के चौराहे पर लगे आठ सीसी कैमरे**: लक्ष्मीगंज, चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह ने लक्ष्मीगंज बाजार में सुरक्षा की दृष्टि से व्यवसायियों से सीसी कैमरा लगवाने को प्रेरित किया था। दुकानदारों ने आर्थिक सहयोग कर बाजार के दोनों प्रमुख चौराहों पर चार-चार सीसी कैमरे लगवाए हैं। कैमरों को लगातार सक्रिय रखने के लिए सोलर पैनल की व्यवस्था की गई है।

चौकी प्रभारी ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज पोद्दार, संजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान अरविंद अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, योगेंद्र गर्ग, फारुख अली, गुड्डू मद्धेशिया आदि मौजूद रहे।

# दायित्वों के प्रति लापरवाही पर दारोगा निलंबित

**जासं, पडरौना:** दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता पाए जाने पर एसपी धवल जायसवाल ने सोमवार को बरवापट्टी में तैनात दारोगा अभिषेक यादव को निलंबित कर दिया।

मारपीट के मामले में प्रस्तुत साक्ष्य व पीड़ितों की अनदेखी करते हुए दारोगा ने आरोपितों की मदद की। पीड़ित ने एसपी से मिलकर आपबीती बताई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने जिले की टीम से जांच कराई।

जांच में आरोप सही पाए गए। जानबूझकर दायित्वों के प्रति शिथिलता बरती गई। इस पर एसपी ने दारोगा को निलंबित कर दिया। एसपी ने बताया कि लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आइजीआरएस से जुड़े मामलों में लापरवाही पर कार्रवाई तय : एएसपी

## प्राप्त शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो निस्तारण

**जासं, पडरौना:** अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) रितेश कुमार सिंह ने कहा कि आइजीआरएस, समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली, पोर्टल पर की गई शिकायत का समय से निस्तारण न करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इससे जुड़े मामलों का पुलिसकर्मी त्वरित निस्तारण कराएं। जो मामले उच्चाधिकारियों से जुड़े हैं, उसे बिना समय लगाए अवगत कराएं, ताकि इस दिशा में आवश्यक कदम उठाया जा सके।



पुलिस लाइन सभागार में बैठक को संबोधित करते एएसपी रितेश कुमार सिंह • जागरण

वे सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित आइजीआरएस समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। एएसपी ने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित कराएं। समय का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि शिकायतकर्ता को समाधान के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। निस्तारण को लेकर गलत रिपोर्टिंग न हो, पुलिसकर्मी इसका ख्याल रखें। ऐसा करना अपराध माना जाएगा और ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जन शिकायत, महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों का भी निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर कराएं। चालू माह में अब तक प्राप्त शिकायत व निस्तारित मामलों की समीक्षा की गई।

# मुठभेड़ में इनामी गो-तस्कर को लगी गोली, घायल

## तुर्कपट्टी के सपही टड़वा के समीप दो थानों की पुलिस से हुई भिड़ंत, तमंचा, कारतूस व चोरी की बाइक बरामद

**जासं, राजापाकड़:** तुर्कपट्टी के सपही टड़वा नहर के समीप रविवार की देर रात तुर्कपट्टी व विशुनपुरा पुलिस की संयुक्त टीम की बाइक सवार गो-तस्कर से मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से तस्कर घायल हो गया, जिसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। उसकी पहचान मोहम्मद आलमगीर बसहिया बनवीरपुर थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। तस्कर के पास से तमंचा व कारतूस मिला है।



मुठभेड़ में घायल गो-तस्कर मो. असलमगीर को ले जाती पुलिस टीम • जागरण

घटनास्थल पर मिली बाइक चोरी की पाई गई। जनपद पुलिस की तरफ से उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। संयुक्त टीम रात 11.30 बजे तुर्कपट्टी के सीताराम चौराहे पर वाहनों की जांच कर रही थी। इस बीच सेवरही की तरफ से आए बाइक सवार युवक को टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख युवक बाइक मोड़ सपही टड़वा नहर की ओर भागा। टीम ने पीछा किया तो युवक ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दाहिने पैर में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। उसकी पहचान फरार चल रहे गो-तस्कर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा, कारतूस मिला। मौके से पुलिस को खोखा भी मिला। नंबर के आधार पर बाइक की पहचान हुई, जो चोरी की है। पुलिस उसे सीएचसी कुबेरस्थान, फिर जिला अस्पताल ले गई। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि पकड़े गए गो-तस्कर के विरुद्ध तुर्कपट्टी, विशुनपुरा, पडरौना कोतवाली में गोवध व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमे पंजीकृत है। वह बिहार से वापस घर लौट रहा था। टीम में प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा रामसहाय चौहान, थानाध्यक्ष तुर्कपट्टी अनिल कुमार सिंह आदि शामिल रहे।



घटनास्थल पर बरामद बाइक • जागरण

# पिकअप से छह गोवंश बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



कप्तानगंज थाना परिसर में पकड़े गए पशु तस्करों के साथ पुलिस टीम • जागरण

**जासं, कप्तानगंज:** उपनगर के हसनगंज रेलवे क्रासिंग के समीप सोमवार की तड़के कप्तानगंज पुलिस ने पिकअप से छह गोवंश बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। दोनों की पहचान जिब्रिल शाह शिवपुर बुजुर्ग थाना कसया व प्रेम कुमार तिवारी नवादा परसौनी थाना उचका गांव जिला गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की।

एसएचओ विनय सिंह टीम संग गश्त पर थे। सूचना मिली कि तस्कर महराजगंज की ओर से गोवंश की खेप लेकर बिहार जा रहे हैं। टीम ने हसनगंज स्थित रेलवे क्रासिंग के समीप वाहनों की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। इस बीच आई पिकअप को रोक पुलिस ने तलाशी ली तो उस पर छह गोवंश लदे मिले। इसमें एक मृत मिला। लोहे का धारदार हथियार व लकड़ी का टुकड़ा भी बरामद हुआ। टीम ने पिकअप सवार दो तस्करों को भी दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि गोवंश की खेप बिहार के गोपालगंज ले जा रहे थे। एसएचओ ने बताया कि मामले में गोवध निवारण अधिनियम तथा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। टीम में दारोगा रविकांत सिंह आदि शामिल रहे।

# मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जासं, पटहेरवा**: क्षेत्र के रजवटिया गांव की एक महिला के घर पर ईंट-पत्थर फेंकने के विवाद में हुई मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर एक महिला सहित चार व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना एक सितंबर की बताई जा रही है।

पीड़ित महिला सकीना खातून ने पुलिस को दिए गए तहरीर में लिखा है कि घटना की रात गांव का मनबढ़ युवक साहिल द्वारा उसके घर पर ईंट-पत्थर फेंका जा रहा था। इसी दौरान उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। पकड़े जाने की सूचना पर उसके स्वजन मौके पर पहुंच गए। उन्हें मारापीटा और छुडा कर ले जाने लगे। विरोध करने पर साहिल, नियाज, नईम अंसारी व सायरा उसके घर में घुस गए और घर में तोड़फोड़ करने लगे। मना करने पर फिर मारापीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय बताया है कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने कराया छह मुर्गों का पोस्टमार्टम, मुकदमा

**जासं, कुशीनगर:** कप्तानगंज व पड़रौना में छह मुर्गों के पोस्टमार्टम की घटना सोमवार को चर्चा में रही। कप्तानगंज थाने के मथौली बाजार की महिला के पड़ोसी महिला पर मुर्गों को जहर देकर मारने का आरोप लगाने के बाद कप्तानगंज थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शाम को पुलिस मुर्गों को लेकर पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सालय पडरौना पहुंची थी।

मथौली बाजार के वार्ड नंबर 13 की इंद्रावती जायसवाल ने बीते रविवार शाम तहरीर देकर कहा कि उनकी पड़ोसी शकीना खातून ने उनके दो और सुन्नर शर्मा के चार मुर्गों को जहर देकर मार डाला है। इसकी शिकायत की गई तो पड़ोसी झगड़ा पर उतारू हो गई।

पुलिस ने सोमवार को आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया और मुर्गों का पोस्टमार्टम कराया। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी रवीन्द्र प्रसाद ने बताया कि मुर्गों के पोस्टमार्टम की जनपद में यह पहली घटनाहै।

# जूस पिला महिला का समाप्त कराया अनशन

**जासं, नेबुआ नौरंगिया :** क्षेत्र के मिठहा माफी की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता का परिवार दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर अपने घर के सामने ही आमरण अनशन पर बैठा हुआ था। पहले दिन पुलिस के काफी मान मनौव्वल के बाद बात नहीं बनी। दूसरे दिन सोमवार को नायब तहसीलदार के आश्वासन के बाद जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया गया। बीते तीन अगस्त को दुष्कर्म के मामले में पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना कर रही है।

# तमंचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, सलेमगढ़**: हाईवे टोल प्लाजा के निकट तरयासुजान पुलिस ने सोमवार की दोपहर एक बदमाश को 315 बोर कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान सलेमगढ़ के सिकंदर खान के रूप में हुई। एसएचओ तरयासुजान अमित कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी बहादुरपुर विनय कुमार मिश्र पुलिस टीम के साथ सलेमगढ़ चौराहे से आगे गश्त के दौरान टोलप्लाजा के निकट पहुंच रहे थे कि सड़क पर खड़ा व्यक्ति पुलिस की गाड़ी देखते ही भागने लगा।

# धोखाधड़ी से मकान की रजिस्ट्री कराने का आरोप

**जासं, गोड़रिया**: विशुनपुरा क्षेत्र के मठिया माफी निवासी लालमती ने थाने में तहरीर देकर अपने पुत्री, दामाद व नाती पर जालसाजी कर भूमि तथा मकान अपने नाम करा लेने का आरोप लगाया है।

दिए तहरीर में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि नाती कृष्णा किसान सम्मान निधि का पैसा दिलाने के नाम पर मुझे कई बार तमकुहीराज ले गया और वहां अपने माता-पिता के साथ स्टांप विक्रेता तथा गवाहों के सहयोग से मुझे झांसा देकर भूमि तथा मकान अपने पिता के नाम करा लिया है। जानकारी होने के बाद तहरीर दे रही हूं। थानाध्यक्ष रामसहाय चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर कृष्णा, सुनीता देवी, वशिष्ठ, शिव प्रकाश कुशवाहा, विकास, बब्बन पटेल, इंद्रासन, मनोज श्रीवास्तव के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 8538 बदमाश कर रहे लूट, चोरी व नकबजनी

## आधे से अधिक बदमाश गोरखपुर में कर रहे वारदात, आइजी के निर्देश पर निगरानी

सतीश पांडेय, गोरखपुर

सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हर स्थान पर पिकेट लगाकर पुलिस रात में चेकिंग कर रही है। हाईवे, कस्बा व गांव में हाक दस्ता के साथ ही बीपीओ गश्त कर रहे हैं।

दावा है कि हर संवेदनशील स्थान पर दारोगा, सिपाही पहुंचते हैं, संदिग्ध की चेकिंग भी होती है, लेकिन इसके बाद भी संपत्ति संबंधित वारदात (लूट, चोरी, डकैती, नकबजनी) लगातार हो रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए आइजी रेंज जे. रविन्दर गौड ने 10 वर्ष के भीतर संपत्ति संबंधित वारदात करने वाले 8638 बदमाशों को चिह्नित कराया है। इनमें आधे से अधिक गोरखपुर जिले की है। पुलिस अब इनकी निगरानी करेगी।

**10 वर्ष में वारदात करने वाले बदमाशों की संख्या**

| जिला | बदमाश | स्थानीय थाने में | दूसरा थाने में | दूसरा जिले में |
|---|---|---|---|---|
| गोरखपुर | 4764 | 2625 | 1537 | 602 |
| देवरिया | 1275 | 936 | 78 | 261 |
| कुशीनगर | 1487 | 1130 | 216 | 141 |
| महराजगंज | 1012 | 836 | 67 | 109 |

एक जनवरी, 2023 से 31 अगस्त, 2023 तक गोरखपुर जिले में 204 चोरी, नौ लूट, देवरिया जिले में 57 चोरी व चार लूट, कुशीनगर में 86 चोरी व चार लूट और महराजगंज जिले में 21 चोरी व चार लूट की वारदात हो चुकी है। हैरत की बात यह है कि चोरी हुई संपत्ति की तुलना में बरामदगी का प्रतिशत बहुत कम है। इसकी वजह घटना का पर्दाफाश न हो पाना है।

इसे देखते हुए पुलिस 10 वर्ष में संपत्ति संबंधित अपराध करने वाले बदमाशों की सूची तैयार कर निगरानी करेगी।

अपराध में जो सक्रिय होंगे उन पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कर संपत्ति जब्त कराएगी।



पिछले 10 वर्ष के भीतर चोरी, लूट, नकबजनी व डकैती की वारदात में शामिल बदमाशों को चिह्नित किया गया है। स्थानीय थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम इनकी निगरानी कर रही है। अपराध में सक्रिय लोगों को चिह्नित कर पुलिस निरोधात्मक कार्रवाई करेगी।

– जे. रविन्दर गौड, आइजी रेंज, गोरखपुर

# विजिलेंस का सिपाही बता रेस्टोरेंट में गांठ रहा था रौब, भेजा जेल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** नगर के एक रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद रुपये मांगने पर एक युवक खुद को विजिलेंस का सिपाही बताया और रौब गांठने लगा। जिला आबकारी अधिकारी को फोन करते हुए सस्पेंड कराने की धमकी दी।

कई दिनों से रेस्टोरेंट मैनेजर को युवक परेशान कर रहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।नगर के एक मैरेज हॉल के पास रेस्टोरेंट है। दो दिन पूर्व रात को एक युवक पहुंचा और भोजन किया। भोजन का बिल मांगने पर खुद को विजलेंस का सिपाही बताया और चला गया।

एक दिन पूर्व भी युवक रात को पहुंचा और भोजन करने के बाद जाने लगा। रेस्टोरेंट के मैनेजर अमन जायसवाल ने विरोध किया तो उलझ गया। रेस्टोरेंट बंद कराने की धमकी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी को फोन किया और धौंस जमाते हुए रेस्टोरेंट संचालक पर कार्रवाई करने को कहा।

यह बात इंस्पेक्टर को नागवार लगी और वह फोन रख दिए। दोबारा फोन कर युवक गाली देने लगा। युवक की पहचान बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के चौतरवा गांव निवासी हिमांशु पांडेय के रूप में हुई।

# फोटो खींचने के लिए हुआ झगड़ा, नदी में कूद गई पत्नी

## पनियहवा पुल से गंडक नदी में लगाई छलांग, मदनपुर देवी का दर्शन करके लौट रहे थे नवदंपती

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** पनियहवा पुल पर सोमवार को पति-पत्नी में फोटो खींचने को लेकर झगड़ा हो गया। नाराज पत्नी ने पनियहवा पुल से गंडक नदी में छलांग लगा दी।

डूब रही महिला को सिपाहियों ने मोटरबोट चालक के सहयोग से बचाया और अस्पताल भिजवाया। उसकी हालत खतरे से बाहर है।

### महराजगंज जनपद के कोठीभार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं नव दंपती

महराजगंज जनपद के कोठीभार थाना के निवासी रामलाल कुशवाहा अपनी पत्नी सरिता कुशवाहा के साथ बाइक से मदनपुर देवी दर्शन करने आए थे। दर्शन पूजन के बाद लौटते समय खड्डा थाना क्षेत्र के पनियहवा पुल पर पहुंचे तो पत्नी ने मोबाइल से फोटो खींचने को कहा।

इसी बात पर दोनों में बहस हो गई। पत्नी इतनी नाराज हुई कि पुल से नदी में छलांग लगा दी और डूबने लगी। यह देख मोटरबोट चालक राजेंद्र निषाद की मदद से सालिकपुर चौकी पर तैनात सिपाही शशिकेश गोस्वामी, चंदन यादव और हेड कांस्टेबल रमेश यादव ने मोटरबोट से महिला को नदी से बाहर निकाला। पुलिसकर्मियों ने महिला को तत्काल तुर्कहां सीएचसी पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।



पनियहवा पुल से नदी में कूदी महिला निकाली गई बाहर। संवाद

एक ओवर में चार विकेट लेने वाले पहले भारती

# दो बार घर से जा चुकी थी बेटी, खिन्न रहता था हत्यारोपी

## पत्नी और बेटी पर करता था शक, घर में खाना तक नहीं खाता था, झोलाछाप तो है ही झाड़फूंक भी करता है हत्यारोपी इंद्रजीत

अमर उजाला फॉलोअप

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामकोला।** थाना क्षेत्र के फुलवरिया मगरीब गांव के टोला फुलवरिया मशरीफ में रविवार की सुबह अपनी पत्नी और बेटी की हत्या करके भागने वाला आरोपी झोलाछाप अभी तक पुलिस के हाथ नहीं आया है।

पुलिस का कहना है कि वह मजारों पर झाड़फूंक भी करता था। इसके लिए नेपाल और महराजगंज जाया करता था। जिस बेटी की उसने सब्बल से प्रहार कर हत्या की, वह एक साल के भीतर दो बार घर छोड़कर जा चुकी थी। खोजबीन के बाद वापस आई थी। वह बेटी पर शक किया करता था। ग्रामीणों के मुताबिक वह झगड़ालू प्रवृत्ति का है, जिस वजह से लोग उससे दूरी बनाकर रहते हैं। मां-बेटी की हत्या के बाद तो दहशत के मारे कोई उसके बारे में कुछ बोलना नहीं चाहता।

बहरहाल, उसकी तलाश में पुलिस महराजगंज जनपद और नेपाल तक तलाश रही है।इस गांव के रहने वाले झोलाछाप इंद्रजीत अली के दो बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी की उसने महराजगंज जिले में शादी की है। दोनों बेटे समशेर और साबिर दिल्ली में रहकर कमाते हैं।

घर पर बेटी रुबीना अपनी मां जफीरुन नेशा के साथ घर पर रहती थी। साथ में बड़ी बेटी का बेटा समीर रहता था। यहां रखकर उसे पढ़ाते थे। घटना के दो दिन पहले जफीरून निशा अपने मायके महाराजगंज जिले के दरौली गई थी। घर पर बेटी रुबीना और समीर थे। शुक्रवार को वह अपने मायके से घर आई थी।समीर के घूमने का बहाना बनाकर इंद्रजीत अली ने पत्नी और बेटी से झगड़ा किया और फिर सब्बल से प्रहार कर दोनों की नृशंस हत्या कर दी।

उसके बाद समीर को लेकर भाग गया था, लेकिन बाद में दोपहर के समय उसे गांव के बाहर लाकर छोड़ दिया। तभी से वह फरार है। उसका साला हकीम ने तहरीर देकर हत्या का केस दर्ज कराया। लेकिन झोलाछाप अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

रिश्तेदारों से भी चल रही **पूछताछ :** इंद्रजीत अली को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस उसके रिश्तेदारों के संपर्क में भी है।



फुलवरिया मगरीब के टोला मसरीफ में मां-बेटी की हत्या के बाद घर पर लटका ताला। संवाद

### बेटी व पत्नी पर था शक, इसलिए ली जान

पुलिस और कुछ ग्रामीणों की मानें तो इंद्रजीत अली की बेटी रुबीना एक साल पहले घर छोड़कर चली गई थी। काफी खोजबीन के बाद वह मिली। उसका पिता उसे लेकर घर आया था। इधर करीब डेढ़ माह पहले भी रुबीना घर छोड़कर चली गई थी। दोबारा उसे ढूंढकर लाया गया था। कहा जा रहा है कि वह इंद्रजीत की पत्नी और बेटी से खफा रहता था। आरोपी इनसे ठीक से बात नहीं करता था। समीर को अपने घर रखकर पढ़ाता था, इसलिए उसके साथ पूरी हमदर्दी थी।

### गांव-गांव जाकर करता था इलाज

पुलिस के मुताबिक इंद्रजीत अली झोलाछाप का काम करता है। पहले महराजगंज जिले के बाराछत्तर घाट के पास अपना क्लीनिक चलाता था, बाद में वहां से छोड़कर गांव-गांव घूमकर इलाज करने लगा। पुलिस का यह भी कहना है कि वह झाड़फूंक भी करता है। नेपाल और महराजगंज में स्थित मजारों के पास वह लोगों का झाड़फूंक करता है।

हत्यारोपी इंद्रजीत की गिरफ्तारी के लिए उसके रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है। उसका मोबाइल फोन भी बंद है। उसकी गिरफ्तारी के लिए आसपास के जिलों के अलावा नेपाल में भी तलाश की जा रही है। जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा। वह झोलाछाप होने के साथ-साथ झाड़फूंक भी करता है। नेपाल और महराजगंज के मजार पर झाड़फूंक करता है। उसकी बेटी एक साल पहले घर छोड़कर निकली थी, जिसे बाद में घरवाले पकड़कर लाए थे।

**-अखिलेश कुमार सिंह**, थानाध्यक्ष, रामकोला

# मुठभेड़ में पशु तस्कर को लगी गोली, गिरफ्तार

## तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सपही टड़वा नहर के पास हुई मुठभेड़, 25 हजार का है इनामी

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सपही टड़वा नहर के पास रविवार की देर रात पुलिस और पशु तस्कर में मुठभेड़ हो गई। इसमें गोली लगने से पशु तस्कर घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से तमंचा-कारतूस बरामद हुआ है।

गिरफ्तार बदमाश पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बसहिया बनवीरपुर निवासी आलमगीर के खिलाफ पडरौना कोतवाली, विशुनपुरा और तुर्कपट्टी थाने में पशु तस्करी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

बताया जा रहा है कि तुर्कपट्टी के थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह और विशुनपुरा के एसएचओ रामसहाय चौहान के नेतृत्व में दोनों थानों की फोर्स सीताराम चौराहे पर वाहनों की जांच कर रही थी। उसी दौरान पुलिस ने बिहार की तरफ से आ रहे एक बाइकसवार को रुकने का इशारा किया तो वह बाइक घुमाकर गांव के रास्ते भागने लगा। दोनों टीमों ने अलग-अलग दिशा से उसे सपही टड़वा नहर के पास घेर लिया। अपने को घिरा देखकर उसने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई की। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसका नाम आलमगीर बताया गया है, जो पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बसहिया बनवीरपुर का निवासी है।



जमीन पर गिरा घायल आरोपी पशु तस्कर आलमगीर। स्रोत- पुलिस



आरोपी ने इसी तमंचे से की फायरिंग। स्रोत- पुलिस

### छह पशुओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

पडरौना। कप्तानगंज पुलिस ने रविवार की रात एक पिकअप पर लदे दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद पशुओं को मुक्त कराते हुए आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है।एसएचओ विनय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की रात करीब डेढ़ बजे थाना क्षेत्र के हसनगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास एक पिकअप पर लदा छह राशि गोवंश बरामद किया है। एक पशु की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार पशु तस्करों की पहचान कसया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा शिवपुर बुजुर्ग निवासी जिब्रिल शाह और दूसरा बिहार प्रदेश के गोपालगंज जनपद थाना उच्चका ग्राम सभा नवादा परसौनी निवासी प्रेम कुमार तिवारी के रूप में हुई है। संवाद

# अफसर चेते होते तो बच जाती रुदल की जान

अमर उजाला
फॉलोअप

## कसया नगर में बड़े भाई ने की थी छोटे भाई की फावड़े से वार कर हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** नगर के वार्ड नंबर-18 श्यामा प्रसाद मुखर्जीनगर मथौली में जिस मकान पर रोज चहल-पहल रहती थी। वह सोमवार को सुनसान पड़ी रही। हिस्सा-बंटवारे को लेकर शनिवार की देर रात बड़े भाई राजेंद्र गुप्ता ने छोटे भाई रुदल ने फावड़ा से मारकर हत्या कर दी और उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला के बाद हत्यारोपी अपने परिवार के साथ भाग गया था। उसे गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

जिस मकान में दो महीनों से हिस्सा बंटवारे को लेकर पहल होती थी, वहां सोमवार को सन्नाटा था। मृतक की पत्नी ज्ञांती देवी का इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। मकान के हिस्से के विवाद को लेकर रुदल करीब दो महीनों से अधिकारियों का चक्कर लगा रहा था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी केवल खानापूर्ति करते रहे। यदि प्रशासन इसे गंभीरता से लेकर विवाद को सुलझा दिया होता तो रुदल की जान नहीं गई होती। मेडिकल कॉलेज में मृतक रुदल की पत्नी ज्ञानंती देवी को होश आया तो शरीर में कुछ हलचल हुई। लेकिन अभी कुछ बोल नहीं पा रही है। मृतक के बेटे राजू ने बताया कि पिता ही केवल कमाते थे। पोकलेन चलाकर किसी तरह परिवार के लोगों का भरण-पोषण करते थे। अब उनका साया उठने के बाद हम लोगों का कोई सहारा नहीं है।

हमारी बहन की शादी तय हो गई थी, लेकिन ईश्वर को यह मंजूर नहीं था कि हमारे पिता अपनी बेटी की शादी में पूरी जिम्मेदारी निभाएं। मृतक की छोटी बेटी माधुरी गुप्ता पिता की निर्मम हत्या को देखकर सदमे में रह रही है। उसे कुछ भी सूझ नहीं रहा है।

केवल अपने पिता और माता के इस घटना को लेकर मायूस बैठी रह रही है। उसकी मां मेडिकल कॉलेज में होश आने पर पति को पूछ रही थी। उसे इस घटना की जानकारी नहीं दी गई है।

# सोशल मीडिया पर सांसद-विधायक पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर केस

पडरौना। जिले के सांसद और विधायक को सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इसको लेकर भाजपा नेताओं में आक्रोश था। आरोपी युवक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हाटा कोतवाली क्षेत्र का एक युवक फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप ग्रुप पर भाजपा सांसद, विधायक और जिलाध्यक्ष पर अभद्र टिप्पणी कर रहा था। इसे लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी। बावजूद युवक अपनी कारतूत से बाज नहीं आ रहा था। कोतवाली पुलिस ने भाजपा नेता संतोष श्रीवास्तव, मुंशी सिंह, रामबहाल राव और देवेंद्र मिश्र की तहरीर पर सिंहपुर गांव निवासी रामू सिंह पर आईटी एक्ट का केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# छात्रा की कोर्ट में हुई पेशी, बयान दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

पकवा इनार। कसया थाना क्षेत्र के राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर से एक सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई छात्रा रविवार की सुबह सहजनवां डाकखाने के पास से मिली थी।

पुलिस के मुताबिक, छात्रा को वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। पुलिस ने नाबालिग छात्रा को सोमवार को कोर्ट में पेश किया। वहां उसका बयान दर्ज हुआ। उसे मंगलवार को कोर्ट में फिर पेश किया जाएगा। एसआई अतुल कुमार ने बताया कि छात्रा ने पूछताछ में बताया कि वह शाम करीब 5:15 बजे विद्यालय में पीछे की चहारदीवारी फांदकर निकल गई थी। हाईवे तक पैदल पहुंची।

## संदिग्ध हालात में लापता हुई छात्रा सहजनवां डाकखाने के पास मिली थी

# आर्म्स एक्ट के मुकदमे में पुलिस ने दिलाई सजा

पडरौना। "ऑपरेशन कन्विक्शन" के तहत कुशीनगर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मुकदमे में प्रभावी पैरवी कर एक अभियुक्त को एक वर्ष एक माह अट्ठारह दिन के कारावास की सजा दिलाई। उस पर एक हजार रुपये का अर्थदंड लगा है। पुलिस कार्यालय के अनुसार पडरौना कोतवाली में एक व्यक्ति के नाम से आर्म्स एक्ट केस दर्ज था। पुलिस व मॉनिटरिंग सेल की ओर से पैरवी की गई थी। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2023

# छेड़खानी में दो पर मुकदमा

फरेंदा। नगर पंचायत के एक वार्ड की महिला की तहरीर पर फरेंदा पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि बाजारडीह गांव निवासी प्रवीण सहानी व संदीप सहानी आए दिन उसे गंदी नजर से देखते हैं। कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मेला में दोनों आरोपितों ने अंधेरे का फायदा उठाकर उसके साथ छेड़खानी की। उसके भाई को आता देख फरार हो गए। पीड़िता के मुताबिक उसकी तबीयत खराब हो गई थी। इस वजह से वह एक सप्ताह बाद तहरीर दे रही है।

# जेल भेजे गए तीनों हत्यारोपित चचेरे भाई

जासं, महराजगंज : अंडा खाने के बाद 115 रुपये चुकाने को लेकर घुघली कस्बा निवासी 15 वर्षीय चंदन की हत्या के मामले में गिरफ्तार तीनों चचेरे भाई आरोपितों को पुलिस ने सोमवार को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। जहां से दोनों बालिग आरोपितों को कोर्ट ने जेल भेज दिया, नाबालिग आरोपित को बाल सुधार गृह गोरखपुर में भेज दिया गया है।

घुघली थानाध्यक्ष नीरज राय ने बताया कि 14 सितंबर को अहिरौली गांव निवासी श्याम शर्मा, सनी शर्मा और एक अन्य नाबालिग ने मिलकर घुघली वार्ड नंबर 10 निवासी चंदन की हत्या कर दी थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पहले अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था, आरोपितों को पकड़ने के बाद रविवार को चंदन का शव बरामद कर लिया गया था। इस मामले में सोमवार को आरोपितों को न्यायालय पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति का विसर्जन

लक्ष्मीपुर खुर्द: सोमवार को ठूठीबारी कस्बे में स्थापित विश्वकर्मा भगवान मूर्ति का विसर्जन किया गया। भक्ति गीतों पर युवाओं ने खूब नृत्य किया। मूर्ति कस्बे से ठूठीबारी, नौतनवा तिराहे से होकर रामनगर पहुंची। जहां उसे चंदन नदी में प्रवाहित कर दिया गया।

### शांति भंग में 12 लोगों का चालान

जासं, सिसवा बाजार : कोठीभार पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में कार्रवाई करते हुए 12 लोगों का चालान कर दिया। उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### सड़क पर गड्ढे होने से राहगीर परेशान

झुलनीपुर: सीमावर्ती गांव गेड़हवा से भेड़ियारी सभा को जोड़ने वाली सड़क टूटी हुई है। यह सड़क कनमिसवा, गेडहवा, भेड़ियारी, बढ़या, डोमा को जोड़ते हुए झुलनीपुर-खड्डा मार्ग मे जाकर मिल जाती है। इसकी लंबाई पांच किलोमीटर है। यह पूरी तरह टूट कर गड्ढे में तब्दील हो गई है। स्थानीय लोगों ने इसकी मरम्मत की मांग की है।

# अभद्र टिप्पणी के खिलाफ शिकायत

भगवानपुर। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर निवासी व अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद नौतनवां तहसील अध्यक्ष गिरीजा शंकर पाण्डेय ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर परसामलिक थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति पर अभद्र धार्मिक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। इस प्रकरण को लेकर तहसील अध्यक्ष के अलावा ब्लाक अध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्रा, मनोज तिवारी, इन्दल तिवारी, रमाशंकर त्रिपाठी, मुन्नू , अभिषेक आदि ने कार्रवाई की मांग की।

# बाइक की ठोकर से शिक्षक की मौत

**श्यामदेउरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** श्यामदेरवा थाना क्षेत्र के कतरारी निवासी शिक्षक नाजरूल इस्लाम (45) की सोमवार को सड़क हादसे में मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के कतरारी निवासी नाजरूल इस्लाम श्यामदेउरवा स्थित एक निजी विद्यालय में जीव विज्ञान के अध्यापक थे। सोमवार को दोपहर बाद बाइक से विद्यालय से वापस अपने घर जा रहे थे। अभी वह कतरारी स्थित श्मसान घाट के पास स्थित पुल के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दिया। इस घटना में अध्यापक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे बाइक पर सवार दो लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। कतरारी चौकी के पुलिस कर्मी स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए भटहट सीएचसी भेजा। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल महराजगंज भेज दिया।

# 8538 बदमाश कर रहे लूट, चोरी व नकबजनी

## आधे से अधिक बदमाश गोरखपुर में कर रहे वारदात, आइजी के निर्देश पर निगरानी

सतीश पांडेय, गोरखपुर

सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हर स्थान पर पिकेट लगाकर पुलिस रात में चेकिंग कर रही है। हाईवे, कस्बा व गांव में हाक दस्ता के साथ ही बीपीओ गश्त कर रहे हैं।

दावा है कि हर संवेदनशील स्थान पर दारोगा, सिपाही पहुंचते हैं, संदिग्ध की चेकिंग भी होती है, लेकिन इसके बाद भी संपत्ति संबंधित वारदात (लूट, चोरी, डकैती, नकबजनी) लगातार हो रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए आइजी रेंज जे. रविन्द्र गौड ने 10 वर्ष के भीतर संपत्ति संबंधित वारदात करने वाले 8638 बदमाशों को चिह्नित कराया है। इनमें आधे से अधिक गोरखपुर जिले की है। पुलिस अब इनकी निगरानी करेगी।

**10 वर्ष में वारदात करने वाले बदमाशों की संख्या**

| जिला | बदमाश | स्थानीय थाने में | दूसरा थाने में | दूसरा जिले में |
|---|---|---|---|---|
| गोरखपुर | 4764 | 2625 | 1537 | 602 |
| देवरिया | 1275 | 936 | 78 | 261 |
| कुशीनगर | 1487 | 1130 | 216 | 141 |
| महराजगंज | 1012 | 836 | 67 | 109 |

एक जनवरी, 2023 से 31 अगस्त, 2023 तक गोरखपुर जिले में 204 चोरी, नौ लूट, देवरिया जिले में 57 चोरी व चार लूट, कुशीनगर में 86 चोरी व चार लूट और महराजगंज जिले में 21 चोरी व चार लूट की वारदात हो चुकी है। हैरत की बात यह है कि चोरी हुई संपत्ति की तुलना में बरामदगी का प्रतिशत बहुत कम है। इसकी वजह घटना का पर्दाफाश न हो पाना है।

इसे देखते हुए पुलिस 10 वर्ष में संपत्ति संबंधित अपराध करने वाले बदमाशों की सूची तैयार कर निगरानी करेगी।

अपराध में जो सक्रिय होंगे उन पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कर संपत्ति जब्त कराएगी।



पिछले 10 वर्ष के भीतर चोरी, लूट, नकबजनी व डकैती की वारदात में शामिल बदमाशों को चिह्नित किया गया है। स्थानीय थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम इनकी निगरानी कर रही है। अपराध में सक्रिय लोगों को चिह्नित कर पुलिस निरोधात्मक कार्रवाई करेगी।

– जे. रविन्दर गौड, आइजी रेंज, गोरखपुर

# चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

नौतनवा। नौतनवा थाना क्षेत्र के चंडीथान चौराहे पर रविवार की शाम एक बर्तन की दुकान से दो चोरों को मोबाइल चोरी करते लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घटनाक्रम का पूरा मामला दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया।

चंडीथान निवासी सरजू प्रसाद की चौराहे पर बर्तन की दुकान है। बताया कि रविवार की शाम दुकान के काउंटर पर मोबाइल रखा हुआ था। इसी दौरान दो चोर अंदर घुसे और मोबाइल लेकर भागने लगे। मोबाइल लेकर भाग रहे चोरों पर नजर पड़ी तो शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और दोनों को दबोच लिया। दोनों नाबालिग हैं। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बैरियहवा गांव में चावल की तस्करी को लेकर हंगामा

- कई घरों में डंप किए जाने पर ग्रामीण हुए आक्रोशित
- पुलिस की मिलीभगत से अवैध कार्य को अंजाम देने का आरोप

जासं, खनुआ : नौतनवा के आराजी सरकार उर्फ बैरियहवा गांव में चावल तस्करी को लेकर सोमवार को पूरे दिन हंगामा हुआ। कुछ ग्रामीण इस बात पर आक्रोशित हो गए कि तस्करी का चावल गांव के पहाड़ी टोला पर स्थित कई लोगों के घर में बिना पूछे डंप किया जा रहा है। फिर उसे नोमैंस लैंड के बोगडी व पिपरहवा घाट से नेपाल भेज दिया जा रहा है।

दर्जनों की संख्या में जुटे ग्रामीणों ने गांव के एक व्यक्ति पर आरोप लगाया कि वह तस्करी में संलिप्त है, कुछ लोगों की मदद से चावल की तस्करी को अंजाम दे रहा है। कहा कि गांव के कुछ लोग पुलिस की मिलीभगत से चावल तस्करी कर रहे हैं। प्रशासन चावल तस्करी रोकने में विफल है। ग्रामीणों ने कहा कि चावल की खेप नौतनवा कस्बे में डंप होती है। फिर उसे बैरियहवा गांव के तस्कर बाइक से नौतनवा गैस एजेंसी के पीछे के रास्ते से तिनाव नदी पार कर नेपाल भेज दे रहे हैं। बीते दिनों एसएसबी की 66वीं बटालियन ने चावल समेत कई तस्करी के सामान बरामद किए थे। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने कहा कि बैरियहवा गांव से चावल तस्करी रोकने के लिए नौतनवा पुलिस को निर्देश दिया गया है।

# छापेमारी में दवा की चार दुकानों पर कार्रवाई

- संयुक्त टीम ने की घुघली में छापेमारी
- सीज की गई दवा की एक दुकान तीन हुई कार्रवाई

जासं, घुघली: सोमवार को देवरिया, कुशीनगर व महराजगंज के ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम की छापेमारी में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर एक मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया तथा मानक के विपरीत चल रहे तीन मेडिकल स्टोर के विरुद्ध औषधि अधिनियम में कार्रवाई की गई।

पं. कमलाकांत बसंती देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर के शिकायत पर मंडलीय टीम ने छापेमारी की। नियम विरुद्ध व मानकों को नजरअंदाज कर तीन मेडिकल स्टोर चलाया जा रहा था , जिसे जांच करने के बाद छापेमारी टीम ने कृष्णा मेडिकल स्टोर, सोनू मेडिकल स्टोर व अंकित मेडिकल स्टोर के विरुद्ध औषधि अधिनियम के तहत कार्रवाई की । अवैध रूप से बिना नाम के एक मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया। टीम को लीड कर रहे ड्रग इंस्पेक्टर शिवनायक ने बताया कि एक बिना नाम के संचालित मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया गया है, वहीं तीन मेडिकल स्टोर पर औषधि अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# मृतक आश्रित लिपिकों की टंकण परीक्षा कराने में रुचि नहीं

## 26 सितंबर को डीएम ने दिया था परीक्षा कराने का निर्देश

जासं, महराजगंजः जिले के विभिन्न विभागों में मृतक आश्रित कोटे से लिपिक पद पर तैनात कर्मचारियों की टंकण परीक्षा कराने को लेकर विभाग रुचि नहीं ले रहे हैं। इसके पीछे लिपिकों में कंप्यूटर की जानकारी का अभाव बताया जा रहा है, वहीं इसमें विभागीय लापरवाही भी दिखाई दे रही है। यह हाल तब है, जब छह माह पूर्व ही जिलाधिकारी ने विभागाध्यक्षों को परीक्षा कराने का निर्देश दिया था।

जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों वरिष्ठ और कनिष्ठ सहायकों की नियुक्ति में उनके कंप्यूटर की जानकारी के अलावा टंकण योग्यता अनिवार्य है। मृतक आश्रित कोटे से कनिष्ठ सहायक बने कई कर्मचारियों में यह योग्यता नहीं है। जिसके चलते

- अभी तक किसी भी विभाग की ओर से नहीं कराई गई परीक्षा
- कई लिपिक बाहरी लोगों को रख कर करा रहे काम

कई लिपिक बिना टंकण ज्ञान के ही विभागों में कार्यरत हैं। टंकण ज्ञान नहीं होने के कारण कई लिपिकों ने अपने पटल पर अपनी व्यवस्था से बाहरी लोगों को कंप्यूटर आपरेटर के रूप में रखा है।

छह माह पूर्व हुई इसकी शिकायत के बाद जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने सभी मृतक आश्रित लिपकों की टंकण परीक्षा कराने के लिए निर्देश दिया था।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों को ऐसे लिपकों की टंकण परीक्षा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिन्होंने अभी तक टंकण परीक्षा पास नहीं की है। सभी विभागों में इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। जिन विभागों द्वारा लापरवाही बरती जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### कई विभागों में हैं मृतक आश्रित लिपिक

जिले के बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक, राजस्व विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विकास विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि सहित अन्य कई ऐसे विभाग हैं, जिसमें कई लिपिक मृतक आश्रित कोटे से नियुक्त हैं।

---

**अमर उजाला** | **महराजगंज** | amarujala.com

# कोतवाली में पैरवी कर दलाली लेता था दुष्कर्म का आरोपी रजा

## जेल जाने के बाद पूर्व भाजपा नेता के कारनामों की पोल खोल रहे लोग, झांसा देकर अपने प्रभाव में लेने की थी आदत

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। दुष्कर्म, छेड़छाड़, हत्या, मारपीट के आरोपों में जेल गए भाजपा नेता राही मासूम रजा के कारनामे अब लोग बयां कर रहे हैं। शहर में उसके कारनामे की चर्चा खूब हो रही है। लोगों के अनुसार रजा कोतवाली में दलाली करता था। हर छोटे बड़े मामले की पैरवी की पैसों की वसूली करता था। पुलिस वालों से उसकी अच्छी बनती थी। उधर, पीड़िता ने भी राहत की सांस ली है। आरोपी को जेल जाने के बाद वह अपनी बहनों के साथ आसरा आवास में जीवन गुजर बसर कर रही है।

एक व्यक्ति ने बताया कि जमीन के मामले में विवाद हुआ था तो पैरवी कराने के लिए पांच हजार दिए थे। एक

**रजा लोगों को विवाद में फंसा कर करता था मनमानी-वसूली**



18 सितंबर को प्रकाशित खबर।

सप्ताह के अंदर काम हो गया था। शुरुआत में इधर-उधर भटक रहा था। रजा से संपर्क हुआ तो काम बन गया। दो भाइयों के बीच बंटवारे में विवाद हुआ था। मामले को सुलझाने के लिए रजा ने 10 हजार रुपये लिए थे। उससे मामला बताने के विवाद सुलझ गया। कोतवाली का कई दिन चक्कर लगाने के बाद रजा से संपर्क बनाया था। यह कुछ बानगी है कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष



राही मासूम रजा। संवाद

राही मासूम रजा के कारनामों के। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि बहुत लंबे समय से रजा मामलों की पैरवी के लिए पैसे लेता था।

पैसा पाने के बाद वह मामले को सुलझा देता था। उसके पास हर स्तर की व्यवस्था थी। शासन सत्ता में अपनी पहुंच का फायदा उठाते हुए वह काम करा देता था। छोटे-मोटे मामले में भी उसकी दखल रहती थी। बातचीत के दौरान मुहल्ले के लोगों ने बताया कि ऐसी हरकत उसने पहले कभी नहीं की थी, यह मामला सामने आने के बाद उसका असल चरित्र सामने आ गया। शुरुआत से ही वह अपना प्रभाव बनाने के लिए शासन सत्ता के करीब रहता था। सरकार बदली तो उसने भाजपा में भी जुगाड़ बना लिया। अपने कला कौशल से पार्टी के नेताओं को प्रभाव में लेकर अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष भी बन गया था। बातचीत के जरिए वह अपनी बात इतने प्रभावी ढंग से रखता था कि उसकी झूठी बातें भी सही लगती थीं। पुलिस से सांठगांठ बेहतर रहे, इसके लिए उसने पुलिसकर्मियों को किराए पर कमरा भी दिया था। उसकी मदद के आरोप में एक सिपाही जेल भी जा चुका है।

पुलिस सूत्र बताते हैं कि वह मामलों को लेकर कोतवाली में जाता था। काम कराने के एवज में मोटी रकम लेता था। पीड़ितों को अपने झांसे में लेकर मामला निस्तारित कराने की गारंटी लेता था। उसकी कथनी करनी को लोग बता रहे हैं, उसको जेल जाने के बाद भी कारनामों की चर्चा हो रही है। सत्ताधारी दल के कुछ नेताओं ने अब जाकर चैन की सांस ली है। कुछ दिन पहले उनको लग रहा था की कहीं वे ही न फंस जाएं। पुलिस इन दिनों उसके बारे में कुछ जरूरी जानकारी जुटा रही है। उसने संपत्ति कैसे बनाई है, इसके बारे में भी जांच की जा रही है। सूत्र बता रहे हैं कि यही कारण है कि जिस जमीन पर घर बनवाया, वह दूसरे की जमीन है, लेकिन उसने विरोध नहीं किया। वह आराम से घर बनवाकर किराए पर दे दिया।

# बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के नहीं चलेंगे ईंट भट्ठे

**फरेंदा।** एसडीएम फरेंदा राकेश कुमार व थाना प्रभारी ने सोमवार को भगवतनगर परसिया में ईंट भट्ठा का निरीक्षण कर कागजादों की जांच की। इस दौरान कहा कि बिना प्रदूषण विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए कोई ईंट भट्टा नहीं संचालित किया जाएगा। ईंट भट्टा के लिए जीएसटी भी अनिवार्य है। प्रभारी निरीक्षक फरेंदा अजीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में कुल नौ हैं। सभी के प्रपत्रों कि जांच की जा रही है।

# प्रशिक्षण के लिए चयन 20 व 21 को होगा

**महराजगंज।** उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी ने बताया कि वर्ष 2023-24 के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान टूलकिट प्रशिक्षण योजना के व्यक्तियों का सामूहिक प्रशिक्षण योजना के तहत प्रशिक्षण होना है। 20 सितंबर को टोकरी बुनकर, नाई, मोची, लोहार व 21 सितंबर को बढ़ई, राजमिस्त्री ट्रेड में ऑनलाइन आवेदन किए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उक्त तिथियों में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र महराजगंज में 11 बजे तक उपस्थित होना होगा।

# चौदह बोरी चीनी के साथ एक गिरफ्तार

**खनुआ।** सोमवार को एसएसबी के बीओपी हरदी डाली के जवान गश्त पर निकले थे। अभी वह हरदी डाली गांव के पास पहुंचे ही थे कि भारतीय सीमा की तरफ से कुछ लोग साइकिल पर सफेद रंग की बोरी लेकर आते दिखे। इस पर जवानों ने घेरा बंदी कर एक आरोपित को पकड़ लिया। इस कार्रवाई में मौके से 14 बोरी चीनी व एक साइकिल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम जितेंद्र गुप्ता निवासी हरदी डाली थाना सोनौली बताया।

# मेले में स्वास्थ्य योजनाओं से रूबरू हुए लोग

**दूठीबारी।** निचलौल ब्लाक के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रामनगर में ग्राम प्रधान नर्वदा व प्रधान प्रतिनिधि अभयशंकर उर्फ बबलू सिंह आयुष्मान मेले का शुभारंभ किया। मेले में पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उसका लाभ लेने के प्रति जागरूक किया गया। कम्युनिटी हेल्थ आफिसर राजेश कुमार मौर्य ने कहा कि आयुष्मान भव अभियान के तहत मेला आयोजित हुआ है। अभियान में आयुष्मान भारत योजना में चयनित परिवार के सभी सदस्यों को गोल्डेन कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा।

महराजगंज महोत्सव में एक अक्तूबर को अनूप जलोटा देंगे प्रस्तुति, दूसरे दिन कलर्स ऑफ इंडिया की होगी धूम

# महोत्सव में रंग जमाएंगे कैलाश खेर

महराजगंज, निज संवाददाता। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की रजामंदी के बाद महराजगंज महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। पहली अक्तूबर से तीन अगस्त तक शहर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। प्रख्यात गायक कैलाश खेर व भजन सम्राट अनूप जलोटा जैसे अंतर्राष्ट्रीय गायकों की सुरों से महोत्सव की महफिल सजेगी। डीएम सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में पर्यटन व संस्कृति परिषद ने तीन दिवसीय महोत्सव की सुर संध्या के सितारों का शेड्यूल निर्धारित कर दिया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा की देखरेख में आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि महराजगंज महोत्सव के पहले दिन की शाम को पद्मश्री भजन सम्राट अनूप जलोटा अपनी प्रस्तुति देंगे। उनकी लोकप्रिय भजनों में ऐसी लागी लगन, मैं नहीं माखन खायो, रंग दे चुनरिया, जग में सुंदर है दो नाम और चदरिया झीनी रे झीनी शामिल हैं। उनकी प्रस्तुति के दौरान बड़ी संख्या में श्रोताओं के उमड़ने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चौकस रहेगी।

- जिला प्रशासन ने महराजगंज महोत्सव के कार्यक्रम की तैयार की रूपरेखा
- पहली अक्तूबर से तीन अगस्त तक शहर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा

### कलर्स आफ इंडिया में दिखेगी एकता में अनेकता

दूसरे दिन कलर्स आफ इंडिया कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें साठ-सत्तर कलाकार देश के सभी राज्यों की झांकी नृत्य के माध्यम से दिखाएंगे। मंच पर देश की विविधता दिखेगी। देश की अखंडता व एकता का नारा बुलंद होगा। इस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी भी अंतिम दौर में है। सभी कलाकार अपनी मोहक प्रस्तुतियों से महोत्सव को रंगारंग बनाएंगे। दूसरे दिन दर्शकों पर लोकप्रिय गायकों का जादू भी चलेगा।

### कैलाश खेर की प्रस्तुति देख झूमेंगे कद्रदान

पद्मश्री सम्मान से सम्मानित देश के प्रसिद्ध पाप राक गायक कैलाश खेर का कार्यक्रम तीन अक्तूबर को होगा। भारतीय लोक संगीत व सूफी संगीत से प्रभावित कैलाश खेर शास्त्रीय संगीतकार पंडित कुमार गंधर्व, पंडित हृदयनाथ मंगेशकर, पंडित भीमसेन जोशी और कव्वाली गायक नुसरत फतेह अली खान से प्रेरित हैं। संगीत की अपनी अनूठी शैली से कैलाश खेर सभी उम्र व वर्ग के श्रोताओं में मशहूर हैं। उन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्व गायक के लिए दो फिल्मफेयर पुरस्कार मिल चुका है। बॉलीवुड फिल्म मंगल पांडे : द राइजिंग में कई गाने गाए हैं। उनका मशहूर गाना कॉर्पोरेट का ओ सिकंदर है। उनके बैंड कैलासा के इसी नाम के एल्बम का गाना तेरी दीवानी और फिल्म सलाम-ए-इश्क : ए ट्रिब्यूट टू लव का गाना या रब्बा भी काफी शोहरत बटोर चुकी है। फिल्म बाहुबली 2 : द कन्क्लूजन में उनका गाना जय जय कारा और जल रही है चिता लोकप्रिय गानों में शीर्ष पर है।

## महोत्सव के लिए छात्रों का चयन 21, 22 व 23 को होगा

- जिला पंचायत सभागार में कला प्रदर्शन देखकर होगा चयन
- विज्ञान में रुचि रखने वाले विद्यार्थी भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे

महराजगंज, निज संवाददाता। एक, दो व तीन अक्तूबर को होने वाले महराजगंज महोत्सव में प्रतिभाग करने वाली छात्र-छात्राओं का चयन 21, 22 व 23 सितंबर को जिला पंचायत सभागार में होगा। जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में विज्ञान पर आधारित भी कार्यक्रम होंगे। विज्ञान में रुचि रखने वाले विद्यार्थी भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

विद्यार्थियों का जिला पंचायत सभागार में ट्रायल में चयन किया जाएगा। भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान को मेधावियों के चयन की जिम्मेदारी दी गई है। चयन 21, 22 व 23 सितंबर को जिला पंचायत सभागार में किया जाएगा। पहले दिन 21 सितंबर को विज्ञान भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान गीत गायन प्रतियोगिता, विज्ञान गीत लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा।

### बैठक आज होगी

महराजगंज महोत्सव में विज्ञान पर आधारित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर 19 सितंबर पूर्वाह्न 11.00 बजे जिला पुस्तकालय में संबंधित अधिकारियों, शिक्षकों की बैठक होगी।

दूसरे दिन 22 सितंबर को विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित होगी। तीसरे दिन 23 सितंबर को आशु प्रवचन प्रतियोगिता, वैज्ञानिकों का संबोधन व पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# दवा की चार दुकानों पर मारा गया छापा, एक सील की गई

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। घुघली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने मेडिकल स्टोर्स पर सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने छापा मारा। इसमें चार मेडिकल स्टोर्स पर स्वास्थ्य विभाग की मंडलीय टीम ने कार्रवाई की।

एक मेडिकल स्टोर जो बिना नाम के चल रहा था उसको सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से खलबली मच गई। इस दौरान कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें भी बंद कर दीं।

### स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप, कई ने नहीं खोली दुकान

प्राप्त सूचना के आधार पर तीन जिलों के स्वास्थ्य विभाग की टीम छापा मारने घुघली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने मेडिकल स्टोर पर पहुंची।

टीम में देवरिया जिले के ड्रग इंस्पेक्टर समेत कुशीनगर और महराजगंज के भी ड्रग इंस्पेक्टर शामिल रहे। बताया जा रहा है कि गलत तरीके से मेडिकल स्टोर्स संचालित था।

ड्रग इंस्पेक्टर शिव नायक ने बताया कि चार मेडिकल स्टोर पर छापा मारा गया है। एक बिना नाम के चल रहे मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट सहायक आयुक्त गोरखपुर को भेज दी गई है। बता दें कि इससे पहले जिले में अवैध रूप से चल रहे निजी अस्पतालों पर भी विभाग कार्रवाई कर चुका है।

# हिंदू धर्म के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का आरोप

महराजगंज। ग्राम पंचायत भगवानपुर के रहने वाले अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद नौतनवां तहसील अध्यक्ष गिरिजा शंकर पांडेय ने रविवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया है। सिरसिया मशर्की टोला पंडितपुर निवासी एक व्यक्ति पर हिन्दू धर्म के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। परसामलिक थानाध्यक्ष सुधाकर प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। संवाद

# खाए-पीए तुम तीनों तो बिल मैं क्यों भरूं... इस बात पर ले ली दोस्त की जान

## महज 115 रुपये के लिए सीधे-साधे दिखने वाले लड़कों की क्रूरता जान हैरत में गांव के लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। खाए पीए तुम तीनों तो मैं क्यों 115 रुपये का बिल भरूं, इसी बात से आक्रोशित होकर तीनों चचेरे भाइयों ने दोस्त का कत्ल कर दिया था। अब तीन में दो जेल जा चुके हैं। एक किशोर होने के कारण बाल सुधार गृह में है।

जेल जाने से पहले आरोपी श्याम ने इन बातों को बताया। उसने बताया कि हम सभी में गहरी दोस्ती थी। चंदन ने बेवजह की बातें की। वह केरल से कमाकर आया था। हम सभी ने खाया-पीया था। रकम देने के बजाय ताना मारने लगा तो गुस्से में कुछ समझ में नहीं आया। दूसरे आरोपी सन्नी ने भी यही बातें कही। इन सभी को अपने किए पर पछतावा हो रहा था। तीनों आरोपियों ने बताया कि घटना कैसे हो गई कुछ समझ नहीं आया। उधर, मृत चंदन के घर वाले सन्न हैं। घुघली वार्ड नंबर 10 में मृतक चंदन की मां रंजू ने बताया कि ऐसे लोगों के घर से संबंध रखना ठीक नहीं है। अब उन लोगों से बातचीत करना तो दूर की बात मुंह देखना भी पसंद नहीं करेंगी। बेवजह बेटे की जान चली गई।

सोमवार को अहिरौली गांव के लोग घटना पर चर्चा कर रहे थे। गांव में सीधे-साधे दिखने वाले युवाओं का क्रूर चेहरा सामने आया तो गांव के लोग सन्न हैं। लोग हैरान हैं कि महज 115 रुपये की खातिर कोई कैसे किसी को मौत के घाट उतार सकता है। दोस्त को मारते समय इनको जरा भी रहम नहीं आई। इस गांव के श्याम, सन्नी व एक नाबालिग अपने जिगरी दोस्त की गला रेतकर हत्या करने के आरोप में जेल जा चुके हैं। तीनों का कोई आपराधिक रिकार्ड भी नहीं है।



हत्यारोपी श्याम की मां। संवाद



हत्यारोपी सन्नी का घर। संवाद

*कुसंस्कारों को कामयाबी मानने वाला एक पूरा वर्ग खड़ा हो चुका है, जिसने अपना अलग संसार बसा रखा है। वह उसे इस रूप में स्वीकार नहीं करते बल्कि इस रूप में देखते हैं कि वे समाज से अलग हैं, कुछ विशेष हैं। यही सोच उनके अहंकार को पोषित करती है। इंटरनेट और सोशल साइट ऐसी विकृतियां फैलाने में लगी हुई हैं, जो युवा मन को अपराध करने की ओर प्रेरित करते हैं।* - **गुलाब चंद्र, मनोविज्ञानी**

अहिरौली गांव के रहने वाले हत्यारोपी चचेरे भाइयों के घर पर सोमवार को सन्नाटा पसरा रहा। हत्यारोपियों में एक नाबालिग है। उसका भाई गूंगा, बहरा घर पर मिला। आसपास के लोग भी मामला सामने आने के बाद हैरत में हैं।

गांव में श्याम के घर पहुंचने पर कोई मिला नहीं। आसपास के लोगों ने संपर्क करने पर पता चला कि उसकी मां कुसमावती गांव में किसी के घर गई हैं। उनको बुलवाया गया तो उन्होंने बेटे के स्वभाव पर चर्चा करते हुए हैरानी प्रकट की। उन्होंने कहा कि श्याम शांत स्वभाव का है। पता नहीं उसने कैसे इस तरह की घटना कर दी। बिलकुल समझ में नहीं आ रहा है। लुधियाना काम करने गया था, वहां से 15 दिन पहले आया था। गांव में अपने दोस्तों के साथ इधर-उधर घूमता था। घटना वाले दिन भी वह दोपहर में ही खाना खाकर घर से चला गया था। मृत चंदन और उसके बीच बहुत अच्छी दोस्ती थी। वह भी अक्सर घर पर आता था। समझ में नहीं आ रहा है कि यह सब कुछ कैसे हो गया।

वह कहते हुए सिसकने लगी। पास में बैठे लोग उनको चुप कराने लगे। दूसरे आरोपी सन्नी के घर कोई नहीं मिला। गांव का एक युवक बाहर से अंदर झांक कर देखा तो कोई नहीं दिखा। लोगों ने बताया कि इसके पिता थाने पर गए हैं, मां कहीं रिश्तेदारी में गई है। घर पर कोई नहीं है। गांव के चौकीदार मुखत ने बताया कि ये तीनों गांव में कभी किसी से विवाद भी नहीं करते थे। काम करके आने के बाद इधर-उधर घूमते हुए इनको देखता था। इन तीनों की आदत थी कि जब कुछ कमा लेते थे तो कुछ दिन घूम कर पूरे पैसे खर्च कर देते थे। इस बीच वे कोई काम नहीं करते थे। तीनों के घर की माली हालत ठीक नहीं है।

नाबालिग आरोपी से मिलने उसके पिता बाल सुधार गृह गए थे। घर में उसकी मां नहीं दिखी। आसपास के लोगों ने बताया कि वह कहीं गई हैं। कुछ पता नहीं है कि कहां गई हैं। गांव के लोगों ने कहा कि इन तीनों की कारस्तानी से हैरानी हो रही है। 115 रुपये के लेन देने में इतने आक्रामक हो गए कि दोस्त की जान ले ली। ऐसा करने वाले सनकी होते हैं।

*युवाओं में अपराध की बढ़ती प्रवृत्ति किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंताजनक स्थिति है, लेकिन इससे भी अधिक भयावह यह है कि अपराध के दलदल में ऐसे युवाओं का धंसना जो न तो पेशेवर अपराधी हैं और न ही अपराध करना उनके लिए कोई मजबूरी है। वे केवल अपने अहंकार की तुष्टि या अनावश्यक जिद के चलते ऐसे संगीन अपराध कर जाते हैं, जो न केवल उनको पूरे जीवन के लिए कालकोठरी में धकेल देते हैं बल्कि समाज को भी शर्मसार कर जाते हैं। गहराई से देखें तो इसके पीछे संस्कारहीनता और अहंकार है, जो इन्हें अपनी मर्जी के खिलाफ कुछ भी बर्दाश्त नहीं करने देता।* - **डॉ. देवेंद्र कुमार पाठक, समाज शास्त्री**

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-19-09-2023

# मारपीट में तीन पर केस

**बभनान(एसएनबी)**। पैकोलिया थाना क्षेत्र के रेवटाहरिशरण शुक्ल गांव में एक महिला को जमीन की साफ-सफाई करते समय कुछ लोगों ने मारा-पीटा। शिवकुमार चौधरी ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि शनिवार क ो दिन में लगभग दो बजे उनकी चाची कुसुम पत्नी रविन्द्र कुमार अपने जमीन में साफ-सफाई कर रही थीं। उसी दौरान गांव के किशन पुत्र सिकन्दर, रामफेर व रामभेज पुत्रगण झिनकान लाठी डंडे लेकर आए। गाली गलौज करते हुए उनकी चाची को मारने पीटने लगे।

# गांजा के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**परशुरामपुर(एसएनबी)**। स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति को 1 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष रामेश्वर यादव ने एक प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सिकंदरपुर चौरी मोड़ के पास एक व्यक्ति गांजा बेच रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक उमेश चंद्र वर्मा, कांस्टेबल गुलशन राय और वीरेंद्र यादव मौके पर पहुंचे। सोमवार को प्रातः लगभग 8:30 बजे एक व्यक्ति नाजायज रूप से गांजा बेचते हुए दिखाई दिया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम कल्लू सोनकर पुत्र स्वर्गीय शेरू उर्फ अदालत सोनकर निवासी सिकंदरपुर बताया। उसका अपराध संख्या 298/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के साथ चालान कर न्यायालय रवाना किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसके विरुद्ध कप्तानगंज थाने में अपराध संख्या 286/2022 धारा 389,411,427 आईपीसी तथा अपराध संख्या 22/2023 धारा 380, 411, 457 आईपीसी पहले से दर्ज है।

# डिवाइडर से टकराई बस, चालक की मौत

**विक्रमजोत(एसएनबी)**। लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फूलडीह गांव के पास देवरिया से कानपुर जा रही रोडवेज की बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया तथा बस पर सवार लगभग ढाई दर्जन यात्रियों को हल्की-फुल्की चोट आई। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी विक्रमजोत ले जाया गया जहां चालक की मौत हो गई जबकि घायलों का इलाज कर कर भेज दिया गया। रोडवेज बस संख्या यूपी 78 एफटी 9248 के चालक आदेश पुत्र राजाराम निवासी औरैया और कंडक्टर पुरुषोत्तम कुमार त्रिवेदी निवासी रनिया जिला कानपुर देहात देवरिया से 20- 25 यात्रियों को बैठक कानपुर जा रहे थे। सोमवार को प्रातः लगभग 7:30 बजे फूलडीह गांव के पास बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। परिणाम स्वरुप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया तथा कुछ यात्रियों को भी चोटे आई। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी विक्रमजोत चंद्रकांत पांडेय ने अपने हम राहियों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत पहुंचा जहां डक्टर ने चालक को मृत घोषित कर दिया जबकि घायलों का इलाज चल रहा है।

# बहला फुसलाकर भागने का आरोपी गिरफ्तार

**गौर(एसएनबी)**। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के किशोरी को बहला फुसलाकर भागने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के महुआ डाबर निवासी सूरज सोनकर पुत्र जंटू के विरुद्ध थाने पर अपराध संख्या 165/2023 धारा 363,366 आईपीसी के तहत अभियोग दर्ज था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। सोमवार को भगाई गई किशोरी थाने पर पहुंची उसने पुलिस को अपना परिचय बताया जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी सूरज सोनकर को गौर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से महिला की मौत

**छावनी(एसएनबी)**। लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकड़ी गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर महिला की घटना स्थल ही पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चौकड़ी निवासी 45 वर्षीय मंजू देवी पत्नी राजेश सोमवार को रुपया निकालने बबुरहवा चौराहे पर गयी थीं। दोपहर लगभग तीन बजे घर जाते समय गांव के सामने अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेज दिया।

# बत्तीस पर 110 सीआरपीसी की कार्रवाई

**बस्ती (एसएनबी)**। जिले की कोतवाली व पुरानी बस्ती पुलिस ने क्षेत्र में रहकर भय का माहौल दिखाने का प्रयास करने वाले 32 लोगों के विरुद्ध धारा 110 जी की कार्यवाही की गयी है। यह कार्यवाही उनके चाल चलन को देखते हुए किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कोतवाली पुलिस ने राज उर्फ राजन चौधरी साकिन बड़ेबन थाना कोतवाली, रोहित चौधरी साकिन बड़ेबन थाना कोतवाली,प्रशान्त चौधरी साकिन बड़ेबन, अफजल खां उर्फ सेखू साकिन मिल्लतनगर बेलवाडाडी थाना कोतवाली, गिरिराज उर्फ बबुआ पासवान साकिन ओरीजोत थाना कोतवाली, अशोक कुमार उर्फ रिन्कू साकिन ओरीजोत, प्रभाकर सोनकर साकिन ओरीजोत, रामपाल साकिन मिश्रौलिया खीरीघाट थाना कोतवाली, राजकुमार पाण्डेय साकिन पुराना डाकखाना थाना कोतवाली , वंश कुमार पाण्डेय साकिन पुराना डाकखाना थाना कोतवाली, अजय कुमार पाण्डेय साकिन पुराना डाकखाना, आलोक कुमार पाण्डेय साकिन पुराना डाकखाना, अनिकेत पाण्डेय उर्फ सौरभ पाण्डेय,कृष्णकुमार पाण्डेय उर्फ सोनू पाण्डेय साकिन पुराना डाकखाना थाना कोतवाली,सैमुलमीत सिह साकिन सिविल लाइन थाना कोतवाली,जसबीर सिह उर्फ विक्की साकिन सिविल लाइन्स,आदित्य कन्नौजिया उर्फ आकाश साकिन मडवानगर बड़ेवन थाना कोतवाली सहित पुरानी बस्ती पुलिस ने भी बबलू राजभर निवासी पिपरा चन्द्रपति थाना पुरानी बस्ती,महेश मद्धेशिया साकिन चिकवा टोला थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती,गोपी चौहान साकिन हडिया थाना पुरानी बस्ती, बलिराम साकिन भरवलिया थाना पुरानी बस्ती, सुनील साकिन महुडर रेहरवा थाना पुरानी बस्ती,नन्दू चौहान साकिन सबदेइया कलां थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती,आशीष निवासी पाण्डेय बाजार थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती,मनोज सोनकर,दिनेश सोनकर, मोनू ,सुनील सोनकर, कालिया सोनकर, लाला सोनकरसाकिनान उंचवा मोहल्ला थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती,आकाश गोस्वामी निवासी पिपरी जोगीबारी थाना पुरानी बस्ती, राजन उर्फ अश्वनी निवासी पिपरी जोगीबारी थाना पुरानी बस्ती के ऊपर कार्यवाही की गयी है।

# टेम्पो चालकों का प्रदर्शन 22 को

**बस्ती (एसएनबी)** । टेम्पो चालकों के उत्पीड़न, पुलिस और आरटीओ कर्मियों द्वारा धन उगाही आदि के विरोध में बस्ती आटो रिक्शा जन कल्याण समिति द्वारा 22 सितम्बर शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर दिन में 11 बजे धरना प्रदर्शन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुये समिति के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद हारून ने बताया कि टेम्पो चालक किसी प्रकार से अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। टेम्पो चालकों में अनेक स्नातक, परास्नातक, उच्च शिक्षित भी है। दुःखद है कि टेम्पो चालकों का लगातार उत्पीड़न किया जाता है और उनसे जबरिया दो हजार से लेकर चार हजार रूपये तक की अवैध वसूली की जाती है। रिश्वत न देने पर चालान के नाम पर टेम्पो चालकों का शोषण लगातार जारी है।

# पारिवारिक विवाद में युवक की पिटाई, तीन नामजद

**बस्ती (एसएनबी)**। पारिवारिक विवाद कोलेकर परिवार के सदस्य की जमकर पिटाई कर दी गयी। गालियांदेते हुए जानमाल की धमकी भी दी। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर तीन लोगो को नामजद किया गया है। कार्यवाही कलवारी पुलिस ने की है। कलवारी थाना क्षेत्र केकलवारी मुस्तकहम निवासी संजय पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को बताया कि उनकेभाईव भाभी तथा भतीजे द्वारा पारिवारिक विवाद कोलेकर उसे मारा पीटा गया। गालियांदेते हुए जानमाल की धमकी भी दी गयी। इस मामले में पीड़ित संजय की शिकायत परदिनेश पुत्र छोटेलाल,सुमन पत्नी दिनेश,सुजीत पुत्र दिनेश निवासी कलवारी मुस्तकहम केविरुद्ध धारा 323,504,506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# मनचलों ने महिला को पीटा

**बस्ती (एसएनबी)**। बेटी के साथ छेड़खानी करने पर शोहदों को मां ने मना किया तो उन्होंने महिला की जमकर पिटाई कर दी। गालियां देते हुए जानमाल की धमकी भी दी गयी। पीड़िता की शिकायत पर दो लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया है। कलवारी थाना क्षेत्र के डेल्हवा गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही कुछ मनचले उसकी बीस वर्षीय बेटी के साथ छेड़खानी कररहे थे तो उसने मना किया और उलाहना देने घर पहुंची तो इस पर पीड़िता को गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए मारा पीटा गया। पीड़िता की शिकायत पर दिलीप पुत्र त्रिभुवन, राम सुमन पुत्र राम दुलारेनिवासी डेल्हवा थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 354,323,504,506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एक अन्य समाचार के अनुसार पट्टीदारी के रंजिश कोलेकर एक महिला की भी पिटाई किये जानेका मामला सामने आया है। पीड़िता चांदनी पुत्री बब्बन गौड़ निवासी सिकन्दरपुर थाना कलवारी की शिकायत परआरोपी बिनाचला पत्नी कुन्दन गौड़, कुन्दन गौड़ पुत्र रामफेर निवासी सिकन्दपुर के विरुद्ध कलवारी पुलिस ने धारा 323,504,506 का अभियोग पंजीकृत किया है।

# मार्ग दुर्घटना में घायल महिला की मौत पर केस

**बस्ती (एसएनबी)**। सोनहां थाना क्षेत्र के भैसहिया चौराहे पर खड़ी एक अधेड़ महिला को तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने ठोकर मार दिया था। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इस मामले में बाइक के चालक के विरुद्ध सोनहां पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। सोनहां थाना क्षेत्र के भैसहिया खुर्द बुजुर्ग निवासी पिन्टू निषाद पुत्र राम सुमेर ने बताया कि उसकी मां राजकुमारी भैसहिया चौराहे पर खड़ी थी। तभी तेज रफ्तार बाइक संख्या यूपी-51बीडी/4394 के चालक ने उनकी मां को ठोकर मार दिया। जिससे राजकुमारी देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतका के बेटे की शिकायत पर बाइक के चालक अजय निवासी भैसहिया खुर्द बुजुर्ग थाना सोनहां के विरुद्ध धारा 279,304ए के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# सर्वे करने गये लेखपाल को पीटा,एक पर केस

**बस्ती (एसएनबी)**। बहादुरपुर विकास खंड में सर्वे करने गये लेखपाल को कुछ लोगों ने जमकर पीट दिया। इस मामले में लेखपाल की शिकायत पर आरोपी युवक के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा डालनेव मारने पीटने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कलवारी थाना क्षेत्र के हलका नंबर 186 बहादुरपुर में लेखपाल के पद पर तैनात विनोद कुमार चौधरी पुत्र राजनरायन निवासी गनेशपुर थाना वाल्टरगंज नेपुलिस को बताया कि वह बहादुरपुर में सर्वे करने गये थे। सर्वे करने के दौरान कलवारी थाना क्षेत्र के हरदेवा निवासी गोरखनाथ पुत्र दयाचन्द्र गोस्वामी सर्वे के सरकारी काम में बाधा डालने लगा। मना करने पर वह मारपीट पर आमादा हो गया। गालियां देते हुए युवक ने लेखपाल की पिटाई कर दी। पीड़ित की शिकायत पर कलवारी पुलिस ने आरोपी गोरखनाथ पुत्र दयाचन्द्र निवासी हरदेवा थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 332, 353, 504,506 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# बस की चपेट में आकर मौत, केस

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने सवारी उतरते अचानक बस आगे बढ़ाने से घायल यात्री की चोट के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दुबौलिया थानाक्षेत्र के उभाई निवासी राजकुमारी पत्नी कोदई ने तहरीर देकर बताया है कि 30 अगस्त को उनके पति कोदई बस्ती से प्रयागराज डिपो की रोडवेज बस से घर वापस आ रहे थे। हर्रैया थाने के संसारीपुर चौराहे पर बस रूकवाकर उतर रहे थे। आरोप है कि अचानक बस चालक ने लापरवाही व तेजी से गाड़ी आगे बढ़ा दिया।

# बाइक चालक पर दर्ज हुआ केस

बस्ती। छावनी पुलिस ने सड़क हादसे में मौत के मामले में बाइक के चालक पर केस दर्ज किया है। छावनी थाने के रेड़वल निवासी संगीता पत्नी स्व. बसंतलाल ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि अमोढ़ा रामरेखा पुल के पास 18 जुलाई को उनके लड़के कृष्ण कुमार वर्मा को अज्ञात बाइक के चालक ने टक्कर मार दिया। इलाज के दौरान कृष्ण कुमार वर्मा ने दम तोड़ दिया।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, तीन पर केस

बस्ती। पैकोलिया पुलिस ने रेवटा गांव में मारपीट के मामले में तीन पर केस दर्ज किया है। रेवटा हरिशरण शुक्ल निवासी शिवम चौधरी ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि शनिवार को दो बजे दिन में गांव के किशन, रामफेर और रामभेज ने उनकी चाची को रंजिश को लेकर मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी।

# शिकायत करने पर विवाद, एफआईआर

बस्ती। कलवारी पुलिस ने छेड़खानी की शिकायत करने पर मारपीट करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि गांव के दिलीप व रामसुमन ने युवती के साथ छेड़खानी की शिकायत करने पर मारापीटा। दोनों पर केस दर्ज कर लिया गया है। वहीं एक अन्य मामले में इसी थाने के कलवारी मुस्तहकम गांव निवासी संजय की तहरीर पर पुलिस ने गांव के दिनेश, सुमन पत्नी दिनेश और सुजीत के खिलाफ मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट की घटनाओं में सात पर केस

बस्ती। कलवारी और कप्तानगंज पुलिस ने मारपीट की दो घटनाओं में सात पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी के सिकंदरपुर निवासी चांदनी का आरोप है कि पट्टीदारी की रंजिश में बिनाचला और पुद्दन गौड़ ने उसे मारापीटा। कप्तानगंज में तहरीर देकर कोतवाली के बड़ेवन मड़वानगर निवासी मो. शमीम ने आरोप लगाया है कि कप्तानगंज चौराहे पर रविवार को दोपहर साढ़े 12 बजे खजुहा निवासी रामचन्दर पटवा, बड़ेवन निवासी मनोज गुप्ता, दिलीप, हवेली खास निवासी मुकेश और करतार टाकीज निवासी अर्जुन ने गाड़ी से उतरकर उन्हें मारापीटा।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

बस्ती। परसरामपुर पुलिस ने सिकंदरपुर-चौरी मोड़ के पास से एक व्यक्ति को गांजा के साथ सोमवार की सुबह पकड़ा है। थाना प्रभारी परसरामपुर रामेश्वर यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कल्लू सोनकर निवासी सिकंदरपुर को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा मिला। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# फोरलेन निर्माण को खाली कराई जमीन

छावनी (बस्ती)। छावनी कस्बे में फोरलेन निर्माण के लिए तहसील प्रशासन व एनएचएआई कर्मियों ने सोमवार की शाम जेसीबी चलाकर जमीन खाली कराने का अभियान शुरू किया। सड़क निर्माण की परिधि में आ रहे आधा दर्जन लोगों का निर्माण आंशिक रूप से तोड़ा गया। कुछ लोगों ने मुआवजा से ज्यादा जमीन लेने पर आपत्ति जताई। नायाब तहसीलदार अनुराग सिंह ने मंगलवार तक का अल्टीमेटम देते हुए सभी लोगों को जमीन खाली कराने की चेतावनी दी। कस्बे के 163 लोगों का मुआवजा बनने के बाद भी जमीन अब तक खाली नहीं हुई है। सोमवार को पहुंचे अधिकारियों ने सिरौली बाबू निवासी सुभावती देवी, राज किशोर सिंह, आरके सिंह, दाऊद खान के पेट्रोल पंप की आंशिक दीवाल जेसीबी से ध्वस्त किया।

# शादी से प्रेमी के इनकार पर पोखरे में कूद गई थी किशोरी!

**फॉलोअप**

**बस्ती, निज संवाददाता।** मुंडेरवा के एक गांव की रहने वाली छात्रा की मौत को लेकर नए तथ्य सामने आए हैं। पुलिस ने सोमवार को उसके नाबालिग प्रेमी से बातचीत की तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पूछताछ में सामने आया कि छात्रा अपने प्रेमी के साथ शादी करना चाहती थी। इतना ही नहीं वह अपना घर छोड़कर शादी करने के लिए दबाव बनाने लगी थी। प्रेमी के इंकार के बाद वह जान देने की धमकी देने लगी थी। माना जा रहा है कि इसी बात को लेकर वह अपना आपा खो बैठी। शनिवार को स्कूल से घर जाने को निकली छात्रा ने स्कूल के पास ही पोखरे में छलांग लगा दी।

कोतवाल विनय कुमार पाठक के अनुसार मृतका के नाबालिग प्रेमी के पकड़े जाने के बाद सच्चाई सामने आई। कोतवाल ने बताया कि मृतका के चाचा की तहरीर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। नाबालिग प्रेमी का चालान कर बाल संप्रेक्षण गृह में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के समय कपड़े पर लगा खून का धब्बा मिला था, जो आठ-दस दिन पुराना निकला।

**10वीं की छात्रा थी मृतका :** मुंडेरवा क्षेत्र की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी कक्षा दस की छात्रा थी। शनिवार को भी वह साइकिल से स्कूल गई थी। इसी दिन दोपहर बाद उसकी साइकिल और स्कूल बैग दौलतपुर गांव के पोखरे के पास मिला था। आधार कार्ड की मदद से पुलिस ने छात्रा की पहचान हुई थी।

# पेड़ की टहनी गिरने से डेढ़ घंटे ठप रहा आवागमन

**जासं, बस्ती :** मूड़घाट- दुबौला मार्ग पर सोमवार को दिन में 11 बजे पेड़ की टहनी गिरने से आवागमन प्रभावित हो गया। गनेशपुर चौकी पुलिस ने पेड़ की टहनी को मजदूरों से कटवाकर सड़क से किनारे करवाया। अर्जुन के पेड़ की गिरी टहनी से सबसे ज्यादा परेशानी बड़े वाहनों को हुई। लगभग डेढ़ घंटे तक राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे आरक्षी कामोद कुशवाहा ने मजदूर लगाकर पेड़ की टहनी को कटवाकर सड़क से किनारे कराया।



गनेशपुर–दुबौला मार्ग पर टूट कर गिरी पेड़ की डाल • जागरण

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों का धरना 20 को

**बस्ती :** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन की ओर से 20 सितंबर को 23 सूत्री मांगों को कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद सीएम को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर उपाध्याय और मंत्री उदय प्रताप पाल ने बताया कि मांगों के समर्थन में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी धरने में शामिल होंगे।

# सरकारी गड्ढे से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**जासं, हर्रैया, बस्ती:** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के खमहरिया गांव निवासी संजय ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर गांव के गाटा संख्या 552 जो की कागजात में गड्हा दर्ज है, से अतिक्रमण हटाने की मांग सीएम पोर्टल पर किया है। बताया है कि गांव के छायाराम वर्मा व कैलाशा देवी द्वारा सार्वजनिक भूमि पर घारी, चन्नी बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया है। बरसात में गांव के लोगों के घरों का पानी भी उसी गड्ढे में जाता था, लेकिन अतिक्रमण से सड़क पर पानी भरा रहता है। जिससे लोगों को असुविधा हो रही है।

# अनियंत्रित रोडवेज बस डिवाइडर से टकराई, चालक की मृत्यु

**जासं, विक्रमजोत, बस्ती :** हाईवे पर छावनी थानाक्षेत्र के फूलडीह गांव के पास सोमवार की सुबह आठ बजे बस्ती से कानपुर जा रही आजादनगर डिपो की रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे डिवाइडर से टकरा गई। मौके पर चालक की मृत्यु हो गई। एक व्यक्ति घायल हुआ है। 25 यात्री सवार थे।

बस के आगे चल रहे ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लेने के कारण बस चालक के नियंत्रण खो बैठा। हादसे में बस चालक 58 वर्षीय आदेश पुत्र राजाराम निवासी झबरा लहुरा, थाना सहायल, जनपद औरैया गंभीर रूप से घायल हो गए। एक यात्री टोकरा पठान, जनपद सिद्धार्थनगर निवासी गिरीश चंद्र श्रीवास्तव पुत्र रामअजोर को भी चोट आई। दोनों को विक्रमजोत चौकी प्रभारी चंद्रकांत पांडेय निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत ले गए। जहां चिकित्सक ने चालक को मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं गिरीश चंद्र का प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि बस में चालक के अलावा परिचालक रनिया कानपुर देहात निवासी पुरुषोत्तम कुमार त्रिवेदी सहित 25 यात्री सवार थे।



दुर्घटनाग्रस्त बस● जागरण

# जिले में 48 घंटे में हुए पांच सड़क हादसे

बस्ती। फूलडीह गांव के सामने बने डेंजर स्पॉट पर पिछले दो दिन में पांच दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार की सुबह तेज रफ्तार गिट्टी लदा ट्रॉला अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए खड़े ट्रक से टकरा गया था। उसी रात में एक इनोवा के अचानक ब्रेक लगाने से लखनऊ जा रहे एक पुलिस अधिकारी की कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। सोमवार की सुबह गोण्डा जनपद के नवाबगंज कस्बा निवासी विनोद मोदनवाल पत्नी शीला को लेकर छावनी कस्बा जा रहे थे। उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गिर गई। हादसे में पति-पत्नी घायल हो गए। फूलडीह निवासी जगदंबा प्रसाद, मुंसे धोबी, भगवान दास, दिलीप वर्मा, रामजी शर्मा आदि ने बताया कि प्रतिदिन आधा दर्जन दुर्घटनाएं हो रही हैं। शिकायत के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है।

बस्ती: परशुरामपुर पुलिस ने एक युवक को एक किलो 200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कल्लू सोनकर निवासी सिकंदरपुर थाना परशुरामपुर के रूप में हुई।

उप निरीक्षक उमेशचंद्र वर्मा ने बताया कि सोमवार की सुबह 8.30 बजे सिकंदरपुर-चौरी मोड़ के पास से आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित के विरुद्ध दो आपराधिक मुकदमा पहले से ही दर्ज है।

# भगाई गई किशोरी मिली, आरोपित गिरफ्तार

जासं, बभनान, बस्ती: गौर थाना क्षेत्र के एक गांव से बहला फुसला कर भगाई गई किशोरी मिल गई है। आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 13 सितंबर की रात को किशोरी गायब हुई थी। वह सोमवार को खुद ही थाने पहुंच गई और अपनी पहचान बताई। चौकी इंचार्ज बभनान धर्मेंद्र तिवारी व उनकी टीम ने आरोपित सूरज सोनकर पुत्र जंतु निवासी महुआ डाबर गौर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया।

**छेड़खानी में मुकदमा:** बस्ती: सोनहा थाना क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 13 सितंबर को वह शौच के लिए बाहर गई थी। गांव के ही एक युवक ने उसे अकेला देख छेड़खानी की। विरोध करने पर मारा पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित रामअवध पर छेड़खानी व मारपीट में मुकदमा दर्ज किया है।

## मारपीट के आरोप में तीन पर केस

**बस्ती।** पैकोलिया पुलिस ने रेवटा गांव में मारपीट के मामले में तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में रेवटा हरिशरण शुक्ल निवासी शिवम चौधरी ने तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर दो बजे गांव के किशन, रामफेर और रामभेज ने उसकी चाची की पुरानी रंजिश में पिटाई कर दी। संवाद

## बाइक चालक पर केस

**बस्ती।** छावनी पुलिस ने युवक को टक्कर मारने के आरोपी बाइक चालक पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में छावनी थाने के रेड़वल निवासी संगीता ने तहरीर दी है। उन्होंने कहा है कि अमोढ़ा राम रेखा पुल के पास 18 जुलाई को बेटे कृष्ण कुमार वर्मा को अज्ञात बाइक चालक ने टक्कर मार दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान बेटे की मौत हो गई। संवाद

## बालिका का अपहरण, केस दर्ज

**बस्ती।** गौर पुलिस ने 12 वर्षीय लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में लड़की के पिता ने तहरीर देकर गांव के सूरज और प्रकाश की पत्नी कौशल्या पर आरोप लगाया है। संवाद

## मारपीट के पांच आरोपियों पर केस

**बस्ती।** कप्तानगंज चौराहे पर रविवार को मारपीट करने के मामले में पांच आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। इस संबंध में कोतवाली क्षेत्र के बड़ेवन मड़वानगर निवासी मो. शमीम ने तहरीर दी है। कहा है कि खजुहा निवासी राम चंदर पटवा, बड़ेवन निवासी मनोज गुप्ता, दिलीप, हवेली खास निवासी मुकेश और अर्जुन ने गाड़ी से उतरकर उसकी पिटाई की। संवाद

## रास्ते के विवाद में मारपीट

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने क्षेत्र के धुरदा गांव में शनिवार को रात साढ़े आठ बजे रास्ते के विवाद में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने सात नामजद समेत अन्य अज्ञात पर मारपीट, तोड़फोड़, धमकी व अपशब्द कहने के आरोप में केस दर्ज किया है। इस संबंध में रमेश चौहान ने तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके दरवाजे पर आकर परिवार वालों को अपशब्द कहते हुए मारापीटा। घर का सामान तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। इसमें प्रताप राजभर, राम शंकर वर्मा, राम करन, राम मिलन, किशन राजभर, आनन्द, विपिन व अन्य लोग शामिल रहे। संवाद

## छेड़खानी की शिकायत करने पर पीटा

बस्ती। कलवारी पुलिस ने छेड़खानी की शिकायत करने पर पिटाई करने के दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। आरोप लगाया गया कि गांव के दिलीप व राम सुमन ने युवती के साथ छेड़खानी की शिकायत करने पर मारपीट की। संवाद

## मारपीट में तीन नामजद

बस्ती। कलवारी थाना क्षेत्र के कलवारी मुस्तहकम गांव में मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में संजय ने तहरीर दी। उन्होंने गांव के दिनेश, सुमन पत्नी दिनेश और सुजीत पर शनिवार रात नौ बजे मारपीट करने का आरोप लगाया है। संवाद

## गांजा के साथ एक गिरफ्तार

परशुरामपुर। परशुरामपुर पुलिस ने सिकंदरपुर-चौरी मोड़ के पास से एक व्यक्ति को गांजा के साथ सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। एसएचओ रामेश्वर यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कल्लू सोनकर निवासी सिकंदरपुर को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा मिला। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। संवाद

## दो आरोपियों पर मारपीट का केस दर्ज

बस्ती। कलवारी थाने के सिकंदरपुर में पट्टीदारी की रंजिश में मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में गांव की चांदनी पुत्री बब्बन ने तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि शनिवार शाम छह बजे पररंजिश को लेकर बिनाचला पत्नी पुद्दन गौड़ और पुद्दन गौड़ ने उसे मारापीटा। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। संवाद

# सावधान! कहीं फर्जी वेबसाइट पर तो नहीं भर रहे हैं आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** इंटरनेट पर किसी नौकरी या एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय सावधान रहने की जरूरत है। तमाम साइबर अपराधियों ने असली जैसी दिखने वाली फर्जी वेबसाइट बना ली है। जो गूगल पर सर्च करते ही असली के साथ दिख जाती है। फर्जी वेबसाइट अपनी जानकारी भरने के साथ ही शुल्क भी जमा करा लेते हैं। बाद में उसके सहारे तरह तरह से फ्राड करते हैं। ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। इसी महीने तीन मामले पुलिस के पास आ चुके हैं।

जानकार बताते हैं कि जालसाजों ने ठगी के कई नए रास्ते तलाश लिए हैं। इसी तरह इन दिनों सरकारी विभागों और प्राइवेट कंपनियों की फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी की जा रही है। इंटरनेट पर ठगों ने विभागों या कंपनियों के नाम से मिलती-जुलती साइट बना ली हैं और इन साइट के जरिये लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है।

साइबर विशेषज्ञ विक्रम सिंह का कहना है कि इंटरनेट पर कई बार बैंक की फर्जी वेबसाइट भी सामने आ जाती है। इस वेबसाइट पर खाते की जानकारी डालने पर उसे चुराकर आसानी से जालसाजी हो सकती है।

**कस्टमर केयर का नंबर कंपनी की वेबसाइट से लें :** ज्यादातर ऑनलाइन फ्रॉड इंटरनेट पर उपलब्ध फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से किए जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार हमें किसी भी कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर उस कंपनी की वेबसाइट पर जाकर ही लेना चाहिए।

ऐसे भी कई मामले सामने आए हैं, जिसमें इंटरनेट से किसी दुकान का नंबर लेकर सामान खरीदने के बाद भुगतान किया गया तो बैंक अकाउंट से गलत तरीके से रुपये कट गए।

## स्कैम और फिशिंग साइट से ऐसे बचें

- फिशिंग साइट http से शुरू होती है और इसमें लॉक का आइकन नहीं होता। जबकि सुरक्षित वेबसाइट https से शुरू होती हैं और लॉक आइकन के साथ होती हैं। इसका मतलब है कि वेबसाइट सुरक्षित हैं।
- सबसे पहले यूआरएल की जांच करें। इस बात को सुनिश्चित कर लें कि यह असली साइट हैं।
- जब भी आपसे कोई ई-मेल पर आपकी जानकारी मांगे तो बिलकुल मत दीजिए।
- ज्यादातर उन वेबसाइट के माध्यम से ठगी की जाती है, जिनका आप पहले से उपयोग करते हैं।
- आपको कोई प्रलोभन, ऑफर दे तो झांसे में न आएं।
- अपरिचित वेबसाइट पर विजिट करने से बचें और पंजीकरण करते समय सावधान रहें।
- यूआरएल और लुक बेहद खतरनाक होता है।

*आजकल लोग किसी तरह की जानकारी पाने के लिए सबसे पहले इंटरनेट का उपयोग करते हैं। ऐसे में कई बार ऐसी गलती भी हो जाती है, जिससे बैंक अकाउंट से पैसे कटने समेत कई तरह के नुकसान की आशंका भी बनी रहती है। फेक वेबसाइट से होने वाली ठगी से बचने के लिए गूगल से क्या सर्च करें और क्या न करें, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। इस तरह के मामले सामने आने पर साइबर पुलिस अपना कार्य करती है। –**आरके भारद्वाज,** आईजी*

**शॉपिंग ऑफर से भी ठगी :** ऑनलाइन शॉपिंग ऑफर खोजना भी नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि कई फेक वेबसाइट ऑफर देने के नाम पर रुपये ठग लेती हैं। इससे बचने की जरूरत है।

# डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित रोडवेज बस, चालक की गई जान

## छावनी थाने के फूलडीह के पास औरैया डिपो की बस हुई दुर्घटनाग्रस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**विक्रमजोत।** छावनी थाना क्षेत्र के फूलडीह गांव के पास सोमवार सुबह अयोध्या लेन में आगे चल रहे वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे पीछे से आ रही औरैया डिपो की रोडवेज बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे में गंभीर रूप से घायल औरैया निवासी बस चालक और चोटिल यात्रियों को सीएचसी विक्रमजोत पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरें ने रोडवेज बस चालक को मृत घोषित कर दिया। चोटिल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे औरैया डिपो की बस यात्रियों को लेकर अयोध्या की तरफ जा रही थी। छावनी थाना क्षेत्र के फूलडीह गांव के पास बस के आगे चल रहे वाहन के चालक ने किसी वजह से अचानक ब्रेक लगा दी।



छाव्नी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर फूलडीह गांव के पास रोडवेज की बस टकराने पर परिवहन विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण। संवाद

इससे पीछे आ रही रोडवेज बस को उस वाहन से टकराने से बचाने के लिए चालक ने भी अचानक ब्रेक लगा दी, लेकिन बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बस चालक आदेश निवासी औरैया गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर फोर्स के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी विक्रमजोत चंद्रकांत पांडेय ने चालक सहित चोटिल यात्रियों को सीएचसी विक्रमजोत पहुंचाया। चौकी प्रभारी चंद्रकांत पांडेय ने बताया कि बस में चालक के अलावा परिचालक रनिया कानपुर देहात निवासी पुरुषोत्तम कुमार व 20-25 यात्री सवार थे।

इनमें कुछ लोग मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। इलाज कराकर यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। एनएचएआई कर्मचारियों की मदद से बस को हाईवे से किनारे कराकर यातायात सामान्य कराया गया।

### विभागीय अधिकारियों ने किया दुर्घटना स्थल का निरीक्षण

**सोमवार** की सुबह हाईवे पर फूलडीह गांव के सामने हुई 26 यात्री सवार रोडवेज बस दुर्घटना में 58 वर्षीय चालक आदेश कुमार की मौत होने के बाद विभाग हड़कंप मच गया। दोपहर 12 बजे परिवहन विभाग के अयोध्या रेंज के प्रधान प्रबंधक विमल राजन, एआरएम आदित्य प्रकाश, एसएम नीरज सोनकर, टीएस मुनमुन वाची की टीम ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया। दुर्घटना में हाईवे के डेंजर प्वाइंट को तत्काल ठीक कराने के लिए उच्चाधिकारियों से बात की। प्रधान प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि हाईवे पर इसी तरह के गड्ढे और डेंजर प्लेस के कारण सार्वजनिक परिवहन को बड़ी हानि होती है। आम यात्रियों को जान जोखिम में रहता है।

# शादी के लिए प्रेमी नहीं हुआ राजी तो पोखरे में कूदकर दे दी जान

## नाबालिग प्रेमी को पुलिस ने पकड़ा, आत्महत्या के लिए उकसाने में चालान, पोस्टमार्टम में छात्रा की डूबने से मौत की हुई पुष्टि

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** मुंडेरवा थानाक्षेत्र के एक गांव की छात्रा की मौत नाजुक उम्र में प्रेम संबंध का दुष्परिणाम निकली। वह अपने अंतरंग रिश्ते को शादी का जामा पहनाना चाहती थी। वह प्रेमी पर घर से भागकर शादी करने का दबाव बनाने लगी, लेकिन प्रेमी इसके लिए हिम्मत नहीं जुटा पाया। छात्रा ने जिद पकड़ ली कि अगर शादी नहीं की तो जान दे देगी।

नाबालिग प्रेमी की तरफ से अनुकूल जवाब न मिलने पर वह आपा खो बैठी। इसी अंतर्द्वंद में जूझते

### कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पोखरे में मिला था 10वीं की छात्रा का शव

हुए वह शनिवार को स्कूल जाने के लिए घर से निकली, लेकिन वहां न जाकर स्कूल के पास के पोखरे में कूद गई।

कोतवाल विनय कुमार पाठक ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को उसके नाबालिग प्रेमी को पकड़ा तो उसने सारी कहानी उगल दी। उसने बताया कि इसका उसे अनुमान नहीं था कि वह वाकई ऐसा कर बैठेगी।

ऐसे में आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में नाबालिग प्रेमी का पुलिस ने चालान कर दिया। किशोर न्यायालय से उसे बाल संप्रेक्षण गृह में भेज दिया गया।

बता दें कि मुंडेरवा थानाक्षेत्र के एक गांव की छात्रा कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर स्थित एक निजी विद्यालय में 10वीं में पढ़ती थी। रोज की तरह वह घर से साइकिल लेकर शनिवार सुबह स्कूल के लिए निकली थी।

दोपहर बाद उसकी साइकिल और स्कूल बैग दौलतपुर गांव के पोखरे के पास गांव के लोगों ने देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद छात्रा का वहां आधार कार्ड मिला। पुलिस ने उसके घर वालों को संदेश दिया कि छात्रा का बैग और साइकिल लावारिस मिली है।

परिवार के लोग पहुंचे और छात्रा की खोजबीन की जाने लगी, मगर वह कहीं नहीं मिली। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कहीं पता नहीं चला तो परिवार वालों और पुलिस को संदेह हो गया कि उसका किसी ने अपहरण कर लिया है। इस पर कोतवाली पुलिस ने छात्रा के चाचा की तहरीर पर अज्ञात पर अपहरण का केस दर्ज किया। रविवार को सुबह उसी पोखरे में उसका शव उतराया पाया गया।

### कई दिन पहले का था कपड़े पर लगा खून

**पोस्टमार्टम** के समय कपड़े पर लगा खून का धब्बा कई दिन पहले का बताया जा रहा है। रविवार को पोस्टमार्टम के दौरान खून का निशान मिलने के बाद आशंका व्यक्त की जा रही थी कि उसके साथ दुष्कर्म न हुआ हो, लेकिन पुलिस के अनुसार जांच में पाया गया कि वह धब्बा आठ-दस दिन पहले लगा था।

# रहें सावधान...सड़क पर फर्राटा भर रहे बूढ़े वाहन, दुर्घटना की आशंका

## आरटीओ ने जारी किया नोटिस, कबाड़ में न बेचने पर होगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले के विभिन्न मार्गों पर उम्र पूरी कर चुकीं 375 कामर्शियल गाड़ियां राहगीरों के लिए जानलेवा बन चुकी हैं। इनके खिलाफ आरटीओ ने नोटिस जारी कर कबाड़ में बेचने की चेतावनी दी है। ऐसा न करने पर वाहनों को सीज किया जाएगा। साथ ही, वाहन स्वामियों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

नए जमाने की वाहनों से सड़कें गुलजार रहती हैं। बावजूद इसके अब भी दशकों पुराने कामर्शियल वाहन फर्राटे भरते दिख जाते हैं। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसी सभी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का फरमान जारी किया है, जो अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं।

इस क्रम में सबसे पहले शासन के निशाने पर सरकारी विभागों के वाहन हैं। जहां शासनादेश जारी कर 30 सितंबर तक उम्र पूरी कर चुके वाहनों को कबाड़ घोषित कर नष्ट कराने का निर्देश दिया जा चुका है।

इसी क्रम में उम्र पूरी कर चुके कामर्शियल वाहनों को भी शामिल किया गया है, जो राहगीरों के लिए जानलेवा बन चुके हैं। इस तरह के जिले में 375 वाहन चिह्नित किए गए हैं। एआरटीओ ने इन वाहनों के स्वामियों को नोटिस जारी कर कबाड़ में बेचने की सलाह दी है।



बस्ती-लखनऊ मार्ग पर सवारी के इंतजार में खड़ी पुरानी जीप। संवाद

### वाहनों को कबाड़ बनाने पर 75 फीसदी तक टैक्स में छूट

**एआरटीओ** पंकज सिंह के अनुसार, उम्र पूरी कर चुके कामर्शियल वाहनों को कबाड़ घोषित करने पर पेनॉल्टी पूरी तरह से माफ करने का प्रावधान है। साथ ही, उन वाहनों पर बकाया टैक्स में 50 से 75 फीसदी छूट देने का इंतजाम शासन ने किया है। वर्तमान में पूरे प्रदेश में रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी के 32 सेंटर बनाए गए हैं। इसकी सूची परिवहन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। कोई भी वाहन जिसकी उम्र 15 अथवा 20 वर्ष पूरी हो चुकी है, वह वहां जाकर कबाड़ में बेच सकता है। वहां से सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट प्राप्त कर आरटीओ ऑफिस में जमा करने पर वाहन की पेनॉल्टी पूरी माफ हो जाएगी। 50 फीसदी बकाया टैक्स भी खत्म कर दिया जाएगा। वहीं 20 वर्ष पुराने वाहनों पर 75 फीसदी बकाया टैक्स माफ कर दिया जाएगा।

# चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज करने तक सिमटी पुलिस की भूमिका

**जासं हरैया,बस्ती:** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सेहरिया गांव में 20 अगस्त को हुई चोरी की घटना में पुलिस अब तक आगे नहीं बढ पाई है। उसकी भूमिका महज मुकदमा दर्ज करने तक सिमटी हुई है। कुल मिला जुलाकर मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

20 अगस्त की रात गिरजावती पत्नी सूर्यदेव खाना खाने के बाद घर के बाहर सोईं थी। सुबह जब वह जगीं और दरवाजा खोलने की कोशिश की तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी प्रयास के बाद दरवाजे को खोल भीतर गईं तो घर में सारे सामान बिखरे मिले। छत की सीढ़ी का दरवाजा खुला था। घर में मौजूद सामानों को चेक किया तो पता चला कि उनके सोने चांदी के जेवरात व 40 हजार रुपये गायब हैं।

उन्होंने परशुरामपुर थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने मामले में 21 अगस्त को अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। मामले की विवेचना उप निरीक्षक रामसुबास को सौंपी गई। पीड़िता को लगा कि पुलिस उनके घर में हुई चोरी की घटना का जल्द पर्दाफाश कर देगी, मगर अब तक की जो स्थिति है उसके अनुसार पुलिस के हाथ अभी भी खाली है। पुलिस अभी तक चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

# वकील बोले-अब चुभने लगी सरकार की चुप्पी

## सोमवार को 19वें दिन भी जारी रहा कार्य बहिष्कार व विरोध प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** हापुड़ घटना को लेकर अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन सोमवार को 19वें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकरियों ने कहा कि जघन्य घटनाओं पर सरकार की चुप्पी अब सबको चुभने लगी है। हापुड़ घटना के लिए सीधे तौर पर नौकरशाह जिम्मेदार हैं। उन पर कार्रवाई करने के बजाय सरकार चुप्पी साधकर मामले को और अधिक बढ़ाना चाह रही है।



न्यायालय गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री शशि प्रकाश शुक्ला ने कहा कि समाज में अधिवक्ता की पहचान न्याय दिलाने वाले व्यक्ति के रूप में है। मौजूदा सरकार की नाकामियों के चलते कुछ सालों में अधिवक्ताओं पर हमले बढ़ गए हैं। आए दिन प्रदेश में कहीं न कहीं अधिवक्ता पर हमले हो रहे हैं। अधिवक्ताओं पर हो रहे अत्याचार को देखकर आमजन भी सहम जाता है। सरकार घटनाओं के दुष्परिणाम और आमजन पर पड़ने वाले असर से अनभिज्ञ बन रही है।

पूर्व अध्यक्ष बद्री प्रसाद दुबे ने बताया कि हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए हमले के बाद भी अफसरों की जिम्मेदारी सरकार ने तय नहीं की। सरकार न तो अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करना चाहती है और न ही अधिवक्ताओं पर हो रहे अपराधों को कम करने की दिशा में कोई कदम बढ़ाना चाहती है। सिविल बार के महामंत्री शिव पूजन मिश्र ने कहा कि सरकार की चुप्पी के कारण अधिवक्ताओं में रोष है।

इस मौके पर उपेंद्र नाथ दुबे, प्रदीप पांडेय, शिवकांत तिवारी, संजीव भट्टाचार्य, कृष्ण मोहन उपाध्याय मौजूद रहे।

# सवारी उतरते समय बस चलाने पर चालक पर केस

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने सवारी उतरते अचानक बस आगे बढ़ा देने वाले चालक पर केस दर्ज किया है। घटना में युवक की मौत हो गई थी। इस संबंध में दुबौलिया थानाक्षेत्र के उभाई निवासी राज कुमारी पत्नी कोदई ने तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि 30 अगस्त को उनके पति कोदई बस्ती से प्रयागराज डिपो की रोडवेज बस से घर वापस आ रहे थे। हर्रैया थाने के संसारीपुर चौराहे पर बस रूकवाकर उतर रहे थे। अचानक बस चालक ने लापरवाही व तेजी से गाड़ी आगे बढ़ा दिया। इससे उसके पति गंभीर रूप घायल हो गए थे। संवाद

# टूटने के कगार पर थे रिश्ते, अब साथ रहने पर राजी

**बस्ती।** पारिवारिक कलह व मनमुटाव के कारण वर्षों से अलग रह रहे पति-पत्नी को पुलिस ने फिर साथ रहने के लिए राजी कराया। महिला थाने में इस तरह के विवाद के कई प्रार्थनापत्र आए थे।

इसके आधार पर महिला थाने की टीम ने सोमवार को ऐसे दंपतियों की काउंसिलिंग कराई। उन्हें और परिजनों को समझा-बुझाया, नाराजगी दूर कराई। इसके बाद सात दंपती साथ रहने के लिए राजी हो गए।

महिला थाने की एसएचओ भाग्यवती पांडेय ने बताया कि इन सभी दंपतियों के बीच किसी न किसी बात पर नाराजगी थी। उनमें एक-दूसरे के प्रति विश्वास नहीं रह गया था। उनके परिवार के लोग भी काफी हद तक उकसाते थे जिसके कारण पति-पत्नी के बीच खटास बढ़ती गई थी।

इनमें दो दंपतियों ने रिश्ता तोड़ने और केस दर्ज करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। काउंसिलिंग में पाया गया कि इनमें छोटी-छोटी बात को लेकर मनमुटाव है।

अगर इसे दूर कर दिया जाए तो इनका रिश्ता टूटने से बच सकता है। कोशिश कामयाब हुई और सात पति-पत्नी के बीच आई खटास दूर कराई गई। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2023

# दिल्ली गये युवक की छत से गिरकर मौत

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भारतभारी निवासी प्रदीप गौड़ उम्र 35 वर्ष पुत्र ष्णा की दिल्ली में छत से गिरकर मौत हो गई। अभी एक हफ्ते पहले प्रदीप दिल्ली में काम करने गया था गांव के कुछ और लड़के साथ में काम कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात दिल्ली में सब लोग खाना खाकर छत पर सो गए थे। शनिवार की सुबह जब लोगों ने छत पर प्रदीप को नहीं देखा तो खोजना शुरू किया लोगों ने देखा कि प्रदीप गिरकर गली में पड़ा हुआ है और मौके पर ही मौत हो चुकी है। गांव के लोगों ने घर पर फोन से सूचना दी सूचना मिलते ही गांव पर कोहराम मच गया। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। सोमवार की सुबह प्रदीप की लाश पैतृक निवास भारत भारी पहुंची है। लाश के गांव में पहुंचते ही पूरे गांव में मातम छा गया। मृतक प्रदीप तीन बच्चों का पिता है। थाना अध्यक्ष मुकेश राय ने बताया की सूचना है किसी प्रकार की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नहर में बहता मिला महिला का शव

**पथरा बाजार (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया खुर्द में स्थित सरयू नहर की पुलिया के पश्चिम में एक अज्ञात महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में पानी में उतराता हुआ मिला है। देखने में मृतका लगभग 32 बर्ष की लग रही थी । घटना की सूचना फैलते ही आसपास के लोग वहां एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को



कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। सोमवार सुबह 9 बजे सरयू नहर शाखा की पटरी से कुछ राहगीर गुजर रहे रहे थे। अचानक उनकी नजर नहर में बह रहे शव पर पड़ी। तत्काल उन्होंने पुलिस को सूचना दिया। महिला के शव के हाथ में टैटू गुदे थे, जिस पर अंग्रेजी में रंजीत लिखा था। पेटीकोट और ब्लाउज शरीर पर थे, किंतु साड़ी नहीं थी। मांग में सिंदूर व कान व नाक में आभूषण भी थे। थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव 10-12 घंटे पूर्व का लग रहा है। आस पास के थानों में पहचान हेतु सूचना दे दी गई है, हम अपने क्षेत्र में भी आरक्षियों के माध्यम से पहचान करवा रहे हैं। फिलहाल अभी तक शिनाख्त नहीं हो पायी है। लाश को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# पाक्सो ऐक्ट व दुष्कर्म के तहत आरोपी गिरफ्तार

इटवा (एसएनबी) ।स्थानीय पुलिस ने पोक्सो व दुष्कर्म के आरोपी को सोमवार की सुबह इटवा कस्बे से गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया है। उक्त जानकारी प्रभारी निरीक्षक इटवा संतोष कुमार तिवारी ने दी है। उन्होंने बताया कि उपनिरीक्षक राजेश कुमार पांडेय व कांस्टेबल कर्मवीर सिंह ने अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र राम यज्ञ निवासी सिधारी बाजार खंडासा औयोध्या को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करके न्यायालय भेज दिया है।

# नहर में बहता मिला महिला का शव

**गुत्थी**

**35** वर्ष के आसपास बताई जा रही है नहर में मिली महिला की उम्र

- पथरा बाजार क्षेत्र के कम्हरिया खुर्द गांव के पास का मामला

**पथरा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** पथरा बाजार थाना क्षेत्र के कम्हरिया खुर्द गांव में स्थित सरयू नहर की पुलिया के पास एक अज्ञात महिला का शव अर्धनग्न हाल में पानी में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के कम्हरिया खुर्द गांव के पास सोमवार की सुबह आठ बजे एक बाइक सवार राहगीर नहर की पटरी से गुजर रहा था। अचानक उसकी नजर नहर में शव पर पड़ी। उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर से शव को बाहर निकलवा कर कब्जे में ले लिया। महिला की उम्र 35 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। उसके हाथ में टैटू गुदे हैं। उस पर अंग्रेजी में रंजीत लिखा था।



पथरा बाजार थाना क्षेत्र के कम्हरिया खुर्द गांव के पास सरयू नहर में शव मिलने की सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मी। • हिन्दुस्तान

पेटीकोट व ब्लाउज शरीर पर था, साड़ी नहीं थी, मांग में सिंदूर व कान व नाक में आभूषण भी थे। थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव 10-12 घंटे पूर्व का लग रहा है। आसपास के थानों में पहचान के लिए सूचना दे दी गई है। शिनाख्त कराने की कोशिश हो रही है पर अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

शोहरतगढ़। ढेबरुआ पुलिस ने सोमवार को दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

एसआई सभाशंकर यादव ने बताया कि क्षेत्र के जिनिहवा गांव निवासी रियाज खान पुत्र इसरार अहमद पर पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज था।

### एसपी ने सीओ को प्रकरण की जांच सौंपते हुए सभी बिंदुओं पर गहनता से अवलोकन करने का दिया निर्देश

# पाक्सो हटाने के मामले में सख्त हुए एसपी

**फॉलोअप**

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। शोहरतगढ़ कस्बे के एक वार्ड में किशोरी से छेड़खानी होने के बाद पाक्सो हटाने के मामले पर एसपी सख्त हो गए हैं। एसपी ने शोहरतगढ़ सीओ को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। पीड़िता की मां ने एसपी समेत अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई थी। एसपी ने मामले पर सीओ को गहनता से परीक्षण कर जांच आख्या देने का निर्देश दिया है।

शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के एक वार्ड निवासी पीड़िता की मां ने 22 अगस्त को एसपी को प्रार्थना पत्र भेजते हुए बताई थी कि कस्बे के वार्ड नंबर 10 गांधीनगर निवासी जग्गू उर्फ ताज मोहम्मद पुत्र रमजान दो अगस्त की रात घर में बेटी को अकेला देख घुसकर छेड़खानी कर रहा था। इस मामले में शोहरतगढ़ पुलिस ने तीन अगस्त को आरोपित के विरुद्ध 452, 354 (क) व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज की थी लेकिन कुछ ही घंटे बाद पुलिस ने पाक्सो की धारा हटा दी।

- शोहरतगढ़ क्षेत्र के एक वार्ड में किशोरी से छेड़खानी में पाक्सो हटाने का मामला
- पीड़िता की मां ने एसपी समेत अन्य उच्चधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार

> शोहरतगढ़ क्षेत्र के छेड़खानी के मामले में सीओ को जांच सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे निर्णय लिया जाएगा।
>
> -अभिषेक कुमार अग्रवाल, एसपी

> पुलिस आरोपित पर पाक्सो लगाने के बाद धारा नहीं हटा सकती है। छेड़खानी के मामले में एक रिजल्ट (छेड़छाड़ वाले से) से पीड़िता बालिग है, दूसरे से नाबालिग है और मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में भी पीड़िता नाबालिग है तो पीड़िता को नाबालिग ही माना जाएगा। इस तरह के मामले पर बाल कल्याण समिति का सुझाव व न्यायालय का निर्णय मान्य होता है। न्यायालय तय करता है कि आरोपित पर पाक्सो लगा रहेगा या हटेगा।
>
> संजय कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता

आरोपित 10 अगस्त को पति से मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाया। इस दौरान अपशब्दों का प्रयोग करते हुए घर से बेटी को उठा ले जाने की धमकी दी। आरोपित कह रहा है कि मुकदमा लिखवाकर कुछ नहीं कर पाओगी। 11 अगस्त को इस मामले की शिकायत करने पर पुलिस ने जग्गू उर्फ ताज मोहम्मद के विरुद्ध 504 व 506 में कार्रवाई करते हुए पाबंद कर दिया, बावजूद रोजाना घर पर आकर आरोपित धमका रहा है। इससे परिवार डरा हुआ है।

पीड़िता के इस मामले का एसपी ने संज्ञान लेते हुए प्रकरण पर जांच बैठा दी है। इसके बाद से मामले में लापरवाही बरते लोगों के कान खड़े हो गए हैं।

## पाक्सो हटाने में की तेजी बचाव को खोज रहे साक्ष्य

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के एक वार्ड में किशोरी से छेड़खानी होने के बाद पाक्सो लगाना और कुछ ही घंटे बाद धारा हटाना पुलिस के गले की फांस बन गई है। एसपी की ओर से मामले पर संज्ञान लेते ही जांच अधिकारी एसआई शेषनाथ यादव अपने बचाव में दस्तावेज तलाशने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को जांच अधिकारी दो विद्यालयों पर पहुंच कर कुछ दस्तावेज सहेज कर अपने साथ ले गए।

जांच अधिकारी सोमवार को सबसे पहले कंपोजिट विद्यालय नीबी दोहनी गांव पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक मो. रफीक से संपर्क कर पीड़िता के संदर्भ में रिकार्ड की जानकारी मांगी। प्रधानाध्यापक ने प्रभार न होने की जानकारी देकर रिकार्ड देने से मना कर दिया।

बीईओ संतोष कुमार शुक्ल के निर्देश पर प्रधानाध्यापक ने एसआई को बताया कि पीड़ित छात्रा गृह प्रवेश शिक्षा के आधार पर विद्यालय में पढ़ाई कर रही थी। इसका उन्होंने लिखित कागजात एसआई को उपलब्ध कराया। इसके बाद जांच अधिकारी कृष्णा शिशु विद्यालय जूनियर हाईस्कूल पहुंचे। यहां प्रधानाचार्य योगेश चंद्र शुक्ल से छात्रा की पढ़ाई के संदर्भ में जानकारी मांगी। उन्होंने छात्रा की जन्मतिथि, स्थानांतरण प्रमाणपत्र समेत अन्य कागजात उपलब्ध करा दिया है।

- कस्बे के दो विद्यालयों पर पहुंचकर जांच अधिकारी ने सहेजे दस्तावेज
- पाक्सो की धारा लगाने के बाद हटाना बना पुलिस के गले की फांस

# शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने निकाला रूट मार्च

सिद्धार्थनगर। गणेश पूजा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार शाम को थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर तहसीलदार सिंह के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने नगर पंचायत बिस्कोहर के विभिन्न मार्गों पर मार्च किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिस्कोहर कस्बा सहित कई स्थानों पर गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश मूर्तियों की स्थापना की गई है। चौकी प्रभारी बिस्कोहर राकेश कुमार त्रिपाठी ने क्षेत्र के गणेश पूजा के आयोजकों से शांति व सौहार्द पूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर मुख्य आरक्षी कुंज बिहारी तिवारी, शिवाकांत यादव, आरक्षी अर्जुन यादव, अजय यादव, आशीष मौर्य आदि मौजूद रहे। संवाद

# पुलिस ने की जांच

सिद्धार्थनगर। जिला पुलिस ने सोमवार को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन जांच की। पुलिस कर्मियों ने बैंकों, पेट्रोल पंपों, ग्राहक सेवा केंद्र व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं व स्थानों की जांच की। चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।

# चौकी इंचार्ज के खिलाफ प्राथमिक शिक्षक संघ लामबंद

- गौराबाजार के अध्यापकों के साथ हुई अभद्रता का मामला
- कार्रवाई की मांग को लेकर शुरू हुआ हस्ताक्षर अभियान

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर** : गौरा बाजार प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों को चोरी के मामले में पूरे दिन चौकी पर बिठाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ डुमरियागंज इकाई ने इसे शिक्षकों के मान भंग करने का मामला मानते हुए हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया है। अध्यापकों का संयुक्त हस्ताक्षर पत्र एसपी को सौंपकर कार्रवाई की मांग होगी।

डुमरियागंज प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि शाहपुर पुलिस चौकी प्रभारी ने शिक्षकों के साथ अभद्रता की। स्कूल में हुई चोरी के मामले में तहरीर देने पर पूरे विद्यालय परिवार को लाकर चौकी पर दिन भर बिठाना निंदनीय है। अध्यापकों से अगर पूछताछ की जरूरत थी तो वो स्कूल में भी हो सकती थी। ऐसा न करने से बच्चे परीक्षा देने से वंचित हो गए। यह पूरी तरह से मनमानी है जिसके लिए चौकी इंचार्ज शाहपुर दोषी हैं। उनके खिलाफ जांच व निलंबन की कार्रवाई के लिए संगठन संयुक्त हस्ताक्षर अभियान शुरू कर रहा है।

# रख रखाव न होने से खराब हो गए सीसी कैमरे

**जागरण संवाददाता, सकारपार, सिद्धार्थनगर** : विभिन्न चौराहों पर सीसी कैमरे लगवाने में पुलिस प्रशासन बेहद मुस्तैदी तो दिखाता है, पर लगने के बाद उसके रख रखाव के प्रति वह लापरवाह हो जाते हैं। खेसरहा थाना के सकारपार चौकी क्षेत्र स्थित सकारपार व पेड़ारी चौराहे पर लगे पांच-पांच सीसी कैमरे खराब हो निष्प्रयोज्य साबित हो रहे हैं।

सभी के तार टूट कर नीचे झूल रहे हैं। आपराधिक घटनाओं की आसानी से जानकारी व उसके रोकथाम के लिए प्रत्येक थाना क्षेत्र में जन सहयोग के माध्यम से पुलिस ने सीसी कैमरों को लगवाने का अभियान चला रखा है।

इससे पुलिस प्रशासन को आपराधिक घटनाओं की त्वरित जानकारी भी मिल जा रही है। सकारपार, पेड़ारी चौराहे पर सुरक्षा की दृष्टि से लगभग एक वर्ष पूर्व ही पांच कैमरों को लगवाया गया था। सकारपार चौराहे पर लगे सीसी कैमरे के कनेक्शन के तार लगने के कुछ माह बाद ही टूट गया जो अभी तक सही नहीं हुआ। इस संबंध में सकारपार चौकी प्रभारी रमेश कुमार साहनी ने बताया कि चौराहे पर बंदरों का आतंक है। उनके द्वारा सीसी कैमरों का केवल काट दिया जाता है। अक्सर इसे ठीक कराया जाता है। कुछ ही दिन में फिर खराब हो जाता है।

# शौच के लिए गई युवती तालाब में डूबी

जासं, बढ़या, सिद्धार्थनगर : मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बिड़रा गांव निवासी एक युवती की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। वह शौच के लिए गई कि अचानक पैर फिसल गया। गांव निवासी 29 वर्षीय रागिनी पुत्री राधेश्याम मानसिक रोग से ग्रस्त थी।

सोमवार दोपहर में शौच के लिए घर से बाहर गई थी। आसपास के लोगों ने देखा तो शोर मचाया। जब तक उसे पानी से बाहर निकाला जाता, उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि कि पानी में डूबने एक एक युवती की मृत्यु हुई है।

# महिला पुलिस ने छात्राओं को दिए सुरक्षा के टिप्स



पूर्व माध्यमिक विद्यालय बभनी में जानकारी देती महिला पुलिस। विज्ञप्ति

सिद्धार्थनगर। ग्राम पंचायत बभनी गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को त्रिलोकपुर पुलिस की ओर से मिशन शक्ति के तहत जागरुकता चौपाल का आयोजन किया गया। महिला आरक्षी प्रीति ने छात्राओं से कहा कि वे किसी भी अप्रिय घटना पर चुप्पी न साधें, क्योंकि उनकी चुप्पी भविष्य में बड़ी घटना का कारण बन सकती हैं। आरक्षी उर्मिला ने छात्राओं को कानून की जानकारी देते हुए हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076, 1098 व अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 को नोट कराया। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** इटवा पुलिस ने पांच माह पूर्व एक गांव की नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सोमवार को जेल भेज दिया है। आरोपी अयोध्या जिले का निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पांच माह पूर्व इटवा थाने में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दर्ज मुकदमे के एक आरोपी की खोज में इटवा पुलिस लगी हुई थी। सोमवार को सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति सीएचसी इटवा के परिसर में नेपाल जाने के लिए खड़ा है। उपनिरीक्षक राजेश पांडेय व आरक्षी कर्मवीर सिंह ने बगैर देर किए मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। संवाद

# 16 लोगों की गवाही से उठेगा हत्याकांड से पर्दा

## डेढ़ वर्षीय बेटे के हत्यारोपी पति व सास को सजा दिलाने के लिए मुकदमा लड़ रही हैं शीला

**नहरी हत्याकांड**

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** शोहतगढ़ थाना क्षेत्र के नहरी गांव में डेढ़ वर्षीय बेटे की हत्या के मामले में 18 लोगों की गवाही होनी है। उसके बाद हत्याकांड से पर्दा उठ जाएगा।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नहरी गांव निवासी शीला का आरोप है कि 23 अप्रैल 2022 उसके पति और सास ने मिलकर डेढ़ वर्षीय बेटे को पटक कर मार डाला था। ट्रायल शुरू हो गया है। उसकी गवाही हो चुकी है। अन्य गवाहों को पेश होने के लिए न्यायालय की ओर से सम्मन जारी किया जा रहा है। उम्मीद है कि सभी पक्षों को सुनने और साक्ष्यों को देखने के बाद फैसला आ जाए। इस उम्मीद में मृतक की मां और उसके ननिहाल वाले आस लगाए हुए हैं।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नहरी गांव में 23 अप्रैल को डेढ़ वर्षीय राजकुमार की उसके पिता पिंटू और सास चंद्रमती ने हत्या कर दी थी। ऐसा मृतक की मां शीला ने आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। इस मामले में शोहरतगढ़ पुलिस ने सास के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके दोनों को जेल भिजवा दिया था। मौजूदा समय में दोनों जेल में बंद हैं। मामले की विवेचना करके पुलिस ने साक्ष्य के साथ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी।

शासकीय अधिवक्ता के मुताबिक, मुकदमे में 16 गवाह हैं। दिवंगत बच्चे की मां शीला की गवाही हो चुकी है। बच्चे की नानी की गवाही लगी है। इसके अलावा न्यायालय की ओर से गवाहों को समन जारी किया जा रहा है। गवाहों के बयान और साक्ष्य को देखने के बाद फैसला आएगा। वहीं, मृतक बच्चे के ननिहाल के लोग और मां हत्यारोपी पति और सास को सजा मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

**यह है घटना :** 23 अप्रैल 2022 को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नहरी गांव की शीला देवी पत्नी पिंटू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी सास चंद्रमती मुझसे बार-बार झगड़ा करती थीं।

जब से मेरा बेटा जन्म लिया तभी से झगड़े दौरान उसे मार डालने की बात कहा करती थीं। एक दिन बेटे को दांत से काट लिया था और गला दबाने की कोशिश कर रही थीं।

उसके बाद वह अपने मायके परिगवां चली गई थी। उसके पति पिंटू भी अपनी मां चंद्रमती की तरफ रहता था। उनके इशारे पर उसे मरता था। 23 अप्रैल 2022 की भोर में चार बजे वह ननद उषा के साथ टहलने गई थी। कुछ देर बाद घर पहुंची तो देखा कि पति पिंटू व सास चंद्रमती मेरे बेटे राजकुमार को पटक रही थीं और पैर गला दबा रही थीं। जैसे वह दौड़कर अपने बच्चे को बचाने गई तभी मेरी सास ने बच्चे को पटक कर मार डाला। उसके बाद वह रोने-बिलखने लगी।

उसने घटना की जानकारी अपने मायके दी। वहीं रोने-बिलखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करके दोनों को गिरफ्तार के जेल भिजवा दिया था।

**पांच बेटियों को जायदाद देना चाहती थी सास :** पति दयाराम की मृत्यु के बाद चंद्रमती अपनी जायदाद पांच बेटियों को देना चाहती थीं। दयाराम अपने जीवन काल में ही चार बेटियों और पुत्र पिंटू की शादी कर दी थी। एक बेटी उषा ही बची थी शादी के लिए। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि पिंटू नशे का आदी हो चुका था। इसी वजह से उसकी मां ने पूरे घर में अपना धौंस जमा रखा था। पिंटू भी अपनी मां की तरफदारी करता था।

दोनों की राय थी कि बेटे की हत्या कर देंगे तो शीला को घर से निकालने में आसानी हो जाएगी। दूसरी शादी भी कर देंगे। इसी वजह से कत्ल कर दिया। पोते की हत्या कर दी और बेटे के साथ मां जेल चली गई। पिंटू भी अपनी मां का इकलौता चिराग है।

**अमर उजाला फॉलोअप**

**पति व सास के जेल जाने के बाद मायके में रहकर करती हैं मुकदमे की पैरवी**

**शीला बोलीं**



बेटे राजकुमार की हत्या के बाद शीला अपने मायके परिगवां में रह रही हैं। वह सप्ताह में एक बार नहरी आती हैं। कारण कि पति और सास जेल चले गए। ननद की शादी हो गई। ऐसे में घर पर कोई नहीं है, इसलिए वह आती-जाती हैं। शीला से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि जब बेटा ही नहीं रहा तो पति से क्या उम्मीद करूं। वह तो हमेशा पीटता था। घर से निकालने के लिए अपने ही डेढ़ वर्ष के बेटे को मार डाला। उसे जरा भी दया नहीं आई। पति और सास को सजा दिलाना ही जीवन का उद्देश्य हो गया है।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नहरी गांव में 23 अप्रैल 2022 में हुई बच्चे की हत्या के मामले में ट्रायल शुरू हो गया है। मां की गवाही हो चुकी है। अन्य गवाहों को समन भेजा जा रहा है। हड़ताल के चलते अन्य की गवाही नहीं हो पाई, जल्द ही गवाही होगी और मामला आगे बढ़ेगा। **-राजेश कुमार त्रिपाठी,** शासकीय अधिवक्ता न्यायालय सिद्धार्थनगर

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को किया गिरफ्तार

जासं, इटवा : इटवा पुलिस ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोपित को इटवा कस्बे से गिरफ्तार किया। जो काफी दिनों फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद अयोध्या के थाना खंडासा अंतर्गत सिधारी बाजार पाकड़पुर निवासी बृजेश कुमार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना में आरोपित था। इस मामले में 15 अप्रैल 2023 को स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2023

# शांतिभंग की आशंका में 11 लोगों को दबोचा

जासं, संतकबीर नगर: पुलिस ने सोमवार को शांतिभंग की आशंका में 11 लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने सात, महुली पुलिस ने तीन व बखिरा पुलिस ने एक आरोपित को दबोचा है। ये लोग पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस इनके गांव में पहुंची। (विज्ञप्ति)

# औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही प्रदेश सरकार

- उद्यम की स्थापना से लेकर उत्पादन, मार्केटिंग में प्रशासन करेगा मदद : डीएम
- विश्वकर्मा जयंती के अवसर कार्यक्रम आयोजित किया जाना अच्छी पहल :एसपी

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करके औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। उपस्थित निवेशकों व अन्य उद्यमियों प्रशासनिक स्तर से भरपूर मदद किया जाएगा। जिससे उन्हें कोई परेशानी नहीं होने पाएगी। उनकी समस्याओं का अविलंब निस्तारण कराया जाएगा।

उन्होंने यह बातें रविवार को देर शाम विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही। खलीलाबाद शहर स्थित एक होटल में हुए इस कार्यक्रम में आइजी आरके भारद्वाज ने कहा कि कानून व्यवस्था में सुधार होने से उद्यमियों को काफी राहत मिली है। किसी उद्यमी को असामाजिक तत्वों से परेशान किए जाने की सूचना मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दक्षिणी भारत, महाराष्ट्र की तरह प्रदेश में भी उद्योगों का सृजन हो रहा है। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि उद्यम की स्थापना से लेकर उत्पादन, मार्केटिंग में किसी भी समस्या का निस्तारण किया जाएगा।

भूमि व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाना अच्छी पहल है।

इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश, सीडीओ संत कुमार, विनोद रूंगटा, नितिन जालान, महेश रूंगटा, अरविंद पाठक, सर्वदानंद पाण्डेय, अवनीश अवस्थी, घनश्याम दास गोयल, विक्रम अग्रवाल, रामकुमार सिंह, अनुराग सिंह, सुधांशु सिंह, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे। (विज्ञप्ति)




शहर के एक होटल में उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंच पर मौजूद दाएं से डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता , मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, आइजी आरके भारद्वाज • फोटो सूचना विभाग

# फरार चल रहे एक वारंटी को भेजा जेल

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी मोहम्मदपुर कठार गांव निवासी सुग्रीव कुमार को सोमवार को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया। मगहर पुलिस चौकी के प्रभारी रजनीश राय ने कहा कि सूचना मिलने पर वह अपने सहयोगी आरक्षी सुमित राय व हरिश्चंद्र यादव के साथ दबिश दिए। यह व्यक्ति नोटिस जारी होने पर भी कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। (विज्ञप्ति)

# पुलिस की वर्दी में भी तराश रहे बच्चों का भविष्य

**जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर :** मेंहदावल के थानेदार विजय कुमार दुबे थाने की सफलतापूर्वक कमान संभालने के अलावा इंटर तक के बच्चों को निश्शुल्क आनलाइन शिक्षा भी देते हैं। समय निकालकर समय-समय पर स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाते भी हैं। इसके अलावा इंटरनेट मीडिया के (यूट्यूब) पर पुलिस वाला ट्विटर, ईच वन टीच वन चैनल के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर वीडियो बनाकर बच्चों को शिक्षित भी करते हैं। वर्तमान में इनके यूट्यूब चैनल पर दो हजार से अधिक सब्सक्राइबर हैं। गणित से परास्नातक हैं।

विजय दुबे को बीस दिन पूर्व मेंहदावल थाने की कमान मिली थी। इस बीच बड़ौदा यूपी बैंक में चोरी का प्रयास हुआ था। 24 घंटे के भीतर मामले का पर्दाफाश कर आरोपित को जेल भेज दिया। इसके अलावा अभी तक दहेज हत्या, दुष्कर्म सहित कुछ



आनलाइन क्लास में बच्चों को पढ़ाते मेंहदावल के थाना प्रभारी विजय कुमार दुबे • फोटो इंटरनेट मीडिया।

- **आनलाइन क्लास के माध्यम से देते हैं इंटर तक की शिक्षा**
- **मेंहदावल थाने पर थानेदार के रूप में तैनात हैं विजय कुमार दुबे**

अन्य मामलों में वांछित चल रहे सात आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुके हैं।

पुलिस विभाग द्वारा जोन स्तर पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में पिछले दस वर्षों में इन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। अपने अच्छे कामों के चलते राज्यपाल के हाथों सम्मानित भी हो चुके हैं। इन्होंने पुलिस अकादमी गोरखपुर व बरेली में पुलिस कर्मियों को सात वर्षों तक प्रशिक्षण भी दिया है।

**कोरोना काल में शुरू की शिक्षा देने की मुहिम:** वर्ष 2021 में कोरोना काल के समय में जब ज्यादातर शैक्षणिक संस्थानों पर ताला लग गया था, उसी समय इनके मन में बच्चों को आनलाइन क्लास के माध्यम से शिक्षित करने का बीड़ा उठाया। यह गोरखपुर में अपने घर पर पहले बच्चों को आनलाइन क्लास के माध्यम से शिक्षा देते थे। इसके साथ ही अपने विभिन्न तैनाती स्थलों पर भी यह बच्चों को शिक्षा देने के अलावा यूट्यूब पर वीडियो बनाकर विभिन्न विषयों पर बच्चों को शिक्षित व जागरूक करते हैं। गणित के अलावा विज्ञान विषय पर इनकी अच्छी पकड़ है।

# लूट की फर्जी सूचना पर घंटों परेशान रही पुलिस

**जासं, बघौली, संतकबीर नगर:** बखिरा थाना के कोपिया स्थित शिव मंदिर के निकट सवा लाख रुपये के लूट की सूचना मिलने पर सोमवार को बखिरा सहित कई थाने की पुलिस घंटों परेशान रही। जांच के बाद पता चला की लूट की घटना फर्जी है। मारपीट का मामला है।

बखिरा थाना के भगवानपुर गांव निवासी नसीम पुत्र सादिक ने सोमवार को यूपी-112 को सूचना दी। उन्होंने कहा कि वह सोमवार को कोपिया स्थित बैंक आफ बड़ौदा की शाखा से पैसा निकालकर वापस बखिरा आ रहे थे। वह कोपिया स्थित शिव मंदिर के पास पहुंचे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उसे मारपीट कर उनसे एक लाख 20 हजार रुपये लूट लिए। मोटरसाइकिल भी ले ली। इसके बाद फरार हो गए। दिनदहाड़े लूट की सूचना पाकर तत्काल पुलिस हरकत में आ गयी।

बखिरा के अलावा कई थाने की पुलिस ने इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी। जांच में लूट की घटना झूठी निकली। कुछ युवकों द्वारा सूचना देने वाले को मारने-पीटने की बात सामने आई। मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस फर्जी लूट की सूचना देने वाले युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया की सूचना देने वाले युवक का छह माह पूर्व उसके गांव के कुछ युवकों से विवाद हुआ था। उसी को लेकर झगड़ा हुआ है।

# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**संतकबीरनगर।** बखिरा क्षेत्र के एक गांव की रहनी वाली युवती के घर में घुसकर पडोस गांव के युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता की बड़ी बहन से छेड़खानी की और उसकी मां की पिटाई कर दी। मोबाइल पर अश्लील संदेश भेजा और जानमाल की धमकी दी। ऐसा आरोप लगाकर पीड़ित बड़ी बहन ने रविवार देर शाम आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया। इस मामले का आरोपी अभी पकड़ा नहीं जा सका है। एसओ श्याम मोहन ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी पकड़ लिया जाएगा। संवाद

# उद्यमियों की समस्याएं होंगी दूर : कमिश्नर

## उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव एवं उद्यमी निवेशक सम्मेलन हुआ

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। रविवार देर शाम शहर के डीघा बाईपास स्थित एक होटल में उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव एवं उद्यमी निवेशक सम्मेलन हुआ। जिसमें शासन की ओर से उद्यमियों को दी जाने वाली सुविधाएं और उनकी समस्याओं पर चर्चा हुई।

बस्ती मंडल के कमिश्नर अखिलेश सिंह ने कहा कि उद्यमियों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने पाएंगी। सरकार की योजना के अनुसार निवेशकों के लिए अनेक प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं।

औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद की समस्याओं को शीघ्र दूर कराया जाएगा। सड़क, बिजली एवं जल निकासी की समस्या को दूर करानें के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिससे उद्यमियों को कोई असुविधा न हो।



डीघा स्थित एक होटल में आयोजित उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के वार्षिकोत्य को संबोधित करते वक्ता। संवाद

आईजी आरके भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के सुधार से उद्यमी एवं निवेशकों को काफी सहूलियतें मिली हैं, फिर भी किसी उद्यमी को किसी असामाजिक तत्वों से किसी भी प्रकार की कोई परेशानी हो रही हो बेझिझक बता सकता है।

आज प्रदेश में माफिया का सफाया हो जाने से उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली बंद हो हुई है। जिससे उद्यमियों को भय मुक्त हो कर अपना उद्यम चलाना चाहिए।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि इस जनपद के विकास के लिए जो भी जरूरी होगा, उसको पूरा किया जाएगा। जिले में उद्यमियों को उद्यम लगाने और चलाने में कोई परेशानी नही आने दी जाएगी।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि उद्यमियों को सुरक्षा के लिए पुलिस तत्पर है। एडीएम जय प्रकाश एवं सीडीओ संत कुमार ने भी उद्यमियों को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया।

उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद पाठक ने औद्योगिक विकास के लिए पिछले साल किए गए कार्यों का ब्यौरा तथा अगले वर्ष के लिए गए संकल्पों की घोषणा किया।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग राज कुमार शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा एससी पांडेय, नितीन जालान, विनय मिश्रा, आरके सिंह,घनश्याम दास गोयल, विनोद रुंगटा और सर्वदानंद पांडेय आदि उपस्थित थे।

# अपहृत किशोरियों को खोजेगी स्पेशल टीम

## एसपी ने किया गठन, जनवरी से अब तक अपहृत 22 किशोरियों का नहीं चल सका है पता

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई का दावा तो पुलिस करती है, लेकिन हकीकत इससे अलग है। जनवरी से लेकर अब तक अपहृत हुई 22 किशोरियों का पुलिस पता नहीं लगा सकी है। कोई न कोई पीड़ित परिजन हर रोज पुलिस कार्यालय फरियाद लेकर पहुंच रहे है। एसपी ने इसे गंभीरता से लिया है और अपहृत किशोरियों को ढूंढने के लिए स्पेशल टीम गठित की है।

**ढूंढने की गुहार लगाने पुलिस कार्यालय पहुंचते हैं परिजन**

एसपी ने थानेवार अपहृत हुई ऐसी किशोरियां जो अभी तक ढूंढी नहीं जा सकी हैं। उन्हें चिह्नित कराया है। इसमें खलीलाबाद और धनघटा में पांच-पांच किशोरियां अभी तक नहीं मिली है। जबकि दुधारा में दो, महुली में चार, मेंहदावल में तीन, बखिरा, बेलहर कला और धर्मसिंहवा में एक-एक किशोरियों का पता नहीं चला है। एसपी ने थाने स्तर से स्पेशल टीम गठित की है। इसमें सर्विलांस सेल भी लगाया है। किशोरियों अथवा आरोपी के मोबाइल नंबर को ट्रेस करने का काम शुरू कराया है। पुराने मोबाइल अथवा सिम जो भी काम कर रहे हैं, उसके जरिए लोकेशन ट्रेस करके वहां पुलिस टीम को भेजने का निर्देश दिया है। इसमें पीड़ित परिजन का भी सहयोग लेकर तलाश की जाएगी। आरोपियों के परिजन और उसके सगे संबंधियों से पूछताछ करने का निर्देश दिया है।

### कोतवाली क्षेत्र से लापता है किशोरी

**केस 1** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली आठ साल की बालिका नौ मई 2023 से लापता है। पीड़ित मां ने अज्ञात के खिलाफ बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का केस दर्ज कराया है। पुलिस अभी तक यह पता नहीं लगा पाई कि आरोपी कौन है। पीड़ित मां ने बताया कि कई बार कोतवाली और एसपी कार्यालय जा चुकी है और बेटी को ढूंढने की गुहार लगा चुकी है। बेटी कहां है, किस हाल में है, यह सोचने से मन घबरा जाता है।

### बहला-फुसलाकर भगा ले गया शोहदा

**केस 2** दुधारा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 साल की किशोरी आठ मार्च 2023 से लापता है। पिता ने अज्ञात के खिलाफ बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी को चिन्हित कर ली है,लेकिन अभी तक न तो किशोरी मिली है और न आरोपी। पीड़ित पिता का कहना है कि कई बार एसओ,सीओ और एसपी से मिल चुके है, लेकिन अभी तक बेटी का पता नहीं चला है।

### 25 अप्रैल से लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग

**केस 3** महुली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी 25 अप्रैल से लापता है। परिजन नाते-रिश्तेदारों के वहां तलाश के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराए। पुलिस अभी तक किशोरी के बारे में जानकारी नहीं कर पाई है। पीड़ित पिता ने बताया कि बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंता है। समाज में बदनामी तो हो गई। बेटी के नही मिलने से मन दुखी रहता है। कई बार थाने से लगायत पुलिस कार्यालय का चक्कर काट चुके हैं।

### आला अफसरों तक लगाई फरियाद

**केस 4** मेंहदावल क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी सात फरवरी 2023 से लापता है। पीड़ित पिता ने गोरखपुर के रहने वाले आरोपी युवक और बेटी को भगाने में सहयोग करने वाली गांव की महिला के खिलाफ केस दर्ज कराया है। अभी तक पुलिस इस मामले में कोई सफलता नहीं पाई है। पीड़ित पिता का कहना है कि मेंहदावल थाने से लेकर सीओ और एससपी,एएसपी तक फरियाद कर चुके है, लेकिन बेटी का पता नहीं चला।

*मोबाइल शौक बन गया है। हर कोई स्मार्ट मोबाइल का प्रयोग कर रहा है। अभिभावकों को अपने काम में इतनी व्यस्तता है कि अपने पाल्यों की ओर ध्यान नहीं देते है। जिसकी वजह से किशोर-किशोरियां गलत कदम उठा ले रहे हैं। संयुक्त परिवार में अनुशासन होता था, लेकिन एकल परिवार में यह सब समाप्त हो चुका है। संस्कार की कमी आ रही है। इसी वजह से किशोर-किशोरी बहक रहे है और घर से भाग जा रहे हैं।* - **डॉक्टर मंजू मिश्रा, मनोवैज्ञानिक**

*अपहृत किशोरियों की तलाश के लिए थाने स्तर से स्पेशल टीम लगाई गई है। इसमें सर्विलांस सेल भी सहयोग करेगी। जहां कहीं किशोरियों का लोकेशन मिलेगा, वहाँ पुलिस टीमें भेजी जाएगी। उम्मीद है कि जल्द ही अपहृत किशोरियों का पता लगाकर पुलिस उन्हें ढूंढ निकालेगी।*
**- सत्यजीत गुप्ता, एसपी**

# मनबढ़ों ने युवक को पीटा

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के बालूशासन पुल पर चार लोगों ने एक युवक को रोक लिया और उसकी पिटाई कर दी। करैली निवासी मोहम्मद समीम पुत्र अब्दुल गनी का आरोप है कि 13 सितंबर को चार लोग उसे बालूशासन पुल पर रोक लिए। आरोप है कि लोग उसे मारने-पीटने लगे और जान से मारने की धमकी भी दी। उसने दो लोगों को पहचान लिया, जो उसके गांव के विनोद गुप्ता और मुकेश थे। घटनास्थल पर काफी लोग जुट गए। एसएआई हरिकेश भारती ने बताया कि विनोद गुप्ता व मुकेश समेत चार के खिलाफ मारपीट, अपशब्द बोलने और जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज किया गया है। संवाद

# दस लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** धनघटा पुलिस ने सोमवार दस लीटर कच्ची शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया। एसओ ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान अर्जुन निवासी माझा चहोड़ा थाना धनघटा के रुप में हुई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

# अभद्र टिप्पणी करने वालों पर दर्ज हो मुकदमा

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। अधिवक्ताओं के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराने के लिए आक्रोशित अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता से मुलाकात किया। एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में अधिवक्ताओं ने भाजपा नेताओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। आरोप है कि भाजपा नेताओं द्वारा सोशल मीडिया एवं फेसबुक पर जिले के अधिवक्ताओं के विरुद्ध अपमान जनक टिप्पणी की गई है। पुलिस अधीक्षक के जवाब से असंतुष्ट अधिवक्ताओं ने नारेबाजी भी की।

जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिंह एवं सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता सोमवार को एसपी कार्यालय पंहुचे। अधिवक्ताओं की मांग थी कि सोशल मीडिया एवं फेसबुक पर भाजपा नेताओं द्वारा



एसपी कार्यालय पर सोमवार को एसपी से मिलकर बाहर आते अधिवक्ता।

अधिवक्ताओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की जा रही है। इन नेताओं के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया जाए। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने अधिवक्ताओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन अधिवक्ता मुकदमा दर्ज कराने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस अधीक्षक के जवाब से अधिवक्ता संतुष्ट नहीं हुए। बाहर निकल कर अधिवक्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दिया। गौरतलब है कि हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ता आन्दोलन कर रहे थे। बीते 11 सितम्बर को अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पर पंहुचे थे कि धनघटा के भाजपा विधायक का घेराव कर लिया। वाहन से न उतरने पर अधिवक्ताओं के विधायक के विरुद्ध नारेबाजी की थी। उसी समय से भाजपा नेता सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। जिससे जिले के अधिवक्ताओं में आक्रोश है। सिविल बार के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल ने कहा कि पुलिस अधीक्षक का रवैया अच्छा नहीं रहा। जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश है। वह अधिवक्ताओं पर दबाव बना रहे थे। जपनद बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि एसपी अधिवक्ताओं के विरुद्ध भी मुकदमा कायम करने का दबाव बनाने लगे।

## असंतुष्ट अधिवक्तओं ने डीएम से लगाई गुहार

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक के रवैए से असंतुष्ट अधिवक्ताओं का हुजूम कलेक्ट्रेट की ओर कूच किया। इसी बीच जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की गाड़ी कलेक्ट्रेट से निकल चुकी थी। महिला थाने के सामने अधिवक्ताओं का हुजूम देख जिलाधिकारी ने गाड़ी रोकवा दिया। जिलाधिकारी ने वार्ता की और मुकदमा दर्ज कराने का आश्वासन दिया।

# साइबर ठगी का फैल रहा जाल

# झांसे में आकर गंवा रहे रकम

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। महुली क्षेत्र इस समय साइबर ठगों के निशाने पर है। आए दिन फोन कॉल के जरिए जालसाज लोगों को अपनी बातों में उलझाकर उनसे रकम ऐंठ रहे हैं। जानकारी होने पर ठगी के शिकार हुए पीड़ित रकम पाने के लिए पुलिस और थाने का चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं।

किसी को लोन का प्रलोभन देकर तो किसी की लॉटरी निकलने की बात कहकर अपने खाते में पैसा मंगा ले रहे हैं, जो आसानी से उनके खाते में पैसा भेज देता है। उससे तब तक पैसे की मांग करते हैं, जब तक वह मना न कर दे। कुछ मामलों में पीड़ित की सूझबूझ और जल्दी की गई पुलिस और बैंक की कार्रवाई से पैसा भी खाते में वापस आ गया है। साइबर ठगी की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

**कंपनी का मैनेजर बताकर ठगे 99 हजार :** कोतवाली क्षेत्र के नैनाझाला गांव निवासी अजित कुमार के पास रविवार को फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक कंपनी का मैनेजर बताते हुए लोन देने की बात कही।

साइबर ठग ने अपना गूगल पे शेयर करते हुए जरूरी कार्रवाई के लिए पैसे भेजने की बात कही। पीड़ित ने उसके खाते में गूगल पे के जरिए 13 बार ट्रांजेक्शन में 99.950 हजार रुपये भेज दिए।

जब जालसाज ने उनसे और पैसे की मांग की तो उन्होंने अपने एक मित्र से रायशुमारी की। तब उन्हें पता चला कि उनके साथ ठगी हो गई है। उन्होंने एसपी और पुलिस की सर्विलांस सेल को लिखित जानकारी दी, लेकिन उनका पैसा अब तक नहीं मिल सका।

## किसी को लोन का प्रलोभन देकर तो किसी की लॉटरी निकलने का झांसा देकर कर रहे ठगी

**सतर्कता से जालसाज से बचे धर्मेंद्र :** हरिहरपुर निवासी धर्मेंद्र को कुछ महीने पहले ऑनलाइन मैसेज के जरिए साइबर ठगों ने निशाना बनाया था। मोबाइल पर कुछ जानकारी साझा करने के चलते उनके खाते से पैसा कटना शुरू हो गया।

खाते से पैसा डेबिट होने की जानकारी जैसे ही उन्हें हुई। तुरंत बैंक में पहुंचे, जिसमें उनका खाता था और प्रबंधक से शिकायत दर्ज कराई। शाखा प्रबंधक ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़ित ने महुली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए सर्विलांस सेल को भी सूचना दी।

इन सब कार्रवाई के चलते पैसा जालसाज के खाते तक नहीं पहुंचा और होल्ड हो गया। बाद में पीड़ित का पैसा वापस खाते में आ गया।

## सब्जी बेचने वाले मुकेश कुमार चौकन्ना होने से ठगी से बचे

साइबर ठगों ने बीते रविवार को मुकुंदपुर चौराहे पर सब्जी की दुकान चला रहे मुकेश कुमार को भी ठगी का शिकार बनाने के लिए उनके पास सब्जी की लिस्ट भेज दी और खुद को फौजी होने का भरोसा दिलाते हुए क्षेत्र में साथियों के साथ कैंप लगाने की बात कही। उसने दुकानदार के पास एक फर्जी पहचान पत्र भी भेजी, जिससे उन्हें यह विश्वास हो जाए कि वह जो बता रहा है, सही है। रविवार सुबह जालसाज ने सब्जी दुकानदार से उसका गूगल पे नंबर मांगा, जिससे वह सब्जी का पैसा उसके खाते में भेज सके। दुकानदार के पास एंड्रॉयड फोन न होने के कारण उसने दूसरे दुकानदार से संपर्क किया। फोन पर जब जालसाज ने चार हजार रुपये भेजने की बात कही, तब लोग चौकन्ना हो गए और पैसा भेजने से मना कर दिया।

# 56 पुलिस कर्मियों का कार्यक्षेत्र बदला

संतकबीरनगर। एसपी ने सोमवार को दो इंस्पेक्टर समेत 56 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि इंस्पेक्टर मंजू सिंह को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ, इंस्पेक्टर मोती चंद को निरीक्षक अपराध शाखा दुधारा बनाया गया। एसआई धर्मेंद्र कुमार मिश्र को चौकी प्रभारी काली जगदीशपुर, एसआई प्रवीण कुमार को चौकी प्रभारी कलक्ट्रेट, एसआई रमेश चंद को चौकी प्रभारी को बिड़हरघाट, एसआई कैलाश नाथ यादव को चौकी प्रभारी लोहरैया बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 56 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। संवाद

# चोरी के मामले का आरोपी भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को सोमवार को सरैया बाईपास से गिरफ्तार किया। एसएसआई हरिकेश भारती ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी रवि मिश्रा उर्फ हनी निवासी खलीलाबाद चोरी के मामले में वांछित था। उसके कब्जे से चाकू मिला है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। संवाद

# लूट की फर्जी सूचना से पुलिस रही हलकान

**बखिरा (एसएनबी)।** बखिरा थाना क्षेत्र के खलीलाबाद-मेंहदावल मार्ग पर कोपिया स्थित शिव मंदिर के निकट सवा लाख ₹ के लूट की सूचना पर जिले की कई थाने के पुलिस घंटों मशक्कत करती रही। पुलिस द्वारा जांच के बाद पता चला कि लूट की घटना फर्जी है और मामला मारपीट का है। मिली जानकारी के अनुसार नसीम पुत्र सादिक निवासी ग्राम भगवानपुर थाना बखिरा ने डायल 112 पर फोन कर सूचना दिया कि वह सोमवार को सीएससी का ₹ बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कोपिया से निकालकर वापस बखिरा की तरफ आ रहा था। अभी कोपिया शिव मंदिर के पास ही पहुंचा था कि अज्ञात बदमाश उसे मारपीट कर उसके पास रखा ₹1.20 लाख लूट कर फरार हो गए और मोटरसाइकिल भी छीन लिए। साथ ही उसे मारपीट कर घायल कर दिए। दिनदहाड़े लूट की सूचना पाकर तत्काल हरकत में आई। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी और कई थानों की पुलिस लूट के खुलासे में जुट गई। बाद में जांच में पुलिस को लूट की घटना झूठी निकली। हालांकि आरोपी के साथ कुछ युवकों द्वारा मारपीट की बात प्रकाश में आई। वहीं युवक से कथित रूप से छीनी गई मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने तत्काल बरामद कर लिया। क्षेत्र में यह चर्चाएं उठनी शुरू हुई हैं कि लूट की फर्जी सूचना देने वाले युवक का विवाद क्षेत्र के एक गांव के निवासी कुछ युवकों के साथ पूर्व में हुआ था। इसके बाद मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। हालांकि पुलिस फर्जी लूट की सूचना देने वाले युवक को हिरासत में लेकर मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है। इस संबंध में पूछे जाने पर चौकी प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि लूट की सूचना पूरी तरह फर्जी थी। मामला दो पक्षों में मारपीट का था। फर्जी सूचना देने वाले युवक से पूछताछ की जा रही है।

# किसी उद्यमी को प्रशासनिक स्तर पर नहीं होगी कोई परेशानी : मंडलायुक्त

संतकबीरनगर(एसएनबी)। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर कल देर शाम उ.प्र. इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा वार्षिकोत्सव एवं उद्यमी/निवेशक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल अखिलेश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि आईजी बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल ने कहा कि किसी भी उद्यमी को प्रशासनिक स्तर पर कोई परेशानी नहीं होने पायेगी। उनकी समस्याओं का अविलम्ब, निराकरण कराया जाएगा।

विशिष्ट अतिथि आईजी आरके भारद्वाज ने कहा कि कानून व्यवस्था के सुधार से आज उद्यमी निवेशकों को काफी सहूलियत मिली है। फिर भी किसी उद्यमी को असामाजिक तत्वों से किसी परेशानी की दशा में शिकायत मिलने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दक्षिणी भारत, और महाराष्ट्र की तरह उ.प्र. में भी उद्योगों का बड़े पैमाने पर सृजन हो रहा है।



सम्मेलन में उपस्थित मंडलायुक्त बस्ती, आईजी बस्ती तथा जिले के डीएम, एसपी व अन्य अधिकारीगण।

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने उद्यमियों को उद्यम की स्थापना से लेकर उत्पादन एवं मार्केटिंग के दौरान आने वाली किसी भी प्रक्रियागत प्रशासनिक समस्याओं का निराकरण कराने, उद्यमियों को आवश्कतानुसार एवं नियमानुसार जमीन और सुविधायें दिये जाने हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक एवं इन्फ्रास्ट्रक्टर स्तर पर इस जनपद के विकास के लिये जो भी जरुरी कार्य है उसे पूरा किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन उ.प्र. इण्डस्ट्रीज एसोशसिएशन के नेता अरविन्द पाठक ने किया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, विनोद रूंगटा, नितिन जालान, महेश रूंगटा, सर्वदानन्द पाण्डेय, अवनीश अवस्थी, घनश्यामदास गोयल, विक्रम अग्रवाल, राम कुमार सिंह, अनुराग सिंह, सुधांशु सिंह, उपायुक्त उद्योग राज कुमार शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा, अधिशापी अधिकारी न.पा. विनय मिश्रा, अधिशाषी अभियंता विद्युत सहित अन्य अधिकारी, संगठन के पदाधिकारी एवं उद्यमीगण आदि उपस्थित रहे।

# दो निरीक्षकों, 22 उप निरीक्षकों समेत 48 पुलिसकर्मियों का कार्यक्षेत्र बदला

संतकबीरनगर(एसएनबी)। जिले में बेहतर कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने रविवार की देर रात दो निरीक्षकों, 22 उप निरीक्षकों समेत 48 पुलिसकर्मियों के कार्य क्षेत्रों में बदलाव किया है। वहीं 18 उप निरीक्षकों को पुलिस लाइन से हटाकर अलग-अलग थानों में तैनाती दी गई है। निरीक्षक मंजू सिंह को अपराध शाखा से प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ, निरीक्षक मोती चंद्र प्रभारी चौकी काली जगदीशपुर से हटाकर दुधारा थाना में निरीक्षक अपराध के पद पर तैनाती मिली है। जबकि उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मिश्रा को थाना बेलहर कला से प्रभारी चौकी काली जगदीशपुर, उप निरीक्षक प्रवीण कुमार को थाना मेंहदावल से प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट, उप निरीक्षक संजय कुमार वर्मा को प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट प्रथम से चौकी कलेक्ट्रेट द्वितीय, उप निरीक्षक ब्रजेश सिंह को मेंहदावल थाना से सीएम डैशबोर्ड पोर्टल/आईजीआरएस में नई तैनाती मिली है। वहीं 18 उप निरीक्षक को पुलिस लाइन से हटाकर अलग-अलग थानों में तैनाती दी गई है। साथ ही कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल सहित कुल 24 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है।

# बाइक सवार के विरूद्ध नामजद मुकदमा दर्ज

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के डिहवा बाजार में दो दिन पूर्व एक महिला को ठोकर मारकर बुरी तरह घायल करने की दुर्घटना में शामिल बाइक सवार के विरूद्ध सोमवार को स्थानीय पुलिस ने मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई दुर्घटना में घायल महिला के पति की तहरीर पर पूरी की है।

**नामजद बाइक सवार ने दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र के डिहवा बाजार में एक महिला को ठोकर मारकर कर दिया था घायल**

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के चोरमरा गांव निवासी विजय कुमार पुत्र शिवनाथ ने बताया कि बीते शनिवार को उसकी पत्नी मंजू पत्नी विजय कुमार जरूरी घरेलू सामानों की खरीदारी करने के लिए नजदीकी डिहवा बाजार गयी थी। खरीदारी करने के बाद पत्नी मंजू देवी पैदल ही घर वापस जा रही थी। वह डिहवा बाजार से निकली ही थी कि उसी दौरान थाना क्षेत्र के सिरसी गांव निवासी शिवांश राय पुत्र श्यामनरायन राय तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए पहुंचे और पीछे से पत्नी मंजू देवी को जोरदार ठोकर मार दिया और बाइक समेत मौके से फरार हो गए। दुर्घटना के बाद पत्नी लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ी। अभी भी पत्नी का नाजुक हाल में इलाज चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुर्घटना में शामिल बाइक सवार शिवांश राय के खिलाफ आईपीसी की धारा 279,337,338,427 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघंटा संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपी समेत दुर्घटना में शामिल उसकी बाइक को गिरफ्त में

18 डीएचएन 3,4,5,6,7

# अधिवक्ताओं ने नहीं किया न्यायिक कार्य

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने सोमवार को न्यायिक कार्य नहीं किया। अधिवक्ताओं का यह आन्दोलन बीते 30 अगस्त से अनवरत जारी है। अधिवक्ताओं के 20 दिन से चल रहे कार्य बहिष्कार के चलते मुकदमों में कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। वादकारी निराश होकर घर वापस जाने के लिए विवश हो रहे हैं।

हापुड़ में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर बीते 29 अगस्त को बर्बरतापूर्ण पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया। जिससे हापुड़ समेत प्रदेश के अधिवक्ता आन्दोलित हो गए थे। अधिवक्ताओं का यह आन्दोलन बीते 30 अगस्त से अनवरत जारी है। अधिवक्ताओं के आन्दोलन एवं कार्य बहिष्कार से मुकदमों में कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। वादकारी तारीख नोट करके वापस जाने के लिए विवश हो गए हैं। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि जब तक हापुड़ के अधिवक्ता आन्दोलित रहेंगे जिले के अधिवक्ताओं का आन्दोलन जारी रहेगा। एसोसिएशन के महामंत्री ने कहा कि लाठीचार्ज में शामिल पुलिस कर्मियों का निलम्बन न करके सरकार हठधर्मिता का परिचय दे रही है।

## बैठक में हुआ निर्णय, 22 तक होगा आन्दोलन

संतकबीरनगर। सिविल बार एवं जनपद बार एसोसिएशन की संयुक्त बैठक अपराह्न तीन बजे अधिवक्ता चैम्बर में सम्पन्न हुई। बैठक में एक-एक करके सभी अधिवक्ताओं ने विचार व्यक्त किया। हापुड़ की घटना से सभी अधिवक्ता आक्रोशित हैं।

# चोरी के मामले में वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चोरी के मामले में एक वांछित को एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कार्रवाई कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि नवीन सब्जी मंडी से 20 मार्च को एक बाइक चोरी हुई थी। मामले में पुलिस ने बाइक बरामद कर एक अभियुक्त को जेल भेजा था। मामले में दूसरा अभियुक्त रवि मिश्रा उर्फ हनी पुत्र अजय मिश्रा निवासी कटहवा थाना कोतवाली खलीलाबाद फरार चल रहा था। टीम ने सोमवार को उसे सरैया बाईपास के पास से चाकू के साथ गिरफ्तार किया। बरामद अवैध चाकू के संबंध में थाना पर मुकदमा पंजीकृत किया है।

# लूट की फर्जी सूचना पर घंटों हलकान रही पुलिस

बघौली, हिन्दुस्तान संवाद। बखिरा थाना क्षेत्र के खलीलाबाद मेहदावल मार्ग पर कोपिया स्थित शिव मंदिर के निकट सवा लाख रुपए के लूट की सूचना पर जिले की कई थाने के पुलिस घंटों मशक्कत करती रही। बाद में पुलिस द्वारा जांच के बाद पता चला की लूट की घटना फर्जी है और मामला मारपीट का है।

नसीम पुत्र सादिक निवासी ग्राम भगवानपुर थाना बखिरा ने डायल 112 पर फोन कर सूचना दिया कि वह सोमवार को सीएससी का पैसा बैंक आफ बड़ौदा शाखा कोपिया से निकालकर वापस बखिरा की तरफ आ रहा था। अभी कोपिया शिव मंदिर के पास ही पहुंचा था कि अज्ञात बदमाश उसे मारपीट कर उसके पास रखा 1.20 लाख रुपए लूट कर फरार हो गए। मोटरसाइकिल भी छीन लिया। साथ ही उसे मारपीट कर घायल कर दिए। दिनदहाड़े लूट की सूचना पाकर तत्काल हरकत में आई पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी और कई थानों की पुलिस लूट के खुलासे में जुट गई। जांच में पुलिस को लूट की घटना झूठी निकली। हालांकि आरोपी के साथ कुछ युवकों द्वारा मारपीट की बात प्रकाश में आई। वहीं युवक से कथित रूप से छीनी गई मोटर साइकिल को भी पुलिस ने तत्काल बरामद कर लिया।

# पिता-पुत्र समेत चार पर मुकदमा

बखिरा। थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही कुछ लोगो के खिलाफ दरवाजे पर चढ़कर अपशब्द कहने और मारने पीटने व जान से मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बलराम ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 17 सितंबर को सुबह साढ़े नौ बजे उसकी गैर मौजूदगी में पट्टीदारों ने उसके चाचा व पिता चंदन, भाई व भाभी को दरवाजे पर चढ़कर अपशब्द कहा। विरोध करने पर लात घूसा व लठी डण्डे से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दो निरीक्षक, 22 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार को कानून व्यवस्था को चुस्त -दुरुस्त बनाए रखने के लिए 48 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया। इसमें दो निरीक्षक, 22 उपनिरीक्षक के साथ ही हेड कांस्टेबल, कांटेबल और महिला कांस्टेबल शामिल हैं।

निरीक्षक मंजू सिंह को अपराध शाखा से प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी दी गई है। प्रभारी चौकी इन्चार्ज काली जगदीशपुर मोतीचद्र को निरीक्षक अपराध थाना दुधारा बनाया गया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार मिश्र को बेलहर थाना से चौकी प्रभारी काली जगदीशपुर, प्रवीण कुमार को मेंहदावल थाना से प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट, संजय कुमार वर्मा को प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट से चौकी कलेक्ट्रेट पर तैनात किया गया है। इसके अलावा पुलिस लाइन से उप निरीक्षक सभा शंकर पांडेय को थाना महुली, अजीत प्रताप सिंह को थाना बेलहर कला, रमेश चन्द्र को चौकी प्रभारी बिड़हरघाट, जयकिशन को थाना मेंहदावल, मोती चन्द्र यादव को कोतवाली खलीलाबाद, फखरे आलम खान को थाना मेंहदावल, पारसनाथ को थाना मेंहदावल, जितेन्द्र बहादुर राव को थाना कोतवाली, शिवपूजन प्रसाद को थाना मेंहदावल, जितेन्द्र कुमार द्विवेदी को थाना बेलहर कला, कैलाश नाथ यादव को प्रभारी चौकी लोहरैया, भीमसेन सिंह को आरओआईपी यूपी 112, लालचन्द्र सरोज को महिला थाना, अभय कुमार पांडेय को थाना धनघटा, राजेन्द्र सिंह को थाना दुधारा, झमई को थाना महुली, डॉ विवेकानन्द त्रिपाठी को थाना कोतवाली, सुदर्शन सिंह को आरओआईपी डायल 112 में तैनात किया गया है।

# शांति भंग में पुलिस की 11 पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद की पुलिस ने शांति भंग की आशंका में 11 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने सात अभियुक्त गिरफ्तार किया। इसी तरह से थाना महुली पुलिस तीन अभियुक्त और थाना बखिरा पुलिस ने एक अभियुक्त गिरफ्तार किया है। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर न्यायालय भेज दिया गया।

# 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

संतकबीरनगर। थाना धनघटा पुलिस द्वारा 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। धनघटा पुलिस ने बताया कि छापेमारी की कार्रवाई में अर्जुन पुत्र राममदन निवासी माझा चहोड़ा थाना धनघटा को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# छापेमारी में एक वारंटी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस ने छापेमारी कर एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानती वारण्ट के खिलाफ अभियान में कोतवाली पुलिस ने सुग्रीव कुमार पुत्र भुईधर निवासी निवासी मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कार्रवाई करने के बाद न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# प्रमाण पत्र को दुसाध समाज का धरना जारी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। दुसाध समाज के लोगों का धरना सोमवार को भी जारी रहा। यह धरना दुसाध जाति को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र न बनाने को लेकर चल रहा है। इस संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि आखिर पहले हमारे समाज के लोगों का अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र क्यों बनाया गया। सभी का कहना है कि जब तक हमलोगों को यह प्रमाण पत्र बनाया नहीं जायेगा तब तक हम लोगों का यह कार्यक्रम चलता रहेगा।

वहीं सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने पहुंचकर धरना देने के कारण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस मामले को वह लखनऊ तक पहुंचायेगें।

अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष उदय राज पासवान सोनू के अध्यक्षता में ग्यारहवें दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। कई बार डीएम के वार्ता भी हुई। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

# 10 लीटर कच्ची के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर : धनघटा पुलिस ने सोमवार को माझा चहोड़ा गांव निवासी अर्जुन को 10 लीटर कच्ची के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। (विज्ञप्ति)

# मारपीट में दो महिलाएं घायल

संतकबीरनगर। थाना महुली के भिनखिनी खुर्द केवटहिया में हुई मारपीट में दो महिलाएं घायल हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। घायल महिलाओं को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाथनगर भेजवाया। मारपीट की घटना के संबंध में थाना महुली को अवगत कराया।

# वाहनों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने सोमवार को मोटर वाहन अधिनियम के खिलाफ कार्रवाई कर शमन शुल्क वसूला। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक, वाहन, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग का अभियान चलाया।

# त्योहारों को लेकर शांति कमेटी की बैठक सम्पन्न

मगहर। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी परिसर में गणेश पूजा व रवि अव्वल पर्व को सौहार्द व शांतिपूर्वक मनाये जाने के सम्बंधित शांति कमेटी की बैठक सोमवार को चौकी इंचार्ज रजनीश राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें चेयरपर्सन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी ने दोनों पर्व की अग्रिम बधाई दी।

# सगे भाइयों समेत चार लोगों पर केस

बखिरा। भगवानपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही दो सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मारपीट व जान से मारने का मुकदमा दर्ज किया है। दीपक निवासी भगवानपुर का आरोप है कि 17 सितंबर की सुबह साढ़े ने बजे जमीनी विबाद की वजह से गांव के ही कुछ लोगों ने उसे व उसके चाचा को अपशब्द कहते हुए लात घूसा व लाठी डंडे से मारा–पीटा।

# 54 वाहनों से 54 हजार रुपये समन शुल्क वसूले

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से सोमवार को अस्पताल व बैंक परिसर के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान मांगने पर ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 54 वाहनों से 54 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की। (विज्ञप्ति)

# बिना चिकित्सकीय परीक्षण कराए महिला को भेजा

**महुली, संतकबीर नगर** : एक महिला ने महुली पुलिस पर यह आरोप लगाया है कि उसे ससुरालियों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। वह थाने पर पहुंची तो पुलिस ने बिना चिकित्सकीय परीक्षण कराए उसे वापस भेज दिया। थाने में दी गयी तहरीर में सिसवनिया निवासी सीता पत्नी राधेश्याम ने लिखा है कि सोमवार को वह अपने पति से बच्चों का खर्च मांगी। इस पर ससुर, सास उनके पति को उकसाकर उसे मारे-पीटे। पुलिस ने बिना चिकित्सकीय परीक्षण कराए उसे घर वापस लौटा दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष अमित कुमार ने मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

# दो निरीक्षक समेत 48 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

जासं, संतकबीर नगर : जिले में बेहतर कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने दो निरीक्षक, 22 उपनिरीक्षक समेत 48 पुलिस वालों के कार्य क्षेत्रों में बदलाव किया है। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को तत्काल अपने कार्यक्षेत्र में पहुंचने का निर्देश दिया।

निरीक्षक मंजू सिंह को अपराध शाखा से प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ बनाया गया है। निरीक्षक मोती चंद्र को दुधारा थाने में निरीक्षक अपराध बनाया गया है। उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मिश्रा को काली जगदीशपुर का चौकी प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार को कलेक्ट्रेट चौकी भेजा गया है।

जबकि संजय कुमार वर्मा को प्रभारी बनाया गया है। वहीं 18 उपनिरीक्षक को पुलिस लाइन से अलग-अलग थानों में तैनात किया गया है। इसके साथ ही कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल मिलाकर 24 लोगों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। (विज्ञप्ति)

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2023

# हो रही हैं जांच फिर भी चल रहा है घोटाले का खेल

गोण्डा, संवाददाता। पुलिस-प्रशासन को चकमा देकर घोटालों के आरोपी अपने घोटाला करने के मंसूबों में कामयाबी हासिल कर रहे हैं। यदि एक क्षेत्र अथवा विभाग में इनका चलता फिरता काला कारोबार पकड़ में भी आ जाए तो दूसरे क्षेत्र अथवा विभाग में घुसपैठ बनाकर घोटालों को अंजाम दिया जा रहा है।

नगर कोतवाली में अभी हाल में हुई भूमि घपले के एक एफआईआर से यह बातें साबित होने लगी हैं। जिस शख्स का नाम उभर कर सामने आया है यह वही शख्स बताया जा रहा है जिसने तीन साल पहले जिले में फर्जी कारोबारी फर्मो को पंजीकृत कराने के बाद वाणिज्य कर विभाग में जीएसटी जमा करने के एवज में आईटीसी का क्लेम कर दिया था। आईटीसी यानी इनपुट टैक्स क्रेडिट के क्लेम में विभाग को तकरीबन 32 करोड़ रुपये की चपत पहुंच रही थी। वाणिज्य कर विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम की गहन जांच में फर्म बनाने और आईटीसी क्लेम करने का मास्टर माइंड इसी शख्श को बताया गया था। इसी आरोप में उसे जेल भेज दिया गया था। तत्कालीन एसपी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए पूरे प्रकरण की छानबीन बढ़ाने और अन्य जिलों में भी इससे जुड़े तार से तार जोड़ते हुए जांच करने को कहा था।

## पुलिस करेगी कार्रवाई

जीएसटी मामले में गैंग बनाकर आईटीसी क्लेम करने वालों के गैंग पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई को आगे बढ़ाने में नगर पुलिस जुटी हुई है।

**समय बीतते भूमि घोटाले को बना लिया अपना नया धंधा :** समय बीतने के बाद भूमि घोटाले को अपनाते हुए एक शख्श ने भूमि खरीद बिक्री और फिर खाली पड़ी जहां तहां की बेशकीमती जमीनों पर अपनी नजरों को गड़ाना शुरू कर दिया।

# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

झंझरी। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उस के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के लोढ़िया घाटा चेतपुर निवासी 18 वर्षीय रुचि पुत्री संचित ने घर का दरवाजा बंद कर के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती ने फाँसी उस समय लगाई जब घर मे कोई नहीं था। बताया जाता हैं कि घर के आपसी विवाद को लेकर युवती ने फांसी लगाई है।

# सूखाग्रस्त घोषित किए जाने की मांग

गोण्डा। छपिया क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान यादव ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर जिले को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने की मांग की है। उन्होंने प्रार्थना पत्र में कहा कि खेती करने के मुताबिक पर्याप्त बारिश नही हुई है। इस वजह से किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। जिले को सूखाग्रस्त घोषित होने से किसानों को राहत मिलेगी।

# कावड़ियों को बांटी गई दवाई

गोण्डा। श्री गंगा प्रसाद शुक्ला मेमोरियल प्रशिक्षण संस्थान माधवपुर पंडाल लगाकर कावड़ियों की सेवा की। संस्था संचालक की ओर से कावड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। जय प्रकाश ओझा ने बताया कि कावड़ियों के लिए दवाई बांटी।इस दौरान दद्दा ओझा,अजय शुक्ला, गोरक्षनाथ शुक्ला, काली प्रसाद मिश्रा, अमित पाण्डेय आदि लोग रहें।

# जलाभिषेक करने उमड़ा कावड़ियों का रेला

गोण्डा। उमरी बेगमगंज के ऐली परसौली ग्राम पंचायत के सरयू तट पर कावड़ियों ने जल लेकर दुख हरण नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। गोड़वा घाट कस्बे के पास केदारेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर भी हजारों लोगों ने जलाभिषेक किया। मंदिर के पास शिव भक्तों ने पंडाल लगाकर प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान राम बहादुर शुक्ला सहित तमाम लोग रहे।

# आम का हरा पेड़ काटने में चार पर केस दर्ज

रुपईडीह। कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसिया रानी में बिना परमिट के आम के हरे पेड़ काटने की शिकायत गांव के ही एक व्यक्ति ने अफसरों से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस ने चार व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

परसिया रानी में कुछ लोगों ने बिना परमिट के आम का हरा पेड़ काट लिया। इसकी शिकायत गांव के ही राजेश कुमार पांडेय ने सोशल साइट एक्स के जरिए की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष कौड़िया योगेश प्रताप सिंह ने बीट उपनिरीक्षक संजीव कुमार राय व सिपाही को मौके पर जाकर जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस को जांच में आम की कटी जड़, पत्तियां और टहनी पड़ी मिली। पूछताछ में पता चला कि गुरबचन, रक्षाराम, बच्चा लाल व गोविंद ने पेड़ काटा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि बिना परमिट के हरे पेड़ काटने पर चार व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच व कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राम पंचायत के पार्क पर दबंगों का कब्जा

करनैलगंज। विकास खंड करनैलगंज अंतर्गत ग्राम चंगेरिया के ग्राम प्रधान बाबूलाल कनौजिया ने पुलिस चौकी भंभुआ में तहरीर दी है। आरोप है कि ग्राम सभा में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क है। इस पर गांव के कुछ दबंगों का कब्जा था जिसे खाली करवाकर ग्राम निधि के खाते से समतलीकरण करवाकर मूर्ति स्थापित करवाई गयी थी। जहाँ ग्रामीणों के टहलने व बैठने का प्रबंध भी किया गया है। अब उसका सुंदरीकरण कराया जाना है। लेकिन पुनः गांव के दबंगों ने कब्जा करते हुये उसे तार से घेर कर बंद कर दिया गया है।

# नाबालिग लड़की को अगवा करने में तीन फंसे, केस दर्ज

छपिया। न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध नाबालिग लड़की को अपहृत करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने तहरीर दी है कि उसकी नाबालिग लड़की को तीन लोगों ने कुछ माह पहले साजिश करके भगाया था। मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

महिला का आरोप है कि लड़की बरामद होने के बाद कोर्ट के आदेश पर उसके साथ रह रही थी। इसी बीच मौका पाकर उक्त तीनों लोगों ने उसकी लड़की को फिर अपहृत कर लिया। चौकी प्रभारी राजेश कुमार दुबे ने बताया की न्यायालय के आदेश पर सूरज सहित तीन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। लड़की की तलाश की जा रही है।

**रंजिशन दुकान में घुसकर पीटा :** पुरानी रंजिश को लेकर नगर क्षेत्र के एक ठेकेदार को दबंगों ने दुकान में घुसकर पिटाई कर दी। पीड़ित की ओर तहरीर दी गई है। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धानेपुर के कालूराय के रहने वाले ठेकेदार मकसूद ने बताया कि वह सोमवार को अपने दुकान में बैठकर कामकाज निपटा रहा था।

# दो दिन से जमीन पर पड़े तार की चपेट में आने से महिला की गई जान

संसू.मसकनवा/छपिया: गोपालपुर के नयनजोतिया गांव में जमीन पर पड़े बिजली तार की चपेट में आने से जमुना देवी की मौत हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि दो दिनों से तार टूटकर जमीन पर पड़ा था। शिकायत के बाद भी बिजली कर्मियों ने उसे हटाने की जहमत नहीं उठाई जिससे हादसा हो गया। ग्रामीणों ने जांच कर दोषी कर्मियों के खिलाफ कारंवाई किए जाने की मांग की है।

सोमवार की सुबह जमुना देवी गोबर फेंकने गई थी। खेत में दो दिनों से जमीन पर एलटी लाइन का तार गिरा पड़ा था। तार पर जमुना देवी का पैर पड़ गया, इससे करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि तार कई दिनों से झुका



मसकनवा के गोपालपुर के नयन जोतिया में जमुना देवी की मौत के बाद बिलखते स्वजन

हुआ था और दो दिन पहले टूटकर गिर गया था। उसकी मरम्मत कराने के लिए बिजली विभाग से शिकायत की थी, लेकिन ध्यान नहीं दिया। मृतका के बेटे विनोद वर्मा ने आक्रोशित ग्रामीणों के साथ थाने पर बिजली विभाग के अभियंताओं पर मुकदमा करने की मांग की है। इंटरनेट मीडिया पर दो तहरीर प्रसारित हो रही है। आरोप है कि स्वजनों के ऊपर दबाव बनाकर तहरीर बदलवा दी गई है। मसकनवा उपकेंद्र के अवर अभियंता अमित कुमार पटेल ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का प्रयास कर रहे हैं।

अधिशासी अभियंता मनकापुर राहुल बरनवाल ने बताया कि स्थलीय जांच कराकर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ विभागीय कारंवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक छपिया सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि विधिक कारंवाई की जा रही है।

# तीन हजार पुलिसबल तैनात था : एसपी

एसपी अंकित मित्तल के अनुमान के अनुसार इस बार कजरीतीज पर बारह लाख से अधिक कांवड़ियों ने पृथ्वीनाथ और दुखहरन नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया है। जिले के अलग-अगल क्षेत्रो में तीन हजार पुलिस बल को तैनात किया गया। सोमवार को कजरीतीज मेले में कांवडियों के साथ आसपास के जिलों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



शहर के दुखहरण नाथ मंदिर में भीड़ बढ़ने पर एसपी ने संभाली कमान।

# दुष्कर्म का आरोपी दबोचा गया

**कामयाबी**

वजीरगंज, संवाददाता। थाना क्षेत्र में विधवा महिला के साथ दुष्कर्म और दहेज प्रताड़ना के आरोपी के देवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपी विनय ने अपनी विधवा भाभी को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। बाद में उसने शादी करने से भी इनकार कर दिया। महिला के सास-ससुर के साथ मिलकर दहेज की बात को लेकर प्रताड़ित करते हुए घर से भगा दिया था। सोमवार को एसएसआई धर्मेंद्र ने टीम के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया।

# प्रतिबंधित पशु की हत्याकर अवशेष खेत में फेंक दिया

**वारदात**

- अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस
- सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों में आक्रोश

परसपुर, संवाददाता। क्षेत्र के ग्राम मरचौर में सोमवार को अकबरअली पुरवा के उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित मक्के के खेत से प्रतिबंधित पशु का अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ूचना पर पहुंची पुलिस ने खेत से रक्तरंजित अवस्था में पशु के अवशेष बरामद किए। थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि पशु पालक के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्जकर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

ग्राम मरचौर के अकबर अली पुरवा निवासी इंसान अली पुत्र मुन्नी ने बताया कि रविवार को गांव के बाहर कृषि फार्म पर अन्य पशुओं के साथ उसका चार से पांच माह का गर्भस्थ मवेशी नाद पर बंधा था। सुबह जब वह वहां पहुंचा तो देखा एक मवेशी गायब है। गांव में जब खोजबीन शुरू हुई तो शौच के लिए गए ग्रामीणों और बच्चों ने उन्हें बताया। पशुपालक ने मक्के के खेत में पहुंच कर उसके रंग और नस्ल से उसकी पहचान की। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस न खेत से उसके मुंड सहित अवशेष बरामद कर लिया है। वहीं पुलिस की मशक्कत के बाद भी पशु के हत्यारों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

# दीवार गिरा कर दबंग उठा ले गए नकदी व सामान

संवादसूत्र, शिवदयालगंज (गोंडा) : नवाबगंज के खरगूपुर के संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि पड़ाव मुहल्ले में उसकी पैतृक भूमि है। वहां वह मकान बना कर रहता है।

रविवार की रात में कुछ दबंग आए और उसके मकान की दीवार गिराने लगे। मना करने पर लाठी और डंडों से मारा पीटा। आरोप है कि उन्होंने इस दौरान फायरिंग भी की। दीवार को गिरा कर वहां रखे 12500 रुपये व अन्य सामान उठा ले गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने में मुकदमा लिखकर कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट का मुकदमा

संसू, मेहनौन : नगर पंचायत धानेपुर के कालूराय के रहने वाले ठेकेदार मकसूद खान ने कहा कि वह सोमवार को अपनी दुकान में बैठकर कामकाज निपटा रहा था। इसी दौरान नगर के रहने वाले आरोपित बाप- बेटे आए और पुरानी रंजिश को लेकर उसकी पिटाई करने लगे। थानाध्यक्ष सतेंद्र वर्मा ने मुकदमा लिखा गया है।

## विवाद के बाद महिला को पीटा, केस दर्ज

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने महिला की पिटाई के मामले में केस दर्ज किया है। पथवलिया निवासी लवलेश देवी का आरोप है कि विपक्षी ने बीते दिन जलौनी लकड़ी के विवाद में अपशब्द कहा। मना करने पर लाठी-डंडे से मारापीटा। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने हरिकेश कुमार ओझा के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# गाय का वध किए जाने के मामले में मुकदमा

संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) : गर्भवती गाय का वध किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ गो वध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा लिखा है। प्रकरण मरचौर के कंपोजिट स्कूल अकबर अली पुरवा का है। गांव के रहने वाले इंसान अली के मुताबिक गत रविवार की शाम को वह गाय को स्कूल के पास स्थित मड़हा (छप्पर) में खूंटा से बांध कर घर चला गया था। सोमवार की सुबह गाय को चारा देने गया तो गाय वहां नहीं मिली। मड़हा से कुछ दूरी पर स्कूल के पीछे मक्का के खेत में गाय का कटा का शव पाया गया। उसका सिर अलग था। गाय के पेट में पल रहे बछड़े का शव भी पड़ा था, इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग एकत्र हो गए। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने कहा कि पशु मालिक इंसान अली की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। छानबीन की जा रही है। पशु चिकित्सक त्रिवेनी कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम में पाया गया कि गाय पांच माह की गर्भवती थी।

# धोखाधड़ी का मुकदमा

कर्नलगंज : स्वास्तिक प्लाई एंड हार्डवेयर के मालिक मोहित गोयल की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा लिखा है। गत 11 अप्रैल को फेसबुक के माध्यम से पंकज जैन व दीपक सोलंकी ने राधे इंटर प्राइजेज व राजेश इंटर प्राइजेज राजकोट गुजरात ने अपनी फर्म से प्लाई व फेविकोल का प्रचार प्रसारित किया था। मोबाइल पर हुई बात के क्रम में उसने दो बार में 39 हजार रुपये का माल भेजने को कहा था। आरोपित अब धमकी दे रहे है। कोतवाल ने कहा कि धोखाधड़ी का मुकदमा लिखा गया है।(संसू)

## दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

वजीरगंज : थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि दुष्कर्म आरोपित हथिनाग होशियार पुरवा के रहने वाले विनय चौहान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के विरुद्ध एक गांव की रहने वाली महिला की तहरीर पर सात माह पूर्व दुष्कर्म, मारपीट का मुकदमा लिखा गया था। (संसू)

## पति पर मारपीट का केस

कर्नलगंज : ग्राम कोंचा कासिमपुर सालपुर की खुशनुमा बानो की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति इरशाद अली पर मारपीट, उत्पीड़न का मुकदमा लिखा है। विवाहिता का कहना कि 19 वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। उसका इरशाद उसे मार पीटकर प्रताड़ित करते हुए घर से भगाने लगा। समझौता के बाद गत 14 सितंबर को भी उसके पति ने उसकी पिटाई कर दी। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया की महिला की तहरीर पर मुकदमा लिखा गया है। (संसू)

# सेवादारों ने पंडाल लगाकर बांटा प्रसाद





एलबीएस डिग्री कालेज के पास आयोजित भंडारे में प्रसाद खाते श्रद्धालु, बेलसर के किसान सेवा केंद्र पर कांवड़ियों को जलपान कराते व्यापारी नेता हरी सिंह • जागरण

**जागरण टीम, गोंडा :** कजरी तीज पर जलाभिषेक के लिए आने वाले कांवड़ियों की सेवा के लिए सेवादारों ने जगह-जगह पंडाल लगाए। शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज के समीप भंडारा व जागरण का आयोजन भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य उमेश शुक्ल ने किया। विधायक मेहनौन विनय द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, गोंडा सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह ने भंडारे का शुभारंभ किया। वहीं करन सिंह, राहुल मिश्र, परवेश मिश्र, गुड्डू सिंह, इंद्रभूषण मिश्र ने श्रद्धालुओं को जलपान कराया। आंबेडकर चौराहा, एलबीएस, बड़गांव सहित अन्य स्थानों पर भी सेवादारों ने पंडाल लगाकर कांवड़ियों की सेवा की। बेलसर : उमरीबेगमगंज मार्ग पर स्थित किसान सेवा केंद्र पर अखिल भारतीय व्यापार मंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरी सिंह ने पंडाल लगाकर कांवड़ियों की सेवा की। निखिल सिंह, गोलू सिंह, रामभजन चौबे, रामकुमार गुप्ता ने प्रसाद वितरित किया। हलधरमऊ : बालपुर बाजार में बलिदानी सुनील कुमार तिवारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद छिटनापुर काली माता सेवा समिति के इंद्रदेव पांडेय कांवड़ियों की सेवा की। समाजसेवी विनोद कुमार शुक्ल ने पंडाल लगाकर जलपान कराया। परसागोंडरी, मैजापुर मोड़, बरौरा, चौरी चौराहा, कोंचा, गोनवा में पंडाल लगाए गए। डा. शारदा प्रसाद पांडेय, दिलीप कुमार शुक्ल, विनय ओझा, लवकुश मिश्र, श्रवण शुक्ल, विनय तिवारी, हरिकिशोर शुक्ल उपस्थित रहे। पड़रीकृपाल : कई स्थानों पर सेवादारों ने पंडाल लगाकर प्रसाद वितरण किया। कजरीतीज पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद गोंडा ने सफाई, प्रकाश के साथ ही पेयजल व्यवस्था के बेहतर इंतजाम किए थे।



सरयू घाट पर जानकारी लेते आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र • जागरण



एलबीएस डिग्री कालेज चौराहा पर भंडारे में प्रसाद खाते श्रद्धालु • जागरण



बालपुर बाजार में फल व मिष्ठान वितरित करते समाजसेवी विनोद शुक्ल • जागरण



दुखहरण नाथ मंदिर स्थित शिविर में कांवड़िया को दवा देते स्वास्थ्यकर्मी • जागरण

# शिवालयों में बम-बम, 15 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

## पति की लंबी उम्र की कामना के साथ सुहागिनों ने रखा **कजरी तीज व्रत** की पूजा



कर्नलगंज के बरखण्डी नाथ मंदिर मे जलाभिषेक के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़ • जागरण



खरगूपुर स्थित पृथ्वीनाथ मंदिर मे जलाभिषेक करने के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार • जागरण







दुखहरण नाथ मंदिर मे जलाभिषेक करते कांवड़िया, खरगूपुर स्थित पृथ्वीनाथ मंदिर मे स्थापित शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु, बेटी आयुषी को कांधे पर बैठाकर दुखहरण नाथ मंदिर की तरफ जलाभिषेक करने जाते लखनऊ गोमतीनगर से आए रामू • जागरण



शिव की आराधना करते दिखे वानरराज कर्नलगंज सरयू नदी से जल लेकर मन्दिर मे जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु उमड़े पड़े। वहीं ये वनराज सरयू स्थित पीपल वृक्ष के नीचे स्थित शिवलिंग पर कुछ इस तरह भक्ति करते दिखे। लोग यह चर्चा करते रहे कि देखो हनुमान जी शिवभक्ति मे लीन है • पंकज मिश्र



बरखण्डी नाथ मंदिर मे स्थापित शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु • जागरण

**जागरण टीम, गोंडा :** रात के नौ बज रहे थे। शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज तिराहे पर कांवड़ियों का हुजूम उमड़ पड़ा। कोई कंधे पर बेटे को बैठाकर जलाभिषेक के लिए जा रहा था तो कोई बूढ़ी मां को संभाल रहा था। भोले बाबा के दर्शन के लिए दिव्यांग भी कतार में लगे दिखे। कजरी तीज के पावन पर्व पर बोल बम, हर हर महादेव का उद्घोष वातावरण में गूंजता रहा। भगवान शिव की भक्ति में लोग डूबे रहे। इस बार जलाभिषेक करने वालों में पुरुषों के साथ ही महिलाओं की भी भागीदारी बराबर थी। बच्चे भी भगवा रंग के वस्त्र पहनकर लाइन में लगे रहे। कांवड़ियों के स्वागत के लिए सेवादारों ने जगह-जगह पंडाल लगा रखे थे। एसपी अंकित मित्तल दुखहरणनाथ मंदिर पर व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के प्रभारी रोवर रेंजर्स प्रो. डा. आरबी सिंह बघेल के नेतृत्व में रोवर ने दुखहरणनाथ मंदिर में सेवा की। जिले के विभिन्न शिवालयों में करीब 15 लाख श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

**जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लगी रही कतार:** सरयू घाट कर्नलगंज, बेलसर के ऐलीपरसौली, बलरामपुर के रानीघाट व अयोध्या में सरयू घाट पर लाखों श्रद्धालुओं ने जल भरा, इसके बाद ऐतिहासिक पृथ्वीनाथ मंदिर व दुखहरण नाथ मंदिर के लिए रवाना हुए। कांवड़िया बोल बम, शंकर भोले की जय व बाबा एक सहारा हैं का नारा लगाते हुए जलाभिषेक के लिए पैदल चल पड़े। हजारों कांवड़िये मोटरसाइकिल व चौपहिया वाहनों से निकले, इसके अलावा पैसेंजर ट्रेन से हजारों कांवड़िये जल भरने गए थे। गेरुआ वस्त्र पहने कांवड़ियों से प्लेटफार्म की छटा देखने लायक थी। कुछ कांवड़िये कचहरी स्टेशन, मैजापुर, चौकाघाट से ट्रेन द्वारा सरयू घाट पहुंचे। कजरी तीज के अवसर पर भगवान शंकर के जलाभिषेक के लिए कांवड़िया सुबह ही घरों से निकल पड़े। कर्नलगंज सरयू घाट पर नदी में जल भरने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां से कांवड़ियों का जत्था कटराबाजार होते हुए पृथ्वीनाथ मंदिर के लिए रवाना हुआ। रास्ते में लगे कैंपों में कांवड़िया के लिए फल व हलुआ की व्यवस्था की गई थी। पानी के साथ ही दूध व चाय के भी स्टाल लगाए गए थे। कर्नलगंज : बरखंडी नाथ मंदिर पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतार देर शाम तक लगी रही। महंत सुनील पुरी ने बताया कि चार लाख श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। बालेश्वरनाथ, करौंदानाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। शिवालय के बाहर लगे मेले में लोगों ने खरीदारी की। परसपुर : कजरीतीज पर्व पर कांवड़ियों व श्रद्धालुओं ने कइरु भारी के भोलेश्वर नाथ मंदिर, नगर पंचायत के नर्वदेश्वर नाथ मंदिर, सिद्धेश्वर नाथ मंदिर, दूधेश्वरनाथ मंदिर, परसपुर रियासत के शंकर मंदिर, चौक के शंकर मंदिर में पूजन किया। रुपईडीह ब्लाक मुख्यालय के समीप आरेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

**सुहागिनों ने की पति के लंबी उम्र की कामना:** हिंदू पंचांग के अनुसार, कजरी तीज हर साल भाद्रपद मास में कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा। भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करके पति के लंबी आयु की कामना की। साथ ही परिवार के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

# छह घंटे तक सीओ ने की वेंडरों से पूछताछ



मनकापुर में महिला आरक्षी के साथ हुई घटना के बारे में जानकारी लेतीं जीआरपी की क्षेत्राधिकारी सरोज पांडेय

संसू, मनकापुर : सरयू एक्सप्रेस में महिला आरक्षी के साथ हुई घटना का राजफाश करने के लिए एसटीएफ व जीआरपी की टीमें जुटी हैं। सोमवार को जीआरपी सीओ सरोज पांडेय छह घंटे तक आरोपितों की पहचान के लिए मनकापुर में रहीं। उन्होंने रेल यात्रियों व वेंडरों को फोटो दिखाते हुए कहा कि इसे पहचानते हैं, यदि दोबारा दिख जाएं तो तुरंत मोबाइल पर फोन कीजिए। बताने वाले का नाम व पता गोपनीय रहेगा और उसे एक लाख पुरस्कार भी दिया जाएगा। चौकी प्रभारी से फीड बैक लेते हुए सीसी फुटेज का भी शिनाख्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया दो संदिग्ध चिह्नित किए हैं, जिनकी तलाश हो रही है। उन्होंने अधिकारियों व जवानों को चौकसी रखने का निर्देश दिए हैं।

# जांच में फर्जी निकला सर्राफ से हुई लूट का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजेहना (गोंडा)। इटियाथोक थाना क्षेत्र के विशुनपुर संगम गांव के रहने वाले सर्राफ दिलीप कुमार से लूट का आरोप जांच में फर्जी निकला। पूरा मामला सर्राफ और सोना-चांदी के थोक व्यवसायी से लेनदेन का विवाद था। इसी को लेकर सर्राफ ने लूट की फर्जी सूचना पुलिस को दी थी।

गांव के दिलीप कुमार ने थाना धानेपुर में रविवार देर शाम तहरीर देकर बताया था कि रात को वह कोतवाली नगर क्षेत्र के महराजगंज मोहल्ला स्थित एक सराफा की दुकान से 49000 रुपये के चांदी के गहने लेकर कार से धानेपुर होते हुए अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय धानेपुर के पास दो बाइकों से आए बाबूराम पुरवा धानेपुर व सुभाषनगर कोतवाली नगर के रहने वाले दो सराफा व्यापारियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे मारने पीटने के बाद सोने की चेन, अंगूठी जेब में रखी 14900 रुपये की नकदी व 49000 रुपये कीमत के चांदी के गहने व साइन किये दो चेक छीनकर फरार हो गए।

## थोक विक्रेता का था 2.20 लाख रुपये बकाया

पुलिस ने जब आरोपी सर्राफ दिलीप कुमार व थोक विक्रेता शत्रोहन सोनी को बुलाकर पूछताछ की तो पता चला कि दिलीप कुमार शत्रोहन सोनी का 2.20 लाख रुपये बकाया था। इसलिए उसने चार माह पहले दिलीप से साइन कराकर दो ब्लैंक चेक व उसकी गाड़ी ले ली थी। इसकी वापसी के लिए ही दिलीप ने लूट की फर्जी कहानी गढ़ी थी। पूरा मामला सराफा व्यापारियों के बीच हुए आपसी लेन-देन के विवाद का निकला। इसमें लूट का आरोप पूरी तरह गलत निकला।

# आज से बहाल हो जाएगी यातायात व्यवस्था

संसू, गोंडा : कजरी तीज पर निकलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर गोंडा-लखनऊ व गोंडा-बहराइच हाईवे पर यातायात व्यवस्था में बदलाव (रूट डायवर्जन) किया गया था। मंगलवार की सुबह से रूट डायवर्जन की व्यवस्था खत्म कर दी जाएगी। इसके बाद पूर्व की तरह इन मार्गों पर वाहनों का आवागमन हो सकेगा। बड़े वाहनों के लिए रूट डायवर्जन गत 16 सितंबर की दोपहर से लागू किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि छोटे-बड़े सभी वाहनों को संचालन मंगलवार की सुबह से पूर्व की तरह हो सकेगा। रूट डायवर्जन 19 सितंबर की सुबह तक के लिए किया गया था।

# प्लाई का ऑर्डर लेकर हड़पे 39 हजार

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज नगर के एक प्लाई व हार्डवेयर व्यापारी मोहित गोयल की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मोहित ने तहरीर देकर कहा कि वह प्लाई व हार्डवेयर का व्यापार करते हैं।

11 अप्रैल को सोशल मीडिया पर पंकज जैन व दीपक सोलंकी ने राधे इंटरप्राइजेज व राजेश इंटरप्राइजेज राजकोट गुजरात के नाम से प्लाई व फेविकोल का प्रचार किया था। जिसमें दिए गए ह्वाट्सएप नंबर से उसने बात की और ऑर्डर लेते हुए मोबाइल नंबर पर रुपये भेजने को कहा। उसने दो बार में गूगल पे से 39 हजार रुपये भेज दिए। उसे लंबे समय तक टालते हुए माल नहीं भेजा गया। तब उसे धोखाधड़ी का एहसास हुआ। उसने फोन पर संपर्क करना चाहा तो कॉल रिसीव नहीं हुई। दूसरे नंबर से फोन मिलाने पर उसे धमकी मिल रही है। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कराई जा रही है। (संवाद)

---

## दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**वजीरगंज (गोंडा)।** थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने सोमवार सुबह आठ बजे विनय चौहान निवासी हथिनाग होशियार पुरवा को गांव से ही गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध एक महिला ने सात माह पहले दुष्कर्म, महिला उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज कराया था। संवाद

# तीन के खिलाफ अपहरण का केस

कटरा बाजार (गोंडा)। कटरा बाजार क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसी गांव के निवासी राममूरत, संजू देवी व करनैलगंज के नगवा कला सगरा टेपरा निवासी छोटू 12 सितंबर को उसके घर आए। उस समय वह घर पर नहीं था। आरोपी उसकी नाबालिग बेटी को अगवा कर ले गए। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि तीनों आरोपियों विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# बिना परमिट के पेड़ काटा, चार पर केस

रुपईडीह (गोंडा)। कौड़िया थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम परसिया रानी में कुछ लोगों ने बिना परमिट के आम का हरा पेड़ काट लिया था। गांव के ही राजेश कुमार पांडेय ने ट्विटर के माध्यम से अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया तो आम का पेड़ कटा मिला। ग्रामीणों ने पूछताछ में बताया कि गांव के ही गुरबचन, रक्षाराम, बच्चालाल व गोविंद ने पेड़ काटा है। चारों आरोपियों के खिलाफ उपनिरीक्षक संजीव कुमार राय ने वन संरक्षण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। (संवाद)



शहर के दुखहरणनाथ मंदिर में सोमवार को हरितालिका तीज पर जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध कांवड़िए। संवाद



शहर में डीएम कार्यालय के पास कांवड़ियों की भीड़ नियंत्रित करते मंदिर की ओर भेजती पुलिस। संवाद

# शिवभक्तों का जनसमुद्र, 12 लाख ने किया जलाभिषेक

## सरयू घाट से जल लेकर पृथ्वीनाथ और दुखहरणनाथ मंदिर पहुंचे कांवड़िए, जलाभिषेक के लिए रातभर लगी रहीं कतारें

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। हरितालिका तीज पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों का जनसमुद्र उमड़ पड़ा। करनैलगंज के सरयू घाट से पृथ्वीनाथ व दुखहरणनाथ मंदिर जाने वाले रास्ते भगवामय हो गए। जिले के 200 से अधिक शिवमंदिरों में 12 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव का जलाभिषेक किया।

लाखों कांवड़ियों ने रविवार को करनैलगंज के सरयू घाट से जल भरा और ऐतिहासिक पृथ्वीनाथ व दुखहरणनाथ मंदिर के लिए रवाना हुए। बोल-बम का नारा है, बाबा एक सहारा है... बम-बम बोल रहा है गोंडा, बाबा की नगरिया दूर है, जाना बहुत जरूर है... जैसे नारों के साथ लाखों कांवड़िए पैदल चल पड़े। हजारों कांवड़िए साइकिल व बाइक से कांवड़ में जल भरकर आए थे। देखने में ऐसा लगा कि करनैलगंज से पृथ्वीनाथ व खरगूपुर मंदिर तक सड़क भगवामय हो गई। वहीं सेवादारों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर भक्तों के खानपान व दवाओं का इंतजाम कर रखा था। कुछ सेवादार चारपहिया वाहनों से थके व बीमार कांवड़ियों को मंदिर तक पहुंचाने में जुटे रहे।

शहर के दुखहरणनाथ मंदिर में रविवार रात 11 बजे तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर लाइनों में लग गए। रात 12 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही बोलबम व ओम नमः शिवाय के गगनभेदी जयकारे गूंज उठे। शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारी भी भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। सोमवार सुबह करीब 10 बजे तक कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। इसके बाद क्षेत्रीय लोगों का तांता लग गया। देर शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा।

### कांवड़ियों के भोजन, विश्राम और उपचार की व्यवस्था में पूरी रात लगे रहे सेवादार

### करनैलगंज से गोंडा और खरगूपुर तक कांवड़ियों के हुजूम से भगवामय हुई सड़क

### सड़क हादसे में पांच कांवड़िए जख्मी

गोंडा। करनैलगंज कोतवाली के मौर्य नगर चौराहे पर रविवार रात कांवड़ियों से भरा ई-रिक्शा पलट गया। इससे कांवड़िए सुभाष (15), रुचि (15), अतुल कुमार (14), पिंकी (17) व सरोजनी (17) को चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां इलाज चल रहा है। सभी कांवड़िए करनैलगंज में सरयू नदी से जल लेने ई-रिक्शा से जा रहे थे। संवाद



खरगूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर के गर्भगृह में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। संवाद

### पृथ्वीनाथ मंदिर पहुंचे लाखों कांवड़िए

महाभारत कालीन पौराणिक पृथ्वीनाथ मंदिर में सबसे अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। आसपास के जिलों के अलावा नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कांवड़ में जल लाकर यहां महादेव का अभिषेक किया। रविवार रात दो बजे मंदिर के कपाट खुलते ही पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। वहां बलरामपुर से राप्ती नदी और करनैलगंज व अयोध्या से सरयू नदी का पवित्र जल लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सोमवार को मंदिर के पास पूरे दिन मेला लगा रहा। पुलिस बल के साथ ही क्षेत्रीय स्वयंसेवक भी सक्रिय रहे। धानेपुर संवाद के अनुसार नगर पंचायत के श्री शिव-पार्वती मंदिर, बुढ़ेनाथ व लाकेश्वरनाथ मंदिर में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक किया। मसकनवा संवाद के अनुसार क्षेत्र के तिलेश्वर मंदिर, शिवमंदिर सोहिला, ब्रह्मबाबा स्थान आदि शिव मंदिरों में जलाभिषेक हुआ। करनैलगंज संवाद के अनुसार बरखंडीनाथ महादेव मंदिर में करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने महादेव का जलाभिषेक किया।

### सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

हरितालिका तीज पर सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान भोलेनाथ ने हलाहल विष को ग्रहण किया था, जिसके बाद उन्हें जल, दुग्ध, शहद आदि चढ़ाकर विष का प्रभाव कम किया गया था। मां पार्वती ने निर्जल व्रत रखकर भोलेनाथ की लंबी आयु की कामना की थी।

### पूरी रात डटे रहे कप्तान, डीएम ने भी लिया जायजा

करनैलगंज के सरयू घाट पर डीएम नेहा शर्मा व एसपी अंकित मित्तल सहित अन्य आला अधिकारियों ने पहुंचकर जायजा लिया। एसपी अंकित मित्तल, एएसपी शिवराज सहित अन्य पुलिस अधिकारी दुखहरणनाथ मंदिर में पूरी रात डटे रहे। गोरखपुर जोन के करीब 5000 पुलिसकर्मियों को भी यहां सुरक्षा में तैनात किया गया था। 200 से अधिक ड्रोन कैमरों से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गई। पुलिस के सहयोग में प्रो आरके सिंह नगेल की अगुवाई में स्काउट के छात्र पूरी रात व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मुस्तैद रहे।



दुखहरणनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को निर्देश देते एसपी। संवाद

### खानपान व उपचार के लिए लगे 300 शिविर

कांवड़ियों की सेवा के लिए करनैलगंज गोंडा व खरगूपुर मार्ग पर 300 से अधिक स्थानों पर शिविर लगाए गए। शहर में भाजपा संगठन, रेडक्रॉस सोसाइटी, आशा देव हॉस्पिटल, एसबीपीएम हॉस्पिटल के अलावा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अमरदीप तिवारी, उमेश शुक्ल, भाजपा के मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा, विधायक प्रतीक भूषण सिंह, अजय सिंह, बबन सिंह, कांग्रेस नेता विनोद शुक्ल आदि की ओर से सेवा शिविर लगाए गए। जहां कांवड़ियों के लिए खानपान व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई। कटरा बाजार में हिंदू नवयुवक सेवा समिति की अगुवाई में पीपल चौराहा पर पंडाल लगाकर प्रसाद वितरण किया। पंडाल के बाहर लगे बैनर में आकर्षण का केंद्र रहे। इन पर गोंडा में विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की गई थी।



बलरामपुर में हरितालिका तीज पर जलाभिषेक करने निकले नन्हें कांवड़िए

# प्रतिबंधित पशु का अवशेष मिलने से हड़कंप

गोंडा। परसपुर थाना क्षेत्र के मरचौर अकबर अली पुरवा में मक्के के खेत में वध प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल कर पशु के अवशेष पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। गांव निवासी इंसान अली ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि रविवार रात उसने गांव के बाहर मड़हे में अपनी गाय बांध दी थी। जहां से गाय चोरी हो गई। सोमवार सुबह तलाशने पर पता चला कि गाय को गांव के बगल के एक व्यक्ति के मक्के के खेत में काट डाला गया है। मौके पर जाकर देखा तो उसके अवशेष खेत में पड़े मिले।

थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। संवाद

# पिट्ठू बैग वाले एक लाख के इनामी दो संदिग्धों की तलाश

## सरयू एक्सप्रेस में महिला हेड कांस्टेबल पर जानलेवा हमले का मामला

## 134 गांवों में फोटो से कराई गई संदिग्धों की पहचान, नहीं लगा सुराग

संवाद न्यूज एजेंसी

मनकापुर (गोंडा)। सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में बीते 30 अगस्त की रात हेड कांस्टेबल सुमित्रा पटेल पर हुए जानलेवा हमले के खुलासे के लिए एसटीएफ समेत आरपीएफ, जीआरपी व सिविल पुलिस की अलग-अलग टीमें काम कर रही हैं। पुलिस ने पिट्ठू बैग वाले दो संदिग्धों की फोटो जारी की है। पुलिस टीमें मनकापुर क्षेत्र के 134 गांवों में दोनों संदिग्धों की फोटो दिखाकर पहचान कराने में जुटी हैं। एसटीएफ ने हमलावरों पर एक लाख रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। बलिया की सीओ रेलवे सरोज पांडेय ने सोमवार को जीआरपी चौकी मनकापुर पहुंचकर मामले को खुलासे को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मनकापुर जीआरपी चौकी में विवेचना की जानकारी लेतीं बलिया की सीओ रेलवे सरोज पांडेय। संवाद

एसटीएफ ने सीसीटीवी फुटेज से जो दो संदिग्धों को चिह्नित किया है, उनमें से एक युवक ने सफेद टीशर्ट व काली पैंट पहनी है। वह पीठ पर पिट्ठू बैग टांगे नजर आ रहा है, जो लंगड़ाकर चलता है। जबकि दूसरा युवक पीली टी-शर्ट व लोवर पहने है। वह भी पिट्ठू बैग लिए नजर आ रहा है। एसटीएफ ने हमलावर पर एक लाख रुपये पुरस्कार घोषित किया है। सीसीटीवी फुटेज में चिह्नित दोनों संदिग्ध युवकों की फोटो को आरपीएफ स्टेशन के कुलियों, वेंडरों व क्षेत्र से स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों, वाहन चालकों से पहचान कराने में जुटी है।

मनकापुर पुलिस की टीम भी क्षेत्र के 134 गांवों में लोगों से फोटो के आधार पर संदिग्धों की पहचान कराने की कोशिश कर रही है। टीम अब तक 92 ग्राम प्रधानों समेत अन्य लोगों को दोनों संदिग्धों की फोटो दिखा चुकी है। मगर संदिग्धों का कोई सुराग नहीं मिला।

सोमवार को मनकापुर पहुंचीं बलिया की सीओ रेलवे सरोज पांडेय ने प्लेटफार्म नंबर चार व पांच का गहन निरीक्षण किया। इसी प्लेटफार्म पर वारदात के दिन सरयू एक्सप्रेस रुकी थी। उन्होंने जिस बोगी में महिला हेड कांस्टेबल जख्मी हालत में मिली थी, उस बोगी की वारदात के दिन की लोकेशन की जानकारी ली। सीसीटीवी फुटेज की जांच की। उन्होंने मामले में जीआरपी, आरपीएफ व कोतवाली पुलिस की अब तक की जांच की समीक्षा की। स्टेशन के अंतिम छोर, स्टेशन के बाहर परिसर, ओवरब्रिज आदि का निरीक्षण कर जीआरपी चौकी प्रभारी संजय कुमार को जरूरी निर्देश भी दिए।

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-19-09-2023

# दुष्कर्मी को 10 वर्ष कारावास

बलरामपुर। दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने दोषी को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। दोषी के ऊपर न्यायालय ने 55 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना कोतवाली देहात में धर्मराज पुत्र मोहन लाल यादव निवासी बेला कौवा किठूरा के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना उप निरीक्षक ओम नारायण मिश्र ने कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। उन्होंने बताया कि मॉनिटरिंग सेल प्रभारी केके यादव के सफल प्रयास से न्यायालय के समक्ष गवाह प्रस्तुत किया।

# आर्म्स एक्ट में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। तुलसीपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। तुलसीपुर क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि नन्द कुमार पुत्र भुन्ने निवासी थाना तुलसीपुर न्यायालय से वांछित चल रहे थे जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। उन्हें गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। पुलिस ने बताया कि काफी समय से अभियुक्त की तलाश हो रही थी।

# छह पर शांतिभंग के मामले में कार्रवाई

बलरामपुर। थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस ने छह व्यक्तियों पर शांति भंग की कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक मूलचंद ने बताया कि जहांगीर, शंकर, हीरालाल, बिंदेश्वरी, गुरु चरन, अशोक उर्फ बुजजन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय भेजा है। इनके खिलाफ मामला दर्ज था और उनकी तलाश हो रही थी।

# कोर्ट में रिवाल्वर ले जाने पर गिरफ्तार

बलरामपुर। सदर ब्लाक अन्तर्गत शेखरपुर प्रधान प्रतिनिधि उस्मान अंसारी का रिवाल्वर लेकर कचहरी जाना मंहगा पड़ा। गेट पर मेटल डिटेक्टर के सहारे सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। दबाव बनाने पर प्रधान प्रतिनिधि की तलाशी ली तो उनके पास लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद हुआ। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक केशव कुमार को हुई तो उनके निर्देश पर कोतवाली देहात पुलिस ने मौके से प्रधान प्रतिनिधि को गिरफ्तार कर लिया।

# दुष्कर्मी को 10 वर्ष की सजा

संवादसूत्र, वलरामपुर : विशेष सत्र न्यायाधीश ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को डेढ़ वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि एक अक्टूबर 2021 को देहात कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई गई कि क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ गांव के ही धर्मराज ने दुष्कर्म किया। अभियोजन की ओर से पांच गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष से दलीलें दी गई कि रंजिश के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। गवाहों के बयान में विरोधाभास है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को सजा सुनाते हुए 55 हजार रुपये जुर्माने से भी दंडित किया है। जुर्माना न अदा करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

संवादसूत्र, हरैया सतघरवा : दुष्कर्म के आरोपित को हरैया थाना की पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि थाना के एक गांव में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले वारंटी धौरीखुर्द निवासी जिबरील को गिरफ्तार किया गया।

# साइबर अपराध पर लगाम कसेगा प्रोजेक्ट साइबर साथी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** साइबर अपराध पर रोक लगाने के लिए अब थाना स्तर पर सतर्कता बरती जाएगी। इसके लिए जिले में प्रोजेक्ट साइबर साथी लॉच किया गया है। इसके तहत साइबर क्राइम पर लगाम कसने के लिए अब थाना स्तर पर एक अलग साइबर सेल टीम गठित होगी। इसके लिए हर थाने के पांच पुलिसकर्मियों को विशेष तौर पर प्रशिक्षित कर टीम में तैनात किया जाएगा।

प्रदेश के डीजीपी विजय कुमार ने बीती नौ सितंबर को जारी एक आदेश में जिलों में हर थाने पर साइबर सेल गठित किए जाने का निर्देश दिया है। हर थाने में इस टीम में एक इंस्पेक्टर, दो सब इंस्पेक्टर,

## थाना स्तर पर गठित होंगी टीमें, प्रशिक्षित होंगे पांच पुलिसकर्मी

दो आरक्षी की तैनाती होगी। टीम में शामिल इन पुलिस कर्मियों को विशेष तौर पर साइबर अपराध से निपटने की ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि साइबर अपराध के दोषियों को शीघ्र पकड़ा जा सके।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए प्रोजेक्ट साइबर साथी लॉन्च किया गया हैं। इसके तहत साइबर अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिसकर्मियों को तैयार कर जागरूक बनाया जाएगा। अभी तक ऐसे अपराध की शिकायत के लिए पीड़ित को साइबर सेल भेजा जाता है।

## बचने के लिए यह सावधानी जरूरी

- यदि आवश्यक न हो तो स्क्रीन शेयरिंग एप डाउनलोड न करें
- पेटीएम व अन्य वॉलेट केवाईसी अपडेट ऑफिस जाकर ही करें
- किसी अंजान व्यक्ति द्वारा भेजा गया लिंक ओपन न करें।
- किसी अंजान व्यक्ति का वीडियो कॉल आए तो अपना कैमरा ऑन न करें।
- व्हाट्सएप प्राइवेसी में अपना अकाउंट सिर्फ कांटेक्ट करके रखें।
- सोशल साइट्स पर आने वाले लाइव चैट के विज्ञापनों से बचकर रहें।
- अपने सोशल मीडिया एकाउंट में जीरो टू स्टेप सत्यापन को ऑन रखें।

# रिवाल्वर लेकर कचहरी पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि गिरफ्तार

**बलरामपुर।** अधिवक्ताओं के आंदोलन के बीच सोमवार को सदर ब्लॉक के शेखरपुर के प्रधान प्रतिनिधि उस्मान अंसारी रिवाल्वर लेकर कचहरी पहुंच गए। गेट पर मेटल डिटेक्टर से चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों ने उस्मान को रोका तो वह रौब गालिब करने लगे। इसकी जानकारी एसपी केशव कुमार को मिली तो उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद कोतवाली देहात पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि रिवाल्वर लेकर न्यायालय परिसर में जा रहे थे। रोकने पर भी नहीं माने तो गिरफ्तार कर लिया गया। उस्मान के पास से लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद हुई है। मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# पुलिस ने की सौहार्द की अपील

**उतरौला।** बारह रबी-उल-अव्वल के जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जुलूस के नेतृत्व सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। प्रभारी निरीक्षक कहा कि जुलूस में किसी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। निर्देश दिया कि जुलूस की वीडियोग्राफी भी कराई जाए। ताकि माहौल बिगाड़ने वालों को आसानी से चिह्नित कर कार्रवाई के घेरे में लाया जा सके। बैठक में मौलाना जमील , मौलाना अजमल, मौलाना रेहान ,डॉ. इम्तियाज, साबिर अली, तुफैल, मोईन, व मोहम्मद हनीफ खां सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी व गणमान्य लोग मौजूद रहे। (संवाद)

# सीमा पर हुई सघन जांच

**गैसड़ी (बलरामपुर)।** नेपाल सीमा पर निगरानी बढ़ाने के लिए पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाया। इसके तहत पुलिस टीम ने एसएसबी टीम के साथ मिलकर सीमावर्ती क्षेत्र के सोनगढ़ा, मुतेहरा गांव में सघन जांच पड़ताल कर संदिग्धों से पूछतांछ कर चेतावनी जारी की गई। (संवाद)

# आज भी न्यायिक कार्य नहीं करेंगे अधिवक्ता

बलरामपुर। हापुड़ की घटना को लेकर आंदोलित अधिवक्ताओं ने सोमवार को भी न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रखते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उतरौला दीवानी परिसर में अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर प्रशासन विरोधी नारेबाजी भी की। जिला न्यायालय परिसर में भी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य नहीं किया। इससे वादकारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

आंदोलन की आगे की रणनीति तय करने के लिए जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र की अध्यक्षता में दोपहर बाद एक बैठक भी हुई। इसमें मौजूद कलेक्ट्रेट बार संघ अध्यक्ष दयाशंकर पांडेय व महामंत्री कमलेश्वर सिंह ने बताया कि हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। बैठक में सभी सदस्यों ने मंगलवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया।

युवा बार संघ अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय व महामंत्री विवेक सिंह ने बताया कि आंदोलन को तेज करने की रणनीति तय करने के लि मंगलवार को सभी अधिवक्ताओं की एक विशेष बैठक भी बुलाई गई है। उतरौला दीवानी परिसर में भी अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेताया कि मांगे पूरी न होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। (संवाद)

## कांग्रेस वकीलों के साथ

**गैसड़ी (बलरामपुर)।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुई लाठी चार्ज का उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विरोध किया है। अल्पसंख्यक कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अफरोज खान ने इस संबंध में बार एसोसिएशन तुलसीपुर के अध्यक्ष सुजीत प्रताप सिंह को एक समर्थन पत्र सौंपा है। इसमें भरोसा दिलाया कि इस आंदोलन में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह अधिवक्ताओं के साथ है। समर्थन पत्र सौंपने के बाद हुई एक बैठक में अनुसूचित कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आनंद कुमार, राजेश पाल, प्रदीप गुप्त, अमन तिवारी व किशन सहित अन्य कार्यकर्ताओं आंदोलन की भावी रणनीति पर चर्चा भी की। (संवाद)

# इबादत का खास दिन ईद-ए-मिलादुन्नबी 28 को

संवाद न्यूज़ एजेंसी

**बलरामपुर।** इस्लामिक कैलेंडर के महीने रबी-उल-अव्वल की 12 तारीख यानि 28 सितंबर को अल्लाह के आखिरी नबी मोहम्मद साहब की पैदाइश की खुशियां मनाई जाएगी। मुस्लिम समाज इसे ईद-ए-मिलादुन्नबी अर्थात अल्लाह की इबादत के खास दिन के बतौर मनाया जाएगा।

शहर मुफ्ती मौलाना मसीह अहमद कादरी ने सोमवार को बताया की ईद-ए-मिलाद का पर्व इस्लाम धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन को अल्लाह की इबादत का खास मौका माना जाता है। मुसलमान घरों और मस्जिदों में पूरी रात जागकर कुरान की तिलावत कर जुलूस ए मोहम्मदी निकाल कर दान व जकात भी करते हैं। मौलाना मोहम्मद उमर ने बताया कि मुस्लिम समाज में मनाए जाने वाले सभी पर्व में 12 रबी उल अव्वल का महत्व सबसे अधिक है। इसे मनाने की तैयारियां कई दिन पहले से ही घरों पर इस्लामी झंडे लगाने के साथ शुरू हो जाती है। इस मौके पर बिजली की रंग बिरंगी झालरों से मस्जिदों व घरों को रोशन भी किया जाता है।



सराय फाटक के पास झंडे-बैनर की खरीदारी करते लोग। संवाद

उन्होंने बताया कि मोहम्मद साहब ने पूरी दुनिया के लोगों को आपसी भाईचारा कायम रखने और सभी के दुख सुख में बराबर साथ रहने का संदेश दिया है। उन्होंने इसके साथ ही बेटियों की शिक्षा पर भी विशेष बल देते हुए उनके पालन पोषण में किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने की बात कही है। इस लिए समाज के लोगों को विधवा महिलाओं के साथ भी अच्छा बर्ताव करने के साथ ही गरीब, असहाय व बेघर लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे बढ़कर सेवाभाव से कार्य करना चाहिए।

### कुरान की तिलावत कर दान व जकात के साथ निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

### बाजारों में दिखने लगी रौनक

28 सितंबर को मनाए जाने वाले बारह रबी उल अव्वल को लेकर बाजारों में रौनक दिखने लगी है। मुस्लिम समाज के लोग घर, बाइक, चार पहिया वाहनों व दुकानों पर लगाने के लिए इस्लामी झंडा, बैनर, स्टीकर, साफा ,रंगीन झालर व रंगीन मोमबत्ती इत्यादि की खरीददारी में जुट देखे जा सकते हैं। इसके साथ ही बारह रबी उल अव्वल के अवसर पर नगर में दो दिनों तक निकाले जाने वाले जुलूस- ए- मोहम्मदी की तैयारी भी शुरू हो गई है। मदरसा के प्रधानाचार्य मौलाना मोहम्मद वहाब ने बताया कि बताया कि इसकी तैयारियों को परखने के लिए मदरसा जामिया अहले सुन्नत फखरूल उलूम द्वारा 22 सितंबर को जमा मस्जिद के मैदान में एक बैठक भी बुलाई गई है।

# शिक्षा की अलख जगाने को पुलिस चौकी पर पाठशाला

पेहर बाजार (बलरामपुर)। स्थानीय पुलिस चौकी पर पुलिस कर्मी स्वयं पाठशाला लगाकर बच्चों को पढ़ा कर शिक्षित बना रहे हैं। इस दौरान उन्हें किताबी पाठ के साथ ही बेहतर भविष्य बनाने के तरीकों के बार में जानकारी देकर जागरूक बनाया जा रहा है। पेहर चौकी के प्रभारी शमशाद अली व सिपाही विवेक सिंह की यह पहल इलाके के बच्चों को काफी लुभा रही है। सभी लोग मित्र पुलिस की इस सकारात्मक पहल की प्रशंसा कर रहे हैं।

पेहर चौकी प्रभारी शमशाद अली ने बताया कि अमर उजाला के पुलिस पाठशाला में हिस्सेदारी के बाद वह चौकी में पाठशाला

### अमर उजाला की पुलिस पाठशाला में हिस्सेदारी से मिली प्रेरणा

संचालित किए जाने को लेकर प्रेरित हुए। इसके बाद ही उन्होंने गरीब बच्चों को समय मिलने पर मुफ्त शिक्षा देने की अलख अपने हमराही की मदद से जलाई। छह बच्चों से शुरू हुई इस पाठशाला की शुरूआत अब 40 बच्चों तक पहुंच गई है। यहां बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने के साथ ही मुफ्त में कॉपी व पेंसिल के साथ पठन पाठन के लिए जरूरी अन्य स्टेशनरी भी मुहैया कराई जाती है। (संवाद)

# अवैध कटान पर घर सील, दंपती के खिलाफ केस

जरवा (बलरामपुर)। जंगली पेड़ों को अवैध कटान और चिरान के आरोपी गनेशपुर गांव निवासी इरशाद शाह पेंटर के घर को सील कर पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के घर से बड़े पैमाने पर अवैध कटान की लकड़ी भी बरामद हुई। अवैध कटान के आरोपी की पत्नी रूखसार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि आरोपी पति फरार है।

सुहेलवा वन्य जीव प्रभाग के रेंज तुलसीपुर के ग्राम पंचायत गनेशपुर गांव में इरशाद शाह पेंटर के घर पर पहुंची पुलिस व वनविभाग की टीम को ताला पड़ा मिला। कार्रवाई की भनक लग जाने के कारण आरोपी इरशाद शाह पेंटर परिवार सहित घर में ताला लगाकर फरार हो गया।

रेंजर अमरजीत प्रसाद ने बताया कि इसके बाद तहसीलदार तुलसीपुर प्रमेश कुमार, जरवा कोतवाली के हल्का उपनिरीक्षक रमापति यादव व पुलिस टीम और एसएसबी के जवानों के साथ पहुंचकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद हकीम व ग्रामीणों की मौजूदगी में घर में लगे ताले को तुड़वा कर गहन जांच की गई। बताया कि इस दौरान घर में रखी 33 नग जंगली शीशम की चिरान, एक बोट शीशम की गोल लकड़ी, हाथ आरा, फेंटा, इलेक्ट्रॉनिक रंदा इत्यादि मौके से बरामद हुई।

कार्रवाई के दौरान ही इरशाद की पत्नी रुखसार मौके पर पहुंच गई। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया जबकि इरशाद शाह फिलहाल फरार है। पुलिस ने आरोपी के घर को सील कर अपना ताला भी डाल दिया है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2023

हिन्दुस्त



कार्यक्रम प्रस्तुत करते एनसीसी कैडेट्स।

# कैडेटों में दिखी अनुशासन की झलक

बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के सेमरहना में स्थिति एसपीवीपी इंटर कॉलेज के स्थापना दिवस पर सोमवार को विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स के परेड में अनुशासन की झलक दिखी तो सांसकृतिक कार्यक्रमों में बच्चों की प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरी। मुख्य अतिथि एसपी प्रशांत वर्मा रहे। कॉलेज प्रबंधन की ओर से पेंटिंग भेंट की गई।

# किसी को न दें बैंक से जुड़ी निजी जानकारी : एसओ

**संसू, बौंडी (बहराइच) :** सोमवार को रामजानकी मंदिर परिसर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अंजनी कुमार राय ने कहा कि जानकारी के अभाव व लापरवाही के कारण लोग साइबर अपराध का शिकार होते हैं।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी भोलेभाले लोगों को फोन कर लाटरी, पुरुस्कार, सरकारी योजनाएं मिलने, एटीएम, खाता, ड्राइविंग लाइसेंस बंद होने की बात बताकर व्यक्तिगत जानकारी व ओटीपी लेकर खाते से रुपये उड़ा देते हैं। कुछ साइबर अपराधी फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्ट्राग्राम आदि जैसी सोशल साइटों पर महंगी चीजों को सस्ते मूल्य पर बिक्री का झांसा देकर खाते में रुपये मंगवा लेते हैं। नकली सोशल साइट्स पर लोगों की आईडी बनाकर उनके संबंधियों से रुपये ठगने का चलन भी तेज है। इन साइबर अपराधों से बचने के लिए अपने खाते की जानकारी, खाता संख्या, आधार नंबर, एटीएम नंबर व पासवर्ड व किसी प्रकार की ओटीपी किसी को फोन पर न बताएं। पब्लिक वाईफाई का प्रयोग न करें। बावजूद इसके, अगर साइबर क्राइम घटित होता है तो तत्काल cybercrime.gov.in पर जाकर अथवा 1930 पर फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

बोलबम व जय हो महाकाल के जयघोष के साथ निकली कांवड़ियों के जलाभिषेक की भव्य यात्रा, महिलाओं ने निर्जल व्रत रखा

# कजरी तीज पर भक्तों ने खींचा महाकाल का भव्य रथ

**आस्था**

बहराइच, संवाददाता। आदि नाथ भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना के महापर्व कजरी तीज पर्व पर श्री सिद्धनाथ बाबा कांवड़िया संघ की ओर से विशाल एवं भव्य कांवर यात्रा व महाकाल के रथ के साथ जुलूस निकाला गया। शहर स्थित मंदिर में महंत श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर रवि गिरी के सानिध्य में श्रद्धालुओं व कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। शहर व ग्रामीण इलाकों के शिवालयों पर जलाभिषेक को शिव भक्तों का सैलाब उमड़ा। वातावरण शिवमय हो गया। इस अवसर पर पुलिस महकमे की ओर से सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही।

श्रीसिद्धनाथ मंदिर में रविवार आधी रात से ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। सरयू नदी के तट पर स्थित मरीमाता मन्दिर प्रांगण में अलग ही नजारा देखने को मिला। जहां सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कांवड़ियों ने सरयू नदी से जल भरकर पूजा-अर्चना कर संकल्प लिया और जुलूस के साथ नाचते-गाते हुए घण्टाघर स्थित पाण्डव कालीन श्री सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस मौके पर कांवर यात्रा मार्ग पर जगह-जगह शिव भक्तों ने भगवान महाकाल की पूजा अर्चना की। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से भी कांवर यात्रा व भव्य जुलूस की सुरक्षा को व्यापक प्रबन्ध किए गए थे।

श्री सिद्धनाथ बाबा कांवड़िया संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस बार अवंतिका नगरी उज्जैन में प्रत्येक 12 वर्ष में एक बार होने वाले श्रृंगार अघोर रूप में भव्य रथ पर सवार भगवान महाकाल का श्रृंगार किया गया था। जुलूस में भगवान के अलग-अलग श्रृंगार रूपों में श्रृंगार किए नाट्यकारों एवं उनके नृत्य ने जुलूस की शोभा को अतिशोभनीय बना दिया। वहीं कांवर यात्रा में कांवरियों का उत्साह और जोश चरम पर देखने को मिला। श्री सिद्धनाथ मंदिर में कजरी तीज पर श्रद्धालुओं व कांवरियों की भारी भीड़ के मद्देनजर प्रशासन प्रशासनिक सुरक्षा का जायजा लेते रहे।

सीओ सिटी राजीव कुमार सिसौदिया ने नगर कोतवाल ब्रम्ह गौड़ व घंटाघर चौकी चौक प्रभारी आलोक सिंह, जिला महिला थाना एसएचओ शीला यादव सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखे। उधर नगर पालिका परिषद चेयरमैन सुधा देवी टेकड़ीवाल ने कजरी तीज के मद्देनजर ईओ प्रमिता सिंह को सफाई, पेयजल व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश पर ईओ व उनका पूरा अमला मुस्तैद रहा।

बुढ़ेश्वर महादेव में हुआ जलाभिषेक: शिवपुर। सोमवार को हजारों महिला व पुरुष बोल बम बोल बम का घोष करते हुए सरयू नदी से जल भरकर बुढ़ेश्वर नाथ बाबा पर फल फूल दूध अक्षत दही अगरबत्ती लेकर जलाभिषेक करके आशीर्वाद बाबा से प्राप्त किया।





कजरी तीज पर निकली कांवरिया यात्रा। शहर के श्रीसिद्धनाथ मंदिर में कजरी तीज पर जलाभिषेक करते शिव भक्त।

## कजरी तीज का महामत्य

बहराइच। भाद्रपद की तृतीया को कजरी तीज मनाया जाता है। कजरी तीज पर मां पार्वती ने पति के रूप में भगवान शिव की कामना लेकर तपस्या की थी। महिलाएं पति की दीर्घायु की कामना से व्रत रखती हैं। सोमवार को महिलाओं ने व्रत रखकर पूजा की। सोमवार शाम महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने लखनऊ से श्रीसिद्धनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना व जलाभिषेक किया। सोमवार दोपहर दो बजे से रुद्राभिषेक हुआ, जबकि रात में भोलेनाथ का पुष्पों से श्रृंगार के बाद भजन संध्या की शुरुआत हुई।

## पांडव कालीन मंदिरों में श्रद्धा से हुआ जलाभिषेक

बहराइच। पांचों पांडवों व उनकी माता कुंती ने 12 वर्ष वनवास के बाद एक वर्ष का अज्ञातवास जिले के गंधर्व वन में व्यतीत किया था। उस दौरान पांडवों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा को मंदिर बनाए। श्रीसिद्धनाथ, जंगलीनाथ, मंगलीनाथ मंदिर स्थापित किए। शहर के गुलाम अलीपुरा के रामघाट मंदिर, कानून गोपुरा दक्षिणी स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर, मटेरा के जंगली नाथ मंदिर, नवाबगंज के मंगली नाथ मंदिर, नानपारा के शिवाला बाग मंदिर, रामपुर धोबियाहार के बुढ़वा बाबा मंदिर, पयागपुर के बागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक को श्रद्धालुओं की जमघट हुआ।

## मंदिर के द्वार पर सजी पूजा सामग्री की दुकानें

बहराइच। सावन के बाद कजरी तीज पर भोलेनाथ की पूजा के महात्म्य के चलते फूलों की मांग है। कमल के फूल हर श्रद्धालु की पसंद है। श्रीसिद्धनाथ मंदिर के दो ओर के आने- जाने वाले रास्ते पर दोनों ओर रविवार सुबह से ही रेडीमेड पूजा थाल, जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक को लोटे की दुकाने लगीं। इन दुकानों पर भांग, धतूरा, बिल्व पत्र, कमल फूल, रोली, चंदन, शहद, दुग्ध, विभिन्न पुष्पों के स्टाल लगे। इन दुकानों पर भक्तों को पूजा की सभी सामग्री से सजी थाल, जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक को जल का लोटा उचित दामों पर उपलब्ध कराया गया। दुकानदार मनोहर ने बताया कि कजरी तीज को लेकर पुष्प की मांग बढ़ी है। हालांकि पुष्प के दामों में कुछ उछाल है। शादी विवाह, मांगलिक कार्य चार माह तक बंद रहने से पुष्प की मांग भोले नाथ की पूजा श्रृंगार तक ही सीमित है।

# पंचायत सहायक ने की धारा बढ़ाने की मांग

बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिराहिमडीहा गांव में तैनात पंचायत सहायक के साथ तीन दिन पूर्व गांव निवासी कुछ लोगों ने मारपीट की थी। प्रकरण में पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को पंचायत सहायक ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर धारा बढ़ोतरी की मांग की है। पीड़ित पंचायत सहायक अनुज गुप्ता ने बताया कि चोटिल होने के कारण व सही से तहरीर नहीं दे सका था। अभियुक्तों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। उसके साथ मारपीट हुई, तब वह सरकारी कार्य कर रहा था। -संवाद

# पत्नी पर युवक ने चाकू से वार किया

महसी। हरदी थाना क्षेत्र महसी निवासी महेश चौहान अपनी पत्नी शांति देवी को उसके मायके राजा बौंडी से लेकर घर आ रहा था। रास्ते में ही दोनों के बीच आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि महेश अपनी पत्नी शांति देवी को महसी के पहले मन्ना दास बाबा के स्थान पर टेंपो से उतार लिया और चाकू से ताबड़तोड़ हमलाकर लहूलुहान कर दिया। पत्नी शांति देवी के नाक व चेहरे पर गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गई।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-19-09-2023

# नियम उल्लंघन पर वाहनों का चालान

श्रावस्ती। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस की ओर से नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस की ओर से अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों के मानक चेक किए गए। जिसमें वाहन के कागजात, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 14 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया।

# प्रसाद वितरण में मारपीट पांच लोग घायल, केस दर्ज

**इकौना, संवाददाता।** भगवान कृष्ण के बरही संस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रसाद वितरण के दौरान एक शराबी युवक आकर आकर हंगामा करने लगा तो लोगों ने उसे भगा दिया। इसके बाद युवक ने अपने अन्य साथियों के साथ आकर लोगों पर हमला कर दिया जिसमें पांच लोग घायल हो गए।

इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम सेमगढ़ा के पूर्वी केवटन पुरवा निवासी राजेश सिंह पुत्र कन्हैया बख्स सिंह के घर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर रविवार रात को भगवान कृष्ण की बरही संस्कार कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था। इस दौरान शराब के नशे में धुत एक युवक मौके पर आ गया और हंगामा करने लगा। लोगों ने समझा बुझा कर उसे वहां से भगा दिया। कुछ देर बाद शराबी युवक लाठी डंडा, लोहे की सरिया आदि से लैस होकर अपने अन्य साथियों को लेकर आ गया और मारपीट करने लगा। हमले में राजेश सिंह पुत्र कन्हैया बक्स सिंह, शिशुपाल सिंह पुत्र जोगेश्वर सिंह, अंकुल सिंह पुत्र शिशुपाल सिंह, तेजे यादव पुत्र ननके, अजय विश्वकर्मा समेत पांच लोग गंभीररूप से घायल हो गए। पीड़ितों की ओर से डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना में भर्ती कराया गया। पुलिस ने सबकी डाक्टरी कराई और राजेश सिंह की तहरीर पर चार लोगों पर मामला दर्ज किया है।

# पुत्र ने पिता पर कुल्हाड़ी से किया हमला, गंभीर

- मामूली विवाद में रात में सोते समय किया हमला
- पुलिस बोली, तहरीर के बाद होगी कार्रवाई

गिलौला, संवाददाता। मामूली विवाद के बाद एक नशेड़ी पुत्र ने पिता पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पिता मरणासन्न हो गया जिसे गंभीर हालत में लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके की जांच की है लेकिन अभी तहरीर नहीं दी गई है।

गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मनसुखा के मजरा हडिल्ला निवासी अलखराम मिश्र रात में भोजन करके लेटे हुए थे। तभी उसका पुत्र शुभम आया और पीछे से कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लगातार कई बार हमला करने से अलखराम मिश्र गंभीर रूप से घायल हो गये। हमला देख कर परिवार के लोग दौड़े तो नशेड़ी पुत्र अपने पिता को छोड़ कर फरार हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी गिलौला में भर्ती कराया गया। लेकिन प्राथमिक चिकित्सा के बाद बहराइच रेफर कर दिया गया। लेकिन हालत गंभीर होने के कारण लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पुत्र पहले से ही नशे का आदी है। किसी बात को लेकर रात में पिता से विवाद पर अचानक पिता पर कुल्हाड़ी से हमला करके मरणासन्न कर दिया।

# छह लाख ठगने वाले दो साइबर अपराधी बंदी

## कार्रवाई

कटरा, संवाददाता। श्रावस्ती पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने छह लाख की ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

नवीन माडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती क्षेत्र के केशवापुर इकौना वीरपुर मुख्य रोड पर स्थित चौरसिया जन सेवा केन्द्र के संचालक सुरेन्द्र बहादुर चौरसिया निवासी केशवापुर ने थाने में तहरीर दी थी। सुरेन्द्र ने पुलिस को बताया था कि रियाज अहमद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम विशुनापुर थाना इकौना, राजन गिरी पुत्र परमानन्द गिरि निवासी ग्राम मुर्तिहवा थाना सिरसिया व राहुल गोस्वामी पुत्र प्रेमनरायन गोस्वामी निवासी ग्राम साधूपुरवा थाना ललिया [illegible] बलरामपुर ने उसके गुमराह




श्रावस्ती थाने में पुलिस की गिरफ्त में मौजूद ठगी के आरोपी।

करके ठगी के रुपए उसके खाते में मंगवाए। इसके बाद साइबर क्राइम करके निकाल लिए और जान से मारने की धमकी दी। सुरेन्द्र ने बताया कि एक बार पांच लाख रुपये व दूसरे बार में एक लाख 22 हजार 247 रुपये किसी ने भेज था। इस पर तीनों ने तुरन्त 50 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद 16 सितम्बर की रात एक बजे फोन कर डेढ़ लाख रुपये भेजने को कहा। 16 सितम्बर को दिन में तीनों आए बैंक चल कर रुपये देने को कहा। लेकिन बैंक में सर्वर नहीं था। जिसके बाद सभी वापस लौटने लगे। रास्ते में तीनों ने मोबाइल छीन लिया और ऐनो एसबीआई एप डाउनलोड कर चार लाख 22 हजार 232 रुपये तथा खाते में मौजूद उसके 76 हजार 360 रुपये निकाल लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और छानबीन शुरू की। सोमवार को पुलिस ने दो आरोपियों रियाज अहमद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम विशुनापुर व राहुल गोस्वामी उर्फ विनिश गोस्वामी पुत्र प्रेमनरायण गोस्वामी निवासी ग्राम साधूपुरवा थाना ललिया जनपद बलरामपुर को वीरपुर तिराहे से आगे कटरा श्रावस्ती मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# कजरी तीज पर हर हर बम बम से गूंजा इलाका

## पर्व

- रात से पांडव कालीन विभूतिनाथ मन्दिर पर जलाभिषेक हुआ प्रारम्भ
- शिवालयों में देर शाम तक होता रहा जलाभिषेक, मेले का हुआ आयोजन

श्रावस्ती, संवाददाता। कजरी तीज के पर्व पर गाजे बाजे के साथ शिवालयों में जलाभिषेक किया गया। इस दौरान जिले भर के शिवालयों में भारी भीड़ रही। देर शाम तक शिवालयों में हर हर बम बम और ओम नमः शिवाय गुंजायमान रहा। विभूतिनाथ मंदिर में आस्था का मेला लगा रहा। वहीं गिलौला के झारखंडी नाथ मंदिर व सदाशिव मंदिर में भी भारी भीड़ रही।

आधी रात के बाद सिरसिया के विभूतिनाथ मंदिर के कपाट खुल गए और हर हर बम बम तथा ओम नमः शिवाय से मंदिर परिसर गूंजने लगा। जलाभिषेक का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। एक अनुमान के अनुसार विभूतिनाथ मंदिर में करीब पांच लाख लोगों ने जलाभिषेक किया। इसी तरह से गिलौला के झारखंडी नाथ मंदिर व सदाशिव मंदिर में भारी भीड़ रही। लोगों ने जल, दूध, अक्षत, फूल, बिल्व पत्र, भांग, धतूरा आदि से भगवान शंकर का अभिषेक किया।

इस दौरान जिलाधिकारी कृतिका शर्मा और एसपी प्राची सिंह ने विभूतिनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने विभूतिनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण डीएम और एसपी ने निरीक्षण किया। मंदिर परिक्षेत्र एवं बाहर सुरक्षा व्यवस्था में लगे मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों को निर्देश देती



श्रावस्ती में सोमवार को विभूतिनाथ में जलाभिषेक करते श्रद्धालु

रहीं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वास्थ्य कैम्प, सफाई व्यवस्था, वैकल्पिक शौचालय व मोबाइल टायलेट, स्वास्थ्य कैम्प, खोया-पाया केन्द्र एवं प्रकाश आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बाहर से आये श्रद्धालुओं से बेहतर व्यवहार किया जाये और मेले में उपलब्ध सभी सुविधाएं उन्हे हरहाल में मुहैया कराई जाय। मेले की सुरक्षा के लिए 17 बैरियर, 14 पार्किंग



विभूतिनाथ मंदिर में सुरक्षा जांच करतीं एसपी प्राची सिंह।

स्थल, चार वाच टावर, एक खोया-पाया केन्द्र, दो एक्सेस कन्ट्रोल टीम, तीन मोबाइल पार्टी एवं 60 सीसीटीवी कैमरे से लगातार मेले की निगरानी की गई। इसके साथ ही मन्दिर परिसर पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, उपजिलाधिकारी पीके राय सहित अधिकारी मेले की सुरक्षा में तैनात रहे।

# धोखाधड़ी कर वैनामा कराने वाला गिरफ्तार

श्रावस्ती : धोखाधड़ी से वृद्ध महिला की जमीन बैनामा कराने के आरोपी पटना खरगौरा निवासी वाहिद को भिनगा कोतवाली पुलिस टीम ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया है।(वि.)

# घर से बालिका लापता

गिलौला : क्षेत्र के कटार गांव की एक बालिका सोमवार की भोर घर से लापता हो गई। पिता ने खोजबीन शुरू की तो उसके कापी में एक अनजान मोबाइल फोन नंबर दर्ज था। इसी के आधार पर पिता ने गिलौला थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी है।(संसू)

# कलह भूलकर साथ रहने को हुए राजी दंपति

**संसू, श्रावस्ती** : महिला थाने में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। पारिवारिक विवाद से संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्रों की सुनवाई हुई। पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर पति-पत्नी के मतभेद दूर किए। कलह भूलकर चार दंपति साथ रहने को राजी हुए।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि भिनगा क्षेत्र के मछरिहवा निवासी रामकली व उनके पति मल्हीपुर क्षेत्र के घुमना गड़रियनपुरवा के सत्तन, भिनगा क्षेत्र के शिवाजोत की लक्ष्मी कश्यप व उनके पति मल्हीपुर क्षेत्र के पोंदली निवासी भगवानदीन, हरदत्तनगर क्षेत्र के केशवपुरवा निवासी अंजू देवी व उनके पति मल्हीपुर क्षेत्र के जैता निवासी सुरेश कुमार तथा सिरसिया के टिटिहिरिया की रीता व उनके पति भिनगा क्षेत्र के भयापुरवा निवासी चंद्रभान सिंह उर्फ बंटी के बीच पारिवारिक विवाद के चलते अनबन हो गई थी। शिकायत महिला थाने में की गई थी। महिला थाने के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक मुहम्मद सईद, अमरनाथ चौहान, हौसली देवी, निर्मला तिवारी व पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों ने सुनवाई के लिए चारों परिवारों के दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया। यहां दोनों पक्षों को ध्यान से सुना गया। मामूली विवाद के चलते रिश्ते टूटने की पुष्टि हुई। समझा-बुझाकर मामले को हल कर दिया गया। चार दंपतियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और हंसी-खुशी घर चले गए।

# हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारों से गूंजी तराई

## पांडवकालीन बाबा विभूतिनाथ शिव मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, मेले में उमड़ी भीड़




विभूतिनाथ मंदिर में शिवलिंग का पुजारियों के साथ श्रृंगार-पूजन करते मंदिर के महंत शिवनाथ गिरि ( दाएं से दूसरे) व डीएम कृतिका शर्मा ( दाएं से तीसरे )और मंदिर में जलाभिषेक के लिए बैरीकेडिंग में खड़े श्रद्धालु • जागरण





श्रीराम-जानकी मंदिर में स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करतीं महिलाएं व मेले में श्रृंगार की दुकान पर खरीदारी करतीं महिलाएं व बालिकाएं और विभूतिनाथ मंदिर पर आयोजित मेले में लगे झूले का आनंद लेते बच्चे • जागरण

**संसू, सिरसिया(श्रावस्ती)** : कजरीजीत (हरितालिका) पर्व सोमवार को जिलेभर में मनाया गया। शिव मंदिरों में कांवड़ियों व श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भोले शिव से सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। महिलाओं ने व्रत रखकर अखंड सौभाग्य की कामना की। विभूतिनाथ शिव मंदिर समेत कई स्थानों पर मेले का आयोजन हुआ।

सिरसिया ब्लाक स्थित पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए रविवार से कांवड़ियों व श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। शिव भक्त पार्वती व शिव कुंड से पवित्र जल, बेलपत्र, अक्षत, पुष्प, भांग, धतूरा व शहद के साथ कतारबद्ध होकर कपाट खुलने की प्रतीक्षा करने लगे। इस दौरान हर-हर महादेव व बोल बम का जयकारे चारों ओर गूंज रहे थे। पूरा मंदिर परिसर शिवमय नजर आ रहा था। रात 12.6 बजे पुजारियों के साथ आश्रम के महंत शिवनाथ गिरि, डीएम कृतिका शर्मा व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने भोले शिव का श्रृंगार, पूजा व आरती की। इसके बाद जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध श्रद्धालुओं के लिए रात 12.44 बजे मंदिर के कपाट खोल दिए गए। बैरीकेडिंग में कतारबद्ध कांवड़ियों व श्रद्धालुओं ने गगनभेदी जयकारा लगाते हुए भोले शिव का जलाभिषेक शुरू किया। जलाभिषेक के लिए नेपाल राष्ट्र समेत श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच व गोंडा जिले के लाखों श्रद्धालु पहुंचे। सोनपथरी आश्रम स्थित शिव मंदिरों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। एसपी प्राची सिंह मेला प्रभारी एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सिरसिया थानाध्यक्ष विशुनदेव पांडेय के साथ मेले का भ्रमण कर शिवभक्तों की सुरक्षा में देर रात तक डटी रहीं। इकौना स्थित गायत्री ज्ञान मंदिर में गायत्री परिवार के सदस्यों ने रूद्राभिषेक व हवन-पूजन किया। बड़े शिवाला व बेचूबाबा मंदिर में भी भोर में ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। कटरा में श्रीराम-जानकी मंदिर में मेले का आयोजन हुआ। श्रावस्ती में बनोनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

**बच्चों व महिलाओं ने झूले का उठाया आनंद** : विभूतिनाथ मंदिर में आयोजित भव्य मेले में लाखों की भीड़ उमड़ी। बच्चों ने मेले में लगे विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया। श्रृंगार की दुकानों पर खरीदारी के लिए महिलाओं व बालिकाओं की भारी भीड़ रही।

# बोल बम के जयकारों से गूंजे शिवालय

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** कजरी तीज पर शिव भक्त जलाशयों से जल लेकर रविवार दोपहर से ही सिरसिया के विभूतिनाथ मंदिर पहुंचने लगे। वहां कांवड़ियों व शिव भक्तों की भीड़ को देखते हुए मध्य रात को ही मंदिर का कपाट खोल दिया गया। रात 12 बजे से शुरू हुआ जलाभिषेक का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। अन्य शिवालयों में भी शिव भक्तों ने देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक किया।

**विभूतिनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए लगी कतार**

कजरी तीज पर शिवभक्तों में भारी उत्साह देखने को मिला। सुहागिनों ने निर्जला व्रत रख पति की दीर्घायु की कामना के लिए शिव, माता पार्वती व गौरी सुत गजानन की आराधना की। सिरसिया के विभूतिनाथ, गोंडा के पृथ्वीनाथ व बहराइच के जंगली नाथ महादेव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये रविवार दोपहर ही विभिन्न जलाशयों से जल लेकर पैदल ही रवाना हो गए।

विभूतिनाथ में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए रात 12 बजे ही मंदिर का कपाट खोल दिया गया। मध्य रात से ही कांवड़ियों ने देवाधिदेव का जलाभिषेक किया। यह सिलसिला सोमवार देर शाम तक जारी रहा। शिवभक्तों ने रजिया ताल से जल लाकर शिव शंभू का जलाभिषेक किया। जिसके चलते विभूतिनाथ मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ देखने को मिली।

डीएम कृतिका शर्मा व एसपी प्राची सिंह ने रात में ही मंदिर में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और जलाभिषेक भी किया।





विभूतिनाथ मंदिर में उमड़ी भीड़ और नंदी के कान में अपनी बात कहती महिला।-संवाद

## नंदी के कान में कही मनोकामना

चिलचिलाती धूप भी सोमवार को भक्तों का उत्साह कम न कर सकी। इस दौरान कई भक्त लेट कर मंदिर पहुंचे। कई श्रद्धालुओं ने नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही। लोग चिलचिलाती धूप में घंटों लाइन में लगकर जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।